सच, सिर्फ सच **

# वॉयस ऑफ लखनऊ

मंगलवार, 24 फरवरी, 2026 लखनऊ, महानगर, वर्ष 21, अंक 54, पेज 16, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com

## सेंसेक्स में 480 अंकों की उछाल

अमेरिका में व्यापक शुल्क आदेश रद्द होने से सेंसेक्स 480 अंक चढ़ गया, जबकि निफ्टी में 142 अंक की तेजी दर्ज की गई। } 14

## कारोबार पर ध्यान दें बैंक : निर्मला सीतारमण

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बैंकों को बीमा सहित वित्तीय उत्पादों की गलत तरीके से बिक्री पर कड़ा रुख अपनाते हुए कहा कि यह भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) के तहत एक अपराध है। } 16



## बंगाल की हालत से बहुत दुखी हूं : मोदी

एजेंसी



कोलकाता। विधानसभा चुनाव की घोषणा से कुछ सप्ताह पहले पश्चिम बंगाल के मतदाताओं से सार्वजनिक अपील करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि वह ममता बनर्जी के मौजूदा शासन में राज्य के विभिन्न वर्गों के नागरिकों की पीड़ा से व्यथित हैं। ममता ने विकसित पश्चिम बंगाल का निर्माण करके इस हालात को सुधारने का संकल्प जताया। मोदी ने कहा कि राजनीतिक परिवर्तनै अपरिहार्यै है, लेकिन मतदाताओं द्वारा एकै सही निर्णयै राज्य को देश के बाकी हिस्सों में देखे गए तेज़ विकास के साथ जोड़ सकता है। बांग्ला में लिखे एक खुले पत्र में, मोदी ने तृणमूल कांग्रेस सरकार को कुशासन और तुष्टीकरण की राजनीति से लेकर फर्जी मतदाताओं, रोजगार की कमी और महिलाओं की सुरक्षा जैसे मुद्दों पर निशाना बनाया। पत्र की शुरुआत उन्होंने जय मां काली के उद्घोष के साथ की। प्रधानमंत्री ने चुनाव पूर्व किए गए वादों के तहत संशोधित नागरिकता कानून (सीएए) के माध्यम से शरणार्थियों को नागरिकता देने का वादा किया और राज्य की सीमाओं के माध्यम से घुसपैठ रोकने का संकल्प जताया। मोदी ने कहा, स्वतंत्रता के बाद के भारत में बंगाल वित्तीय एवं औद्योगिक दोनों क्षेत्रों में देश का अग्रणी केंद्र हुआ करता था। इसे इस कदर कमजोर और बीमार अवस्था में देखकर मुझे बहुत दुख होता है। छह दशकों के कुशासन और तुष्टीकरण की राजनीति से हुए अपूरणीय नुकसान का वर्णन करना असंभव है। उन्होंने कहा ...शेष पृष्ठ 14 पर

## लखनऊ में डबल डेकर बस पलटी, पांच की मौत

विशेष संवाददाता



लखनऊ। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर सोमवार को एक डबल डेकर बस के पलट जाने से उसमें सवार एक महिल और तीन बच्चों समेत पांच लोगों की मौत हो गई जबकि कम से कम 14 अन्य लोग घायल हो गए। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) निपुण अग्रवाल ने संवाददाताओं को बताया कि लखनऊ के गोसाईगंज थाना क्षेत्र में पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर एक डबल डेकर बस अनियंत्रित होकर पलट गई।

डीसीपी अग्रवाल ने बताया कि इस हादसे में एक महिला, एक पुरुष और तीन बच्चों समेत पांच लोगों की मौत हो गई। उन्होंने बताया कि पुलिस को सूचना मिली कि पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर सोमवार शाम लुधियाना (पंजाब) से मोतिहारी (बिहार) जाने वाली डबल डेकर बस पूर्वांचल एक्सप्रेसवे टोल के पास अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे की सूचना मिलने पर तत्काल पुलिस और प्रशासन की टीम के अलावा एम्बुलेंस मौके पर पहुंची। डीसीपी अग्रवाल ने कहा इस हादसे में पांच लोगों - एक पुरुष, एक महिला और तीन बच्चों - की मौत हो गई। पुलिस ने घायलों को एसजीपीजीआई (संजय गांधी स्नातकोत्तर चिकित्सा विज्ञान संस्थान) व केजीएमयू (किंग जॉर्ज मेडिकल विश्वविद्यालय) के ट्रॉमा सेंटरों में भर्ती कराया है, जहां उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है। उन्होंने बताया कि इस संबंध में मामला दर्ज कर लिया गया है और राहत एवं बचाव कार्य जारी है। अतिरिक्त डीसीपी (दक्षिण) रल्लापल्ली वसंत कुमार ने पीटीआई-वीडियो को बताया कि दुर्घटना में घायल हुए 14 यात्रियों को इलाज के लिए उच्च चिकित्सा केंद्रों में भेजा गया है। यह दुर्घटना एक्सप्रेसवे के 11.2 किलोमीटर के निशान पर हुई। अधिकारियों के अनुसार, दुर्घटना के समय बस में लगभग 80 से 85 यात्री सवार थे।

## संक्षेप

### आईडीएफसी फर्स्ट बैंक में 590 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी

नयी दिल्ली। भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने सोमवार को कहा कि आईडीएफसी फर्स्ट बैंक में 590 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी मामले से जुड़े घटनाक्रम पर केंद्रीय बैंक नजर बनाए हुए है और इसमें कोई प्रणालीगत समस्या नहीं है। आईडीएफसी फर्स्ट बैंक ने रविवार को खुलासा किया था कि उसके कर्मचारियों और अन्य लोगों द्वारा हरियाणा सरकार के खातों में 590 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी की गई। मल्होत्रा ने केंद्रीय बजट के बाद वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा आरबीआई के केंद्रीय निदेशक मंडल को दिए गए पारंपरिक संबोधन के बाद पत्रकारों से कहा हम घटनाक्रम पर नजर रखे हुए हैं।

### दिल्ली में तैनात की गयी डीपी दृष्टि गाड़ी

नयी दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी के भीड़भाड़ वाले इलाकों में निगरानी और अपराध रोकथाम को मजबूत करने के उद्देश्य से, दिल्ली पुलिस ने सोमवार को शाहदरा में डीपी-दृष्टि नामक उच्च तकनीक से लैस फेशियल रिकॉग्निशन सिस्टम (एफआरएस) वाहन सोमवार को सड़क पर उतारा। दिल्ली पुलिस की डायनेमिक रियल-टाइम आइडेंटिफिकेशन एंड सर्विलांस फॉर ह्यूमन ट्रैकिंग इनिशिएटिव (डीपी-दृष्टि) नामक वाहन को गांधी नगर बाजार क्षेत्र में शाहदरा के पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) प्रशांत गौतम ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

# सिंगापुर में बजा उत्तर प्रदेश का डंका

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मौजूदगी में 19,877 करोड़ रुपये के निवेश प्रस्तावों पर बनी सहमति

विशेष संवाददाता



लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपनी सिंगापुर यात्रा के पहले दिन ही कई सफलताएं दर्ज की हैं। एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। बयान के अनुसार मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में सिंगापुर दौरे के पहले दिन आधिकारिक बैठकों और निवेशकों के साथ संवाद के बीच कई प्रमुख अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं और कंपनियों ने राज्य सरकार के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। पहले दिन कुल 19,877 करोड़ रुपये के निवेश प्रस्तावों पर सहमति बनी, जो प्रदेश की अर्थव्यवस्था और रोजगार सृजन के लिए अहम माने जा रहे हैं। इस दौरान मुख्यमंत्री ने सभी निवेशकों के समक्ष स्पष्ट किया कि उत्तर प्रदेश सरकार निवेशकों को पारदर्शी नीतिगत ढांचा, त्वरित स्वीकृतियां और बेहतर बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। इन समझौता ज्ञापन में एक बड़ा प्रस्ताव यूनिवर्सल सक्सेस ग्रुप की ओर से आया, जिसने ग्रुप हाउसिंग, लॉजिस्टिक पार्क और डेटा सेंटर परियोजनाओं में 6,650 करोड़ रुपये के निवेश का प्रस्ताव रखा गया है। इसी क्रम में गोल्डन स्टेट कैपिटल (जीएससी) ने उत्तर प्रदेश में 100 मेगावाट क्षमता के डेटा सेंटर की स्थापना के लिए आठ हजार करोड़ रुपये निवेश करने की घोषणा की। इसी तरह, प्राइवेट इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट ग्रुप (पीआईडीजी) ने नवीकरणीय ऊर्जा, हरित हाइड्रोजन और कृषि सह सौर (एग्री-पीवी) परियोजनाओं में 2,500 करोड़ रुपये के निवेश का समझौता ज्ञापन किया। इसके अतिरिक्त एवीपीएन लिमिटेड ने भी नवीकरणीय ऊर्जा और एग्री-पीवी क्षेत्र में 2,727 करोड़ रुपये के निवेश की प्रतिबद्धता जताई। इन पहल से उत्तर प्रदेश के हरित ऊर्जा लक्ष्यों को मजबूती मिलेगी। इसके ...शेष पृष्ठ 14 पर

## विदेशी धरती पर लगे योगी-योगी के नारे



विशेष संवाददाता

सिंगापुर/लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को सिंगापुर में अपने बीच देखकर प्रवासी भारतीय समुदाय में जबरदस्त उत्साह छा गया। मुख्यमंत्री के संबोधन के बीच कार्यक्रम स्थल पर लगातार तालियां बजती रहीं। योगी हैं तो यूपी है, की गूंज पूरे वातावरण में ऊर्जा भर रही थी। कार्यक्रम में जब एक महिला ने सीएम योगी को प्रदेश की तमाम महिलाओं की तरफ से 'भैया' कहकर बुलाया तो पूरा माहौल भावनात्मक हो गया। आयोजन में एक बच्ची मुख्यमंत्री का स्केच बनाकर लाई थी, जिस पर सीएम योगी ने अपना ऑटोग्राफ देकर उसके चेहरे पर मुस्कान ला दी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रवासी भारतीयों के उत्साह और ...शेष पृष्ठ 14 पर

## डिफेंस मैन्यूफैक्चरिंग यूपी का नया ब्रांड

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सिंगापुर और जापान की यात्रा पर हैं। अपनी यात्रा के पहले दिन उन्होंने सिंगापुर में भारतीय प्रवासी समुदाय को संबोधित किया। सीएम योगी आदित्यनाथ ने मंच से एक ऐसी बात कही जिसने उत्तर प्रदेश की डिफेंस मैन्यूफैक्चरिंग के उद्देश्य को वैश्विक पटल पर स्पष्ट शब्दों में बयान किया।

सीएम योगी ने कहा-ऑपरेशन सिंदूर के अंदर जो ब्रह्मोस मिसाइल दागी गई थी ना, वह लखनऊ की ही है। सिंगापुर की धरती पर योगी का यह एक वाक्य पूरी दुनिया के लिए संदेश है। यह भारत की रक्षा क्षमता, आत्मनिर्भरता और उत्तर प्रदेश के उभरते औद्योगिक सामर्थ्य का वैश्विक मंच पर प्रदर्शन भी था। उन्होंने जिस आत्मविश्वास के साथ ऑपरेशन सिंदूर और ब्रह्मोस मिसाइल का जिक्र किया, उसने इस चर्चा को स्थानीय सीमाओं से निकालकर अंतरराष्ट्रीय विमर्श का हिस्सा बना दिया। आज के बदलते भू-राजनीतिक माहौल में रक्षा क्षेत्र केवल सुरक्षा तक सीमित नहीं रह गया है, बल्कि यह किसी भी राष्ट्र की तकनीकी क्षमता, आर्थिक ताकत और रणनीतिक प्रभाव का भी सूचक बन चुका है। ऐसे ...शेष पृष्ठ 14 पर

## यूपी में निवेश करेंगीं जर्मनी की कंपनियां

### डिप्टी सीएम केशव मौर्य ने कई कंपनियों के शीर्ष अधिकारियों से की मुलाकात




विशेष संवाददाता

जर्मनी/लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन और उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश से गए प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को जर्मनी के फ्रैंकफर्ट में प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात की और उन्हें राज्य में निवेश का आमंत्रण दिया। एयरपोर्ट क्षेत्र के वरिष्ठ प्रतिनिधियों से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल में केल्स्टरबाख के मेयर मैनफ्रेड ऑकेल, राउनहाइम के मेयर डेविड रेंडेल तथा इनोवेशन राइनमेन के सीईओ स्टीफन विट्टेकिंड शामिल रहे। बैठक में फ्रैंकफर्ट एयरपोर्ट क्षेत्र और नोएडा एयरपोर्ट के बीच सहयोग पर चर्चा की ...शेष पृष्ठ 14 पर

## सोनभद्र में मिट्टी का टीला ढहा, तीन की मौत

सोनभद्र। सोनभद्र जिले के म्योरपुर क्षेत्र में सोमवार की सुबह खुदाई के दौरान मिट्टी का विशाल टीला ढह जाने से उसमें दबकर तीन महिलाओं की मौत हो गई तथा दो अन्य घायल हो गईं।

पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा ने बताया कि म्योरपुर थाना क्षेत्र में छह महिलाएं किरवानी गांव के जंगल में कच्चे घरों की लिपाई, पोताई में काम आने वाली मिट्टी लेने के लिए गई थीं। उन्होंने बताया कि महिलाएं मिट्टी के एक टीले के पास खुदाई कर रही थीं तभी अचानक टीला ढह गया और महिलाएं मिट्टी में दब गईं। घटना की सूचना मिट्टी खोदने गई एक महिला ने ही ग्रामीणों को दी। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से पांच महिलाओं को बाहर निकालकर तत्काल अस्पताल ...शेष पृष्ठ 14 पर

## पिता की हत्या कर शव ड्रम में छिपाया

### पुलिस को गुमराह करने के लिए दर्ज करायी गुमशुदगी की रिपोर्ट

विशेष संवाददाता



मृतक मानवेंद्र सिंह (फाइल फोटो)

❍ लखनऊ के आशियाना क्षेत्र में हुई लोमहर्षक घटना

लखनऊ। राजधानी के आशियाना क्षेत्र में इंसानियत को शर्मसार करने वाली घटना एक बार फिर सामने आयी जहां एक कलयुगी पुत्र ने अपने पिता की हत्या कर उसके शव के टुकड़े-टुकड़े कर दिये।

पुलिस के अनुसार आरोपी पुत्र ने बीते शुक्रवार को अपने पिता मानवेंद्र सिंह की निर्मम हत्या करने के बाद उसके शव के कई टुकड़े किये और तीन दिन तक शव के टुकड़ों को सदरौना इलाके में कई जगहों पर छिपाया और अपने पिता का धड़ ठिकाने न लगा पाने के कारण उसे अपने घर में रखे ड्रम में ही छिपा दिया। आरोपी अक्षत ने अपने पिता की हत्या 20 फरवरी शुक्रवार के दिन की थी। उसी दिन आरोपी ने आशियाना थाने में अपने पिता की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करायी। लेकिन पुलिस को उसकी बातों और व्यवहार से कुछ शक हुआ तो पुलिस ने गहनता से जांच की और उसके घर की तलाशी ली तो मानवेंद्र सिंह का धड़ घर में रखे एक ड्रम से बरामद हुआ। जिसके बाद पुलिस ने अक्षत को हिरासत में लेकर सख्ती से पूछताछ की, जिसमें आरोपी अक्षत प्रताप सिंह ने अपना जुर्म कबूल करते हुए पूरी घटना की जानकारी पुलिस को दी। आशियाना पुलिस ने बताया कि पंजीकृत गुमशुदगी संख्या 6/26, संबंधित गुमशुदा मानवेंद्र सिंह पुत्र सुरेंद्र पाल सिंह निवासी एल-91 सेक्टर-एल, पुलिस द्वारा निरंतर जांच की जा रही थी। जांच के क्रम में गुमशुदा के पुत्र अक्षत प्रताप सिंह से पूछताछ की गई। पूछताछ के दौरान अभियुक्त द्वारा स्वीकार किया गया कि शुक्रवार की सुबह 4:30 बजे किसी बात को लेकर पिता-पुत्र के बीच विवाद हुआ, जिसके उपरांत उसने आवेश में आकर अपने पिता को ...शेष पृष्ठ 14 पर

### रमजान मुबारक



| शिया | | सुन्नी | |
|---|---|---|---|
| अफ्तार | सेहरी | अफ्तार | सेहरी |
| 6:14 | 5:02 | 6:05 | 5:12 |



### आज का मौसम

अधिकतम : 27.06 डिसे.
न्यूनतम : 14.00 डिसे.

### भीतर पढ़ें

❍ धामी सरकार को मिला 500 करोड़ का पैकेज (पृष्ठ-02)
❍ सर्वाधिक दुग्ध उत्पादन कर रहे 112 लोग सम्मानित (पृष्ठ-02)
❍ रुपया सात पैसे बढ़कर 90.87 प्रति डॉलर पर (पृष्ठ-14)
❍ छत्तीसगढ़ : वृद्धि दर 8.11 प्रतिशत रहने का अनुमान (पृष्ठ-14)
❍ कृत्रिम मेधा से बिजली क्षेत्र हो रहा है मजबूत (पृष्ठ-14)

विशेष खबर

**आतंकवादियों, उनके वित्तपोषकों और समर्थकों को धन, हथियार और सुरक्षित ठिकानों तक पहुंच से वंचित करना है उद्देश्य**

## भारत ने जारी की पहली आतंकवादरोधी नीति

एजेंसी




नयी दिल्ली। सरकार ने सोमवार को देश की पहली आतंकवाद-रोधी नीति प्रहार को जारी किया। इसमें आतंकवाद को कतई बर्दाश्त नहीं करने की नीति पर आधारित एक बहुस्तरीय रणनीति तय की गई है, जो खुफिया जानकारी के आधार पर चरमपंथी हिंसा की रोकथाम और उसे निष्क्रिय करने पर केंद्रित है।

इसका उद्देश्य आतंकवादियों, उनके वित्तपोषकों और समर्थकों को धन, हथियार और सुरक्षित ठिकानों तक पहुंच से वंचित करना है। गृह मंत्रालय द्वारा जारी की गई नीति भारत या विदेश से उत्पन्न होने वाले आतंकी खतरों का मुकाबला करने के लिए सात प्रमुख स्तंभों पर आधारित है। ये सात स्तंभ रोकथाम, प्रतिक्रिया, आंतरिक क्षमताओं का एकीकृत करना, मानवाधिकार और कानून के शासन पर आधारित प्रक्रियाएं, कट्टरता सहित आतंकवाद में सहायता करने वाली परिस्थितियों को दूर करना, आतंकवाद का मुकाबला करने के लिए अंतरराष्ट्रीय प्रयासों को संरेखित और आकार देना और समग्र समाज दृष्टिकोण को अपनाना शामिल है। नीति दस्तावेज में पाकिस्तान का नाम लिये बिना कहा गया भारत के निकटवर्ती इलाकों में अस्थिरता का इतिहास रहा है, जिसके कारण अक्सर अराजक क्षेत्र उत्पन्न हुए हैं।

इसके अलावा, इस क्षेत्र के कुछ देशों ने कभी-कभी आतंकवाद को राज्य नीति के एक साधन के रूप में इस्तेमाल किया है। इसमें कहा गया, इसके बावजूद, भारत आतंकवाद को किसी विशिष्ट धर्म, जातीयता, राष्ट्रीयता या सभ्यता से नहीं जोड़ता है। भारत ने हमेशा आतंकवाद और किसी भी तत्व द्वारा किसी भी घोषित या अघोषित उद्देश्य की प्राप्ति के लिए इसके उपयोग की स्पष्ट और निर्विवाद रूप से निंदा की है। नीति दस्तावेज में कहा गया है कि भारत आतंकवाद के पीड़ितों के साथ लगातार खड़ा रहा है और इस पर अडिग है कि दुनिया में हिंसा का कोई औचित्य नहीं हो सकता। यही सैद्धांतिक दृष्टिकोण आतंकवाद के खिलाफ नयी दिल्ली की कतई बर्दाश्त नहीं नीति का आधार है। दस्तावेज में ...शेष पृष्ठ 14 पर

## अविमुक्तेश्वरानंद प्रकरण की जांच करेगी 5 सदस्यीय समिति

जिला संवाददाता

❍ बाबा बोले गिरफ्तारी का विरोध नहीं करूंगा

वाराणसी (उप्र)। ज्योतिष पीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरनंद सरस्वती ने सोमवार को कहा कि यौन शोषण के मुकदमे में अगर पुलिस उन्हें गिरफ्तार करती है तो वह उसका विरोध नहीं करेंगे। शंकराचार्य ने कहा कि जनता, स्वयं का ह्रदय और ईश्वर तीनों ही अदालतों से उन्हें क्लीन चिट मिल चुकी है इसलिए उन्हें कोई भय नहीं है। सरकार ने मामले की जांच के लिए 5 सदस्यीय समिति का गठन किया है।

शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरनंद सरस्वती उनके शिष्य तथा दो-तीन अज्ञात लोगों के खिलाफ अदालत के आदेश पर शनिवार देर रात किशोरवय लड़कों के यौन शोषण के आरोप में प्रयागराज के झूंसी थाने में मुकदमा दर्ज किया गया था। शंकराचार्य ने वाराणसी में संवाददाताओं से कहा कि अगर पुलिस उन्हें इस मुकदमे के सिलसिले में गिरफ्तार करती है तो वह इसका विरोध नहीं करेंगे, क्योंकि जो झूठ है वह अंत में साबित हो जाएगा। शंकराचार्य ने कहा कि उनके लिए तीन अदालतें है। उन्होंने कहा पहली अदालत जनता है जो सब देख रही है और वह अपना निर्णय देने वाली है। दूसरा न्यायालय मेरा ह्रदय है, हम जान रहे हैं कि हम गलत नहीं हैं। तीसरा और सर्वोच्च न्यायालय ईश्वर ...शेष पृष्ठ 14 पर

# गुरु गोरखनाथ स्वास्थ्य मेला 2.0 में बाबू बनारसी दास डेंटल कॉलेज की विशेषज्ञ टीम ने दी निःशुल्क दंत स्वास्थ्य सेवाएं

**लखनऊ।** नेशनल मेडिकोज ऑर्गनाइजेशन, अवध प्रांत एवं श्री गुरु गोरखनाथ सेवा न्यास के संयुक्त तत्वावधान में अवध इंटरनेशनल स्कूल, दर्शन नगर, अयोध्या धाम में आयोजित गुरु गोरखनाथ स्वास्थ्य मेला 2.0 में बाबू बनारसी दास डेंटल कॉलेज की विशेषज्ञ टीम द्वारा निःशुल्क दंत स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की गईं। स्वास्थ्य मेले का उद्घाटन उत्तर प्रदेश के कृषि मंत्री, सूर्य प्रताप शाही जी द्वारा किया गया एवं समापन समरोह में स्वान्त रंजन (अखिल भारतीय प्रचारक प्रमुख) मुख्य अतिथि के रूप में रहे एवं खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति राज्य मंत्री सतीश शर्मा, विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। यह कार्यक्रम बीबीडीयू की चांसलर श्रीमती अलका दास गुप्ता एवं प्रो चांसलर विराज सागर दास की प्रेरणा से हुआ एवं कालेज की प्राचार्या डॉ. नीता पसरिचा के नेतृत्व में संपन्न हुआ।




बाबू बनारसी दास डेंटल कॉलेज द्वारा, यह शिविर, स्वास्थ्य मेले के दौरान डेंटल कॉलेज की टीम ने बड़ी संख्या में आए मरीजों का निःशुल्क दंत परीक्षण किया तथा उन्हें दाँतों एवं मसूड़ों से संबंधित रोगों की रोकथाम, उपचार एवं मौखिक स्वच्छता के महत्व के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

चिकित्सकों ने, उपस्थित लोगों को सही ब्रशिंग तकनीक, नियमित दंत परीक्षण तथा संतुलित आहार के माध्यम से दंत स्वास्थ्य बनाए रखने के लिए जागरूक किया। विशेषज्ञों ने बताया कि बेहतर मौखिक स्वच्छता संपूर्ण स्वास्थ्य के लिए अत्यंत आवश्यक है। इस शिविर में डॉक्टर मधुर ज्योति डेका, डॉक्टर नीतीश, डॉक्टर मकरंद, डॉ. ताविषि मिश्रा सहित डेंटल कॉलेज की चिकित्सक टीम सक्रिय रूप से उपस्थित रही एवं मरीजों को परामर्श प्रदान किया।

स्वास्थ्य मेले में बड़ी संख्या में लोगों ने निःशुल्क परामर्श एवं दंत परीक्षण सुविधा का लाभ उठाया तथा आयोजन की सराहना की। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज में स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाना एवं आमजन तक गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएँ पहुँचाना रहा।

# गर्मियों में कहीं भी न हो जलसंकट

## जलशक्ति मंत्री ने की जल जीवन मिशन व राज्य ग्रामीण पेयजल कार्यक्रम की समीक्षा

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** गर्मियों के दौरान गांवों में पेयजल से जुड़ी किसी भी प्रकार की समस्या न आए। इसके लिए राज्य सरकार ने तैयारी शुरू कर दी है। इस बाबत सोमवार को उत्तर प्रदेश के जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने जल निगम ग्रामीण मुख्यालय में जल जीवन मिशन और राज्य ग्रामीण पेयजल कार्यक्रम के तहत चल रही परियोजनाओं की समीक्षा की।

उन्होंने कहा कि गर्मियों के दौरान कहीं भी जलसंकट की समस्या नहीं होनी चाहिए। इसके लिए अधिकारी अभी से जरूरी तैयारी शुरू कर दें। उन्होंने कहा कि प्रत्येक इंजीनियर रोजाना 10 ग्राम प्रधानों से बात कर पेयजल योजनाओं की जानकारी लें। अगर कोई समस्या आती है, तो उसे तुरंत ठीक कराया जाए। जिससे ग्रामीणों को कोई दिक्कत न आए।

समीक्षा में जलशक्ति मंत्री ने सड़क रिस्टोरेशन के कार्यों को और तेज करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि जहां पाइपलाइन बिछाने के लिए सड़कें खोदी गई हैं, वहां मार्च अंत तक रिस्टोरेशन कार्यों को पूरा कर लिया जाए। साथ ही आला अधिकारियों को निर्देश कि वो मौके पर जाकर सड़क रिस्टोरेशन के कार्यों का निरीक्षण करें।

किसी भी तरह की कमी होने पर कार्यदायी संस्थाओं के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश भी जलशक्ति मंत्री ने दिए। समीक्षा बैठक के दौरान अपर मुख्य सचिव नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग अनुराग श्रीवास्तव मौजूद रहे।

जलशक्ति मंत्री ने कहा कि इंजीनियर जनप्रतिनिधियों को योजनाओं की प्रगति से अवगत कराने के निर्देश दिए। मंत्री ने कहा कि इसमें किसी भी तरह का कोई संकोच नहीं किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि मीडिया को भी योजनाओं के बारे में जानकारी दें। साथ ही जनता से भी संवाद बनाए रखें। जल जीवन मिशन के कार्यों पर संतुष्टि जताते हुए जलशक्ति मंत्री ने अधिकारियों और कर्मचारियों की तारीफ की।

# सिंगापुर दौरे के पहले ही दिन मुख्यमंत्री योगी की बड़ी सफलता

## ग्रुप हाउसिंग और हाइपरस्केल डेटा सेंटर परियोजनाओं में होगा निवेश, एविएशन, डेटा सेंटर और मेक्ट्रॉनिक्स में उद्योगों की जरूरत के अनुसार प्रशिक्षण पर जोर

विशेष संवाददाता (vol)

**सिंगापुर/लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सोमवार को सिंगापुर दौरे के पहले दिन आईटीई कॉलेज सेंट्रल में आयोजित कार्यक्रम में तकनीकी एवं व्यावसायिक शिक्षा को सशक्त बनाने से जुड़े समझौता ज्ञापनों (एमओयू) पर हस्ताक्षर के साक्षी बने। यह पहल उत्तर प्रदेश के तेजी से विस्तारित हो रहे बुनियादी ढांचे और रोजगार तंत्र को वैश्विक मानकों के अनुरूप कुशल मानव संसाधन उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण मानी जा रही है।



अपने सिंगापुर दौरे के पहले दिन मुख्यमंत्री ने कॉलेज परिसर और एविएशन हब का निरीक्षण किया तथा उद्योगों के साथ एकीकृत प्रशिक्षण के वैश्विक मॉडल को ध्यान से देखा। उन्होंने प्रशिक्षण सुविधाओं, आधुनिक प्रयोगशालाओं और व्यावहारिक शिक्षा प्रणाली की सराहना की। मुख्यमंत्री ने आईटीई एजुकेशन सर्विसेज (आईटीईईएस) के साथ विस्तृत बैठक कर तकनीकी शिक्षा व कौशल विकास के क्षेत्र में अनुभव, विशेषज्ञता और प्रशिक्षण मॉडल को साझा करने तथा मिलकर काम करने पर बातचीत की। उन्होंने सिंगापुर की आईटीई संस्था को उत्तर प्रदेश के साथ स्पष्ट और केंद्रित सहयोग के लिए आमंत्रित किया, जिसमें एविएशन, डेटा सेंटर संचालन और मेक्ट्रॉनिक्स (मैकेनिकल और इलेक्ट्रॉनिक तकनीक का संयोजन) जैसे क्षेत्रों को प्राथमिकता दी गई है। प्रस्तावित सहयोग के तहत ऐसे सुव्यवस्थित तरीके से तैयार और परिणामोन्मुख कौशल विकास कार्यक्रम संचालित किए जाएंगे, जिनसे उद्योगों की जरूरत के अनुसार युवा प्रतिभा विकसित हो सके। यह पहल राज्य के अगले चरण के इन्फ्रास्ट्रक्चर-आधारित विकास को मजबूत आधार देगी। इस रूपरेखा के अंतर्गत उत्तर प्रदेश, आईटीई सिंगापुर जैसे अग्रणी संस्थानों के साथ मिलकर एविएशन एमआरओ (मेंटेनेंस, रिपेयर एंड ऑपरेशंस), कार्गो संचालन, मेक्ट्रॉनिक्स और एयरसाइड लॉजिस्टिक्स में विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम स्थापित कर सकता है। इससे जेवर एयरपोर्ट और व्यापक एविएशन इकोसिस्टम के लिए कुशल कार्यबल तैयार करने में मदद मिलेगी। मुख्यमंत्री ने आश्वस्त किया कि उत्तर प्रदेश सरकार इन एमओयू को शीघ्र अमल में लाने के लिए ठोस कार्ययोजना बनाएगी, ताकि प्रदेश के युवाओं को अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप प्रशिक्षण और रोजगार के बेहतर अवसर मिल सकें।

## यूपी में 8 हजार करोड़ से डेटा सेंटर स्थापित करेगी जीएससी ग्रीन्स

- सीएम योगी की सिंगापुर की जीएससी के निदेशक के साथ सफल बैठक
- सोलर, बैटरी स्टोरेज और ईवी चार्जिंग इन्फ्रास्ट्रक्चर में भी निवेश संभावनाओं पर मंथन

**सिंगापुर/लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने सिंगापुर दौरे के पहले दिन ही कई सफलताएं दर्ज की हैं। मुख्यमंत्री के साथ बैठक में सिंगापुर की वैश्विक निवेश कंपनी गोल्डन स्टेट कैपिटल (जीएससी) ग्रीन्स के निदेशक सुमित नंदा ने उत्तर प्रदेश में 100 मेगावाट के डेटा सेंटर की स्थापना के लिए 8000 करोड़ रुपये का निवेश करने की घोषणा की। बैठक में प्रदेश में हरित और सतत निवेश (ग्रीन एंड सस्टेनेबल इन्वेस्टमेंट्स) की संभावनाओं पर विस्तृत चर्चा की गई और स्वच्छ ऊर्जा आधारित परियोजनाओं में सहयोग के विभिन्न आयामों पर विचार-विमर्श हुआ।

इस बैठक में रूफटॉप सोलर परियोजनाओं, बैटरी स्टोरेज और ग्रिड सपोर्ट सॉल्यूशंस, ईवी चार्जिंग इन्फ्रास्ट्रक्चर और स्वच्छ ऊर्जा संचालित ग्रीन इंडस्ट्रियल पार्कों के विकास पर विस्तार से चर्चा की गई। इसके साथ ही पर्यावरण संबंधित जरूरतों के लिए क्लाइमेट फाइनेंस, कार्बन उत्सर्जन में कमी और नवीकरणीय ऊर्जा संचालन से जुड़े कौशल विकास कार्यक्रमों पर भी बातचीत हुई। इन पहलों के माध्यम से रोजगार सृजन की संभावनाओं पर विशेष बल दिया गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बैठक में कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार पर्यावरणीय रूप से टिकाऊ और व्यावसायिक रूप से व्यावहारिक विकास मॉडल के प्रति प्रतिबद्ध है। प्रदेश में निवेश के अनुकूल नीतियां, सुदृढ़ औद्योगिक इकोसिस्टम और तेज निर्णय प्रक्रिया, हरित ऊर्जा क्षेत्र में निवेशकों के लिए आदर्श वातावरण प्रदान कर रही हैं। उन्होंने जीएससी ग्रीन्स को परियोजना विकास और निवेश के अन्य अवसरों का सक्रिय अन्वेषण करने का आमंत्रण भी दिया। डीबीएस बैंक ने उत्तर प्रदेश के उभरते ऊर्जा पारिस्थितिकी तंत्र में विशेष रुचि दिखाई।

विशेष रूप से ग्रीन हाइड्रोजन, ग्रीन अमोनिया, कंप्रेस्ड बायोगैस (सीबीजी) और सौर ऊर्जा जैसे हरित क्षेत्रों में सहयोग की संभावनाओं पर सकारात्मक विचार-विमर्श हुआ। इसके अतिरिक्त इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण क्षेत्र में सहयोग, विशेषकर सेमीकंडक्टर चिप निर्माण के लिए ताइवानी कंपनियों को भारत में निवेश के लिए प्रोत्साहित करने की संभावना पर भी चर्चा की गई।

### इन सेक्टर्स में हुए एमओयू

**अंतरराष्ट्रीय थीम आधारित ग्रुप हाउसिंग प्रोजेक्ट :** पहली परियोजना के तहत यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) क्षेत्र में जेवर एयरपोर्ट के करीब 100 एकड़ भूमि पर अंतरराष्ट्रीय थीम आधारित टाउनशिप विकसित की जाएगी। इस परियोजना में 3,500 करोड़ रुपये का निवेश प्रस्तावित है और इसके धरातल पर उतरने के साथ ही लगभग 12,000 लोगों को रोजगार मिलेगा। इस परियोजना को 2027 में शुरू किए जाने की योजना है। यह परियोजना जेवर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के आसपास तेजी से विकसित हो रहे शहरी क्षेत्र को नई पहचान देगी।

**कानपुर-लखनऊ हाईवे पर लॉजिस्टिक्स पार्क :** दूसरी परियोजना कानपुर-लखनऊ हाईवे पर 50 एकड़ भूमि में लॉजिस्टिक्स पार्क के विकास से संबंधित है। इस परियोजना में 650 करोड़ रुपये का निवेश प्रस्तावित है और लगभग 7,500 रोजगार सृजित होने का अनुमान है। इसको भी 2027 में शुरू किए जाने की योजना है। यह लॉजिस्टिक्स पार्क प्रदेश की औद्योगिक और निर्यात गतिविधियों को गति देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

**नोएडा/ग्रेटर नोएडा में हाइपरस्केल डेटा सेंटर पार्क :** तीसरी परियोजना के तहत नोएडा/ग्रेटर नोएडा क्षेत्र में 10 एकड़ भूमि पर 40 मेगावाट आईटी पावर क्षमता वाला हाइपरस्केल डेटा सेंटर पार्क स्थापित किया जाएगा। इस परियोजना में 2,500 करोड़ रुपये का निवेश होगा और लगभग 1,500 लोगों को रोजगार मिलेगा। एमओयू के अनुसार प्रोजेक्ट को वर्ष 2028 में शुरू करने की योजना है। यह निवेश उत्तर प्रदेश को देश के अग्रणी डेटा सेंटर हब के रूप में स्थापित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम होगा।

# धामी सरकार को केंद्र ने दिया 500 करोड़ का पैकेज

## धामी ने मोदी का जताया आभार, केंद्रीय मंत्री पाटिल से भेंट कर की विस्तार से चर्चा

प्रमुख संवाददाता

**देहरादून/नई दिल्ली।** उत्तराखंड में वर्ष 2027 में आयोजित होने वाले हरिद्वार कुंभ को दिव्य, भव्य और ऐतिहासिक स्वरूप देने की दिशा में केंद्र और राज्य सरकार के बीच समन्वय और तेज हो गया है। भारत सरकार द्वारा कुंभ मेला 2027 की तैयारियों के लिए 500 करोड़ रुपये की धनराशि जारी किए जाने पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्र सरकार का आभार व्यक्त किया है।



मुख्यमंत्री ने कहा कि कुंभ मेला केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि भारत की सनातन संस्कृति, आध्यात्मिक चेतना और सामाजिक समरसता का विश्व प्रसिद्ध महापर्व है। उन्होंने बताया कि पूर्व में प्रधानमंत्री से कुंभ के सफल आयोजन के लिए सहयोग का अनुरोध किया गया था, जिसके परिणामस्वरूप केंद्र द्वारा 500 करोड़ रुपये की सहायता स्वीकृत की गई है। यह धनराशि आधारभूत संरचना को सुदृढ़ करने, यातायात प्रबंधन, पेयजल आपूर्ति, स्वच्छता, सुरक्षा व्यवस्था और श्रद्धालुओं की सुविधाओं के विस्तार में उपयोग की जाएगी।

इसी क्रम में मुख्यमंत्री धामी ने नई दिल्ली में केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी. आर. पाटिल से भेंट कर महाकुंभ 2027 की व्यवस्थाओं और नमामि गंगे परियोजनाओं पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन (एनएमसीजी) के अंतर्गत 408.82 करोड़ की परियोजनाओं को शीघ्र स्वीकृति देने का अनुरोध किया, ताकि गंगा की निर्मलता और अविरलता को बनाये रखते हुए सभी कार्य समयबद्ध तरीके से पूर्ण किए जा सकें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जनवरी से अप्रैल 2027 के बीच करोड़ों श्रद्धालुओं के हरिद्वार आगमन की संभावना है। ऐसे में पर्यावरणीय दृष्टि से सतत आयोजन सुनिश्चित करना अत्यंत आवश्यक है।

गंगा जल की गुणवत्ता बनाए रखने, सीवरेज और जल शोधन तंत्र को मजबूत करने तथा घाटों के सुदृढ़ीकरण पर विशेष बल दिया जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने 253 करोड़ रुपये की बाढ़ सुरक्षा योजनाओं को स्वीकृति देने का आग्रह किया, जिससे बरसात के दौरान संभावित जोखिमों को कम किया जा सके। जल जीवन मिशन के तहत अतिरिक्त संसाधन उपलब्ध कराने का भी अनुरोध किया गया है, ताकि पेयजल आपूर्ति व्यवस्था सुदृढ़ हो सके।

इसके अतिरिक्त इकबालपुर नहर प्रणाली के उन्नयन तथा कनखल और जगजीतपुर नहर की क्षमता विस्तार का प्रस्ताव भी रखा गया।

इन परियोजनाओं के पूर्ण होने पर लगभग 665 क्यूसेक अतिरिक्त पानी उपलब्ध होगा, जिससे हरिद्वार के भगवानपुर और लक्सर क्षेत्र की लगभग 13 हजार हेक्टेयर भूमि को सिंचाई सुविधा मिलेगी और क्षेत्र की पेयजल समस्या के समाधान में भी मदद मिलेगी।

# पीएम-कुसुम सी 2 से ऊर्जा सुधार को नयी गति

**लखनऊ।** कृषि फीडरों के सोलराइजेशन के लिए लागू प्रधानमंत्री कुसुम योजना (कंपोनेंट सी2) राज्य में ऊर्जा आत्मनिर्भरता और किसानों की आय वृद्धि की दिशा में प्रभावी पहल बनकर उभर रही है। इस योजना का उद्देश्य किसानों को सौर ऊर्जा के माध्यम से सिंचाई और बिजली की विश्वसनीय सुविधा उपलब्ध कराना, डीजल व परंपरागत बिजली पर निर्भरता कम करना और दिन के समय निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करना है। प्रदेश में अब तक लगभग 1708.1 मेगावाट क्षमता के लिए 581 पावर परचेज एग्रीमेंट (पीपीए) निष्पादित किए जा चुके हैं। इससे अनुमानित 3.67 लाख कृषि उपभोक्ताओं को दिन में नियमित बिजली आपूर्ति मिलने की संभावना है। योगी सरकार की यह पहल न केवल ऊर्जा क्षेत्र को सुदृढ़ कर रही है, बल्कि किसानों को सशक्त बनाने और प्रदेश को हरित ऊर्जा की दिशा में अग्रसर करने का भी प्रभावी कदम है। योजना के वित्तीय ढांचे के तहत केंद्र सरकार अधिकतम 1.05 करोड़ रुपये प्रति मेगावाट तथा राज्य सरकार 50 लाख रुपये प्रति मेगावाट की पूंजीगत सहायता दे रही है।

# लखनऊ, गोरखपुर, वाराणसी और प्रयागराज में चलेंगी एआई-आधारित स्वास्थ्य परियोजनाएं

विशेष संवाददाता (vol)

- फ्रैंकफर्ट में यूपी प्रतिनिधिमंडल की बैठक में हेल्थ-टेक और एआई सहयोग पर बनी सहमति
- डेटा गोपनीयता, स्थानीयकरण और राजस्व सृजन के अवसरों पर फोकस

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दूरदर्शी विजन को लेकर उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के नेतृत्व में गए उत्तर प्रदेश के प्रतिनिधिमंडल ने जर्मनी के फ्रैंकफर्ट में टेक कंपनी इनोप्लेक्सेस एंड पार्टेक्स के सीईओ डॉ. गुंजन भारद्वाज से महत्वपूर्ण मुलाकात की।

इस दौरान स्वास्थ्य प्रौद्योगिकी, डेटा सेंटर और एआई-आधारित समाधानों के क्षेत्र में उन्नत सहयोग की संभावनाओं पर विस्तार से चर्चा हुई।

डॉ. गुंजन भारद्वाज ने भारत में अपने संचालन विस्तार की योजनाएं साझा करते हुए बताया कि साझेदारी मॉडल के तहत उत्तर प्रदेश में डेटा सेंटर स्थापित करने की तैयारी है।

साथ ही गोपनीयता-अनुपालन वाले स्वास्थ्य डेटा प्लेटफॉर्म विकसित करने और




गोरखपुर, वाराणसी, लखनऊ व प्रयागराज में एआई-आधारित स्वास्थ्य परियोजनाओं का पायलट संचालन प्रस्तावित है। बैठक में कंप्यूटर सेंटर स्थापित करने, जीसीसी संचालन को मजबूत करने तथा चिकित्सा शिक्षा में एआई के उपयोग को बढ़ावा देने पर भी सहमति बनी। प्रतिनिधिमंडल और डॉ. भारद्वाज के बीच कड़े डेटा गोपनीयता मानकों, डेटा स्थानीयकरण और सुशासन सुनिश्चित करते हुए स्वास्थ्य सेवाओं की डिलीवरी को डेटा-आधारित बनाने पर विशेष जोर दिया गया। इसके अलावा सरकारी साझेदारी को विस्तार देने और संभावित राजस्व सृजन के तमाम मुद्दों पर भी विस्तृत विचार-विमर्श किया गया।

# विपक्ष जनता के मुद्दों पर सकारात्मक राजनीति करे : पंकज चौधरी

विशेष संवाददाता (vol)

- भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने सपा अध्यक्ष के बयान पर किया पलटवार

**लखनऊ।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव द्वारा उपमुख्यमंत्री को 100 विधायक लाकर मुख्यमंत्री बनाने संबंधी दिये गये बयान पर तीखा पलटवार किया है।

पंकज चौधरी ने कहा कि यह बयान विपक्ष की हताशा, निराशा और राजनीतिक दिवालियापन को दर्शाता है। सपा के नेताओं को अपनी पार्टी की स्थिति पर ध्यान देना चाहिए, जहां लगातार जनाधार घट रहा है और संगठन कमजोर होता जा रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा में अनुशासन, संगठन और नेतृत्व की स्पष्ट व्यवस्था है, जबकि सपा में केवल परिवारवाद और अंतर्कलह ही दिखाई देता है।



प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि जनता ने पूर्ण बहुमत देकर भाजपा की सरकार को जनसेवा के लिए चुना है। भाजपा सरकार विकास, सुशासन, कानून व्यवस्था और गरीब कल्याण के संकल्प के साथ काम कर रही है। विपक्ष के पास जनहित के मुद्दे नहीं बचे हैं इसलिए वह इस तरह के अगंभीर और राजनीतिक रूप से अपरिपक्व बयान देकर सुर्खियां बटोरने का प्रयास कर रहा है।

उन्होंने कहा कि सपा के मुखिया को यह समझना चाहिए कि उत्तर प्रदेश की जनता अब विकास और सुशासन की राजनीति को ही स्वीकार करती है। भाजपा सरकार के कार्यों से प्रदेश में निवेश, रोजगार, आधारभूत संरचना और कानून व्यवस्था के क्षेत्र में ऐतिहासिक सुधार हुए हैं, जिससे विपक्ष की जमीन खिसक चुकी है।

उन्होंने कहा कि विपक्ष के नेता ऐसे बयान देने के बजाय जनता के मुद्दों पर सकारात्मक और रचनात्मक राजनीति करें। भाजपा पूरी मजबूती और एकजुटता के साथ प्रदेश की 25 करोड़ जनता की सेवा में समर्पित है और विपक्ष के इस तरह के बयान भाजपा के संकल्प और जनसमर्थन को कमजोर नहीं कर सकते।

# सपा समर्थक मतदाताओं का नाम काटने के लिए बनाया जा रहा दबाव

**लखनऊ।** सपा के प्रतिनिधि मण्डल ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी को ज्ञापन देकर मांग की है कि फरूर्खाबाद, गोरखपुर, गाजियाबाद, बहराइच, देवरिया, आजमगढ़, कन्नौज, भदोही जिलों की शिकायतों को संज्ञान में लेकर तत्काल कार्यवाही की जाये ताकि एसआईआर प्रक्रिया निष्पक्ष और पारदर्शी ढ़ंग से सम्पन्न हो सके। ज्ञापन में कहा गया है कि फरूर्खाबाद, फरूर्खाबाद सदर विधानसभा में पोलिंग बूथ संख्या 83, 85, 86, 87 पर क्रमशः 80, 87, 46, 63 फॉर्म-7 बरामद किये गये हैं। फॉर्म-7 में क्रमशः वैभव अग्निहोत्री, ऋषभ दुबे, अरविन्द श्रीवास्तव, विनीत बाजपेई का आवेदक के रूप में हस्ताक्षर हैं। सपा के जिलाध्यक्ष, जिला महासचिव सहित पदाधिकरियों द्वारा फॉर्म-7 बरामद किये गये हैं। सपा पदाधिकारियों द्वारा आवेदकों से सम्पर्क करने पर आवेदकों ने अपने हस्ताक्षर करने से इनकार करते हुए कहा कि उनके फर्जी हस्ताक्षर फॉर्म-7 पर बनाये गये है। फरूर्खाबाद की सभी विधानसभाओं में भाजपा पदाधिकारियों द्वारा प्रत्येक पोलिंग बूथ पर बड़ी संख्या में फॉर्म-7 बीएलओ के पास जमा करके सपा समर्थक मतदाताओं विशेष कर मुस्लिम समुदाय व पीडीए मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से काटने के लिए ईआरओ व जिला निर्वाचन अधिकारी पर लगातार दबाव बनाया जा रहा है।

# सर्वाधिक दुग्ध उत्पादन कर रहे 112 लोग सम्मानित

## 63 दुग्ध उत्पादकों को गोकुल पुरस्कार व 49 दुग्ध उत्पादकों को नंदबाबा पुरस्कार

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** पशुधन, दुग्ध विकास एवं राजनैतिक पेंशन विभाग के कैबिनेट मंत्री धर्मपाल सिंह ने आज यहां इंदिरागांधी प्रतिष्ठान में आयोजित कार्यक्रम गोधन समागम-2026 में वर्ष 2024-25 के प्रदेश के सर्वाधिक दुग्ध आपूर्तिकर्ता 63 दुग्ध उत्पादकों को गोकुल पुरस्कार और गाय के सर्वाधिक दुग्ध उत्पादन करने वाले 49 दुग्ध उत्पादकों को नन्दबाबा पुरस्कार से सम्मानित किया।

पुरस्कृत सभी 112 दुग्ध उत्पादकों को प्रतीक चिन्ह, पुरस्कार स्वरूप धनराशि, प्रमाण-पत्र देकर प्रोत्साहित किया। इसके साथ ही निराश्रित गोवंश संरक्षण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 05 जिलों हरदोई, अलीगढ़, अमरोहा, जालौन तथा रायबरेली के जिलाधिकारियों, सीडीओ एवं सीवीओ को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति



चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया।

इस अवसर पर धर्मपाल सिंह ने कहा कि गोधन समागम-2026 हमारी गव्य, परंपरा एवं संस्कृति संगम का अद्भुत रूप है। यह समागम प्रदेश में दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा देने और गौजन्य उत्पादों के प्रयोग के लिए आमजन को जागरूक करेगा। दुग्ध उत्पादन को प्रोत्साहित करने, स्वरोजगार को बढ़ाने, दुधारू पशुओं के पालन एवं गुणवत्तापूर्ण दुग्ध उत्पादों को आमजन तक सुगमता से उपलब्ध कराने के लिए दुग्ध विकास विभाग प्रतिबद्ध है।

कार्यक्रम में गोकुल पुरस्कार के अंतर्गत लखनऊ दुग्ध संघ के लखीमपुर-खीरी निवासी एवं वेलवा मोती समिति के वरूण सिंह को 1,81,272.00 ली. दुग्ध आपूर्ति के लिए राज्य स्तरीय प्रथम पुरस्कार और फिरोजाबाद दुग्ध संघ के आगरा की दुग्ध समिति ठेरई के वीरेन्द्र सिंह को 1,10,693.50 ली. दुग्ध आपूर्ति के लिए द्वितीय पुरस्कार प्रदान किया गया। इन दोनों दुग्ध उत्पादकों को क्रमशः 02 लाख रुपये एवं 1.50 लाख रुपये की पुरस्कार राशि तथा शेष अन्य चयनित लाभार्थियों को जनपद स्तरीय पुरस्कार के तहत 51 हजार रुपये की राशि प्रदान की गई है। इसी प्रकार नंदबाबा पुरस्कार के तहत मुरादाबाद दुग्ध संघ के रामपुर की दुग्ध समिति हमीरपुर के लाभार्थी अरूण कुमार को 19,066.00 ली0 दुग्ध आपूर्ति के लिए राज्य स्तरीय पुरस्कार से सम्मानित करते हुए पुरस्कार स्वरूप 51 हजार रुपये की राशि प्रदान की गई है। इनके अलावा नंदबाबा जनपद स्तरीय पुरस्कार के तहत अन्य लाभार्थियों को 21 हजार रुपये की राशि प्रदान की गई। इस अवसर पर मंत्री ने सभी विजेताओं को बधाई दी और कहा कि पुरस्कृत 112 दुग्ध उत्पादकों में से 25 महिला लाभार्थी है, जो दुग्ध उत्पादन के क्षेत्र में महिलाओ की भागीदारी का एक सशक्त उदाहरण है।

# आईटी सिटी में जमीन के लिए लैंड पूलिंग नियमावली तैयार

## अतिरिक्त जमीन के लिए देना होगा 3900 रुपये प्रति वर्ग फुट शुल्क

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** लखनऊ विकास प्राधिकरण ने अपनी नई आवासीय योजना आईटी सिटी योजना के लिए भूखंड आवंटन की नियमावली तैयार कर ली है। लैंड पूलिंग के तहत जमीन देने वाले भू-स्वामियों को मिलने वाले प्लॉट और अतिरिक्त जमीन की दरें तय कर दी गई हैं। नियमावली के अनुसार, जो भी भू-स्वामी अपनी जमीन प्राधिकरण को देगा, उसे उसकी कुल भूमि का 25 प्रतिशत विकसित भूखंड के रूप में वापस मिलेगा। यह प्लॉट सड़क, बिजली, पानी और अन्य मूलभूत सुविधाओं से युक्त होगा। यदि किसी की जमीन इतनी कम है कि 25 प्रतिशत हिस्सा न्यूनतम मानक से नीचे आता है, तो भी उसे कम से कम 35 वर्ग मीटर का प्लॉट दिया जाएगा।

- 28 फरवरी को लॉटरी से जमीन देने वालों को होगा आवंटन




प्राधिकरण उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने उदाहरण देते हुए स्पष्ट किया है कि यदि कोई व्यक्ति 2500 वर्ग फुट जमीन देता है तो उसे 2000 वर्ग फुट का विकसित प्लॉट मिलेगा। इसके अलावा 35-35 फुट के दो अतिरिक्त प्लॉट भी दिए जाएंगे। इस प्रकार संबंधित व्यक्ति के पास कुल मिलाकर लगभग 2700 वर्ग फुट जमीन हो जाएगी। इससे उसे 200 वर्गफुट जमीन ज्यादा मिल जाएगी। इस 200 वर्ग फुट ज्यादा जमीन की कीमत 3900 रुपए प्रति वर्गफुट की दर से एलडीए को दनी होगी। अतिरिक्त जमीन के लिए 3900 रुपये प्रति वर्ग फुट की दर निर्धारित की गई है। यानी यदि किसी को 200 वर्ग फुट अतिरिक्त जमीन मिलती है तो उसे लगभग 7.80 लाख रुपये एलडीए को अतिरिक्त भुगतान करना होगा। अधिकारियों का कहना है कि यह दर वर्तमान बाजार स्थिति को ध्यान में रखते हुए तय की गई है। आईटी सिटी परियोजना को गति मिलेगी भूखंड आवंटन की प्रक्रिया 28 फरवरी को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित लॉटरी के माध्यम से पूरी की जाएगी। इसी दिन लैंड पूलिंग में शामिल सभी पात्र भू-स्वामियों को प्लॉट आवंटित कर दिए जाएंगे। अपर सचिव ज्ञानेन्द्र वर्मा ने बताया कि इस नियमावली से आईटी सिटी परियोजना को गति मिलेगी और पारदर्शी तरीके से भू-स्वामियों को उनका हक सुनिश्चित किया जाएगा। अब सभी की नजर 28 फरवरी को होने वाली लॉटरी पर टिकी है।

## नर्मदा अपार्टमेंट के 312 फ्लैट के लिए 711 लोगों ने कराया पंजीकरण

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** लखनऊ विकास प्राधिकरण के नर्मदा अपार्टमेंट के 300 फ्लैट्स व 12 पेंट हाउस के लिए 711 लोगों ने पंजीकरण कराया है। गोमती नगर विस्तार के सेक्टर-4 में बनने वाले इस अपार्टमेंट में प्रीमियम आवासीय सुविधाएं विकसित की जाएंगी, जोकि इस परियोजना को अपने श्रेणी में अधिक प्रभावी व उपयोगी बनाएगा।

एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि राप्ति अपार्टमेंट के बगल में लगभग 12,000 वर्गमीटर क्षेत्रफल में बनने वाले नर्मदा अपार्टमेंट में कुल 03 टावर होंगे, जिनकी ऊंचाई लगभग 90 मीटर होगी। अपार्टमेंट में 3 बीएचके एवं स्टडी श्रेणी के कुल 300 फ्लैट होंगे, जिनकी कीमत 1.41 करोड़ रुपए से शुरू होगी। प्रत्येक फ्लैट लगभग 2100 वर्गफिट क्षेत्रफल का होगा। इसके अलावा 12 पेंट हाउस बनाये जाएंगे, जोकि लगभग 4,000 वर्गफिट क्षेत्रफल में होंगे। पेंट हाउस की कीमत 2.8 करोड़ रुपए से शुरू होगी। पाध्यक्ष ने बताया कि 24 जनवरी से 23 फरवरी, 2026 तक फ्लैट्स एवं पेंट हाउस के लिए पंजीकरण खोला गया था।



- गोमती नगर विस्तार के सेक्टर-4 में जी-20 रोड पर बनेगा अपार्टमेंट

सोमवार को पंजीकरण अवधि के अंतिम दिन रात 8:00 बजे तक 688 लोगों ने फ्लैट्स और 27 लोगों ने पेंट हाउस के लिए ऑनलाइन पंजीकरण कराया है। उन्होंने बताया कि भवनों का आवंटन पारदर्शी प्रक्रिया के तहत लॉटरी के माध्यम से किया जाएगा, जिसकी तारीख जल्द ही घोषित की जाएगी।

उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि नर्मदा अपार्टमेंट की कनेक्टिविटी और लोकेशन बेहद प्राइम होगी। जी-20 रोड स्थित एलडीए के राप्ती अपार्टमेंट के ठीक बगल में इसका निर्माण कराया जाएगा। योजना से चंद कदमों की दूरी पर ही शहीद पथ, इकाना क्रिकेट स्टेडियम, प्लासियो मॉल, पुलिस मुख्यालय आदि प्रमुख स्थल मिल जाएंगे।

अपर सचिव सीपी त्रिपाठी ने बताया कि नर्मदा अपार्टमेंट का निर्माण 330 करोड़ रुपए की लागत से कराया जाएगा। प्रोजेक्ट को 03 वर्ष में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है और 05 वर्ष के भीतर आवंटियों को फ्लैट का कब्जा प्रदान कर दिया जाएगा। अपार्टमेंट में जिम, स्वीमिंग पूल, पार्क, क्लब हाउस, किड्स प्ले-एरिया, पावर बैकअप व 500 से अधिक वाहनों की पार्किंग आदि की प्रीमियम सुविधाएं विकसित की जाएंगी। साथ ही लोगों की व्यावसायिक जरूरतें पूरी करने के लिए कॉमर्शियल दुकानें भी होंगी।

## बाजार से अवैध पार्किंग व अतिक्रमण हटाने की मांग

**लखनऊ।** चौक और अमीनाबाद बाजार में बढ़ती ट्रैफिक अव्यवस्था, अतिक्रमण और अवैध पार्किंग को लेकर सर्व समाज उद्योग व्यापार मंडल के एक प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत से मुलाकात कर उन्हें मांगपत्र सौंपा। संगठन के अध्यक्ष आसिम मार्शल ने कहा कि हुसैनाबाद, चौक, अमीनाबाद और नक्खास जैसे ऐतिहासिक व भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में अवैध पार्किंग और अस्थायी दुकानों के कारण यातायात पूरी तरह बाधित हो रहा है। उन्होंने मांग की कि लखनऊ को स्मार्ट सिटी के मानकों पर लाने के लिए व्यापारियों, प्रशासनिक अधिकारियों और बुद्धिजीवियों के साथ एक संयुक्त बैठक बुलाई जाए। मंडलायुक्त ने सहमति जताते हुए स्वीकार किया कि जनता के सहयोग के बिना शहर को व्यवस्थित बनाना संभव नहीं है। उन्होंने जल्द ही संबंधित विभागों के साथ समन्वय बैठक आयोजित करने का आश्वासन दिया। इस दौरान संरक्षक नवाब मसूद अब्दुल्ला सहित कई लोग उपस्थित थे।

# ईस्ट-वेस्ट रूट पर राष्ट्र प्रेरणा स्थल तक मेट्रो के विस्तार को लगा ब्रेक

## 3.30 किमी रूट का होगा विस्तार, अभी दुबग्गा चौराहे तक है मेट्रो का रूट

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** चारबाग से बसंतकुंज तक ईस्ट वेस्ट कॉरिडोर तक प्रस्तावित मेट्रो को हरदोई रोड पर बने राष्ट्र प्रेरणा स्थल तक दौड़ाने की तैयारी है। अभी दूसरे चरण में मेट्रो का रूट चारबाग से बसंतकुंज में दुबग्गा चौराहा तक ही मंजूरी मिली है। इसे ग्रीन कॉरिडोर के निकट राष्ट्र प्रेरणा स्थल तक बढ़ाए जाने का लेकर एलडीए ने मेट्रो प्रबंधन को प्रस्ताव भेजा है। प्रस्ताव के अनुसार यहां पर आने वालों की भीड़ को देखते हुए लोग आसानी से यहां पर पहुंच सके इसके लिए मेट्रो के विस्तार की जरूरत महसूस की जा रही है।

बसंतकुंज योजना में करीब 65 एकड़ क्षेत्रफल में बनाए गए राष्ट्र प्रेरणा स्थल का लोकार्पण 25 दिसंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया था। फेज 1बी की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) के अनुसार, लखनऊ की लाइन-2 की अनुमानित एलिवेटेड लंबाई 4.286 किमी होगी जिसमें वसंत कुंज - ठाकुरगंज के बीच 5 स्टेशन होंगे। वहीं भूमिगत लंबाई 6.879 किमी होगी जिसमें चारबाग- निवाजगंज के बीच 7 स्टेशन होंगे। यूपीएमआरसी ने अगस्त 2025 में इसके डीडीसी कॉन्ट्रैक्ट के लिए बोलियां आमंत्रित की थीं, जिसकी अनुबंध अवधि 60 महीने (5 वर्ष) निर्धारित की गई है। अक्टूबर में तकनीकी बोलियां खोली गईं जिसमें दो कंपनियां (आयशा और सिस्ट्रा और अरदानुय जेवी) सामने आईं। 21 जनवरी को वित्तीय बोली खोलने पर आयशा सबसे कम बोली लगाने वाली कंपनी के रूप में उभरी। डीडीसी का काम सिविल, आर्किटेक्चरल, इलेक्ट्रिकल और मैकेनिकल और ट्रैक्शन कार्यों का डिजाइन करना होगा। इसमें 4.29 किमी का एलिवेटेड हिस्से में रैंप और 5 स्टेशनों सहित काम शामिल है साथ ही 6.88 किमी का भूमिगत हिस्सा, 7 भूमिगत स्टेशनों सहित और वसंत कुंज में एक डिपो का डिजाइन शामिल है। यदि राष्ट्र प्रेरणा स्थल (ग्रीन कोरीडोर) तक विस्तार होगा तो यह तो रूट को 3.30 किमी और बढ़ाना होगा और एक स्टेशन भी बढ़ाना होगा। इस तरह चारबाग से राष्ट्र प्रेरणा स्थल तक पूरा रूट 14.46 हो जाएगा। इसके साथ ही परियोजना की लागत भी 757.20 करोड़ रुपये बढ़ जाएगी। अभी पहले से तय रूट पर 5801.05 करोड़ का खर्च आ रहा है। ऐसे में मेट्रो के विस्तार प्रस्ताव को मंजूरी के लिए कैबिनेट में पास कराना होगा। स्टेशनचारबाग, गौतम बुद्ध मार्ग लाटूश अमीनाबाद, पांडेयगंज, सिटी स्टेशन, मेडिकल कालेज चौराहा व चौक भूमिगत स्टेशन। इसके अलावा ठाकुरगंज, बालागंज, सरफराजगंज, मूसाबाग, बसंतकुंज पर एलिवेटेड स्टेशन बनेंगे। हालांकि यूपीएमआरसी की ओर से मेट्रो रूट के विस्तार को लेकर आपत्ति जताई गई है। कहा गया है कि विस्तार देने के लिए केंद्रीय कैबिनेट की मंजूरी लेनी होगी, इसमें समय लगेगा जिससे



परियोजना के पूरा होने में देरी होगी। साथ ही लागत भी बढ़ जाएगी।

**प्रेरणा स्थल में आने वालों को होगी सहूलियत :** यहां पर पंडित दीन दयाल उपाध्याय, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की 65 फीट ऊंची कांस्य की प्रतिमाएं भी लगी हैं। इनकी खासियत है कि रात के समय हर दिन अलग-अलग कपड़े पहने दिखती हैं। ऐसा लगेगा कि जैसे यह रोज इनके कपड़े बदले जा रहे हैं। यह सब लाइट प्रोजेक्शन सिस्टम के जरिए किया जाता है। इन प्रतिमाओं में पंडित दीन दयाल उपाध्याय की प्रतिमा का निर्माण प्रसिद्ध मूर्तिकार राम सुतार ने किया है। इन्होंने ने ही दुनिया की सबसे ऊंची स्टैच्यू ऑफ यूनिटी का भी निर्माण कराया था। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा का निर्माण मूर्तिकार माटू राम ने किया है। इन प्रतिमाओं और यहां पर बने म्यूजियम को देखने के लिए हर दिन करीब दो से तीन हजार लोग आ रहे हैं। जानकारों का कहना है कि यह संख्या आने वाले दिनों और बढ़ेगी। ग्रीन कॉरिडोर निर्माण भी इसी को ध्यान में रखते हुए ही किया गया ओर अब इसका विस्तार नैमिष नगर योजना तक भी किया जा रहा है।

ऐसे में मेट्रो का विस्तार हो जाने से प्रेरणा स्थल तक लोगों का आना जाना तो आसान होगा ही इस इलाके के बड़ी आबादी को भी फायदा होगा और बाहर से ट्रेन और बस से आने वालों के साथ ही अमीनाबाद, चारबाग, सहित कई इलाकों के लोगों के लिए भी प्रेरणा स्थल तक जाना आसान जाएगा।

## शहीद भगत सिंह प्रथम वार्ड में सड़क का शिलान्यास



**लखनऊ।** शहीद भगत सिंह प्रथम वार्ड के आशुतोष विहार में 200 मीटर लंबी सड़क का निर्माण कार्य पार्षद प्रतिनिधि अरविंद यादव की ओर से शुरू किया गया। इस अवसर पर कई स्थानीय लोग मौजूद थे, जिन्होंने सड़क निर्माण को आवागमन में सुधार और बरसात में राहत देने वाला बताया। कार्य गुणवत्ता और समय सीमा के साथ पूरा करने का आश्वासन दिया गया। इस अवसर पर विजय शंकर पाण्डेय, कल्पेश द्विवेदी, रामखेलावन राजपूत, सियाराम पाण्डेय, कुलदीप यादव, शंभूनाथ तिवारी, रमेशचंद्र मिश्रा, बृजकिशोर विश्वकर्मा और डूंगर सिंह बिष्ट सहित कई सम्मानित कॉलोनीवासी मौजूद रहे। स्थानीय लोगों ने कहा कि सड़क निर्माण से आवागमन सुगम होगा और बरसात के समय होने वाली दिक्कतों से राहत मिलेगी। पार्षद प्रतिनिधि ने भरोसा दिलाया कि गुणवत्ता के साथ तय समय सीमा में कार्य पूरा कराया जाएगा।

## सपाइयों ने मनायी संत गाडगे महाराज की जयंती



**लखनऊ।** संत गाडगे महाराज की जयंती सोमवार को राजधानी में सपा कार्यालय, लखनऊ सहित प्रदेश के सभी जिलों में सादगी से मनाई गई। पार्टी कार्यालय में संत गाडगे महाराज के चित्र पर सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव की ओर से राष्ट्रीय सचिव राजेन्द्र चौधरी ने माल्यार्पण कर नमन किया। प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल तथा पूर्व सांसद अरविन्द कुमार सिंह ने भी संत गाडगे को पुष्पांजलि अर्पित की। संत गाडगे के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करने वालों में सपा के मलिहाबाद विधानसभा क्षेत्र के प्रत्याशी रहे सोनू कनौजिया, समाजवादी शिक्षक सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मणींद्र मिश्र, समाजवादी छात्र सभा के प्रदेश अध्यक्ष विनीत कुशवाहा, सपा के वरिष्ठ नेता विजय सिंह यादव, डॉ. भूपेन्द्र दिवाकर, किसान नेता तेजिंदर सिंह बिर्क, अतुल शुक्ला, राम धीरज साहनी, देवी प्रसाद कनौजिया, वृक्ष संरक्षक श्रवण कन्नौजिया, अमरजीत महाराजगंज आदि शामिल थे।

## डाक टिकटों से जानिए जनगणना की कहानी, आज से विशेष प्रदर्शनी

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश राजकीय अभिलेखागार की ओर से एक खास प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रदर्शनी का विषय 'गिनती में आओः भारत में जनगणना का डाक इतिहास' है। इसका मुख्य उद्देश्य है कि ज्यादा से ज्यादा छात्र, शोधार्थी और आम लोग इन ऐतिहासिक दस्तावेजों से जुड़ें और देश के इतिहास को बेहतर तरीके से समझें।

यह प्रदर्शनी मंगलवार को दोपहर 12:30 बजे शुरू होगी, जिसका उद्घाटन शीतल वर्मा (निदेशक, जनगणना संचालन एवं नागरिक पंजीकरण) करेंगी। प्रदर्शनी 28 फरवरी तक राजधानी लखनऊ के महानगर विस्तार स्थित शहीद स्मारक भवन में लगेगी। यह प्रतिदिन सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक सभी लोगों के लिए खुली रहेगी। इस प्रदर्शनी की खास बात यह है कि इसमें डाक टिकटों, पोस्टमार्क, पुराने पत्रों और अन्य डाक रिकॉर्ड के जरिए भारत की जनगणना की कहानी दिखाई जाएगी। आमतौर पर लोग जनगणना को सिर्फ आंकड़ों से जोड़कर देखते हैं, लेकिन यहां बताया जाएगा




- डाक अभिलेखों के जरिए सामने आएगा जनगणना का अनोखा सफर '
- नई पीढ़ी को जनगणना का इतिहास जानने का मिलेगा मौका: जयवीर सिंह

कि इसमें डाक विभाग की कितनी अहम भूमिका रही है। आजादी के बाद जनगणना से जुड़ी जानकारी लोगों तक पहुंचाने, प्रशिक्षण सामग्री भेजने और सरकारी संवाद में डाक विभाग ने बड़ा योगदान दिया। इस आयोजन पर अपने विचार प्रकट करते हुए पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि जनगणना सिर्फ आंकड़ों का काम नहीं है, बल्कि यह देश के विकास की बुनियाद है और डाक टिकटों एवं पुराने अभिलेखों के माध्यम से जनगणना के इतिहास को समझने का यह एक अनोखा प्रयास है। इससे नई पीढ़ी को यह जानने का मौका मिलेगा कि देश में जनगणना कैसे की जाती थी और इसमें डाक विभाग की क्या अहम भूमिका रही। इस प्रदर्शनी का संयोजन अजीम प्रेमजी विश्वविद्यालय, बेंगलुरु के अर्थशास्त्र विभाग के प्रोफेसर डॉ. विकास कुमार ने किया है। यह प्रदर्शनी खास तौर पर विद्यार्थियों, रिसर्च करने वालों और इतिहास में रुचि रखने वाले लोगों के लिए फायदेमंद साबित होगी। और अभिलेखीय स्रोतों के माध्यम से आधुनिक भारत को समझने की नई संभावनाएं प्रदान करेगी।

## अमृतलाल नागर के नाम पर चौक चौराहे का महापौर ने विकास कार्यों का किया शिलान्यास

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** ऐतिहासिक चौक क्षेत्र में पद्म विभूषण अमृतलाल नागर जी की पुण्यतिथि के अवसर पर चौक चौराहे का नाम ह्लपद्म विभूषण श्री अमृतलाल नागर चौराहाह्व रखे जाने के उपलक्ष्य में भव्य नामकरण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में माननीय महापौर सुषमा खर्कवाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं।

कार्यक्रम की शुरूआत महापौर की ओर से अमृतलाल नागर जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि देने के साथ हुई। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि अमृतलाल नागर जी ने अपनी लेखनी से लखनऊ की तहजीब, संस्कृति और आम जनजीवन को जीवंत रूप दिया। उनके नाम पर चौराहे का नामकरण पूरे शहर के लिए गर्व का विषय है और यह आने वाली पीढ़ियों को उनकी साहित्यिक विरासत से परिचित कराएगा। इस अवसर पर चौक कालीजी बाजार वार्ड में सड़क, नाली और पार्क से जुड़े विभिन्न विकास कार्यों का शिलान्यास भी माननीय महापौर सुषमा खर्कवाल द्वारा किया गया। पहला कार्य मिर्जा मंडी मोहल्ले में एमबी हॉस्पिटल से भूपेंद्र नाथ मल्होत्रा के आवास तक सीसी रोड निर्माण का है। इस सड़क का निर्माण 9.85 लाख रुपये की लागत से किया जाएगा। दूसरा कार्य शंकरी टोला मोहल्ले में चम्पू जी हनुमान मंदिर से अजय व अचल अग्रवाल के भवन होते हुए हिमांशु के आवास तक सीसी रोड व नाली निर्माण का है। इसकी लागत 9.90 लाख रुपये निर्धारित की गई है। तीसरा कार्य श्री कोनेश्वर मंदिर से एमपी हॉस्पिटल तक सीसी रोड व नाली निर्माण का है, जिसकी लागत 9.80 लाख रुपये है। चौथा कार्य शंकरी टोला पार्क, दर्जी बगिया पार्क, टंडन फव्वारा व लाजपतनगर पार्क की रंगाई पुताई से संबंधित है, जिस पर 9.88 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे। इसके अलावा सोंधी टोला पार्क में बाउंड्री, गेट व फुटपाथ निर्माण के लिए 19.93 लाख रुपये की लागत स्वीकृत की गई है। महापौर ने कहा कि इन कार्यों से क्षेत्र में आवागमन की सुविधा बढ़ेगी, जल निकासी व्यवस्था मजबूत होगी और पार्कों के सौंदर्यीकरण से नागरिकों को स्वच्छ एवं सुरक्षित वातावरण मिलेगा।

## योगी-मोदी के वाटर टैंक की बाजार में धूम

**लखनऊ।** होली का त्यौहार आने में लगभग एक सप्ताह बचा है। यहियागंज के थोक बाजार में बच्चों से लेकर बड़ों तक लुभाने वाली तरह-तरह की पिचकारियां बिक रहीं है। सबसे ज्यादा डिमांड योगी-मोदी वाले वॉटर टैंक की रही। योगी-मोदी के पोस्टर वाला वाटर टैंक थोक बाजार में आते ही बिक गया। पिचकारियों के होलसेल व्यापारी अंशुल बताते हैं कि बाजार में तो तरह-तरह की पिचकारियां है लेकिन योगी-मोदी के वॉटर टैंक की डिमांड बहुत रही। बाजार में माल उतरते ही बाजार से गायब हो गया। इसके अलावा डोरेमान, तलवार, छोटा भीम, गिटार, बार्बी डॉल, आयरन मैन, तरबूज और अन्य कार्टून वाली पिचकारियां बाजार में उपलब्ध है। यह पिचकारियां होल सेल में 80 से लेकर 350 रुपये तक हैं। पिचकारी व्यापारी मोहम्मद मुदस्सिर की माने तो इस बार बोर्ड परीक्षाएं और होली का त्यौहार काफी पहले पड़ जाने से बाजार में कम चहल पहल है, वरना इस समय बाजार में चलना मुश्किल होता था। मुदस्सिर ने बताया कि बाजार में कई तरह की प्रेशर गन मौजूद है। जो 70 रुपये से लेकर 390 रुपये तक की है। कलर फुल स्प्रे 20 से 60 रुपये तक का है। कलर फॉग 60 रुपये का है। एनीमल मास्क 18 रुपये पीस और झाड़ू बैलून 45 के तीन पीस और एक पीस 20 रुपये का है। उन्होंने बताया कि होली पर लोग तरह-तरह का स्वांग रचाते हैं जिसके लिए मलिंगा के बाल, सींग वाले बाल और मुर्गा बाल की मांग रहती है। उन्होंने बताया कि इस बार फैन्सी पाइप में बांसुरी पाइप 25 से 37 रुपये पीस, पेन्सिल पाइप 26 रुपये पीस और छाता पाइप में 70,100 और 120 रुपये पीस का है।

# राज्यपाल ने सुनीता विलियम्स विलेज वैज्ञानिक स्पेस लैब का किया लोकार्पण

## राज्यपाल ने स्वच्छता, अनुशासन, नियमित उपस्थिति, परिश्रम एवं शारीरिक व्यायाम के प्रति बच्चों को किया प्रेरित

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** राज्यपाल आनंदीबेन पटेल द्वारा सोमवार को जन भवन परिसर में स्थित आदर्श माध्यमिक विद्यालय में सुनीता विलियम्स विलेज वैज्ञानिक स्पेस लैब का लोकार्पण व विद्यालय परिसर से स्पेस ऑन व्हील वैन का शुभारम्भ किया गया। जन भवन आदर्श माध्यमिक विद्यालय में व्योमिका फाउंडेशन, लखनऊ द्वारा एचडीएफसी बैंक के सीएसआर फण्ड से लगभग 12.50 लाख रुपये की लागत से यह लैब स्थापित किया गया है।

स्पेस ऑन व्हील वैन में भारतीय अंतरिक्ष कार्यक्रम की उपलब्धियों को प्रदर्शित किया गया था, जिसमें एसएलवी, पीएसएलवी, जीएसएलवी, चन्द्रयान-1, चन्द्रयान-2, भारतीय प्रक्षेपण यान के कार्यशील स्केल मॉडल व अंतरिक्ष तकनीक के विकास को दर्शाते हुए विस्तृत मॉडल दर्शाए गए हैं। विशेषज्ञ द्वारा राज्यपाल जी को विभिन्न



प्रक्षेपण यानों की संरचना, उनके उद्देश्यों तथा भारत को अंतरिक्ष क्षेत्र में वैश्विक पहचान दिलाने में उनकी भूमिका की जानकारी दी गई।

राज्यपाल द्वारा सुनीता विलियम्स विलेज वैज्ञानिक स्पेस लैब का विधिवत अनावरण किया गया तथा लैब का निरीक्षण एवं अवलोकन किया गया। विद्यार्थियों ने राज्यपाल को उत्साहपूर्वक प्रत्येक मॉडल के विषय में जानकारी दी। लैब में विक्रम लूनार लैण्डर, चन्द्रयान, पीएसएलवी, जीएसएलवी, मंगलयान, टेलिस्कोप, ड्रोन, विमान मॉडल, मिनी रोबोट आदि की प्रदर्शनी एवं विमान का डेमोंस्ट्रेशन जन भवन आदर्श माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत किया गया। राज्यपाल ने प्रत्येक स्टॉल पर जाकर विद्यार्थियों से संवाद किया और उनके प्रयासों की सराहना की। राज्यपाल द्वारा विद्यालय परिसर के लॉन में स्थापित अंतरिक्ष प्रक्षेपण यान जीएसएलवी के मॉडल का भी अवलोकन किया गया।

विद्यालय प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम में राज्यपाल ने विद्यार्थियों से संवाद स्थापित करते हुए उन्हें स्वच्छता, अनुशासन, नियमित उपस्थिति, परिश्रम एवं शारीरिक व्यायाम के प्रति प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि दृढ़ संकल्प के साथ कोई भी लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है।

उन्होंने बच्चों को प्रेरित किया कि वे विद्यालय परिसर एवं आसपास स्वच्छता बनाए रखें तथा इधर-उधर कचरा न डालें। विद्यालय की स्वच्छता के संदर्भ में उन्होंने शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को संयुक्त रूप से नियमित सफाई अभियान चलाने के निर्देश दिए। साथ ही, सभी विद्यार्थियों को नियमित रूप से विद्यालय आने एवं शिक्षा प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने बच्चों को सकारात्मक ऊर्जा के साथ विद्यालय आने का संदेश देते हुए कहा, हंसते-हंसते स्कूल आना है और हंसते-हंसते स्कूल से जाना है। राज्यपाल ने यह भी निर्देश दिया कि विद्यालय में प्रार्थना एवं अन्य कार्यक्रमों का संचालन विद्यार्थियों द्वारा किया जाएगा, जिससे उनमें नेतृत्व क्षमता एवं आत्मविश्वास का विकास हो सके। विद्यालय में अनुशासन को उन्होंने सफलता का आधार बताया।

कार्यक्रम में स्पेस अप्लीकेशन सेंटर, अहमदाबाद के निदेशक निलेश एम. देसाई द्वारा अंतरिक्ष विज्ञान पर आधारित प्रस्तुतीकरण दिया गया। उन्होंने विद्यार्थियों से विज्ञान एवं गणित के प्रति भय त्यागकर प्रयोगात्मक शिक्षा को अपनाने का आह्वान किया। इस अवसर पर लखनऊ मंडल के आयुक्त विजय विश्वास पंत ने विद्यालय की आधारभूत संरचना एवं स्पेस लैब की सराहना करते हुए कहा कि यह सब राज्यपाल की प्रेरणा का परिणाम है। उन्होंने विद्यार्थियों से उपलब्ध सुविधाओं का पूर्ण उपयोग करने का आह्वान किया।

इस अवसर पर विशेष कार्याधिकारी राज्यपाल डॉ. सुधीर महादेव बोबडे, ग्रुप डायरेक्टर, स्पेस एप्लीकेशन सेंटर, अहमदाबाद, दर्शन पटेल, जिलाधिकारी लखनऊ विशाख जी, व्योमिका फाउंडेशन के प्रमुख गोविंद यादव, एचडीएफसी बैंक के यूपी स्टेट हेड मनोज कुमार राय सहित अन्य गणमान्य अतिथि, शिक्षकगण, विद्यार्थी एवं राजभवन के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## राज्यपाल ने कम्प्यूटर लैब और वेबसाइट का किया लोकार्पण

**लखनऊ।** राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने सोमवार को लखनऊ स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, अर्जुनगंज में कम्प्यूटर लैब तथा विद्यालय की वेबसाइट का लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने कम्प्यूटर लैब को देखकर विद्यार्थियों को कम्प्यूटर शिक्षा ग्रहण करने के लिए प्रेरित किया।

राज्यपाल ने अपने संबोधन में विद्यालय को सुविधाओं से सुसज्जित करने वाले महानुभावों को स्मृति-चिह्न एवं अंगवस्त्र प्रदान कर सम्मानित किए जाने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सभी सम्मानित जनों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि शिक्षा में किया गया दान सर्वश्रेष्ठ दान है और समाज के ऐसे दानवीरों का सम्मान किया जाना चाहिए।

कार्यक्रम में बच्चों द्वारा प्रस्तुत बाल रामायण एवं ब्रज की होली की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि




नन्हे-मुन्ने बच्चे देश का भविष्य हैं। उन्हें छोटी आयु से ही शिक्षा, संस्कार एवं अनुशासन प्रदान करना विद्यालयों का दायित्व है, जिसे विद्या भारती अच्छी तरह निभा रहा है। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति, परंपरा, रामायण एवं महाभारत तथा हमारे ऋषि-मुनियों के वैज्ञानिक योगदान के विषय में छोटे बच्चों को घरों में भी जानकारी दी जानी चाहिए। राज्यपाल ने कहा कि आधुनिक शिक्षा एवं आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का अध्ययन आवश्यक है, किंतु इसके साथ ही हमें अपनी सांस्कृतिक विरासत व परंपरा को नहीं भूलना चाहिए।

उन्होंने गुजरात में विद्या भारती के विद्यालयों में किए गए अपने विकास कार्यों के अनुभव साझा किया तथा शिक्षा के क्षेत्र में विद्या भारती के उत्कृष्ट व उल्लेखनीय कार्यों को बताया।

**महत्वपूर्ण नंबर**
वूमेन पावर लाइन 1090
पुलिस 100
2629999
पुलिस स्टेशन गंज 2622556

**फायर स्टेशन**
हजरतगंज- कंट्रोल रूम
9454418642
गोमती नगर-9454418657

**एम्बुलेंस**
मेडिकल सेवा- 102, 108

# अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत




वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** मानकनगर थाना क्षेत्र में बीते एक सप्ताह पूर्व अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल बाइक सवार युवक की मौत हो गई, जिसका अंतिम संस्कार कार्यक्रम करने के बाद मृतक के चाचा ने रविवार को आरोपित अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ लिखित शिकायत की है। मूल रूप से ग्राम कुन्डौली थाना-मर्दूल जनपद देवरिया निवासी अमरेन्द्र कुमार सिंह पुत्र स्व. तेजप्रताप सिंह ने बताया वह वर्तमान मे रिफा कालोनी थाना ठाकुरगंज लखनऊ में निवास करते है। बीते 13 फरवरी की रात उनका भतीजा नितिन कुमार सिंह अपने दोस्त की बाइक से शादी में जाने के लिए घर से निकला था। आरोप है कि मानक नगर थाना क्षेत्र स्थित लागड़ा फाटक चौराहे के पास किसी अज्ञात वाहन ने उनके भतीजे की बाइक को टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गया। जिसे गंभीर हालत में पहले आरएलबी अस्पताल पहुंचाया गया। जहाँ से हालत गंभीर देख डाक्टरों ने उसे ट्रामा सेंटर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया, जहां जांच के बाद डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वही मृतक के चाचा अमरेन्द्र कुमार सिंह का कहना था जिसके पश्चात उन्होंने अपने भतीजे नितिन कुमार सिंह का अंतिम संस्कार करने के बाद स्थानीय मानक नगर थाने मे आरोपित अज्ञात वाहन चालक के विरुद्ध लिखित शिकायत की है। मानक नगर थाना प्रभारी अजीत सिंह ने बताया मृतक के चाचा की शिकायत पर रविवार को रिपोर्ट दर्ज कर घटना स्थल के आस पास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाल आरोपित वाहन चालक की तलाश की जा रही है।

## स्कूल वैन पलटी, तीन घायल, डेढ़ दर्जन बच्चे थे सवार

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** बख्शी का तालाब थाना क्षेत्र के चन्द्रिका देवी मन्दि र रोड पर सोमवार को आदर्श सरस्वती जूनियर हाईस्कूल की स्कूली वैन पानी की टंकी से ट कराने के बाद पलट गयी। हादसे में तीन बच्चे घायल हो गए। बताते हैं कि स्कूल वैन में करीब डेढ़ दर्जन बच्चे थे। क्षेत्रीय लोगों की मदद से बच्चों को वैन से बाहर निकाला गया। क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि वैन का चालक नाबालिग था और लापरवाही से गाड़ी चला रहा था। चालक मौके से फरार हो गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस को क्षेत्रीय लोगों ने बताया कि वैन ना तो मानक के अनुसार पीले रंग की थी और ना ही उस पर अनिवार्य रूप से पीले रंग की नम्बर प्लेट लगाई गयी थी। प्रभारी निरीक्षक कैलाश दुबे ने बताया कि वैन करीब 18 बच्चे सवार थे, घा यल बच्चों को सौ शय्या हास्पिटल ले जाया गया, जहां उनकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है घायलों में अकां श (10) कक्षा-4, विभा (06) कक्षा-एलकेजी और प्रज्ञान (06) एलकेजी के छात्र शामिल हैं। बताया जा रहा है कि दोपहर करीब 2.30 बजे वैन चालक बचकचों को छोड़ने घर जा रहा था, तभी हादसा हो गया। प्रधानाचार्य विष्णु नारायण ने बताया कि वैन इन्दौराबाग निवासी गुड्डू की है, जो बीकामऊ और किशनपुर क्षेत्र के बच्चों को प्रतिदिन लाने व ले जाने का कार्य करता है। दुर्घटना के समय वैन चला रहा था, इसकी जानकारी उन्हें नहीं है।

**बुलिस बूथ में लगी आग:** महानगर थाना क्षेत्र में हनुमान सेतु पुल के पास रखे पुलिस बूथ में आग लगने से ह ड़कम्प मच गया। सूचना पाकर दमकल मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। सोमवार को फायर स्टेशन हजरतगंज के कंट्रोल रूम में सूचना मिली कि हनुमान सेतु मंदिर के सामने रोड पर पुलिस बूथ में आग लग गई इस सूचना पर मुख्य अग्निशमन अधिकारी लखनऊ अंकुश मित्तल निदेर्शानुसार अग्निशमन अधिकारी हजरतगंज आरके रावत एक फायर टेंडर मय यूनिट घटनास्थल पर पहुंचे तो देखा कि आग मंदिर के गेट के पास रखे पुलिस बूथ में लगी थी जो जल रही थी। दमकलकर्मियों ने मोटर फायर इंजन से होजरील फैलाकर आग बुझाना प्रारंभ किया। कुछ समय पश्चात आग को पूर्ण रूप से बुझा दिया गया। बाद में स्थानीय पुलिस से जानकारी किया तो बताया गया कि यह पुलिस बूथ दूसरी जगह से उठाकर यहां रखा गया था। इसमें मंदिर के बाहर रहने वाले भिखारी व अन्य लोग रहते थे।

# गुटखा प्रचार के मामले में कोर्ट ने मांगा जवाब

विधि संवाददाता (vol)


**लखनऊ।** हाईकोर्टकी लखनऊ बेंच ने गुटखा कम्पनियों का प्रचार करने के मामले में अपने पूर्व के आदेश के अनुपालन में केन्द्रीय उपभोक्ता संरक्षणप्राधिकरण को जवाब देने को कहा है। मामले की अगली सुनवायी 6 अप्रैल को होगी। न्यायालय ने 25 नवंबर 2025 को हुयी सुनवायी के दौरानपूछा था कि 2023 में याची द्वारा दिए गए प्रत्यावेदन पर अब तक जांच लंबित क्यों है।

यह आदेश मुख्य न्यायमूर्तिअरुण भंसाली व न्यायमूर्ति जसप्रीत सिंह की खंडपीठ ने स्थानीय अधिवक्ता मोतीलालयादव की जनहित याचिका पर दिया है। याचिका में सम्बंधित गुटखा कंपनियों के साथ-साथक्रिकेटर कपिल देव, सुनील गावस्कर, वीरेंद्र सहवाग, क्रिस गेल तथा अभिनेताओं अमिताभ बच्चन, शाहरुख खान, अक्षय कुमार, अजय देवगन, सलमान खान, रितिक रोशन, टाइगर श्राफ, सैफ अली खां व रणवीर सिंहको भी विपक्षी पक्षकार बनाया गया है। याचिका में कहा गया है कि उक्त हस्तियां जो पान मसाला कंपनियों का प्रचार कर रहीहैं, उनमें सेअधिकांश पद्म पुरस्कार धारक हैं और उनके द्वारा किए जाने वाले ऐसे विज्ञापनों सेसमाज में गलत संदेश जाता है, साथ ऐसे विज्ञापन उपभोक्ता कानूनों का उल्लंघन भी हैं।

## चाइनीज लहसुन मामले में जवाब तलब

लखनऊ। हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने चाइनीज लहसुन के बाजार में बिक्री के मामले में अपने पूर्व के आदेश के अनुपालन में निर्देश प्राप्त कर जवाब देने का आदेश केंद्र सरकार के अधिवक्ता को दिया है। मामले की अगली सुनवायी 30 मार्च को होगी। यह आदेश मुख्य न्यायमूर्ति अरुण भंसाली व न्यायमूर्ति जसप्रीत सिंह की खंडपीठ ने स्थानीय अधिवक्ता मोतीलाल यादव की ओर से दाखिल एक जनहित याचिका पर सुनवायी करते हुए पारित किया। याची की ओर से कहा गया कि चीन का लहसुन 2014 से ही देश में प्रतिबंधित है किन्तु अब तस्करी के जरिये मार्केट में आ रहा है। चाइनीज लहसुन अवैध तरीके से बाजार में उतारा जा रहा है जिस पर केंद्र व राज्य सरकारें लगाम लगाने में असमर्थ दिख रही हैं।

# मीटर लगाने पर हुआ हंगामा



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** बिजली कर्मचारियों के घर मीटर लगाने को लेकर अमौसी जोन के इन्द्रलोक मे हंगामा हो गया। लेकिन फिर भी कर्मचारियों के घर मीटर लगाया गया। मीटर लगाने गये प्राइवेट कर्मचारियों को बिजली कर्मचारियों के घर मौजूद महिलाओं ने हगांमा करना शुरु कर दिया। जिनको शांत कराया और काफी देर तक चली मान-मनौव्वल के बाद उन्हें समझाया। मीटर के एक्सीएन ने कहा कि सरकारी आवासों में बिजली खपत की पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए चलाया जा रहा है। वहीं गोमतीनगर जोन के एक्सईएन टेस्ट पवन वर्मा ने बताया कि 29 मीटर इंदिरानगर और 15 गोमतीनगर में लगाए गए। अमौसी जोन की इंद्रलोक कॉलोनी में अब तक 215 मीटर लग चुके हैं। सोमवार को भी 9 मीटर लगाया गया। कर्मचारी नेताओं का कहना है कि विभाग में रहकर भी विभाग के लिए कैसे कोई कार्य करेगा। यह तो तानाशाही है जब जो मन में आ रहा है उसको वैसा कर दिया जा रहा है। कोई दूसरे जिले में तैनात है उसके आने का इंतजार भी नही किया जा रहा है।

## मारपीट और गाली गलौज करने की रिपोर्ट करायी दर्ज

लखनऊ। बिजनौर के नटकुर में किराए पर रहने वाले राज नारायण ने एक ट्रेडिंग कंपनी के मैनेजर अभिमन्यु के खिलाफ गाली गलौज और मारपीट की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़ित राज नारायण का कहना है कि वह बिजनौर के ही न्यू गुड़ौरा में एसआर होटल के पीछे मोर ट्रेडर्स की गाड़ी चलाता है। उसका कहना है कि शनिवार रात करीब 1 बजे कंपनी में गाड़ी लगाने को लेकर मैनेजर अभिमन्यु से विवाद हो गया। पीड़ित राज नारायण ने आरोप लगाया कि अभिमन्यु ने गाली गलौज करते हुए रॉड से मारा पीटा। जिससे पीड़ित के हाथ और कमर के अलावा पैर में काफी चोट आई है। उसका आरोप है कि बाद में आरोपी ने उसे जान से मारने की धमकी दी और वहां से चला गया। फिलहाल राज नारायण की तहरीर पर बिजनौर पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# साक्ष्य से केस में सजा को बल मिलता है : रवि जोसेफ लोक्कू

- कुशल नेतृत्व हेतु वरिष्ठपुलिस अधिकारियों को आगे आना होगा : डॉ जीके गोस्वामी
- यूपीएसआईएफएस में आईपीएस अधिकारियो केवीआईसी कोर्स का शुभारम्भ

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ फॉरेंसिक साइंस (यूपीएसआईएफएस) में ब्यूरो आफ पुलिस एण्ड रिसर्च डेवलपमेंट नई दिल्ली के सौजन्य से आयोजित वर्टिकल इन्टरेक्शन कोर्स (वीआईसी) का सोमवार को शुभारम्भ किया गया, जिसके मुख्य अतिथि वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी रवि जोसेफ लोक्कू एडीजी पुलिस अनुसंधान एवं विकास ब्यूरो (बीपीआर एंड डी) गृह मंत्रालय भारत सरकार थे। जिन्हें यूपीएसआईएफएस के संस्थापक निदेशक डॉ. जीके गोस्वामी, आईजी राजीव मल्होत्रा, डीआईजी हेमराज मीना ने मंच पर स्मृति चिन्ह एवं अंगवस्त्रम प्रदान कर सम्मानित किया। इस कोर्स में उप्र, छत्तीसगढ़ एवं झारखण्ड सहित आरपीएफ, सीआरपीएफ, सीआईएसएफ, आईटीबीपी तथा एसएसबी के कुल 14 पुलिस अधिकारियों ने प्रतिभाग किया। उल्लेखनीय है कि इस साप्ताहिक कोर्स में विषय विशेषज्ञों द्वारा साइबर, फोरेंसिक एवं अन्य आवश्यक विषयों का गहन अध्ययन कराया जायेगा।

इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एडीजी रवि जोसेफ लोक्कू (बी.पी.आर एंड डी.) ने सभागार में उपस्थित समस्त पुलिस अधिकारियो को संबोधित करते हुए कहा कि नये आपराधिक कानूनों के आने के बाद हमें पुलिसिंग में पारंपरिक तौर तरीके को बदलना होगा। उन्होंने कहा कि विवेचना अधिकारियों को मात्र मौखिक बयानों के आधार पर आरोप पत्र दाखिल करने के बजाय साक्ष्य संकलन की स्थिति को गम्भीरता से लेना होगा अन्यथा केस का स्तर कमजोर होने से कोर्ट में अपराधी को उसका लाभ मिलता है ऐसी स्थिति मे सजा का स्तर भी प्रभावित होता है। उन्होंने कहा कि साक्ष्य केस में सजा को बल मिलता हैं। इस अवसर पर एडीजी लोक्कू ने डीएनए तथा ड्रोन लैब का भ्रमण भी किया।

इस अवसर पर संस्थापक निदेशक डॉ. जीके गोस्वामी ने संस्थान में चल रहे कोर्स के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि आज साइबर अपराध के दौर में हमें अपने पुलिस बल को तकनीकी दक्षता में और अधिक मजबूत करने के लिए कुशल नेतृत्व के लिए वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को आगे आना होगा और इसकी जिम्मेदारी वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों की है कि वह अपने अधिनस्थ पुलिस कर्मियों का नेतृत्व कर उन्हें दिशा दें। उन्होंने कहा कि वर्टिकल इंटरेक्शन कोर्स हमें अपने अनुभवों को शेयर करने एवं बहुत कुछ सीखने का एक महत्वपूर्ण अवसर होता है। कार्यक्रम के अंत में महानिरीक्षक राजीव मल्होत्रा ने सभागार में उपस्थित समस्त अधिकारियों का अभार प्रकट किया। कार्यक्रम का संचालन जनसंपर्क अधिकारी संतोष तिवारी ने किया। इस अवसर पर उप निदेशक जितेन्द्र श्रीवास्तव, चिरंजीब मुखर्जी, अतुल यादव, फेकल्टी डॉ. मनीष राय, गिरिजेश राय, डॉ पलक, उप निरीक्षक शैलेन्द्र सिंह एवं कार्तिकेय सहित अन्य उपस्थित रहे।

# भाजपा नेताओं ने मनायी संत गाडगे की जयंती



**लखनऊ।** महात्मा संत गाडगे जी की 150वीं जयंती रजक समाज के तत्वावधान में मां मरी माता मंदिर के समीप उनके मूर्ति स्थल पर मनायी गयी। इस अवसर पर भाजपा के महानगर अध्यक्ष आनंन्द द्विवेदी, विधायक डॉ. नीरज बोरा ने समाज के लोगों के साथ प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और श्रद्धा सुमन अर्पित किए। सभी ने बाबा जी के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने संत गाडगे महाराज का समाज के प्रति योगदान को याद करते हुए कहा कि वह एक महान संत और समाज सुधारक थे। उन्होंने अपना जीवन गरीब और असहाय लोगों की सेवा में समर्पित कर दिया था। उनकी सेवाओं के लिए उन्हें कई पुरस्कार और सम्मान मिले। उनके आदर्श और दिखाएं मार्ग प्रेरणादायी है जो समाज सेवा की प्रेरणा देते हैं। विधायक डॉ. नीरज बोरा ने कहा कि संत गाडगे ने समाज सुधार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता और शिक्षा के प्रति जागरूकता फैलाई। समाज से अंधविश्वास और कुरीतियों को दूर करने के लिए लगातार प्रयास किए। कार्यक्रम में रामऔतार कनौजिया, गनेश कनौजिया, दिनेश कनौजिया, रानी कनौजिया, रितेश कनौजिया, सुखराम कनौजिया, राकेश कनौजिया, रेखा कनौजिया, अमन कनौजिया, शुभम कनौजिया, सुनील कनौजिया, विक्रम चौधरी, जगदीश कनौजिया, अनुसूचित मोर्चा नगर अध्यक्ष विपिन सोनकर, मंडल अध्यक्ष विमल चौधरी, आकाश कनौजिया, मैकू कनौजिया आदि मौजूद रहे।

# बिजली कर्मियों के घर जबरन लगाया जा रहा है मीटर

**लखनऊ।** विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति उत्तर प्रदेश के केंद्रीय पदाधिकारियों ने सोमवार को जारी बयान में कहा है कि बिजली कर्मियों को पूर्व से मिल रही रियायती बिजली सुविधा समाप्त करने तथा बिजली व्यवस्था के निजीकरण, फ्रेंचाइजीकरण की तैयारी के तहत उनके आवासों पर जबरन स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं। संघर्ष समिति ने इसे मुख्यमंत्री के साथ हुए लिखित समझौते तथा उप्र पावर सेक्टर रिफॉर्म एक्ट का खुला उल्लंघन बताया है। इस कार्यवाही से प्रदेशभर के बिजली कर्मियों में गहरा आक्रोश व्याप्त है। बिजली कर्मियों ने एकजुट होकर जिला मुख्यालयों पर प्रदर्शन किया तथा जनपद के सर्वोच्च अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर आवासों पर जबरन स्मार्ट मीटर लगाए जाने का विरोध दर्ज कराया। संघर्ष समिति ने बताया कि 25 जनवरी 2000 को तत्कालीन मुख्यमंत्री राम प्रकाश गुप्त के साथ हुए लिखित समझौते के तहत बिजली कर्मियों को मिल रही रियायती बिजली की सुविधा पूर्ववत जारी रखने का स्पष्ट प्रावधान किया गया था। इसी समझौते के आधार पर बनी ट्रांसफर स्कीम, 2000 में भी कर्मचारियों को पूर्ववत सुविधाएं जारी रखने की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। संघर्ष समिति ने कहा कि उत्तर प्रदेश पावर सेक्टर रिफॉर्म एक्ट में स्पष्ट रूप से उल्लेख है कि विद्युत परिषद के विघटन के बाद कर्मचारियों की सेवा शर्तें और सुविधाएं किसी भी स्थिति में पूर्व से कमतर नहीं की जाएंगी। इलेक्ट्रिसिटी एक्ट, 2003 की धारा 133(2) भी इसी भावना को पुष्ट करती है। संघर्ष समिति के आह्वान पर प्रदेशभर में बिजली कर्मियों ने निजीकरण के विरोध में चल रहे आंदोलन के 453 दिन पूरे होने पर व्यापक विरोध प्रदर्शन जारी रखा।

## मिशनरी स्कूल में हिन्दू छात्रों का तिलक, राखी व कलावा काटा जाने पर अभिभावकों का हंगामा

लखनऊ। विकासनगर क्षे त्र स्थित सेंट फेडेलिस स्कूल में हिन्दू बच्चों की आस्था पर हमला करने का मामला प्रकाश में आया है। इसे लेकर अभिभावकों ने हिन्दू संगठन के साथ मिलकर स्कूल में हंगामा किया। अभिभावकों का कहना है कि उनके बच्चों की कलाई से जबरन कलावा काटकर हटाया गया है, जो असहनीय है। नाराज पैरेंट ने स्कूल के खिलाफ विकासनगर थाने में तहरीर दी है। इस संबंध में अखिल भारत हिन्दू महासभा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शिशिर चतुवेर्दी ने बताया कि स्कूल में शिक्षकों ने दो बेटियों के हाथ से राखी कटवाई थी। इसके अलावा कई बच्चों के हाथों से कलाई पर बंधा कलावा काटा गया था, जिसके बाद अभिभावकों ने स्कूल के प्रधानाचार्य से शिकायत की तो उन्होंने बच्चों के नाम स्कूल से काटने की धमकी दी। इसके बाद अभिभावक परेशान होकर संगठन से मिले। उनका कहना है कि अभिभावकों की ओर से विकासनगर थाने में तहरीर दे दी गयी है। पुलिस का कहना है कि विकासनगर पुलिस का कहना है कि प्रधानाचार्य को थाने बुलाया गया है। उनसे इस मामले में स्पष्टीकरण मांगा जा रहा है।

## सिगरेट व पान मसाला पर जमकर हो रही कालाबाजारी

लखनऊ। लखनऊ के तमाम इलाकों में सिगरेट और पान मसाला उत्पादों की कालाबाजारी विगत एक माह से चरम पर है। बाजार में निर्धारित मूल्य से अधिक दामों पर बिक्री की शिकायतें लगातार सामने आ रही हैं। उपभोक्ताओं का आरोप है कि कुछ दुकानदार कृत्रिम अभाव उत्पन्न कर उत्पादों को ऊंची कीमतों पर बेच रहे हैं। बताया जा रहा है कि कुछ ब्रांडेड सिगरेट और लोकप्रिय पान मसाला पाउच पर अंकित अधिकतम खुदरा मूल्य (एमआरपी) से अधिक वसूली की जा रही है। 18 रुपये की सिगरेट 25 रुपये तक में बेची जा रही है। ग्रामीण क्षेत्रों और छोटे कस्बों में स्थिति और गंभीर बताई जा रही है, जहां उपभोक्ताओं के पास सीमित विकल्प होने का फायदा उठाया जा रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि आपूर्ति बाधित होने की अफवाह फैलाकर जानबूझकर स्टॉक रोका जा रहा है, जिससे बाजार में कृत्रिम कमी का माहौल बन सके और ऊंचे दाम वसूले जा सकें। हालांकि प्रशासन की ओर से समय-समय पर छापेमारी और जांच के दावे किए जाते हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर प्रभावी कार्रवाई नजर नहीं आ रही है। व्यापार विभाग के सूत्रों के अनुसार, यदि एमआरपी से अधिक कीमत पर बिक्री की पुष्टि होती है तो संबंधित दुकानदारों के विरुद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम तथा अन्य प्रासंगिक धाराओं के तहत कार्रवाई की जा सकती है। उपभोक्ताओं ने जिला प्रशासन से मांग की है कि बाजार की नियमित निगरानी सुनिश्चित कर दोषियों के खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएं, ताकि आम जनता को राहत मिल सके।

## भक्ति ही प्रशस्त करती है संतुष्टि व आनंद का मार्ग

लखनऊ। बीकेटी स्थित इक्यावन शक्ति पीठ मंदिर प्रांगण में श्रीमद् भागवत कथा के दूसरे दिन सोमवार को ब्रह्मचारी कौशिक चैतन्य महाराज ने कहा कि कलयुग में हर किसी को आनंद और संतुष्टि की तलाश है। असीम आंनद और परम संतुष्टि तक पहुंचने के लिए प्रेम और भक्ति का पथ पकड़ना होगा। भक्ति ही संतुष्टि का मार्ग प्रशस्त करती है। कथा में लेटे हुए हनुमान मंदिर के महंत डॉ विवेक तांगड़ी ने कहा कि पुण्य आत्माओं को ही भागवत कथा कहने-सुनने का सौभाग्य प्राप्त होता है। इस धार्मिक समागम में भाजपा नेता संजय सिंह, समाजसेवी ऋद्धि गौड़, कवि योगेश चौहान, संध्या त्रिपाठी, इंदल यादव, तृप्ति तिवारी, पुष्पा दीक्षित समेत तमाम लोग उपस्थित रहे।

# लखनऊ में अखिल भारतीय पत्रकार एसोसिएशन का महासंगम

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** लिखने-पढ़ने वालों के जीवन में चुनौतियां और समस्याएं आना स्वाभाविक है, लेकिन याद रखिएगा, सत्य कुछ समय के लिए दब तो सकता है, लेकिन वह कभी पराजित नहीं हो सकता। यह शब्द उत्तर प्रदेश पुलिस के अत्यंत अनुभवी और यूपी स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ फॉरेंसिक साइंस (यूपीएसआईएफएस) के महानिरीक्षक आईपीएस आईजी राजीव मल्होत्रा ने कहे।

कैसरबाग लाटूश स्थित होटल में आयोजित अखिल भारतीय पत्रकार एसोसिएशन के नवनियुक्त पदाधिकारियों के भव्य शपथ ग्रहण एवं सम्मान समारोह में कलम के सिपाहियों ने एकजुटता की एक नई इबारत लिखी और लोकतंत्र के चौथे स्तंभ को मजबूती देने का संकल्प लिया।

समारोह के मुख्य अतिथि 2008 बैच के यूपी कैडर के अधिकारी राजीव मल्होत्रा ने कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई। अपनी 37 वर्षों की दीर्घकालीन सेवा के दौरान कानपुर देहात और कासगंज में एसपी तथा कानपुर नगर में डीसीपी जैसे महत्वपूर्ण पदों पर तैनात रहे। श्री मल्होत्रा ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को अपने हाथों से सम्मानित किया। उन्होंने पत्रकारों का मनोबल बढ़ाते हुए उनके सम्मान में कहा, आप लोग निष्पक्ष और निडर होकर लिखें। वर्तमान समय में समाज को आपसे पारदर्शिता की सबसे अधिक अपेक्षा है। जब एक पत्रकार सत्य के पथ पर अडिग रहता है, तो प्रशासन भी उसका सम्मान करता है। कार्यक्रम में प्रदेश और जनपद स्तर पर कार्यकारिणी का विस्तार किया गया। तारकेश्वर पाण्डेय अध्यक्ष, उत्तर प्रदेश व महासचिव संजय सक्सेना के नेतृत्व में प्रदेश भर से जुटे कलमकारों को संगठनात्मक मजबूती का मंत्र दिया गया। राजधानी की जिम्मेदारी जितेश श्रीवास्तव अध्यक्ष और राजा सिंह कार्यवाहक अध्यक्ष को सौंपी गई। इनके साथ मुख्य महासचिव मोहम्मद सैफ और प्रशासनिक महासचिव जितेन्द्र शर्मा की टीम लखनऊ के पत्रकारों की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए तैनात की गई है। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेंद्र मिश्रा ने स्पष्ट किया कि पत्रकारों का मान-सम्मान और सुरक्षा उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेंद्र मिश्रा ने मुख्य रूप से इन बिंदुओं पर जोर दिया, पत्रकारों के खिलाफ होने वाले अकारण उत्पीड़न के विरुद्ध कानूनी और सामाजिक सुरक्षा। सत्य पराजित नहीं हो सकता के सिद्धांत पर चलते हुए निर्भीक पत्रकारिता को पूर्ण संरक्षण। पत्रकारों के लिए सामूहिक बीमा और बेहतर चिकित्सा सुविधाओं की उपलब्धता।

# मिस यूनिवर्स इंडिया 2025 मानिका विश्वकर्मा बनीं शहर की मेहमान

- सफलता के लिए आत्मविश्वास, अनुशासन और निरंतर सीखना जरूरी

वरिष्ठ संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** मिस यूनिवर्स इंडिया 2025 मानिका विश्वकर्मा सोमवार को नवाबी शहर की मेहमान बनीं। मानिका सोमवार को हजरतगंज स्थित लैक्मे एकेडमी पहुंची थीं, जहाँ उन्होंने मेकअप और हेयर स्टाइलिस्ट के छात्रों से मुलाकात की। छात्रों से संवाद करते हुए उन्होंने मेकअप के क्षेत्र में अपनी पहचान बनाने के कई महत्वपूर्ण सुझाव साझा किए। मानिका विश्वकर्मा ने एकेडमी के संचालक हसीब हैदर और सदफ हैदर से एकेडमी के संचालन पर चर्चा की। इस विशेष 'मीट एंड ग्रीट' कार्यक्रम के दौरान, साल 2025 में मिस इंडिया प्रतियोगिता का प्रतिनिधित्व करने वाली मॉडल मानिका विश्वकर्मा ने छात्रों को प्रेरित किया। एक इंटरैक्टिव सेशन में मानिका ने छात्रों को प्रेरणादायक सीख देते हुए अपने अनुभव साझा किए। मानिका ने अपने शुरूआती संघर्षों से लेकर राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर पहचान बनाने तक के सफर के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि किसी भी करियर में सफल होने के लिए आत्मविश्वास, अनुशासन और निरंतर सीखना अत्यंत आवश्यक है। इस अवसर पर पूर्व एमएलसी हाजी सिराज मेहदी भी मौजूद रहे।

# आमलकी एकादशी 27 को, भक्त करेंगे भगवान विष्णु की पूजा



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** फाल्गुन मास के शुक्ल पक्ष की एकादशी को आमलकी एकादशी के रूप में मनाया जाता है। इस एकादशी को आंवला एकादशी के नाम से भी जाना जाता है। इस दिन भगवान श्रीहरि विष्णु की आराधना के सहित आंवले की पूजा करने का विधान है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार सच्चे मन से आमलकी एकादशी व्रत करने वाले व्यक्ति को मोक्ष की प्राप्ति होती है। यदि आप आमलकी एकादशी का महत्व, पूजा विधि और व्रत के नियम समझना चाहते हैं, तो यह लेख आपके लिए अत्यंत उपयोगी है। यहां ज्योतिष परामर्श की दृष्टि से भी एकादशी का प्रभाव बताया गया है। फाल्गुन शुक्ल पक्ष की एकादशी को अमलकी एकादशी के नाम से जाना जाता है। सामान्यतः यह तिथि फरवरी से मार्च के बीच में होती है। अमलकी एकादशी का उत्सव 27 फरवरी 2026 को मनाया जाएगा। यह दिन शुक्रवार है। अमलकी एकादशी का शुभ समय 27 फरवरी 2026 को रात 00:34 बजे से शुरू होकर 27 फरवरी 2026 को रात 10:33 बजे तक है। इस अवधि के दौरान आप सभी भक्तों को धार्मिक विचार-विचार में होना चाहिए। आमलकी एकादशी 2026 के पुण्य के बाद, महाशिवरात्रि 2026 में शिव पूजा से आपके पुण्य का संचित प्रभाव और बढ़ेगा।

**आमलकी एकादशी का महत्वः** मान्यताओं के अनुसार आमलकी एकादशी के दिन भगवान विष्णु के साथ आंवले के पेड़ की पूजा करना अति शुभ होता है। कहा जाता है कि भगवान विष्णु ने सृष्टि की रचना के वक्त आंवले को पेड़ के रूप में प्रतिष्ठित किया था। इसी कारणवश आंवले के पेड़ में ईश्वर का वास माना गया है और इसलिए आमलकी एकादशी के दिन भगवान विष्णु की पूजा आंवले के पेड़ के नीचे बैठकर की जाती है। शास्त्रों के अनुसार आमलकी एकादशी करने वाले व्यक्ति को मोक्ष की प्राप्ति होती है। इस व्रत का पुण्य एक हजार गौदान के फल के समान होता है।

**आमलकी एकादशी व्रत की कथाः** प्राचीन काल में चित्रसेन नामक एक राजा रहता था। वह बहुत ही धार्मिक और सत्यप्रिय था। उसके समस्त राज्य में एकादशी के व्रत का बहुत महत्व था। राजा सहित सारी प्रजा एकादशी के व्रत को बड़े ही श्रद्धा भाव और विधि-विधान से किया करते थे। राजा बड़े ही निष्ठा से आमलकी एकादशी का व्रत किया करता था। राजा चित्रसेन की इस कथा के आधार पर यह भी माना जाता है कि सही विधि से किया गया व्रत ग्रहों के अनुकूल फल देता है। ऐसे मामलों में लोग ज्योतिष परामर्श लेकर यह जानना चाहते हैं कि उनकी कुंडली में कौन से योग इस व्रत को विशेष लाभकारी बनाते हैं। एक समय राजा शिकार करते-करते जंगल में बहुत दूर चला गया। उसी समय कुछ डाकू राजा को चारों ओर से घेर कर अपने अस्त्र-शस्त्र से प्रहार करने लगे। परंतु जब भी डाकू अपने शस्त्र से राजा पर प्रहार करते वह शस्त्र ईश्वर की कृपा से पुष्प में बदल जाते। अधिक डाकुओं की संख्या होने के कारण राजा बेहोश होकर गिर पड़ा। उसी वक्त राजा के शरीर से एक दिव्य शक्ति प्रकट हुई और उसने सारे डाकुओं को मार गिराया, जिसके बाद वह अदृश्य हो गई। राजा को जब होश आया तो उसने चारों ओर मरे हुए डाकुओं को पाया। यह देखकर वह अत्यंत आश्चर्यचकित हो गया। राजा के मन में यह विचार आया कि इन डाकुओं को किसने मारा। तभी आकाशवाणी हुई कि हे राजन! तुम्हारे आमलकी एकादशी व्रत करने के प्रभाव से इन दुष्टों का नाश हुआ है। तुम्हारे शरीर से उत्पन्न आमलकी एकादशी की वैष्णवी शक्ति ने इन दुष्टों का वध किया है। इनका वध कर वह पुनः तुम्हारे शरीर में प्रवेश कर गई। यह सुनकर राजा को अत्यंत प्रसन्नता हुई एवं एकादशी के व्रत के प्रति उसकी श्रद्धा और भी बढ़ गई। तब राज्य में वापस लौटकर राजा ने सभी को एकादशी के व्रत के महत्व के बारे में बताया।

**आमलकी एकादशी की व्रत विधिः** एकादशी से 1 दिन पहले सूर्यास्त के बाद भोजन ग्रहण ना करें। एकादशी के दिन प्रातः काल उठकर स्नान करके स्वच्छ वस्त्र धारण कर ले। इसके पश्चात भगवान विष्णु का ध्यान करते हुए व्रत का संकल्प लें। इसके बाद भगवान विष्णु की पूजा करें अथवा उनके सामने घी का दीपक जलाएं। इसके पश्चात भगवान विष्णु को आंवला प्रसाद के स्वरूप में अर्पित करें। पूजा हो जाने के बाद आंवले के वृक्ष के नीचे नवरत्न युक्त कलश स्थापित करें। धूप, दीप, रोली, चंदन आदि से आंवले के वृक्ष की पूजा करें। पूजा के बाद ब्राह्मण एवं जरूरतमंद लोगों को भोजन कराएं। अगले दिन यानी द्वादशी के दिन सुबह उठकर स्नान कर ले एवं स्नान करने के पश्चात भगवान विष्णु की पूजा करें। इसके बाद शुभ मुहूर्त पर पारण कर लें। यदि संभव हो तो इस दिन गरीबों में दान जरूर करें क्योंकि इससे अत्यंत पुण्य की प्राप्ति होती है।

## खरमास 15 से, शुभ कार्यों पर लग जायेगा विराम

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** हिंदू पंचांग शुभ के साथ-साथ अशुभ मुहूर्त भी होते हैं और इनके बारे में जानना बेहद ही जरूरी होता है। इसी तरह साल में दो बार खरमास आता है और इस दौरान शादी समेत कोई भी मांगलिक काम नहीं किया जाता है।

साल का पहला खरमास तब लगता है जब सूर्य धनु राशि में गोचर करते हैं। वहीं साल का दूसरा खरमास तब लगता है जब सूर्य मीन राशि में गोचर करते हैं। धार्मिक मान्यता के अनुसार इन दोनों गोचर के वक्त सूर्य का तेज कम होता है। ऐसी स्थिति में शुभ काम नहीं किए जाते हैं। दरअसल सूर्य को ग्रहों का राजा कहा जाता है और इसे पिता के पक्ष का प्रतिनिधित्व करने वाला कहा जाता है। अब ऐसे में जब उनका तेज कम होता है तो मानते हैं कि कोई भी काम सफल नहीं होगा। यही वजह है कि इस दौरान कोई भी धार्मिक या मंगल काम रोक दिया जाता है। इस साल मार्च में खरमास लगने वाला है। हिंदू पंचांग के हिसाब से आधा मार्च खत्म होते ही खरमास लगने वाला है। तारीख की बात करें तो 15 मार्च से खरमास लगेगा। इस दिन रविवार पड़ रहा है। ज्योतिषीय गणनाओं के आधार पर अगर समय की बात की जाए तो 15 मार्च को दिन में 1:08 बजे सूर्य मीन राशि में गोचर करने वाले हैं।

इसी को खरमास की शुरूआत माना जाएगा। इसका समापन अगले महीने यानी 14 अप्रैल को होगा। लगभग एक महीने पड़ने वाले खरमास में कोई भी मांगलिक काम करने की मनाही होती है। वहीं इस दौरान कुछ विशेष बातों का ध्यान में रखना जरूरी होता है।

**खरमास में ना करें ये चीजेंः** खरमास की अवधि में कुछ काम भूलकर भी नहीं करना चाहिए। इस अवधि में विवाह करना शुभ नहीं माना जाता है। इसके अलावा शादी से जुड़ी अन्य चीजें जैसे नई दुल्हन का घर में आना या फिर गृह प्रवेश की पूजा जैसे काम इस दौरान सही नहीं माने जाते हैं। इस दौरान नई गाड़ी खरीदना भी सही नहीं माना जाता है। साथ ही प्रॉपर्टी से जुड़े काम भी खरमास में करना अच्छा नहीं होता है। उचित यही होता है कि ये सारी चीजें खरमास से पहले निपटा लिए जाएं या फिर इसकी अवधि के समापन का इंतजार किया जाए।

# जयकारों के साथ श्याम भक्तों की टोली खाटू धाम यात्रा के लिए रवाना

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** श्री श्याम ज्योत मंडल की ओर से ऐशबाग के तिलकनगर स्थित महाराजा अग्रसेन पार्क में चल रहे तीन दिवसीय 44वें श्री श्याम निशानोत्सव का समापन हर्षोल्लास से संपन्न हुआ। 23 फरवरी सोमवार को तिलकनगर से 40 श्याम प्रेमी का बस से सीकर खाटू श्याम धाम यात्रा के लिए रवाना किया गए। मीडिया प्रभारी अनुपम मित्तल ने बताया कि इस बार 40 भक्तों की टोली खाटू धाम यात्रा के लिए जा रही है। मनीष, बच्चू, ज्योति, महेंद्र को पहली बार खाटू धाम यात्रा में जा रहे हैं।

अनुराग बालामऊ, महावीर सीए, आलोक अग्रवाल, मुकेश अग्रवाल, श्रवण अग्रवाल, राजरानी अग्रवाल, सुनील गुड्डु डालीगंज, महेंद्र मुंशीपुलिया, बच्चू, मनीष गुप्ता, राजू बाजपेयी, रितेश अवस्थी, शुभम अग्रवाल, मुकेश कंछल, ज्योति यादव, अमित कंछल, अमित अग्रवाल एवं सैकड़ो भक्त खाटू धाम यात्रा में गए हुए थे। श्याम प्रेमी की टोली दूसरे दिन मंगलवार को राजस्थान के सीकर स्थित श्री श्याम कुंज, लखनऊ वालों की धर्मशाला पहुंचेगे। मण्डल के सैकड़ो भक्त जिसमें सुरेश कंचल, जितेन्द्र, अशोक, मुकेश, अनुपम आदि धर्मशाला से लाल ध्वजा हनुमान जी का एवं पीताम्बर ध्वजा ध्वजावाहक लहराते हुए 17 किलोमीटर की पैदल यात्रा राजस्थान के रिंगस स्थित बाबा खाटू नरेश मंदिर के लिए निकलेगें। सैकड़ो श्याम भक्तों का समूह गाजे बाजे के साथ, श्याम निशान लहराते हुए पैदल यात्रा में जयश्री श्याम, हारे का सहारा, शीश का दानी, कलयुग के अवतारी की जय हो जयकारे एवं भक्तिमय भजनों के बीच आस्था और श्रद्धा के साथ बाबा श्याम को निशान अर्पित करते है। श्याम भक्तों की टोली मनोकामना पूर्ण एवं सुख समृद्धि की बाबा श्याम से मंगल कामना करते हैं। खाटू धाम यात्रा में बहुत से श्याम भक्त पहली बार मंडल समिति के संग बाबा श्याम को निशान चढ़ाने का सौभाग्य और आशीर्वाद प्राप्त हुआ। श्याम प्रेमी श्रवण अग्रवाल ने बताया कि राजस्थान के सीकर जिले में खाटू श्याम का विश्व विख्यात मंदिर है। यहां भगवान श्रीकृष्ण के साथ पांडव भीम के पुत्र बर्बरीक (खाटू नरेश) की विशेष पूजा-अर्चना की जाती है। बर्बरीक को खाटू श्याम नाम से जाना जाता है। महाभारत काल से बाबा श्याम का संबंध है। बर्बरीक के अंदर अपार शक्ति और क्षमता थी, जिससे प्रभावित होकर श्रीकृष्ण ने उन्हें कलियुग में अपने नाम से पूजे जाने का आशीर्वाद दिया था। धर्म ध्वज विजय का प्रतीक है। श्याम निशान बाबा श्याम द्वारा दिया गया बलिदान और दान का प्रतीक माना गया है। भगवान कृष्ण के कहने पर धर्म की जीत के लिए अपना शीश समर्पित कर दिया था और युद्ध की जीत का श्रेय श्रीकृष्ण को दिया था। श्याम निशान केसरिया, नारंगी और लाल रंग का होता है। श्रीकृष्ण और बाबा श्याम के मुकुट में मोर पंख होते हैं। खाटू में श्याम का मस्तक और रींगस में शीश स्वरूप की पूजा की जाती है। इसी कहा गया है कि फाल्गुन शुक्ल द्वादशी उत्सव भारी होय, बाबा के दरबार से खाली जाय ना कोय। हर साल फाल्गुन मास शुक्ल पक्ष में यहां विशाल मेला लगता है, जिसमें देश-विदेश से करोड़ो श्याम भक्त पहुंचकर बाबा श्याम का दर्शन एवं पूजन अर्चन करते हैं।

# नन्हे कदमों ने जगायी स्वच्छता की अलख

## लिटिल चैम्प्स के 15वें वार्षिकोत्सव में दिखा बच्चों का उत्साह

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** स्वच्छता का संदेश देती नन्हे-मुन्ने बच्चों की मनमोहक प्रस्तुतियों ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया। सोमवार को अंतरराष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान के प्रेक्षागृह में लिटिल चैम्प्स प्रीस्कूल एंड डेकेयर का 15वां वार्षिकोत्सव उत्साह-2026 बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ गणेश वंदना से हुआ जिसमें आरवी, मेनका, मिशिका, अयांश, सान्वी, आजाद, प्रियांश, विवान एवं अन्विका ने मनोहारी प्रस्तुति दी। इसके पश्चात बच्चों ने रंगारंग नृत्य, राइम्स पाठ तथा स्वच्छता अभियान पर आधारित एक प्रेरक नाटक प्रस्तुत कर सभागार में उपस्थित दर्शकों की भरपूर सराहना प्राप्त की। विद्यार्थियों ने स्वच्छता के महत्व पर प्रेरणादायक उद्धरण साझा करते हुए स्वच्छ और स्वस्थ समाज के निर्माण का संदेश भी दिया। अभिभावकों के लिए आयोजित मनोरंजक खेल एवं प्रश्नोत्तर सत्र कार्यक्रम के विशेष आकर्षण रहे, जिनमें सभी ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में अजय कुमार उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथियों में आरती श्रीवास्तव, डॉ. एस.के.गोपाल, डॉ. सुधा द्विवेदी, अर्चना गुप्ता एवं आभा शुक्ला की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के निदेशक जीतेश श्रीवास्तव एवं प्राचार्या ऋचा माथुर के कुशल मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

# सामाजिक सच्चाइयों का आईना दिखायेगी वर्टिकल सीरीज 'शीन' : प्रदीप श्रीवास्तव



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** इम्पल्स सिने एंटरटेनमेंटस प्र.लि. और चिराग भसीन प्रोडक्शन के संयुक्त बैनर तले बनने वाली वर्टिकल सीरीज 'शीन ' की शूटिंग आज से शुरू हुई। वर्टिकल सीरीज 'शीन' के निमार्ता प्रदीप श्रीवास्तव ने बताया कि यह एक प्रेम कहानी नहीं, बल्कि आज के दौर की सामाजिक सच्चाइयों का आईना है। उन्होंने बताया कि इसमें आज की युवा पीढ़ी की सोंच, भावनाओं और डिजिटल दुनिया में उनके रिश्तों की जटिलताओं को दशार्या जाएगा।

उन्होंने बताया कि इस सीरीज में यह दशार्ने की कोशिश की गई है कि, किस तरह सोशल मीडिया के माध्यम से युवाओं को प्यार होता है, रिश्ते बनते और टूटते हैं, और कई बार भावनात्मक आवेग में आकर वह गलत कदम भी उठा लेते हैं। इसके निर्देशन की बागडोर चिराग भसीन ने संभाली है। निर्देशक चिराग भसीन ने बताया कि सीरीज युवाओं की वास्तविक समस्याओं और मानसिक संघर्षों को संवेदनशीलता के साथ प्रस्तुत करेगी। श्री भसीन ने बताया कि इस सीरीज में कबीर, रूही शर्मा, मुकुल, निकिता सिंघला और प्रदीप श्रीवास्तव मुख्य भूमिकाओं में नजर आएंगे, छायांकन की जिम्मेदारी विशेष गौर निभा रहे हैं। मेकअप आशीष और महीप के पास है, जबकि कॉस्ट्यूम डिजाइन का दायित्व यशवी संभाल रही हैं। प्रोडक्शन इंचार्ज शुभम हैं। शीन के निर्माण की शुरूआत के साथ ही दर्शकों में इसे लेकर उत्सुकता बढ़ गई है। उम्मीद की जा रही है कि यह वर्टिकल सीरीज युवाओं के बीच खासा प्रभाव छोड़ेगी और डिजिटल प्लेटफॉर्म पर नई पहचान बनाएगी।

# मधुर भजनों से गूंजा दादी का दरबार, मंगल पाठ में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब





वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** बीरबल साहनी मार्ग स्थित श्री खाटू श्याम मंदिर परिसर में श्री राणी सती दादी मंगल पाठ का आयोजन भक्तिमय के साथ किया गया जिसमें मंगल पाठ वाचिक डिंपल अग्रवाल द्वारा किया गया। उन्होंने अपने मधुर और भावपूर्ण भजनों से समस्त दादी भक्तों को भावविभोर कर दिया। उनकी ओर से प्रस्तुत भजनों की भक्तों ने मुक्तकंठ से सराहना की। पूनम अग्रवाल ने बताया कि भक्तों ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुत कर दादी को रिझाया। जिन्हें उपस्थित भक्तों ने खूब सराहा। इस अवसर पर दादी के दरबार को आकर्षक और रंग-बिरंगे फूलों से भव्य रूप से सजाया गया था। मंगल पाठ में 300 से अधिक दादी भक्तों ने सहभागिता की। श्री दादी जी मित्र मंडल ने दादी का मंगल पाठ कर छप्पन भोग लगाए। हल्दी व मेहंदी की रीत रिवाज निभाई गई। महिलाओं को सुहाग सामग्री भेंट की गई। श्रद्धालुओं ने राणी सती दादी की कथा सुनी और उनकी महिमा का गुणगान किया। मंगल पाठ के अवसर पर राणी सती दादी के मंदिर में विशेष पूजा की गई और श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। मौके पर दिनेश अग्रवाल, महामंत्री रूपेश अग्रवाल, अनुराग साहू, आशीष अग्रवाल, महेश गर्ग, पंकज मिश्रा, बड़ी संख्या में भक्तगण उपस्थित रहे।

# होलाष्टक आज से, होलिका दहन के बाद शुरू होंगे मांगलिक कार्य

**लखनऊ।** होलाष्टक मंगलवार से लगेगा। होली के आठ दिन पहले होलाष्टक की शुरूआत हो जाती है। ज्योतिषाचार्यों के मुताबिक फाल्गुन मास के शुक्ल पक्ष की अष्टमी तिथि से होलाष्टक शुरू होता है। इस बार होलाष्टक की शुरूआत मंगलवार से हो रही है, जो तीन मार्च को होलिका दहन के बाद समाप्त होगी। ज्योतिषाचार्य एसएस नागपाल ने बताया कि पौराणिक कथा के अनुसार होलाष्टक का संबंध भक्त प्रह्लाद और हिरण्यकशिपु की कथा से जुड़ा है। जब हिरण्यकशिपु ने अपने पुत्र प्रह्लाद को भगवान विष्णु की भक्ति से रोकने के लिए यातनाएं दीं। तब फाल्गुन शुक्ल अष्टमी से पूर्णिमा तक उसे विभिन्न प्रकार के कष्ट दिए गए। अंततः पूर्णिमा की रात्रि में होलिका अग्नि में भस्म हुई और भक्त प्रह्लाद की भक्ति की विजय हुई। आचार्य पं.आनंद दुबे ने बताया कि इस वजह से इन आठ दिन को उग्र और अशांत ऊर्जा का समय माना जाता है। इस अवधि में ग्रहों की स्थिति कुछ अस्थिर मानी जाती है, जिससे विवाह, गृह प्रवेश, मुंडन, नामकरण जैसे मांगलिक कार्य टाल दिए जाते हैं। नए कार्यों की शुरूआत में भूमि पूजन, नया व्यापार प्रारंभ करना अथवा कोई बड़ा निवेश करने से बचना चाहिए।

# रमजान मुबारकः तरावीह का पहला दौर मुकम्मल

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** रमजान मुबारक के महीने में सोमवार को तरावीह का पहला दौर मुकम्मल हुआ। ऐशबाग ईदगाह जामा मस्जिद, करामत मस्जिद समेत जिन-जिन मस्जिदों में पांच पारे की तरावीह हुई वहां सोमवार को पहला कुरआन मुकम्मल हो गया। कुरआन मुकम्मल होने पर मुल्क में अमन और शांति की दुआ की गई। इमाम ईदगाह मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली ने कहा कि कुरान करीम और रमजानुल मुबारक का आपस में गहरा सम्बंध है। इसी मुबारक महीने में कायनात को पैदा करने वाले ने इंसानियत की रहनुमाई के लिए अपनी आखिरी किताब अपने आखिरी नबी कपाक पर उतारी। उन्होंने कहा कि कुरान करीम ऐसी मुबारक व मुकद्दस किताब है जो भी इसके साए में आएगा वह महफूज हो जाएगा। तकरीर के बाद मौलाना खालिद रशीद ने खुदा पाक के हुजूर में दुआ की। मौलाना ने तमाम मरहूमीन के लिए दुआ की। उन्होने नई नस्ल के ईमान व अकीदे की हिफाजत, मुसलमानों की इज्जत व आबरू, जान व माल की हिफाजत और मुसलमानों पर हो रहे जुल्म को रोकने, बीमारों को शिफा के लिए विशेष दुआ की। सुन्नी हेल्पलाइन इस्लामिक सेन्टर आफ इण्डिया के तहत दारूल निजामिया फरंगी महल में हेल्प लाइन 9415023970, 9335929670, 9415102947, 7007705774, 9140427677 पर दोपहर दो से चार बजे तक संपर्क करें।

**सवालः** एक शख्स जिसको मिर्गी का मर्ज है, रोजे के दौरान उसे दौरा पड़ जाए तो क्या रोजा टूट जाएगा।

**जवाबः** रोजा नहीं टूटेगा।

**सवालः** किसी शख्स को सर्दी जुखाम है और वह रोजे की हालत में बलगम निगल जाए तो क्या रोजे पर असर पड़ेगा।

**जवाबः** उससे रोजे पर कोई असर नहीं पड़ेगा।

सवालः क्या पेशाब के दौरान खून निकलने से रोजा टूट जाएगा।

**जवाबः** रोजा नहीं टूटेगा।

**सवालः** क्या तस्वीर वाला कपड़ा पहनकर नमाज पढ़ सकते हैं।

**जवाबः** नहीं पढ़ सकते हैं।

शिया हेल्पलाइन कार्यालय आयतुल्लाह अल उजमा सैयद सादिक हुसैनी शीराजी शिया हेल्प लाइन में महिलाएं इस नम्बर पर 6386897124 एवं पुरुष 9415580936- 9839097407 पर सुबह 10 से 12 बजे तक सम्पर्क कर सवाल पूछ सकते हैं।

**सवालः** अगर कोई दमे का मरीज रोजे की हालत में इनहेलर का इस्तेमाल करता है तो क्या हुक्म है।

**जवाबः** इनहेलर से निकलने वाली दवा अगर खाने-पीने की नली में नहीं जाती है तो रोजा सही है।

**सवालः** कोई शख्स घर से 30 किलोमीटर के सफर पर नौकरी करने जाता है तो उसके रोजे के लिए शरीयत ने क्या बयान किया है।

**जवाबः** ऐसा इंसान जो रोज 30 किलोमीटर का सफर करता है, वह रोजा रख सकता है।

**सवालः** अगर कोई शख्स रोजे की नीयत करे और दिन के किसी हिस्से में जान-बूझकर रोजा तोड़ दे तो क्या हुक्म है।

**जवाबः** जान बूझकर रोजा तोड़ना हराम है और उसको तीनों कफ्फारों में से कोई एक कफ्फारा अदा करना होगा।

**सवालः** अगर कोई बीमार हो और वह जोहर से पहले ठीक हो जाए तो क्या रोजा रखना सही होगा।

**जवाबः** अगर उस शखस ने कोई ऐसा काम नहीं किया है जो रोजे को टूट करता है, तो नीयत करके रोजा रख ले, रोजा सही होगा। मुकद्दस रमजान इफ्तार (24 फरवरी) रोजा मंगलवार सुन्नी शिया 6:06 6:16 सहरी (25 फरवरी) रोजा बुधवार 5:10 5:04।

# पृथ्वीनाथ भार्गव की कलाकृतियों से नये कलाकारों ने सीखा

**लखनऊ।** वरिष्ठ कलाकार प्रो. पृथ्वीनाथ भार्गव की 114 कलाकृतियां राज्य ललित कला अकादमी की वीथिका में सिंहावलोक प्रदर्शनी के अंतर्गत सोमवार को प्रदर्शित की गई। प्रदर्शनी का शुभारंभ अकादमी अध्यक्ष डा. सुनील कुमार विश्वकर्मा, उपाध्यक्ष गिरीश चंद्र मिश्र, सदस्य सुनील कुमार सिंह कुशवाहा, किरण सिंह राठौर ने किया। इस मौके कलाकार प्रो. पृथ्वीनाथ भार्गव के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर आधारित मोनोग्राफ का विमोचन भी किया गया। प्रो. पृथ्वीनाथ भार्गव की 114 कलाकृतियों में रेखांकन, दृश्य चित्रण, फोक और पोर्ट्रेट आधारित कलाकृतियां शामिल हैं। प्रदर्शनी में प्रो. भार्गव के जीवन पर उनके पुत्र आरके भार्गव, डा. सरोज भार्गव, शोध छात्रा एवं मोनोग्राफ लेखिका डा. आभा की ओर से उनके कलाकर्म और व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला गया।


## लखनऊ स्थित सूर्या सैनिक संस्थान में कैटरिंग सेवाओं हेतु निविदा

कैफेटेरिया सूर्या सैनिक इंस्टिट्यूट, लखनऊ कैंट में 20 मार्च 2026 से 19 फरवरी 2027 (11 महीने) की अवधि के लिए खानपान सेवाओं को किराए पर लेने के लिए निविदा आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। इच्छुक एजेंसिया सूर्या सैनिक इन्स्टिटयूट खाली आवेदन पत्र और नियम व शर्तें प्राप्त कर सकती है और 05 मार्च 2026 को 1200 बजे तक एक सीलबंद अपने कोटेशन सूर्या सैनिक इन्स्टिटयूट में रखे टेंडर बॉक्स में डाल सकती है।

**पात्रता मानदंडः** युद्ध में शहीद हुए रक्षा कर्मियों की विधवायें/ड्यूटी के दौरान शहीद हुए सैनिक, विकलांग सैनिक और पूर्व सैनिक और पूर्व सैनिकों के जीवनसाथी/विधवायें आदि कैफेटेरिया के आवंटन के लिए आवेदन करने के पात्र है। संभावित विक्रेता अधिकारी प्रभारी, सूर्या सैनिक संस्थान की पूर्व सूचना के साथ सभी दिनों (मंगलवार और छुट्टियों को छोड़कर) पर 1000 बजे से 1600 बजे के बीच वास्तविक स्थान देख सकते हैं, इच्छुक व्यक्ति/पक्ष अपर्युक्त कैफेटरिया के लिए अपनी सीलबंद निविदाएं 05 मार्च 2026 को 1200 बजे तक 26 करियप्पा रोड, लखनऊ कैंट स्थित सूर्या सैनिक संस्थान टेंटर में डाल सकते हैं। निविदा के लिए आवेदन पत्र या किसी स्पष्टीकरण के लिए इच्छुक पक्ष/व्यक्ति अधिकारी प्रभारी, सूर्या सैनिक संस्थान, मोबाइल नंबर 8853589800 पर 1000 बजे से 1400 बजे के बीच संपर्क कर सकते हैं।
अंतिम तिथि 05 मार्च 2026 को 1200 बजे समाप्त होने के बाद कोई भी बिड्स स्वीकार नहीं की जायेंगी। निविदाएं बोर्ड ऑफ ऑफिसर्स द्वारा 20 मार्च 2026 को 1300 बजे खोली जायेंगी।

सूर्य सैनिक संस्थान
सी/ओ 4 गढ़ राइफल्स
सी/ओ 56 एपीओ

संक्षेप

## एसपी की कार्यशैली से पत्रकारों में नाराजगी

जौनपुर। जिले में नवागत पुलिस अधीक्षक की कार्यशैली को लेकर स्थानीय पत्रकारों में नाराजगी बढ़ गई है। जानकारी के अनुसार, कई पत्रकारों ने पुलिस विभाग द्वारा संचालित आधिकारिक व्हाट्सएप ग्रुप को सामूहिक रूप से छोड़ दिया है। पत्रकारों का आरोप है कि किसी भी घटना या महत्वपूर्ण मामले में समय पर अधिकृत बाइट और जानकारी उपलब्ध नहीं कराई जा रही है, जिससे समाचार संकलन में कठिनाई हो रही है। उनका कहना है कि पहले की तुलना में संवाद और समन्वय में कमी आई है। बताया जा रहा है कि इस मुद्दे को लेकर कुछ पत्रकारों ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर भी अपनी नाराजगी व्यक्त की है और पुलिस अधीक्षक से व्यवस्था सुधारने की मांग की है। हालांकि, इस पूरे घटनाक्रम पर पुलिस विभाग की ओर से अब तक कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है। मीडिया और पुलिस के बीच संवाद की यह खाई आने वाले दिनों में किस तरह पाटी जाएगी, इस पर सभी की नजर बनी हुई है।

## सड़क हादसे में दर्जी की मौत

जौनपुर। जिले के चंदवक थाना क्षेत्र में सोमवार की दोपहर तेज रफ्तार कार की चपेट में आने से एक साइकिल सवार दर्जी की मौत हो गई है। पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बताते है कि क्षेत्र के कनौरा ग्राम सभा निवासी 32 वर्षीय मनोज अपनी कपड़े की सिलाई की दुकान पर रोज की तरह काम करने जा रहे थें कि क्षेत्र के वाराणसी से आजमगढ़ की ओर जा रही एक कार ने उन्हें टक्कर मार दी। कार की जोरदार टक्कर ये मनोज गंभीर रूप से घायल हो गयें। घटना के बाद पहुंची पुलिस ने गंभीर रूप से घायल दर्जी को एम्बुलेंस से सीएचसी डोभी ले गयें, जहां डॉक्टरों ने अस्पताल पहुंचने पर उन्हें मृत घोषित कर दिया। इस मामले को लेकर थाना प्रभारी निरीक्षक सत्य प्रकाश सिंह ने बताया कि कार की टक्कर से दर्जी की मौत होने की जानकारी मिली है। पुलिस ने लाष को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## कार की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

आजमगढ़। मेंहनगर थाना क्षेत्र के होलपुर गंगा गांव के पास रविवार की रात कार की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। घटना के बाद कार सवार वाहन छोड़कर फरार हो गया। सूचना मिलने पर परिवार में कोहराम मच गया। तरवां थाना क्षेत्र के देवरायपुर गांव निवासी 45 वर्षीय नंदलाल राम चार पहिया वाहन चलाते थे। रविवार की शाम को बाजार गए थे। रात करीब आठ बजे बाइक से घर लौट रहे थे। चिरैयाकोट खरिहानी मार्ग पर मेंहनगर थाना क्षेत्र क होलपुर गांगा गांव के पास पहुंचे थे। इस दौरान सामने से आ रही कार ने टक्कर मार दी। दुर्घटना के बाद कार अनियंत्रित होकर पलट गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल नंदलाल को राजकीय मेडिकल कॉलेज चक्रपानपुर पहुंचाया, जहां जांच के बाद डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

# खगोल विज्ञान प्रयोगशाला का कैबिनेट मंत्री ने किया लोकार्पण



आजमगढ़। जिलाधिकारी आजमगढ़ द्वारा विद्यार्थियों में विज्ञान के प्रति रुझान बढ़ाने के लिए पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय, आजमगढ़ में 45 लाख की लागत से एक खगोल विज्ञान प्रयोगशाला का निर्माण कराया गया, जिसका लोकार्पण रविवार को देशधाम कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर कर कमलों से संपन्न हुआ। इस अवसर पर श्री राजभर ने खगोल विज्ञान प्रयोगशाला का भ्रमण किया गया। भ्रमण के दौरान उन्होने छात्र-छात्राओं से उनके द्वारा बनाये गये प्रोजेक्ट्स का अवलोकन कर जानकारी लिया।

कैबिनेट मंत्री श्री राजभर ने कहा कि खगोल विज्ञान प्रयोगशाला के लोकार्पण हो जाने से बच्चों को नवाचार के क्षेत्र में बहुत कुछ सीखने को मिलेगा और बच्चे आगे भी बढ़ेंगे। उन्होंने कहा कि सरकार सभी को बहुत सुविधा उपलब्ध करा रही है। उन्होंने कहा कि छात्र-छात्राएं इस खगोल विज्ञान प्रयोगशाला से नए-नए प्रयोगों को सीख कर आगे बढ़ें एवं अपने परिवार के साथ-साथ प्रदेश एवं देश का नाम रोशन करें। छात्र-छात्राओं के लिए खगोल विज्ञान प्रयोगशाला बनाये जाने पर जिलाधिकारी की प्रशंसा की।

आगे कहा कि क्रिटिकल गैप से खगोल विज्ञान प्रयोगशाला बनाए जाने का कार्य सही मायने में सार्थक है। उन्होंने कहा कि मा0 प्रधानमंत्री जी का लक्ष्य है कि 2047 तक भारत को विकसित बनाया जाए, यह तभी संभव है, जब भारत के भविष्य को सक्षम बनाकर उनके उज्जवल भविष्य की सामना करते हुए उनको आगे बढ़ाया जाए। उन्होंने बताया कि पूरे प्रदेश में 18 अटल आवासीय विद्यालय हैं, प्रत्येक विद्यालय से दो-दो बच्चों को इसरो भेजा गया है, जिससे दूसरे बच्चे भी प्रेरणा ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस प्रकार का कार्य करने का उद्देश्य छात्रों को सक्षम बनाना है। उन्होंने कहा कि जब आप अपने जीवन में सफल होंगे, तब आपके परिजनों का गौरव बढ़ेगा। छात्र-छात्राओं से कहा कि किसी भी क्षेत्र में अपना कैरियर बनाने के लिए लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़ें। उन्होंने कहा कि आपके परिजनों ने आपको यहां पढ़ने के लिए भेजा है, इसलिए पूरे मनोयोग से पढ़ाई करें। डीएम रविन्द्र कुमार ने कहा कि विज्ञान केवल एक किताब का विषय नहीं है, बल्कि यह जिज्ञासा और प्रश्न पूछने वाले मन के साथ दुनिया को देखने का एक तरीका है। यह प्रयोगशाला केवल उपकरणों से भरा एक कमरा नहीं है, यह आपके लिए प्रयोग करने, असफल होने और अंततः कुछ नया खोजने का स्थान है।

## एक मास्टर रजिस्टर के साथ बनाये उसका उप रजिस्टर



आजमगढ़। डीएम रविन्द्र कुमार ने सोमवार को कलेक्ट्रेट आजमगढ़ के विभिन्न पटलों का आकस्मिक निरीक्षण किया। अभिलेखागार के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने अभिलेखों के पुराने बस्ते को बदलकर नया करने, अभिलेखों को सुव्यवस्थित रखने एवं कार्यालय में नियमित साफ-सफाई रखने के निर्देश संबंधित पटल सहायक को दिया।

शस्त्रागार के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने वरासत रजिस्टर का अवलोकन किया। उन्होने शस्त्र लिपिक को निर्देश दिया कि वरासत के सम्बन्ध में जिनकी रिपोर्ट अप्राप्त है, उनको लिखित रिमाइंडर भेजा जाए एवं उनको फोन से भी अवगत कराया जाए। उन्होने निर्देश दिया कि जिस प्रकरण में पुलिस की आख्या प्राप्त हो गयी है, उसमें तहसील से भी आख्या मंगायें। निरीक्षण में पाया गया कि वरासत से संबंधित कुछ प्रकरण में पुलिस एवं तहसील से आख्या प्राप्त हो जाने के बाद भी पत्रावली अभी लम्बित है। जिस पर जिलाधिकारी ने शस्त्र लिपिक को चेतावनी निर्गत करने का निर्देश मुख्य राजस्व अधिकारी को दिया। उन्होने यह भी निर्देश दिया कि पत्रावलियों को समुचित रख-रखाव सुनिश्चित करें। नजारत के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि प्रत्येक कार्यालय में एक मास्टर रजिस्टर अवश्य बनाया जाए तथा उसका उप रजिस्टर बनायें, जिससे कि पत्रावलियों को खोजने में आसानी होगी। निरीक्षण के दौरान कलेक्ट्रेट परिसर में कुछ जगह गन्दगी पाये जाने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए नाजिर कलेक्ट्रेट को सख्त निर्देश दिया कि कलेक्ट्रेट परिसर की नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित करायें।

## शुभम हत्या काण्ड में पांच गिरफ्तार

जौनपुर। बरसठी थानाक्षेत्र के जमुनीपुर गांव में गांव निवासी 25 वर्षीय शुभम शुक्ला की रविवार को चाकू मारकर निर्मम हत्या कर दी गई थी। पुलिस ने प्रकरण का खुलासा करते हुए पांच आरोपियों को रसुलहा भीटा के पास से गिरफ्तार किया है। उसके पास से पुलिस ने मौके से घटना में प्रयुक्त चाकू बरामद किया है। पुलिस ने बताया कि शनिवार को शुभम शुक्ला और मंगरमू गांव निवासी विकास यादव के बीच क्रिकेट खेलने को लेकर विवाद हुआ था। उसको लेकर विकास अपने साथी सौरभ उर्फ चन्दर यादव निवासी मंगरमू, सुमित उर्फ छोटू, सचिन पटेल निवासी रसुलहा, अनुज पटेल पुरईपुर को साथ लेकर रविवार को गांव के बगीचे में पहुँचे। विकास शुभम को बगीचे में बुलाया और सभी लोग मिलकर चाकू मार दिया। चाकू लगने के बाद वह गिर पड़ा तो सभी फरार हो गये। वह घायल अवस्था में थोड़ी दूर तक आया लेकिन सड़क किनारे गिर पड़ा। उधर से गुजर रहे गांव के ही एक व्यक्ति ने लहूलुहान हालत में देख परिजनों को जानकारी दी मौके पर पहुँचे परिजन पुलिस को सूचना देते हुए अस्पताल ले गये। पिता राजेश शुक्ला की तहरीर पर पुलिस ने पांच नामजद के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर रात में दबिश देकर पांच आरोपियों विकास यादव, सौरभ यादव अनुज पटेल, सचिन पटेल, सुमित उर्फ छोटू को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने सभी आरोपियों का चालान भेज दिया है। गिरफ्तार करने वालों में प्रभारी निरीक्षक जयप्रकाश यादव, उपनिरीक्षक अमरीश सिंह, व सहयोगी रहे।

## दिन में चटख धूप, शाम को बादलों से घिरा आसमान

जौनपुर। सोमवार की सुबह मछलीशहर तहसील क्षेत्र में चटख धूप निकली और दोपहर तक धूप के कारण गर्मी महसूस हो रही थी लेकिन चार बजे के बाद आसमान बादलों से घिर गया और धूप गुल हो गई। आसमान में बादलों के आने से बूंदाबांदी की आशंका बन रही गई है। ऐसे में अब जब गेहूं की फसलों में बालियां निकल रहीं हैं थोड़ी बूंदाबांदी फायदेमंद हो सकती है लेकिन जिन किसानों ने अपने खेतों की सिंचाई कर रखी है अगर बूंदाबांदी के साथ हवायें भी चलती हैं तो गेहूं की फसल गिर सकती है। बारिश का असर अरहर और चने की फसल जिसमें इस समय फूल लगे हुए हैं उनको भी नुकसान पहुंचा सकती है। बारिश होने पर आम के पेड़ों में निकल रहे बौर पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। काफी संख्या में किसानों की सरसों की फसल पक गई है और कुछ किसानों ने सरसों की फसल काटना भी शुरू कर दिया है ऐसे में बारिश पकी और कटी फसल को नुकसान भी पहुंचा सकती है। किसान आलू की खोदाई का भी काम कर रहे हैं क्योंकि आलू की फसल को भी नुकसान हो सकता है।



## अडानी पावर प्लांट की बस से गिरकर कर्मचारी की मौत, मचा हड़कंप

मड़िहान, मीरजापुर। थाना क्षेत्र के मड़िहान बाजार स्थित इंडियन बैंक के सामने रविवार की रात अडानी पावर प्लांट की बस में सवार कार्यदाई संस्था पावर मेक के कर्मचारी की कंपनी की बस के नीचे आ जाने से गंभीर रूप से चोटिल हो गया। जिसे सीएचसी मड़िहान में ले जाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत देख उसे चिकित्सकों ने ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया जहां उसकी मौत हो गई। बता दें कि मड़िहान थाना क्षेत्र के ददरी कला स्थित सोलह सौ मेगा वाट के निमार्णाधीन पावर प्लांट में झारखंड निवासी देवेंद्र का 40 वर्षीय पुत्र सुरेन्द्र कार्यदाई संस्था पावरमेक में कर्मचारी था। कम्पनी द्वारा कर्मचारियों को लाने व ले जाने के लिए बस लगाई गई थी। प्रतिदिन की भांति रविवार की रात कार्यस्थल से भी कर्मचारियों को लेकर बस मड़िहान बाजार आ रही थी। बस में सवार सुरेन्द्र बस की गेट पर खड़ा था मड़िहान बाजार में सड़क पर बने बड़े-बड़े गड्ढे में अचानक बस का पहिया पड़ने से बस उछल गई, जिससे गेट के पास खड़ा सुरेन्द्र बस के पहिया के नीचे आ गया और गंभीर रूप से चोटिल हो गया। बस में सवार अन्य कर्मचारीयों की मदद से उसे सीएचसी मड़िहान लाया गया, जहां चिकित्सक राधेश्याम वर्मा ने प्रथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देख ट्रामा सेंटर मिजार्पुर रेफर कर दिया। उधर दुर्घटना की खबर लगते ही पावर प्लांट के अधिकारी अस्पताल पहुंच गए और निजी वाहन से ट्रामा सेंटर ले गए। अस्पताल पहुंचते ही सुरेन्द्र की मौत हो गई। पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज कर आगे की कार्रवाई में जुटी रही है। इस सम्बन्ध में थाना प्रभारी बालमुकुंद मिश्र ने बताया कि पावर मेक के कर्मचारी की मौत हुई है।

## निराश्रित गोवंशों से किसानों की बढ़ी परेशानी, फसलों को हो रहा नुकसान

हलिया विकास खंड क्षेत्र में निराश्रित गोवंशों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है, जिससे किसानों की चिंताएं बढ़ गई हैं। क्षेत्र के कई गांवों और कस्बों में छुट्टा निराश्रित गवंश के झुंड घूम रहे हैं। यदि कोई ठोस व्यवस्था नहीं की गई तो आने वाले दिनों में फसल उत्पादन पर बड़ा असर पड़ सकता है। स्थानीय विकास खंड क्षेत्र के हथेडा, अहूगी कलां, चककोटार, बीरपुर तथा अदवा कालोनी चौराहा के आसपास बड़ी संख्या में निराश्रित गोवंश दिनभर इधर उधर घूमते रहते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि भूख से परेशान ये गोवंश अपने भोजन की तलाश में शाम होते ही झुंड बनाकर निकल पड़ते हैं। ना तो इनके लिए भोजन की कोई व्यवस्था है ना पीने के लिए पानी। इस कारण ये खेतों की ओर रुख कर लेते हैं। स्थानीय किसान परेश कुमार ने बताया कि इस बार गेहूं की फसल अच्छी है, लेकिन छुट्टा पशुओं से बचाना बेहद मुश्किल हो गया है। उन्होंने कहा कि शाम होते ही पशु खेतों में घुस जाते हैं और अपना पेट भरने के लिए फसलों को चरकर बर्बाद कर देते हैं। किसान रवि, कोल दिनेश, राकेश कुमार पाण्डे अखिलेश ओझा आदि ने बताया कि अपनी फसलों को बचाने के लिए उन्हें रात रात भर खेतों पर पहरा देना पड़ रहा है। इसके बावजूद कई बार छुट्टा निराश्रित गवंश खेतों में घुसकर फसल को काफी नुकसान पहुंचा देते हैं।

## दीवानी न्यायालय को उड़ाने की धमकी देने वाला गिरफ्तार

जौनपुर। जिले के दीवानी न्यायालय परिसर एवं पुलिस लाइन गेट को बम से उड़ाने की धमकी भरी मेल करने वाला आजमगढ़ से गिरफ्तार किया गया है।

ज्ञात हो कि बीते 17 फरवरी को जिला न्यायाधीश के सरकारी ई-मेल आईडी पर अलग अलग कुल पांच ई-मेल आई डी से जो अलग अलग नाम से लिए गए मोबाईल नंबरों से इंटरनेट प्रयोग कर एवं वीपीएन का पेड वर्जन के प्रयोग से आईपी प्रॉक्सी कर प्रोटॉन मेल पर ही मेल आईडी बनाकर जौनपुर न्यायालय परिसर एवं जौनपुर पुलिस लाईन गेट को उड़ाने की धमकी दी गयी थी। मेल में कुछ मोबाईल नंबर अंकित करते हुए, अंकित मोबाईल नंबरों पर मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश से एक लाख रुपए भेजवाने एवं न भेजवाने पर जौनपुर न्यायालय परिसर एवं पुलिस लाईन गेट को बम से उड़ाने की धमकी दी गयी थी। उपरोक्त धमकी भरी ई-मेल प्राप्त होने के उपरांत मु.अ.सं. 71/26 धारा 308 (5), 125,351 (3) भारतीय न्याय संहिता 2023, 7 अपराधिक कानून संशोधन अधिनियम 1932 व 66 आईटी एक्ट 2008 थाना लाईन बाजार जनपद जौनपुर में पंजीकृत किया गया था। उक्त धमकी भरे ई-मेल की जांच उत्तर प्रदेश एटीएस द्वारा की जा रही थी, जिसके क्रम में धमकी से संबन्धी सभी ई-मेल आईडी व मेल में अंकित सभी मोबाईल नंबरों का इलेक्ट्रानिक एंव भौतिक संसाधनों का प्रयोग कर गहनता से जांच एवं मेल में अंकित सभी मोबाईल नंबरों के प्रयोग कताओं की सोशल मीडिया की गतिविधियों, वीपीएन, प्रॉक्सी मेल का गहनता से विश्लेषण कर और जानकारी से एक व्यक्ति विशाल रंजन पुत्र हीरालाल निवासी बक्शपुर थाना निजामाबाद, जनपद आजमगढ़ प्रकाश में आया। एटीएस टीम द्वारा विशाल रंजन के सिधारी आजमगढ रहने वाले किराए के मकान पर पहुंचकर जब पूछताछ एवं उसके कमरे की तलाशी ली गयी तो उसके पास से कुल पांच मोबाईल फोन एवं एक लैपटॉप बरामद हुआ। उसके द्वारा प्रयोग किए जाने वाले सभी मोबाईल फोन की जांच की गयी तो जिन ई-मेल आईडी का प्रयोग कर धमकी दी गयी थी, उन नामों से एवं अन्य अलग अलग नामों से प्रोटॉन मेल, जीमेल, आउट लुक की लगभग 50 ई-मेल आईडी प्राप्त हुई एवं अलग अलग नामों से लगभग 20 फेसबुक आईडी मिली, तथा सोशल मीडिया से महिलाओं की तस्वीरें डाउनलोड कर अश्लील कंटेट भी तैयार किया हुआ प्राप्त हुआ, साथ ही आजमगढ रोडवेज को बम से उड़ाने सम्बन्धित मैसेज तैयार किया गया था, जिसमें जौनपुर कचहरी उड़ाने सम्बन्धित धमकी भरे प्राप्त मेल में अंकित मोबाईल नम्बरों को ही दर्ज किया गया था, यदि यह गिरफ्तार नही होता तो कुछ दिनों में ये मेल भी परिवहन निगम की ई-मेल पर भेजता। आरोपी विशाल रंजन से जब इन ई-मेल आईडी और धमकी से संबन्धित पूछताछ की गयी तो अभियुक्त द्वारा बताया गया कि जिस लड़की से वह प्यार करता था उसकी शादी जौनपुर के एक लड़के से तय हो गयी थी, विशाल उपरोक्त यह नहीं चाहता था कि उस लड़की की कही भी शादी तय की जाए अतः विशाल रंजन जिस लड़के से शादी तय हुई उसकी फर्जी आईडी बनाकर आपत्ति जनक पोस्ट कर दिया। जिसके बाद दोनों पक्ष में पंचायत हुई और विशाल रंजन उपरोक्त को उस पंचायत में माफी मांगनी पड़ी। बदले की भावना से आरोपी लड़के पक्ष से जितने लोग पंचायत में शामिल थे उनका मोबाईल नंबर पहले सोशल मीडिया पर सर्च किया तो उस गांव में आयोजित एक क्रिकेट टुर्नामेंट का पंपलेट मिल गया जिसमें उस गांव के कुछ युवकों के मोबाइल नंबर व नाम मिल गए जो पंचायत में शामिल थे, फिर उन युवकों के नाम के साथ-साथ अपनी प्रेमिका के मंगेतर के नाम से भी फर्जी ई-मेल आईडी बनाकर व उनके मोबाईल नंबरों का प्रयोग कर जौनपुर न्यायालय परिसर एवं पुलिस लाईन गेट को बम से उड़ाने की धमकी दिया गया ताकि पुलिस उन सभी लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दे और इसका बदला पूरा हो सके।

## हिण्डाल्को एकादश ने जीता मैत्री क्रिकेट मैच

रेणुकूट/सोनभद्र। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी हिण्डाल्को क्रिकेट ग्राउण्ड पर मीडिया एकादश एवं हिण्डाल्को एकादश के मध्य मैत्री क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। उक्त आयोजन में रॉबर्ट्सगंज, ओबरा एवं रेणुकूट के 100 से भी अधिक मीडियाकर्मियों ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति से कार्यक्रम को सफल बनाया। कार्यक्रम में रॉबर्ट्सगंज, ओबर एवं रेणुकूट से आए विभिन्न प्रतिष्ठित अखबारों एवं न्यूज चैनलों के पत्रकारों व सोशल मीडिया के तमाम मीडियाकर्मियों ने पूरे उत्साह के साथ कार्यक्रम में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

प्रारंभ में हिण्डाल्को के एचआरबीपी हेड अजय कुमार सिन्हा, एल्युमिना हेड रोहित चैरसिया एवं पी.आर. एवं एडमिन हेडयशवंत कुमार ने सभी वरिष्ठ अधिकारियों एवं समस्त मीडियाकर्मियों को गुलाब का पुष्प देकर उनका स्वागत एवं अभिनंदन किया। इसके उपरांत हिण्डाल्को एकादश ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला लिया। पारी की शुरूआत मीडिया की टीम से जी.के. मदान एवं प्रभात की जोड़ी ने की। मीडिया एकादश ने निर्धारित 12 ओवर में आठ विकेट के नुकसान पर 74 रन बनाए। जवाब में हिण्डाल्को एकादश की ओर से उतरे बल्लेबाजयशवंत कुमार तथा विनोद सिंह ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए 10 ओवर में बिना किसी विकेट के नुकसान पर मैच को जीत लिया। इस प्रकार हिण्डाल्को एकादश ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 10 विकेट से जीत दर्ज की व खिताब अपने नाम किया।

मैच में प्रदर्शन के आधार पर मीडिया एकादश की ओर से श्री प्रियांशु को बेस्ट बैट्समैन तथा हिण्डाल्को एकादश से मेजर (सेनि.) देवेन्द्र ओंकार को बेस्ट बॉलर का पुरस्कार दिया गया। वहीं मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार हिण्डाल्को एकादश से रोहित गुरिजाला को दिया गया। कार्यक्रम के अंत में अजय सिन्हा एवं रोहित चैरसिया समेत परचेज हेड सुरेन्द्र तिवारी, लीगल हेडविजयकान्त दुबे, एकाउन्ट हेड बिजॉय सिंह एवं पीआर एवं एडमिन हेड-यशवंत कुमार व अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने विजेता एवं उपविजेता टीमों को ट्रॉफी सहित अन्य पुरस्कार प्रदान किया और साथ ही आमंत्रित समस्त मीडिया-कर्मियों को उपहार देकर सम्मानित किया। हिण्डाल्को के महेन्द्र तिवारी ने टीम मैनेजर की भूमिका को बखूबी निभाया। कार्यक्रम में मंच का संचालन जनसम्पर्क विभाग के प्रशान्त श्रीवास्तव ने किया। इस दौरान खेलप्रेमी जनता ने मैच का लुत्फ उठाया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सजल साहा, शरद कुमार, विवेक शुक्ला, उपेन्द्र मिश्रा आदि का योगदान सराहनीय रहा।

## गड़बड़ा धाम में उमड़ी भक्तों की आस्था



हलिया, मीरजापुर। स्थानीय थाना क्षेत्र स्थित सुप्रसिद्ध तीर्थ स्थल गड़बड़ा धाम में सोमवार को मां शीतला के दर्शन पूजन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। सुबह से ही मंदिर परिसर में भक्तों की कतारें लग गईं। भक्तजन नारियल, चुनरी, फूल माला और प्रसाद लेकर मां के दरबार में पहुंचे तथा विधि विधान से पूजा अर्चना कर परिवार की सुख समृद्धि और मंगलकामना की प्रार्थना की। मंदिर परिसर में जय माता शीतला के जयकारों से वातावरण भक्तिमय बना रहा। दूर दराज के गांवों और पड़ोसी जनपदों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। मंदिर प्रशासन की ओर से श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए समुचित व्यवस्था की गई थी। मान्यता है कि मां शीतला के दरबार में सच्चे मन से मांगी गई मुराद अवश्य पूरी होती है, यही कारण है कि प्रत्येक सोमवार और विशेष अवसरों पर यहां भक्तों की भीड़ उमड़ती है।

## रासलीला के आठवें दिन हुआ सुदामा चरित्र का मंचन

सोनभद्र। रासलीला समिति रॉबर्ट्सगंज द्वारा नगर के रामलीला मैदान में आयोजित 11 दिवसीय रासलीला के आठवें दिन कलाकारों ने महारास के साथ भगवान श्रीकृष्ण व सुदामा की मित्रता का नृत्य के माध्यम से बड़ा ही मार्मिक मंचन किया गया।



वृंदावन के कलाकारों द्वारा लीला के अंतर्गत बाल्यकाल में सुदामा जी उज्जैन नगरी स्थित शांति वन गुरुकुल में शिक्षा ग्रहण के लिए जा रहे थे। रास्ते में उनके पैर में कांटा गड़ गया। इस पर वे दर्द से चीखने चिल्लाने लगे। उसी रास्ते से होकर भगवान श्रीकृष्ण भी गुरुकुल शिक्षा ग्रहण करने जा रहे थे। सुदामा को मुसीबत में देख उन्होंने उनके पांव से कांटा निकाला और जड़ी बूटी लगाई। इस घटना के बाद दोनों मित्र बन गए। गुरुकुल में शिक्षा ग्रहण के दौरान सुदामा अपना पाठ भूल गए। गुरु द्वारा पूछे जाने के बाद उन्होंने पाठ नहीं सुनाया। इस पर गुरु ने उन्हें जंगल जाकर लकड़ी लाने को कहा। मित्र को मुसीबत में देख भगवान भी अपने याद किए पाठ को भूलने का नाटक कर बैठे। इस पर क्रोधित गुरु ने उन्हें भी सुदामा के साथ जंगल से लकड़ी लाने का आदेश दिया। भूख लगने पर खाने के लिए सुदामा को दो मुट्ठी चने दिए। जंगल में कृष्ण लकड़ियां लाने चले गए। उसी समय सुदामा को भूख लगी और उन्होंने पूरा चना खा लिया। लकड़ी लेकर लौटे कृष्ण ने भूख लगने पर सुदामा से चने मांगे तो सुदामा ने सच सच बता दिया। इस पर भगवान ने उन्हें श्राप दिया कि ह्यहक पराया खाय के, यही मिलेगी सीख, हो दरिद्री आज से, दर दर मांगे भीख। पढ़ाई पूरी करने के बाद श्रीकृष्ण मथुरा के राजा बन गए और सुदामा भिखारी। फिर एक समय आया कि सुदामा श्रीकृष्ण से मिलने पहुंचे। देने के लिए कुछ नहीं था तो वे अपने साथ कच्चा चावल ले गए। सुदामा को देख श्रीकृष्ण अति प्रसन्न हुए। उन्होंने सुदामा के लाए चावल खाने शुरू किए। एक मुट्ठी खाकर एक तथा दूसरी मुट्ठी चावल खाकर जब उन्होंने सुदामा को दो लोक का मालिक बना दिया।

# जेसीआई क्लासिक विकसित समाज का आईना




जिला संवाददाता

जौनपुर। जेसीआई क्लासिक के तत्वाधान में शपथ ग्रहण समारोह हुआ। अविनाश गोयल ने दसवें अध्यक्ष के रूप में शपथ लिया। शपथ निवर्तमान अध्यक्ष प्रदीप सेठ ने दिलाया।

मुख्य अतिथि पूर्व राष्ट्रीय अधिशासी उपाध्यक्ष जेसीआई सीनेटर रवि प्रकाश ने नवनियुक्त अध्यक्ष अविनाश गोयल को बधाई देते हुए कहा संस्था आज के विकसित समाज का आईना है क्योंकि इस संस्था में सभी महिला एवं पुरुषों का एक समान सम्मान एवं कार्यशैली है जिसके परिणाम स्वरुप गत वर्ष रिचा गुप्ता के नेतृत्व में क्लासिक मंडल का सर्वश्रेष्ठ अध्याय बनकर उभरा है। विशिष्ट अतिथि पूर्व मंडल अध्यक्ष जेएफपी एडवोकेट अभिनव चैरसिया ने कहा जिस प्रकार से मूर्तिकार पत्थरों को तराश कर मूर्ति बनाता है उसी प्रकार जेसीआई क्लासिक समाज के लोगों को निखारने का प्रयास कर रहा है। इंस्टालिंग ऑफिसर विनायक गुप्ता ने कहा जेसीआई व्यक्तित्व विकास की संस्था है और विकास के लिए समर्पण का भाव होना चाहिए। सचिव प्रदीप उपाध्याय के साथ समस्त कार्यकारिणी सदस्यों ने भी शपथ लिया। जयति गुप्ता ने नवीन सदस्य के रूप में शपथ लिया। गत वर्ष किए गए कार्यक्रमों के आधार पर निवर्तमान अध्यक्ष प्रदीप सेठ द्वारा सभी को पुरस्कार वितरण किया गया जिसमें सर्वश्रेष्ठ जेसी का पुरस्कार जेसीआई सीनेटर विशाल गुप्ता को दिया गया। संस्थापक अध्यक्ष विशाल गुप्ता, श्याम जी सेठ, विनय साहू, प्रतीक मिश्रा, सुजीत अग्रहरि, राजीव साहू, नितिन सिंह, हर्षित अग्रहरि, प्रदीप उपाध्याय, अमित पांडे, हसन अब्बास, देवव्रत उपाध्याय, अमित सेठ, पूजा गोयल, साधना सिंह, ज्योत्सना साहू, रानी मिश्रा आदि उपस्थित रहे। बबीता उपाध्याय द्वारा आस्था पाठ प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम का संचालन शालिनी सेठ ने वह आभार रिचा गुप्ता ने प्रस्तुत किया। मंच व्यवस्था हर्षित अग्रहरि व श्याम जी सेठ ने निभाई। कार्यक्रम निदेशक रिचा गुप्ता व जेसी राजीव साहू रहे।

## होली व रमजान को लेकर हुई पीस कमेटी की बैठक




दुद्धी, सोनभद्र। स्थानीय तहसील परिसर के सभागार कक्ष में सोमवार को होली तथा रमजान को लेकर शांति सौहार्द की बैठक क्षेत्राधिकारी दुद्धी राजेश कुमार राय प्रभारी की अध्यक्षता में हुई।

बैठक को संबोधित करते हुए सीओ ने कहा कि इसी माह में होली का त्योहार और रमजान का महीना भी है। सभी लोग आपसी सौहार्द और भाई चारे के साथ त्योहार मनायें। किसी भी प्रकार की कोई ईश्या मतभेद न करें मिलजुल कर त्योहार मनायें। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में कई स्थानों पर एक साथ होलिका दहन है। केवल नगवा गांव में यह परंपरा नहीं है वहां जिंदा होलिका दहन का कार्यक्रम होता है जिसके लिए विशेष व्यवस्था की जाएगी, 4 मार्च को होली का त्यौहार है उसके दो दिन पहले होली पंचांग के अनुसार परंपरागत तरीके से होलिका दहन का कार्यक्रम है। इसके मद्देनजर प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार सिंह ने सभी स्थानों पर सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस फोर्स की ड्यूटी लगाने की बात कही। इसके साथ ही संबंधित गांव के प्रधानों को निगरानी रखने की अपील किया। होली और रमजान को लेकर दुद्धी मुख्य बाजार और अमवार मोड पुलिस फोर्स तैनात रहेगी। त्योहार मे किसी प्रकार का खलन डालने वाले के खिलाफ शख्त कार्रवाई की जाएगी

## प्राथमिक विद्यालय का गेट गिरा, दो बच्चे जख्मी

- राजगढ़ खंड शिक्षा कार्यालय के पास हुआ हादसा
- अभिभावको ने खंड शिक्षा अधिकारी पर लापरवाही का लगाया आरोप
- बच्चों की सुरक्षा को लेकर गंभीर नहीं है खंड शिक्षा अधिकारी

मीरजापुर। विकासखंड राजगढ़ क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय ददरा का मेंन गेट टूट कर गिरने से गेट के पास खेल रहे बालक तथा एक बालिका जख्मी हो गए। परिजनों द्वारा दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजगढ़ में भर्ती कराया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद बालक की हालत गंभीर देख जिला अस्पताल सोनभद्र रेफर कर दिया गया।

विकास खंड के ददरा गांव में खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय, प्राथमिक विद्यालय ददरा तथा आंगनबाड़ी केंद्र एक ही परिसर में स्थित है। परिसर में एक ही गेट लगाया गया है। जिससे होकर खण्ड शिक्षा अधिकारी अध्यापक तथा बच्चे परिसर में प्रवेश करते हैं। सोमवार की सुबह ददरा गांव निवासी महेंद्र का चार वर्षीय पुत्र शिवांश तथा अजय की 3 वर्षीय पुत्री नैना आंगनबाड़ी केंद्र ददरा में पढ़ने के लिए गई थी। विद्यालय के गेट के पास ही दोनों खेल रहे थे। तभी लगभग 11:30 बजे विद्यालय का गेट अचानक टूट कर गिर गया। जिससे गेट के पास खेल रहे शिवांश तथा नैना गेट के नीचे दबाने से जख्मी हो गए। गेट के नीचे घायल अवस्था में दबे दोनों बच्चों को स्कूल के स्टाफ द्वारा बाहर निकाल कर उन्हें घर भेज दिया गया। रोते बिलखते दोनों बच्चे घायल अवस्था में अपने अपने घर पहुंचे। परिजनों द्वारा उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजगढ़ ले जाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद शिवांश की हालत गंभीर देख चिकित्सक द्वारा जिला अस्पताल सोनभद्र भेज दिया गया तथा नैना की हालत में सुधार होने पर उसे घर भेज दिया गया। घटना से आक्रोशित परिजन विद्यालय पर पहुंच कर अध्यापकों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। परिजनों ने कहा कि खंड शिक्षा अधिकारी संजय यादव इसी गेट से आते जाते है, परन्तु महीनों से जर्जर अवस्था मे पड़े गेट पर ध्यान नही दिए। जिससे जाहिर होता है कि खंड शिक्षा अधिकारी बच्चों की सुरक्षा को लेकर गंभीर नहीं है। कार्यालय के समीप स्थित प्राथमिक विद्यालय तथा आंगनबाड़ी केंद्र में खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा इस तरह की लापरवाही बरती जा रही है, तो अन्य विद्यालयों की क्या स्थिति होगी। लापरवाही की हद तो तब हो गई की खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय के समीप बने शौचालय के तीन गड्ढे खुले हुए थे। जिसमें लगभग 15 दिन पहले एक बालक गिर गया था। जिसे हल्की चोट भी आई थी। बालक को गड्ढे से निकलकर घर भेज दिया गया था। घटना के बाद दो गड्ढे ढक दिए गए। लेकिन एक गड्ढा अभी भी खुला हुआ है। जो शायद किसी बड़ी घटना के इंतजार में है। प्राथमिक विद्यालयों पर फर्स्ट एड बॉक्स रखने के लिए सरकार की ओर से निर्देश दिया गया है। परंतु चोट लगने के बाद बच्चों को प्रथम उपचार के बजाय उसी हाल में घर भेज दिया गया। जिससे साफ तौर पर जाहिर हो रहा है कि खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा सरकार के निदेर्शों की अनदेखी की जा रही है तथा बच्चों की सुरक्षा पर ध्यान नही दिया जा रहा है। इस संबंध में खंड शिक्षा अधिकारी संजय यादव ने बताया कि स्कूल का गेट गिरने से दो बच्चे घायल हो गए हैं। दोनों का उपचार कराया गया है। गेट जर्जर हो चुका था और अचानक गिर गया।

संक्षेप

## नगर अध्यक्ष ने रेल मंत्री को भेजा दो महत्वपूर्ण प्रस्ताव

**भटनी (देवरिया)**।आदर्श नगर पंचायत अध्यक्ष विजय कुमार गुप्त द्वारा भटनी रेलवे जंक्शन के विकास तथा यात्रियों की सुविधा बढ़ाने के लिए रेल मंत्री को दो महत्वपूर्ण प्रस्ताव भेजे गए हैं। नगर अध्यक्ष की ओर से प्रेषित पत्र में एक ओर जहां भटनी रेलवे जंक्शन के पास वंदे भारत ट्रेन के वर्कशॉप की स्थापना की मांग की गई है, वहीं दूसरी ओर कई महत्वपूर्ण ट्रेनों के ठहराव तथा टिकट काउंटर से टिकट उपलब्ध कराने की भी मांग की गई है।नगर अध्यक्ष द्वारा भेजे गए पत्र में कहा गया है कि भटनी रेलवे जंक्शन लोकसभा क्षेत्र देवरिया सदर के अंतर्गत आता है और बिहार की सीमा से सटा होने के कारण यहां से बड़ी संख्या में यात्री आवागमन करते हैं। पहले यहां लोकोशेड भी संचालित होता था, लेकिन रेलवे लाइन के विद्युतीकरण के बाद वह बंद हो गया। भटनी जंक्शन पूर्वी उत्तर प्रदेश और पश्चिमी बिहार के लिए एक महत्वपूर्ण रेलवे स्टेशन है, जहां से प्रतिदिन वाराणसी, लखनऊ, कोलकाता, दिल्ली, मुंबई, चेन्नई और रांची जैसे महानगरों के लिए यात्री यात्रा करते हैं।

पत्र में यह भी उल्लेख किया गया है कि छपरा, गोरखपुर और वाराणसी जंक्शन के बीच भटनी रेलवे जंक्शन के आसपास रेलवे की काफी खाली भूमि उपलब्ध है। पूर्व में रेलवे विभाग द्वारा यहां वंदे भारत ट्रेन के वर्कशॉप की स्थापना के लिए सर्वे भी किया जा चुका है।ऐसे में यदि भटनी जंक्शन के पास वंदे भारत ट्रेन का वर्कशॉप स्थापित किया जाता है तो रेलवे विभाग के साथ-साथ क्षेत्र के विकास को भी नई गति मिलेगी। नगर अध्यक्ष ने रेलवे से पुनः सर्वे कराकर वर्कशॉप की स्थापना का अनुरोध किया है।इसके साथ ही नगर पंचायत ने आम जनमानस की सुविधा को ध्यान में रखते हुए कई महत्वपूर्ण ट्रेनों के भटनी रेलवे जंक्शन पर ठहराव की मांग भी की है। बताया गया है कि वर्तमान में कुछ प्रमुख ट्रेनों का ठहराव यहां नहीं होने से यात्रियों कोपरेशानी होती है।नगर अध्यक्ष ने रेल मंत्रालय से आम्रपाली एक्सप्रेस, पूर्वांचल एक्सप्रेस, पाटलिस्पेशटिकट उपलब्ध कराने की व्यवस्था सुनिश्चित करने का अनुरोध किया है।

# विकास कार्यों और कानून-व्यवस्था की समीक्षा बैठक

जिला संवाददाता



**कुशीनगर**। जनपद के प्रभारी मंत्री/ राज्य मंत्री (स्वंतत्र प्रभार) उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार एवं कृषि निर्यात दिनेश प्रताप सिंह की अध्यक्षता में विकास भवन के सभागार में विकास कार्यों एवं कानून व्यवस्था की विभागीय समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। विभागवार समीक्षा करते हुए मंत्री ने ग्राम्य विकास विभाग के अन्तर्गत मनरेगा में नये रोजगार उत्पन्न करने एवं लक्ष्य के सापेक्ष शत-प्रतिशत जॉब कार्ड धारकों को रोजगार

- मंत्री ने दिए समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन के निर्देश

उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। डेआरएलएम में नये एफपीओं को जनरेट करने एवं अधिक से अधिक स्वंय सहायता समूह के जोडने के निर्देश दिये गये। उन्होने कहा कि स्वंय सहायता समूह का जिसका व्यवसाय बड़ा है उसकी सूची उपलब्ध कराये तथा आगामी भ्रमण कार्यक्रम के दौरान इनका कार्यक्रम भी कराने के निर्देश दिये। आरईडी की समीक्षा करते हुए मन्त्री जी ने कहा की निर्माण कार्यो को निर्धारित समय में शत-प्रतिशत पूर्ण कर हैंड ओवर किया जाये।

उन्होने कहा की जो निर्माण कार्य अभी प्रारम्भ हुए है उसे समय से पूर्ण कराये। मन्त्री जी को अवगत कराया गया कि सिर्फ 03 निर्माण अभी पूर्ण नही हुए है। उन्हे मार्च तक पूर्ण करा लिया जाय। प्रधानमंत्री ग्रमीण सड़को की समीक्षा में मन्त्री जी ने निर्देशित किया कि जो बसावटे अभी इस योजनाओं से नही जुडी है उसका तत्काल चयन किया जाये तथा जन प्रतिनिधियो को अवगत कराया जाये। उन्होने कहा की चयन से पहले पूरी प्रक्रिया पारदर्शी हो तथा जन प्रतिनिधियों की सहमति अवश्य लिया जाए। उन्होने कहा की सड़को के अनुरक्षण में गुणवत्ता पूर्ण तरीके मरम्मत कराये तथा जिसका भुगतान हो गया है उसे समय से पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। उन्होने कहा कि जहां कार्य हो रहा है उसकी सूची मा0 विधायक को उपलब्ध कराया जाये। राजस्व विभाग की समीक्षा में जिलाधिकारी ने अवगत कराया की धारा 24, 67, 80, 106, 34 एवं अन्य धाराओं में पुराने 5 साल 3 साल के केसों को प्राथमिकता से निस्तारण सुनिश्चित कराया गया है उन्होने कहा की रीयल टाइम खतौनी का लगातार पर्यवेक्षण किया जाये।

उन्होने कहा की स्वामित्व योजना मे घरौनी को कैम्प लगाकर बाटा जाये तथा गांव में घरौनी वितरित को गम्भीता से ले। मंत्री को अवगत कराया कि आईजीआरएस में कोई प्रकरण डिफाल्टर नही है तथा सतुष्टि का प्रतिशत भी बढ़ गया है। पीएम स्वानिधि योजना में प्रथम चरण का शत-प्रतिशत पूर्ण हो गया है तथा दूसरे और तीसरे चरण की कार्रवाई चल रही है। उन्हे अवगत कराया गया कि 15 हजार से अधिक क्यूआर कोड भी बनाया गया। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा में मंत्री जी को बताया गया कि जनपद में कुल 325 पद डाक्टर के स्वीकृत है जिसके सापेक्ष 244 तैनात है। मंत्री जी ने सीएमओ को निर्देशित किया कि डाक्टर की तैनाती सभी पीएचसी/सीएचसी पर सामान रूप से बाराबर किया गया जो डाक्टर तैनात होने के बाद भी कार्यभार ग्रहण न करे उसके विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जाये। उन्होने कहा की आयुष्मान गोल्डन कार्ड अभियान चलाकर बनाया जाए।उन्होने कहा की इसके लिए जागरूकता करें। आशा, एएनएम, आगंनबाडी, पंचायत सहायकों के माध्यम से कैम्प लगाकर आयुषमान गोल्डन कार्ड बनवाया जाया। उन्होने कहा की आयुष्मान से उपचारित लाभार्थियों की संख्या में बढ़ोत्तरी कराया जाया। उन्होने कहा कि सभी प्राथमिक सामुदायिक एवं जिला चिकित्सालय पर सभी अवश्यक उपकरण तथा अवश्यक दवाईयों उपलब्धता सुनिश्चित किया जाये। उन्होने साप एवं कुत्ते के काटने की दवाये सभी चिकित्सालयों पर उपलब्धता सुनिश्चित हो। कृषि विभाग की समीक्षा करते हुए मंत्री जी ने कहा की योजना के अन्तर्गत जितना आवेदन आये सबको शत प्रतिशत उपलब्ध कराया जाये। उन्होने कहा की फसल बीमा में बढोत्तरी किया जाये। पीएम कुसुम योजना में जितने आवेदन आये सभी को स्वीकृत कर धनराशि जारी करे। उन्होने कहा की जनप्रतिनिधियों से भी इसमें मार्गदर्शन लिया जाये। उन्होने कहा की योजना को जनप्रतिनिधियों सहयोग से गुणवत्ता पूर्ण तारीके से क्रियान्वीत किया जाये। उन्होने कहा कि पीएम कुसुम योजना से महिलाओं को भी जोड़ा जाए। मंत्री ने कृषि विभाग को निर्देश देते हुए कहा कि बीज एवं यूरीया कि उपलब्धता शत प्रतिशत सुनिश्चित किया जाये। उन्होने उद्यान अधिकारी को मखाना की खेती को बढाने के निर्देश दिये। पशुपालन विभाग को सभी तहसीलों में पशुचिकित्साधिकारी की नियुक्ति सामान रूप करने के निर्देश दिये। उन्होने कहा की निराश्रित गोवंशों को गोआश्रय स्थल पर संरक्षित करें। जिलाधिकारी ने मंत्री को अवगत कराया की आरटीई के तहत अब तक 519 का प्रवेश कराया गया है अभी इस में और बढोत्तरी होगी। मंत्री ने सभी जनप्रतिनिधियों से सोशल मीडिया के माध्यम से प्रचार करने एवं आईटीई के तहत प्रवेश दिलाने में सहयोग करने के निर्देश दिये। पीडब्लूडी की समीक्षा में मंत्री को अवगत कराया गया कि सोलह निर्माणधीन परियोजनाओं में से 14 पूर्ण हो गयी है। तथा शेष 2 मार्च में पूर्ण कर ली जायेगी। मन्त्री जी ने निर्देशित कि निर्माण कि गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाये तथा समय से पूर्ण कराना सुनिश्चित किया जाय। मंत्री ने विद्युत विभाग को चेतावनी देते कहा की विघुत बिलों में सुधार एवं आपुर्ति में प्रत्येक दशा में सुधार लाना सुनिश्चित किया जाए। जल जीवन मिशन के अंतर्गत चल रहे कार्यों जो पूर्ण हो चुके हैं की सूची सभी विधायक को उपलब्ध कराने तथा विधायकों साथ निरक्षण कर फोटो अपलोड करने के निर्देश दिये गये। कानून व्यवस्था की समीक्षा में मंत्री ने निर्देश दिये कि गौ तस्करी एवं धर्मान्तरण पर विशेष नजर रखें उन्होने कहा की लम्बित विवेचना/जांच प्रकरण की सूची तैयार करें तथा क्रम से निस्तारित करें। उन्होने कहा कि पूराने प्रकरणों को लगातार अनुश्रवण करने तथा प्राथमिकता से निस्तारण सुनिश्चित किया जाय। पुलिस अधीक्षक ने मंत्री को अवगत कराया की आईजीआरएस में जनपद लगातार प्रथम स्थान पर तथा महिलाओं के सशक्तीकरण हेतु मिशन शक्ति के माध्यम से बेहतर कार्य किया जा रहा है। मंत्री ने जम्मू कश्मीर में तैनात जनपद के कैप्टन अमन कुमार की आकस्मिक मृत्यु पर शोक व्यक्त किया तथा उनकी आत्मा की शान्ति के लिए दो मिनट का मौन धारण कराया। उन्होने ईश्वर से उनके परिजनों को इस दुख को सहने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना किया। मंत्री ने सभी को होली की बधाई दी तथा सभी अधिकारियों को आपसी समान्वय से बेहतर कार्य करने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने बैठक से पूर्व मन्त्री व सांसद जी को पुष्पगुच्छ देकर स्वागत एवं सम्मान किया गया। बैठक में सांसद विजय कुमार दुबे, सभी विधायक, मुख्य विकास अधिकारी वंदिता श्रीवास्तव तथा सभी विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

## रोवर्स एवं रेंजर्स का पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आज

जिला संवाददाता

भटनी (देवरिया)।स्थानीय क्षेत्र के रामगुलाम राय पी०जी० कॉलेज, बनकटाशिव सल्लहपुर के बी.एड विभाग द्वारा रोवर्स एवं रेंजर्स का पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम 24 फरवरी मंगलवार से प्रारंभ किया जाएगा। कार्यक्रम को लेकर महाविद्यालय प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।बी.एड विभागाध्यक्ष मनमोहन सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि बी.एड चतुर्थ सेमेस्टर के सभी प्रशिक्षुओं के लिए रोवर्स एवं रेंजर्स प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है, जो पांच दिनों तक चलेगा। इस दौरान प्रशिक्षुओं को रोवर्स एवं रेंजर्स के विभिन्न गतिविधियों, अनुशासन, सेवा भाव एवं नेतृत्व क्षमता से संबंधित प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि इस प्रशिक्षण के माध्यम से विद्यार्थियों को जीवन में अनुशासन, सेवा भावना तथा सामाजिक दायित्वों के प्रति जागरूक किया जाएगा। प्रशिक्षण पूरा करने वाले प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र भी प्रदान किया जाएगा।

विभागाध्यक्ष ने बी.एड चतुर्थ सेमेस्टर के सभी प्रशिक्षुओं से कार्यक्रम में अनिवार्य रूप से उपस्थित होकर प्रशिक्षण प्राप्त करने की अपील की है, ताकि वे रोवर्स एवं रेंजर्स की गतिविधियों से अपने जीवन को अधिक सरल, अनुशासित और उपयोगी बना सकें।

# शिविर में महिलाओं के योगदान पर चर्चा




**कुशीनगर**। बुद्ध स्नातकोत्तर महाविद्यालय कुशीनगर राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर के छठवें दिन बौद्धिक सत्र में मुख्य वक्ता डॉ प्रतिभा तिवारी ने कहाकि महिला होने के नाते हमे परिवार और समाज दोनो को संभालना होता है। प्रकृति ने स्त्री को सृजन की अनोखी क्षमता दी है। यह सौभाग्य सिर्फ महिला को प्राप्त है। परिवार की जिम्मेदारी पुरुष और महिला दोनों मिलकर संभालते है। लेकिन केंद्रीय भूमिका महिला की होती है।कोई भी पर्व हो, त्यौहार हो, अवकाश हो, घर पर बड़े बुजुर्ग हो या बच्चे हो सबको सजाना और संवारना घर महिला को ही पड़ता है। ऐसे में अगर महिला कामकाजी हो तो दोहरी चुनौती आ जाती है।एक महिला के रूप में हमें यह ध्यान रखना होता है कि निजी कैरियर के साथ ही परिवार की जरूरतों के बीच सामंजस्य बना रहे। आपने बताया कि कोई भी अपनी प्रकृति के खिलाफ जाकर सामान्य रूप से विकसित नहीं हो सकता। महिला स्वभाव से ही परिवार के पोषण का भाव रखती है अगर उन्हें परिवार का सहयोग मिले तो उसे कैरियर और पारिवारिक दायित्वों के बीच संतुलन बनाने में मदद मिलती है। अध्यक्षीय उद्बोधन में प्रो सीमा त्रिपाठी ने बताया कि महिलाओं को अपनी पहचान स्थापित करने के साथ ही परिवार को भी संभालना होता है। महिलाओं का काम अत्यंत चुनौतीपूर्ण होता है। यह चुनौती तब बढ़ जाती है जब परिवार में महिलाओं के साथ लिंग - भेद होता है। इस दृष्टि से देखा जाए तो पुरुष की तुलना में महिलाओं को ज्यादा चुनौतीपूर्ण माहौल में काम करना पड़ता है। परिवार का अनुकूल माहौल इसमें बड़ा सहयोगी होता है। भारतीय समाज में महिलाओं को परिवार और समाज में बराबर का अधिकार प्राप्त किन्तु भूमिका अलग अलग है। परिवार में सबकी भूमिका महत्वपूर्ण है। अतः पुरुषवादी दृष्टि या नारीवादी विमर्श से आगे बढ़कर सहअस्तित्व के भाव से परिवार और कार्यस्थल पर सामंजस्य स्थापित किया जा सकता है। हमारी संस्कृति में शिव और शक्ति का अर्धनारीश्वर रूप इसी का सीख देती है। इस अवसर पर प्रश्नोत्तर सत्र में स्वयंसेवक अभिषेक कुमार, शाहीन परवीन और निधि सिंह ने अपनी जिज्ञासा की शांति हेतु प्रश्न पूछे। बौद्धिक सत्र की शुरूआत दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई। विषय प्रवर्तन कार्यक्रम अधिकारी डॉ निगम मौर्य ने किया। स्वागत एवं परिचय कार्यक्रम अधिकारी डॉ पारस नाथ ने किया जबकि आभार ज्ञापन कार्यक्रम अधिकारी डॉ जितेंद्र मिश्र ने किया।कार्यक्रम का संचालन स्वयंसेविका शिवानी गुप्ता ने किया।

## सप्त दिवसीय भागवत कथा और विग्रह प्राण प्रतिष्ठा समारोह अत्यंत भक्तिमय वातावरण में संपन्न



**देवरिया** ।जिले के भटनी थाना क्षेत्र में छोटी गंडक नदी तट पर स्थित बनक्तशिव सल्लहपुर में नवनिर्मित भव्य लक्ष्मी नारायण मंदिर में विग्रह प्राण प्रतिष्ठा और सप्त दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का शनिवार को अत्यंत भक्तिमय वातावरण और हजारों श्रद्धालुओं की उपस्थिति में समापन हुआ। राम गुलाम राय पीजी कॉलेज सल्लहपुर के प्रबंधक प्रभात कुमार राय द्वारा आयोजित इस भव्य धार्मिक अनुष्ठान में प्रतिदिन श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ती रही और पूरे क्षेत्र का वातावरण भक्तिमय एवं श्रद्धा से सराबोर रहा ।अगल-बगल के गावों से श्रद्धालुओं की पहुंची भीड़ यज्ञ मंडप की रात दिन परिक्रमा कर ,श्रीमद् भागवत कथा का श्रवण किया । संयोजक श्री प्रभात कुमार राय और संरक्षक उमाशंकर राय द्वारा न केवल हजारों लोगों के बैठने के लिए भव्य जर्मन पंडाल बनवाया गया था बल्कि श्रद्धालुओं के लिए भंडारे ,पेयजल ,साफसफाई ,दूर दूर तक प्रकाश की समुचित व्यवस्था की गई जिसकी लोगों ने मुक्तस्वर से प्रशंसा करते हुए हुए इसे ऐतिहासिक धार्मिक आयोजन बतया ।सायंकाल आयोजित होने वाले भजन संध्या में देश के नामचीन भजन गायको को सुनने के लिये उमड़ी भीड़ देखने लायक थी ।समापन दिवस पर प्रात काल वैदिक मंत्रों के बीच हवन पूजन एवं पूर्ण आहुति संपन्न हुई ।दो दर्जन विद्वान आचार्यों द्वारा श्री लक्ष्मीनारायण विग्रह की प्रतिष्ठा 20 जनवरी को जम्मू कश्मीर के उप राज्यपाल श्री मनोज सिन्हा की उपस्थिति में संपन्न हुआ ।इसके बाद श्रद्धालुओं की भारी भीड़ स्थापित लक्ष्मीनारायण विग्रह दर्शन में लग गई । भागवत कथा साध्वी प्रिया लक्ष्मी (अयोध्या) द्वारा श्रीमद् भागवत के विभिन्न प्रसंग भक्ति ज्ञान और वैराग्य के साथ ही विभिन्न प्रेरक कथाओं का भावपूर्ण वर्णन कियागया ।इस दौरान रुकमणी विवाह कृष्ण जन्म बाल लीला गोवर्धन लीला भक्त प्रहलाद धूप के प्रसंग ने श्रोताओं को भाव विभोर कर दिया ।सात दिवसीय कार्यक्रम में गोरखपुर वाराणसी ,बलिया आजमगढ़ गाजीपुर कुशीनगर सहित बिहार के गोपालगंज सिवान जिलों के जनप्रतिनिधियों गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति हुई ।क्षेत्रय विधायक सुरेंद्र चौरसिया यज्ञ के आयोजन में अग्रणी भूमिका में रहे ।इसके साथ ही जिले के सभी विधयकों ,जिला पंचायत अध्यक्ष ,सदस्य आदि उपस्थित रहे।

# नकल माफियाओं ने भेदा चक्रव्यूह, सीटिंग व्यवस्था पर चोट कर नकल महायज्ञ जारी

## वाह्य केन्द्र व्यवस्थापक व स्टेटिक मजिस्ट्रेट ने डीआईओएस को पत्र देकर किया खुलासा

जिला संवाददाता

**कुशीनगर**।जिले में संचालित हो रही बोर्ड परीक्षा सवालों के घेरे में है। आरोप है कि नकल माफियाओं ने शासन-प्रशासन के तमाम दावों और निगरानी के चक्रव्यूह को भेदते हुए ह्लनकल महायज्ञह्व की परंपरा को डंके की चोट पर कायम रखा है। चर्चा-ए-सरेआम है कि जिन परीक्षा केन्द्रों पर वाइस रिकॉर्डिंग और कैमरों की व्यवस्था प्रभावी नहीं है, वहां इमला बोलकर प्रश्नपत्र हल कराए जा रहे हैं। सूत्र बताते है कि जिन छात्रो ने पैसा नही दिये है उनको सबक सिखाने की गरज से सीटिंग प्लान को प्रभावित कर सुनियोजित तरीके से नकल कराया जा रहा है।यह सनसनीखेज खुलासा महर्षि वाल्मीकि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पिपरैचा केन्द्र के वाह्यय केन्द्र व्यवस्थापक व स्टेटिक मजिस्ट्रेट ने जिला विद्यालय निरीक्षक को संयुक्त पत्र देकर किया है। मजे की बात यह है इस खुलासे के बाद भी डीआईओएस द्वारा केन्द्र व नकल माफियाओं के खिलाफ कार्रवाई करने के बजाय शिकायत करने वाले वाह्यय केन्द्र व्यवस्थापक को हटा दिया गया है। जो चर्चा का विषय बना हुआ है।

- शिकायत करने वाले वाह्य केन्द्र व्यवस्थापक हटे

गौरतलब है कि 18 फरवरी से जनपद में 194 परीक्षा केंद्रों पर माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित बोर्ड परीक्षा चल रही है। बताया जाता है कि वर्ष 2026 में कुल 108159 छात्र पंजीकृत हैं, जिसमें हाईस्कूल में बालक 29,268 व 29,014 बालिकाएं समेत कुल 58282 परीक्षार्थी हैं, जबकि इंटरमीडिएट में 25,920 बालक व 25,441 बालिकाओं के अलावा ट्रासजेंडर समेत कुल 51361 छात्र शामिल हैं।

### वाह्य केन्द्र व्यवस्थापक व स्टेटिक मजिस्ट्रेट ने की शिकायत

महर्षि वाल्मीकि उच्चतर माध्यमिक हद विद्यालय पिपरैचा हाटा के वाह्य केन्द्र व्यवस्थापक दीपक यादव व स्टेटिक मजिस्ट्रेट अमित कुमार द्वारा डीआईओएस को दिये गये संयुक्त शिकायत में उल्लेख है कि केन्द्रों पर बाहरी और आंतरिक परीक्षार्थियों को मिलाकर बैठाने के बजाय विद्यालय ने अपने छात्रों को अलग कमरों में समूहबद्ध कर दिया गया। इससे परीक्षा की निष्पक्षता पर सीधा प्रश्नचिह्न लग गया है। आरोप है कि इसी ह्यअलगावह्ल का फायदा उठाकर विद्यालय अपने छात्रो को सुनियोजित तरीके से इमला बोलकर लिखवा रहा है। पत्र में कहा गया है कि परीक्षा की निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए अनिवार्य ह्लमिश्रित सीटिंग व्यवस्थाह्व का पालन नहीं किया गया। विद्यालय के अपने छात्रों को अलग कमरों में बैठाया गया, जिससे उन्हें विशेष ह्लसुविधाह्व मिल सके।

### वाइस रिकॉर्डिंग गायब, इमला जारी

शिकायत पत्र के मुताबिक, कई कक्षों में वाइस रिकॉर्डिंग की व्यवस्था नहीं थी। इसी कमी का लाभ उठाते हुए कथित तौर पर छात्रों को बोलकर उत्तर लिखवाए जा रहे है। ऐसे मे यदि यह आरोप सही हैं, तो यह केवल नियमों का उल्लंघन नहीं बल्कि परीक्षा प्रणाली पर सीधा प्रहार है।

### कार्रवाई उल्टी दिशा में

चौंकाने वाली बात यह है कि नकल माफियाओं के खिलाफ कार्रवाई करने के बजाय डीआईओएस श्रवण कुमार गुप्त ने शिकायत करने वाले बाह्य केन्द्र व्यवस्थापक को ही उस केन्द्र से हटा दिया। इस फैसले ने पूरे मामले को और संदिग्ध बना दिया है। शिक्षा जगत में चर्चा है कि क्या यह कदम नकल माफियाओं के दबाव में उठाया गया? क्या सच उजागर करने वालों को हटाकर नकल ह्लमहायज्ञह्व की परंपरा को बचाया जा रहा है? हालाकि डीआईओएस का कहना है कि शिकायत पर जांच करायी गयी केन्द्र व्यवस्थापक को नोटिस दिया गया है और वाह्य केन्द्र व्यवस्थापक तवीयत ठीक नही होने के कारण इलाज कराने के लिए लखनऊ जाने हेतु उनके स्थान पर दुसरे वाह्य केन्द्र व्यवस्थापक की तैनाती की गयी है। अब सवाल यह है कि जिन केन्द्रों पर कैमरा और वाइस रिकॉर्डिंग नहीं है, उनकी जिम्मेदारी किसकी? क्या सीटिंग व्यवस्था में गड़बड़ी करने वालो के खिलाफ कार्रवाई होगी?

**वाइस रिकॉर्डिंग बंद, मिश्रित सीटिंग की उड़ रहीं धज्जियां**

सूत्रो का कहना है कि तमाम परीक्षा केन्द्रों पर कैमरा और वाइस रिकॉर्डिंग व्यवस्था को जानबूझकर प्रभावित किया जा रहा है, ताकि मिश्रित सीटिंग व्यवस्था की धज्जियां उड़ाई जा सकें और सुनियोजित तरीके से इमला बोलकर नकल कराई जा सके। चचाओं के मुताबिक, जिन कक्षों में सीसीटीवी कैमरे या तो बंद हैं या उनकी निगरानी प्रभावी नहीं है, वहीं वाइस रिकॉर्डिंग की व्यवस्था भी या तो अनुपस्थित है या औपचारिकता बनकर रह गई है। ऐसे में विद्यालय के अपने छात्रों को अलग कमरों में बैठाकर उन्हें बोल-बोलकर उत्तर लिखवाने का खेल जारी है जबकि बोर्ड परीक्षा के नियमों के मुताबिक परीक्षार्थियों को ह्लमिश्रित सीटिंगह्व में बैठाया जाना अनिवार्य है, ताकि किसी एक विद्यालय के छात्रों को समूह में बैठाकर अनुचित लाभ न दिया जा सके। लेकिन आरोप है कि इस व्यवस्था को दरकिनार कर ह्यसेटिंगह्ल के तहत सीटिंग प्लान तैयार किए जा रहे हैं।

**अभिभावकों और मेधावी छात्रों के बीच रोष**

अभिभावकों और मेधावी छात्रों कहना है कि यदि बोर्ड परीक्षा जैसी संवेदनशील प्रक्रिया में भी पारदर्शिता नहीं रहेगी, तो मेहनत और ईमानदारी का कोई मूल्य नहीं बचेगा। ऐसे मे नकल विहीन, निष्पक्ष व पारदर्शी परीक्षा कराने के दावों मतलब क्या है? कहना ना होगा कि कुशीनगर में चल रहे इस कथित ह्लनकल महायज्ञह्व ने शिक्षा व्यवस्था की साख पर गहरा दाग लगा दिया है।

## भोजपुरी हिंदी शब्द कोश के लिए सम्मानित होंगे चंदेश्वर शर्मा परवाना



**कसया, कुशीनगर**। साहित्यकार चंदेश्वर शर्मा परवाना को भोजपुरी हिंदी शब्द कोश के लिए नई दिल्ली की संस्था तथागत द्वारा आगामी ,21 मार्च को वाराणसी के बरजी गांव में सम्मान पत्र, अंगवस्त्र, स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया जायेगा।बीते दिनों दिल्ली में तथागत संस्था के पदाधिकारियों की हुई बैठक में बिहार आरा के निवासी प्रोफेसर प्रकाश उदय की कृति अरज निहोरा के लिए राहुल सांकृत्यायन लोक भाषा भोजपुरी तथागत सम्मान और श्री परवाना को भोजपुरी हिंदी शब्द कोश कृति के लिए सम्मानित करने का निर्णय लिया गया। बैठक में संस्थान के संरक्षक और भारतीय शिक्षा बोर्ड के कार्यकारी अध्यक्ष डॉ एनपी सिंह, राष्ट्रीय संयोजक सोनी पांडेय, कार्यक्रम संयोजक डॉ गोपाल यादव, डॉ देवेंद्र सिंह आदि शामिल रहे। सम्मान कार्यक्रम में मुख्य अतिथि हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ला मौजूद रहेंगे। श्री परवाना ने इस सम्मान के लिए साहित्यकारों, साहित्य प्रेमियों, मित्रो के प्रति आभार व्यक्त किया। श्री शर्मा को सम्मान मिलने पर ओम प्रकाश द्विवेदी, आरके भट्ट, दिनेश तिवारी भोजपुरिया, डॉ अवधेश नन्द, अवध किशोर अवधु, राम नरेश शर्मा,विकास वैभव, अश्वनी दूबे, डॉ हरीओम मिश्रा, हृदया नन्द शर्मा, सार्जेंट अभिमन्यु पांडेय, आकाश महेशपुरी सहित गणमान्य जनों ने बधाई दी है।

## थाई मॉनेस्ट्री से गाजे बाजे के साथ निकली बुद्ध धातु शोभायात्रा



**कुशीनगर**। बुद्ध स्थली कुशीनगर स्थित थाई मॉनेस्ट्री में माघी अमावस्या के पावन अवसर पर आयोजित समारोह के पांचवे दिन गाजे बाजे और धम्म वंदना के साथ बुद्ध धातु शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें देश विदेश के भिक्षु, उपासक और अतिथि शामिल हुए।सोमवार को थाई बौद्ध धर्म गुरु फ्रा था थेप बोधियोंग के निर्देश और थाई मंदिर के प्रमुख भिक्षु फ्राविडेश्चेरियन (डॉ. पी सोम पोंग) की देखरेख में थाई मंदिर में भिक्षुओं ने बुद्ध का विशेष पूजन अर्चन किया। दोपहर बाद फ्रा बोड़ियोंग, थाइलैंड के संघ राजा, नरोंग लिट, भंते नंदका, डॉ कितिफान, राज्य महासचिव महिला स्वास्थ्य डॉ प्रियंका वर्मा, राज बंधु खन्ना की अगुआई में सजी हाथियों, रथों पर सवार भिक्षुओं और थाई अतिथियों ने शोभायात्रा निकाली। यात्रा में सुनहरे परिधान में थाइलैंड की महिला कलाकार आकर्षक मुद्रा में पारंपरिक नृत्य करते हुए चल रहीं थी। यात्रा थाई मंदिर से बुद्ध मार्ग होते हुए बुद्ध की निर्वाण स्थली महा परिनिर्वाण मंदिर पहुंचीं जहां थाई बौद्ध धर्मगुरु फ्रा बोधियोग ने कैंडल जलाकर पूजन किया। कहा कि बुद्ध ने विश्व को करुणा, मैत्री और शांति का संदेश दिया। बुद्ध की शिक्षाओं में ही सबका कल्याण है। इसके पश्चात तथागत बुद्ध का विशेष पूजन कर चीवर चढ़ाया गया मुख्यअतिथि महराजा यतीन्द्र मोहन प्रताप मिश्रा ने भारत और थाई संबंधों पर प्रकाश डाला। कल मंगलवार की सुबह आठ बजे थाई मंदिर से मुकुट बंधन चैत्य तक बुद्ध धातु वितरण शोभायात्रा निकलेगी। यात्रा में सरदार पटेल प्राथमिक विद्यालय, लोहिया पब्लिक स्कूल, भगवान बुद्ध समाज कल्याण, छत्रपति शिवाजी इंटर कालेज, लिंह सन इंटर कालेज, भिक्षु चंद्रमणि प्रावि, लार्ड बुद्धा पब्लिक स्कूल, तथागत स्कूल सहित तीस विद्यालयों के बच्चे और बुद्ध इंटर कालेज के एनसीसी छात्र शामिल हुए। फ्रा सोन क्रान ने कार्यक्रम संचालन किया और सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। इस दौरान फ्रा पी पविन, फ्रा पी नलोंग, फ्रा पी अनुवत, कवि दिनेश तिवारी, अंबिकेश त्रिपाठी, ओम प्रकाश कुशवाहा, जितेंद्र राय, विवेक कुमार गोंड, गौतम शर्मा, सूरज यादव, अभिषेक त्रिपाठी, पीएन सिंह, राजेश कुमार सिंह, विनोद जायसवाल, अमोद सिंह सहित सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद रहे।

## याद किये गए पूर्व विधायक साकिर अली और मुक्तिनाथ

**देवरिया** ।समाजवादी पार्टी कार्यालय, बांस देवरिया स्थित मुलायम सिंह यादव सभागार में समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष व्यास यादव की अध्यक्षता तथा जिला महासचिव मंजूर हसन के संचालन में संत गाडगे की जयंती एवं पूर्व विधायक मुक्तिनाथ यादव तथा पूर्व मंत्री शाकिर अली की पुण्यतिथि श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई।इस अवसर पर उपस्थित समाजवादी पार्टी के पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने संत गाडगे, पूर्व विधायक मुक्तिनाथ यादव एवं पूर्व मंत्री शाकिर अली के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष व्यास यादव ने कहा कि संत गाडगे ने अपना संपूर्ण जीवन अवैज्ञानिक लोक-मान्यताओं, कुरीतियों और अंधविश्वासों के विरुद्ध संघर्ष में बिताया। वे स्वच्छता के प्रबल समर्थक थे और अपने कीर्तन के माध्यम से सामाजिक बुराइयों पर प्रहार करते थे। समाज के कमजोर वर्गों की सेवा करना उनका मुख्य उद्देश्य था। उन्होंने कहा कि संत गाडगे के बताए मार्ग पर चलकर लोकहित के कार्यों में सहभागिता करना ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि होगी।श्री यादव ने आगे कहा कि पूर्व मंत्री शाकिर अली एवं पूर्व विधायक मुक्तिनाथ यादव ने अपने पूरे जीवन में शोषितों, वंचितों और पिछड़े वर्गों के अधिकारों की लड़ाई लड़ी। उनका असमय जाना समाजवादी आंदोलन के लिए अपूरणीय क्षति है। उन्होंने कहा कि आज आवश्यकता इस बात की है कि हम उनके विचारों और संघर्षों को आगे बढ़ाते हुए समाजवादी आंदोलन को मजबूत करें तथा पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को सशक्त बनाते हुए पीडीए परिवार को और अधिक मजबूत करें। यही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि होगी।कार्यक्रम में मुख्यरुप से हृदयनारायण जायसवाल, मालवीय प्रसाद निर्मल, डॉ रामनाथ चौहान, हंसनाथ यादव, अखिलेश कनौजिया, रंजना भारती, अजीत शर्मा, देशराज यादव, अर्जुन यादव सहित आदि लोग मौजूद रहे !उधर रामपुर कारखाना में डुमरी स्थित सपा संपर्क कार्यालय पर सपा के पूर्व जिला प्रवक्ता चंद्रभूषण सिंह यादव द्वारा आयोजित स्मृति दिवस पर आयोजित सभा में पूर्व मंत्री शाकिर अली पूर्व विधायक रुद्रपुर मुक्तिनाथ यादव को याद किया गया ।श्री यादव ने दोनों को जिले में सपा को मजबूती देने के लिए याद कियाऔर जीवन भर दलितों ,अल्पसंख्यको,के बेहतरी के लिए कार्य किये। इस अवसर पर सुरेश नारायण,व्यास यादव आदि उपस्थित होकर श्रद्धा सुमन अर्पित किया ।

## अधिवक्ता सुभाष मिश्र की हत्या के विरोध प्रदर्श कर ज्ञापन सौंपा



**देवरिया** । लखनऊ के अधिवक्ता सुभाष मिश्रा की निर्मम हत्या के विरोध में जिलाकलेक्ट्रेट बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओ प्रदर्शन करते हुए जिलाधिकारी महोदय को ज्ञापन दिया ज्ञापन देने वालों में अध्यक्ष प्रीतम मिश्रा मंत्री जय प्रकाश मिश्रा केसरी नंदन पांडे अंकित पांडे अनंत किशोर मिश्रा विनय श्रीवास्तव अजय आनंद पांडे अजय कुमार गुप्ता अभिषेक मिश्रा पुरंदर तिवारी अंकित मिश्रा अशोक धर द्विवेदी भूपेंद्र मणि आदि अधिवक्ता उपस्थित थे।

### उपजिलाधिकारी सदर के न्यायालय बहिष्कार समाप्त

देवरिया । केलेक्ट्रेट बार एसोसिएशन द्वारा विभिन्न न्यायालयों में व्याप्त भ्रष्टाचार और उप जिलाधिकारी सदर द्वारा अधिवक्ताओं के साथ उचित व्यवहार न किए जाने के विरोध में अधिवक्ताओं द्वारा चलाए जा रहा है न्यायालय कार्य बहिष्कार आज जिला अधिकारी के वार्ता के बाद समाप्त कर दिया गया । कलेक्ट्रेट बार एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष ज्ञानेश्वर मिश्र प्रीतम ,महामंत्री जयप्रकाश मिश्रा द्वारा जारी विज्ञप्ति में बताया गया है की जिलाधिकारी श्रीमती दिव्य मित्तल द्वारा अधिवक्ताओं की मांगों पर आवश्यक कदम उठाए जाने का विश्वास दिलाने पर न्यायालय का बहिष्कार समाप्त कर दिया गया विदित हो कि विगत एक सप्ताह से अधिवक्ताओं द्वारा उप जिलाधिकारी सदर के न्यायालय में न्यायिक कार्य का बहिष्कार किया जा रहा था जिससे वाफकरियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था ।

संक्षेप

## नाली निर्माण को लेकर प्रधान से विवाद पुलिस से शिकायत

पाटन, उन्नाव। ग्राम प्रधान द्वारा सरकारी नाली का निर्माण कराए जाने के दौरान पिता पुत्र द्वारा अवरोध किए जाने को लेकर दोनों पक्षों में विवाद हो गया और दोनों ने मिलकर प्रधान की जमकर पिटाई कर दी पीड़ित प्रधान की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कानूनी कार्यवाही की है। बिहार थाना क्षेत्र के ग्राम राम प्रसाद खेड़ा मजरे जबसरा में सोमवार को ग्राम प्रधान मया राम पुत्र जोधाराम गांव में नाली का निर्माण करा रहे थे, पिता राम महेश द्वारिका ने नाली निर्माण में अवरोध किया ग्राम प्रधान ने विरोध करने से विपक्षी गणों को मना किया तो विपक्षी उपरोक्त लोगों ने प्रधान को मारा पीटा। पीड़ित प्रधान ने घटना की शिकायत पुलिस से की पुलिस ने शिकायत के आधार पर पिता पुत्र को शांति भंग की धारा में विरुद्ध कर जेल भेज दिया है।

## लापता हुए दो मासूम का 48 घंटे बाद भी नहीं लगा सुराग

बिसवां नगर (सीतापुर)। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बुढ़नापुर से लापता हुए दो मासूम बच्चों का 48 घंटे बीत जाने के बाद भी कोई सुराग नहीं लग सका है। बीते शुक्रवार को फरीद 10 वर्ष पुत्र स्वर्गीय सिराज और फैज आलम 10 वर्ष पुत्र इशरत अली 20 फरवरी को बकरी चराने के लिए कोटरापुल के पास गए थे, जिसके बाद से दोनों लापता हैं। नहर किनारे चप्पल मिलने के बाद से अनहोनी की आशंका गहरा गई है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस के साथ-साथ एसडीआरएफ टीम को भी लगाया गया है। एसडीआरएफ के जवान लगातार नहर में सर्च ऑपरेशन चला रहे हैं और गहराई तक खोजबीन की जा रही है। घटनास्थल पर ग्रामीणों की भीड़ जुटी हुई है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है और वे प्रशासन से तेज कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि हर संभावित स्थान पर तलाश की जा रही है और टीम पूरी मुस्तैदी के साथ जुटी हुई है। खबर लिखे जाने तक दोनों बच्चों का कोई पता नहीं चल सका था।

## चुनावी रंजिश को लेकर प्रधान व उनके समर्थकों ने युवक की पिटाई की

सीतापुर। कोतवाली देहात थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम भगवानपुर में चुनावी रंजिश को लेकर दबंगई का गंभीर मामला सामने आया है। ग्राम प्रधान और उनके समर्थकों पर प्रधान पद का चुनाव लड़ने का ऐलान करने वाले युवक इशहाक के साथ बेरहमी से मारपीट करने का आरोप लगा है। घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल बना हुआ है। पीड़ित युवक इशहाक का आरोप है कि गांव के वर्तमान प्रधान नादिर, प्रधान प्रतिनिधि वहीद, सुहैब और सद्दाम ने रविवार सुबह मामूली विवाद को लेकर उसके साथ गाली-गलौच करते हुए मारपीट की। बताया जाता है कि विवाद इतना बढ़ गया कि आरोपी उसे जान से मारने की नीयत से दौड़ पड़े। आरोप है कि इस दौरान कार से लाइसेंसी बंदूक निकालकर जान से मारने की कोशिश भी की गई। घटना की पूरी वारदात गांव में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। आरोप है कि फुटेज में प्रधान और उनके समर्थकों की दबंगई साफ तौर पर दिखाई देने की चर्चा है। सीसीटीवी वीडियो सामने आने के बाद मामला और गंभीर हो गया है तथा ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है।

# शिकायतों को गंभीरता के साथ निपटायें

जिला संवाददाता(vol)

- डीएम ने की जन शिकायतों के निस्तारण की समीक्षा
- डीएम ने गुणवत्तापूर्ण आख्या अपलोड न किए जाने पर विभागीय अधिकारियों पर जतायी नाराजगी

उन्नाव। जिलाधिकारी गौरांग राठी जी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जन शिकायतों/ आईजीआरएस/ संपूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त होने वाली शिकायतों के निस्तारण के सम्बन्ध में समीक्षात्मक वैठक आयोजित की गई।

जिलाधिकारी ने आईजीआरएस की शिकायतों को प्राथमिकता से लेने को अधिकारियों को चेताया, शिकायतों को गंभीरता के साथ निस्तारण करने के निर्देश दिए। कहा कि अधिकारी गण कार्यालय में बैठने के पश्चात सर्वप्रथम सुबह आईजीआरएस की समीक्षा करें और लंबित संदर्भो व असंतुष्ट फीडबैक पर संबंधित से बात कर आवश्यक कार्यवाही कराएं। जिलाधिकारी ने सभी तहसीलों विकास खंडों व पशुपालन पंचायती राज पूर्ति विभाग स्वास्थ्य विद्युत व अन्य सम्बन्धित विभागों में प्राथमिकता के साथ आईजीआरएस सेल का गठन करने के निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने कहा कि तहसील स्तर पर गठित होने वाले आइजीआर एस सेल में तहसीलदार प्रभारी होंगे और उप जिलाधिकारी उसकी स्पातहिक समीक्षा करेंगे। इसी प्रकार विकास खंडो में और खण्ड विकास अधिकारी की अध्यक्षता में आइजीआरएस सेल का गठन किया जाएगा। कहा कि विभागों में गठित होने वाले आइजीआरएसएल में विभागीय अधिकारी सेल के प्रभारी होंगे उसमें एक अधीनस्थ अधिकारी और एक कंप्यूटर ऑपरेटर को भी सम्मिलित किया जाएगा। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सुश्री कृतिराज अपरजिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व सुशील कुमार गोंड़ न्यायिक अमिताभ यादव परियोजना निदेशक तेजवंत सिंह जिला विकास अधिकारी देव चतुर्वेदी, उपजिलाधिकारी रामदेव निषाद सचिव उन्नाव विकास प्राधिकरण शुभम यादव सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी मौजूद रहे।

## आगामी होली, रमजान पर्व को लेकर पीस कमेटी की बैठक



सफीपुर, उन्नाव। आगामी त्योहार होली एवं रमजान पर्व के मद्देनजर अपर पुलिस अधीक्षक की अध्यक्षता में कोतवाली परिसर में पीस कमेटी बैठक आयोजित की गई।

अपर पुलिस अधीक्षक प्रेम चंद्र, प्रशिक्षु आईपीएस, एवं पुलिस उपाधीक्षक सोनम सिंह की मौजूदगी में कोतवाली परिसर में आगामी त्योहार होली एवं रमजान माह के मद्देनजर अपर पुलिस अधीक्षक प्रेम चंद्र ने प्रशिक्षु आईपीएस संचित शर्मा एवं पुलिस उपाधीक्षक सोनम सिंह की मौजूदगी में आगामी पर्व होली एवं रमजान माह को शांति पूर्वक संपन्न कराए जाने को लेकर पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। अपर पुलिस अधीक्षक प्रेम चंद्र ने कहा त्योहार हमारी सांस्कृतिक विरासत है। जिसे शांति पूर्वक मनाए जाने की अपील की। उपाधीक्षक सोनम सिंह ने कहा किसी भी पर्व में कोई जुलूस आदि कार्यक्रम हो तो उसकी अनुमति अवश्य ले ले। किसी भी अफवाह पर ध्यान न दे शांति पूर्ण त्योहार मनाने जाने की अपील की। थानाध्यक्ष सुब्रत नारायण त्रिपाठी ने कहा कि यदि त्योहारों में अराजक तत्वों द्वारा किसी भी प्रकार से खलल डालने का कुत्सित प्रयास किया गया तो उनके खिलाफ सख्त कार्यवाही करने की हिदायत भी दी है आप सभी लोग अराजक तत्वों पर निगाह बनाए रखे और उन तक सूचना अवश्य कर दे। इस मौके पर मुख्य रूप से डॉक्टर ब्रजेश सिंह एवं काफी संख्या में संभ्रांत नागरिक मौजूद रहे।

## किसान यूनियन की मासिक बैठक संपन्न



फतेहपुर नहर कॉलोनी परिषद फतेहपुर में किसान यूनियन की मासिक बैठक जिला अध्यक्ष नवल सिंह के नेतृत्व में सफलतापूर्वक संपन्न हुई। मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय संगठन मंत्री राजेंद्र सिंह उपस्थित रहे, जिन्होंने किसानों के मुद्दों पर विचार-विमर्श को संबोधित किया।

बैठक में सैकड़ों किसानों ने भाग लिया, जिसमें प्रमुख पदाधिकारियों ने सक्रिय भूमिका निभाई बैठक के प्रमुख निर्णयों में सरकारी नलकूपों को चालू कराने, सिंचाई पर अवैध वसूली रोकने और स्मार्ट मीटर लगाने पर रोक लगाने जैसे मुद्दे शामिल हैं। यूनियन ने आगामी आंदोलनों की रूपरेखा भी तैयार की। आंदोलनों का कार्यक्रम हदगांव थाने का घेराव, सरकारी नलकूप चालू कराने और सिंचाई वसूली रोकने के लिए मालवा थाने में पुल के नीचे पंचायत; बिंदकी से कानपुर तक इलेक्ट्रिक बेसन का संचालन शुरू कराने की मांग। प्रयागराज कमिश्नरी घेराव में फतेहपुर जिले से बड़ी संख्या में किसान शामिल होंगे। गणेश दासपुर चौराहा ब्लॉक कर पंचायत आयोजित होगी। प्रमुख उपस्थित पदाधिकारी बैठक में मंडल महासचिव देवनारायण पटेल, जिला कोषाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह, युवा जिला अध्यक्ष विवेक यादव, जिला महासचिव मुन्ना शेख, जिला प्रवक्ता दिनेश शुक्ला, जिला मीडिया प्रभारी नागेंद्र यादव, जिला सचिव कृष्ण पाल सिंह के अलावा खागा तहसील अध्यक्ष धर्म सिंह, भिंडौसा तहसील अध्यक्ष कप्तान सिंह, दीपक मौर्य, भारत सिंह, छोटू यादव, रामानंद मौर्य, मोइद अहमद, अनमोल सिंह, सुनील पासवान, गुफरान, कामता निषाद, चंद्रपाल लोधी, राजन यादव, राधेलाल, सुदेश चौहान, गंगा प्रसाद आदि सैकड़ों किसान मौजूद रहे।

## भाकियू ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर मुआवजा दिलवाने की लगायी गुहार



सिधौली (सीतापुर)। क्षेत्र के हिंडौरा गांव में बीते दिन तहसील प्रशासन द्वारा एक किसान द्वारा बोई गई सरसों व गेहूं की खड़ी फसल को जोतवा दिया गया था। जिस संबंध में आज भारतीय किसान यूनियन द्वारा सिधौली उप जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंप कर किसान को मुआवजा दिलवाई जाने तथा संबंधित जिम्मेदारों पर कार्रवाई किए जाने की मांग की गई है। वहीं समाजवादी पार्टी के दर्जनों कार्यकर्ता हिंडौरा गांव पहुंचे और किसान गुरुदीन, मुन्ना आदि से मुलाकात कर संघर्ष में हमेशा साथ खड़े रहने का आश्वासन दिया। भारतीय किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष मयंक सिंह चौहान के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं पदाधिकारी उपजिलाधिकारी कार्यालय सिधौली पहुंचे।

इस दौरान उन्होंने उपजिलाधिकारी राखी वर्मा को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया गया है कि क्षेत्र के ग्रामीण दौर में बीते दिन तहसील प्रशासन द्वारा किसान की खड़ी फसल को जोतवा दिया गया था। जिस पर कार्रवाई की जाए साथ ही जमीन की पैमाइश करने वाले जिम्मेदार अधिकारियों व कर्मचारियों पर कार्रवाई व मुकदमा दर्ज किए जाने की मांग की गई है।

## तेज रफ्तार डाला ने मां-बेटे को मारी टक्कर, मां की मौत, बेटा गम्भीर

सीतापुर। मिश्रिख थाना क्षेत्र के उत्तरधौना गांव के पास रविवार शाम एक तेज रफ्तार डाला ने मां-बेटे को टक्कर मार दी। इस हादसे में 70 वर्षीय शांति देवी की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि उनके 45 वर्षीय पुत्र बाबूलाल गंभीर रूप से घायल हो गये। ग्रामीणों के अनुसार, उत्तरधौना, मिश्रिख निवासी शांति देवी पत्नी सोहन लाल और उनके बेटे बाबूलाल खेत से लौट रहे थे, तभी यह घटना हुई। टक्कर मारने के बाद डाला चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। घटना से आक्रोशित स्थानीय ग्रामीणों ने सड़क पर जाम लगा दिया। जिससे लगभग 30 मिनट तक यातायात बाधित रहा। सूचना मिलने पर कोतवाली मिश्रिख प्रभारी प्रदीप सिंह पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और ग्रामीणों को समझा-बुझाकर जाम खुलवाया। शव को कब्जे में लेकर पुलिस ने अज्ञात वाहन और उसके चालक की तलाश शुरू कर दी है।

## परिजनों ने मरीज के ऑपरेशन के बाद लापरवाही करने का लगाया आरोप

जिला संवाददाता(vol)

सीतापुर। शहर में एक निजी अस्पताल की गंभीर लापरवाही का मामला सामने आया है। रामकोट थाना क्षेत्र के कांशीराम कॉलोनी स्थित जीवन हॉस्पिटल पर परिजनों ने मरीज के ऑपरेशन के बाद लापरवाही से इलाज करने का आरोप लगाया है।

आरोप है कि हालत बिगड़ने पर अस्पताल प्रबंधन ने जिम्मेदारी से बचते हुए मरीज को लखनऊ रेफर कर दिया। पीड़ित परिवार के अनुसार, मरीज विलियम नगर निवासी सिराज को पेट में आंतों के उतरने से संबंधित गंभीर समस्या के चलते जीवन हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था। डॉक्टरों ने जांच के बाद ऑपरेशन की सलाह दी और परिजनों से करीब 55 हजार रुपये इलाज के नाम पर ले लिए गए। ऑपरेशन के बाद शुरू में हालत सामान्य बताई गई, लेकिन 24 घंटे बाद ही मरीज की तबीयत लगातार बिगड़ने लगी। परिजनों का आरोप है कि मरीज की स्थिति गंभीर होने के बावजूद निजी अस्पताल के डॉक्टरों ने उचित इलाज नहीं किया। जब मरीज की हालत और ज्यादा खराब हो गई तो उसे तत्काल बेहतर इलाज देने के बजाय लखनऊ रेफर कर दिया गया। इसके बाद परिजन मरीज सिराज को लेकर जिला अस्पताल पहुंचे, जहां उसका इलाज शुरू किया गया।

## रोजगार सेवकों का धरना, अधिकारी पर उत्पीड़न का आरोप



सिधौली (सीतापुर)। विकासखंड सिधौली में ग्राम रोजगार सेवकों ने अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी अर्चना सिंह पर उत्पीड़न और अभद्र व्यवहार का आरोप लगाते हुए सोमवार से अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। प्रदर्शन के दौरान सभी ग्राम रोजगार सेवक तहसील पहुंचे और एसडीएम न्यायिक को ज्ञापन सौंपकर निष्पक्ष जांच की मांग की।

ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी द्वारा कर्मचारियों के साथ अपमानजनक भाषा का प्रयोग किया जाता है तथा बिना कारण मानसिक दबाव बनाया जाता है। ग्राम रोजगार सेवकों का कहना है कि वे शासन की योजनाओं का संचालन पूरी निष्ठा और पारदर्शिता के साथ कर रहे हैं। इसके बावजूद उन्हें अनावश्यक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस संबंध में पूर्व में भी शिकायत की गई थी। लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। रोजगार सेवकों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो वे कार्य बहिष्कार को बाध्य होंगे। धरना प्रदर्शन के दौरान ब्लॉक कार्यालय परिसर में रोजगार सेवकों की भीड़ जुटी रही। इस मौके पर रोजगार सेवक संघ के अध्यक्ष अशोक मिश्र, कौशलेंद्र शर्मा, दिवाकर प्रसाद, अजीज अहमद, राजू लाल, अश्वनी कुमार, राजकुमार, धर्मेंद्र, संजय और अनिल कुमार सहित कई रोजगार सेवक मौजूद रहे।

## बाइकों की टक्कर में युवक की मौत

सफीपुर, उन्नाव। बाइकों की आमने सामने जोरदार टक्कर में बाइक चला रहे युवक की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। जबकि उस पर सवार मासूम सहित चार लोग घायल हो गये। घायलों में तीन की हालत गंभीर होने पर डॉक्टर ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया जिसमें एक की हालत चिंताजनक बताई जाती है। बाइक सवार एक जन्मदिन पार्टी में शामिल होने जा रहे थें मौत से जन्मदिन की खुशियां मातम में बदल गई। औरास थाना क्षेत्र के लालता खेड़ा गाँव निवासी छोटेलाल 27 पुत्र रामचंद्र सोमवार की शाम बाइक से बहन मालती 35 पत्नी पुरुषोत्तम निवासी अतरौली बिलग्राम हरदोई व 7 वर्षीय भांजे कृष्णा, भतीजी नैना 9 पुत्र नरेश को लेकर फतेहपुर चैरासी थाना क्षेत्र के जमुन्हिा कच्छ में ब्याही दूसरी बहन प्रीति पत्नी मनीष के बेटे के जन्मदिन कार्यक्रम में शामिल होने जा रहा था। अभी वह मियागंज मार्ग सफीपुर कोतवाली के गौरी गांव समीप पहुंचा ही था कि तेज रफ्तार बाइक ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में छोटेलाल, मालती, उसका बेटा कृष्णा, भतीजी नैना और दूसरी बाइक सवार आसीवन के उदशाह गाँव निवासी बसंत (35) पुत्र मंगल घायल हो गये पीछे दूसरी बाइक से आ रहे छोटेलाल के भाई राहुल ने आनन फानन घायलों को सीएचसी लेकर पहुंचे जहां डाक्टर ने छोटेलाल को मृत घोषित कर दिया। वहीं मामली कृष्णा और दूसरी बाइक सवार बसंत की गंभीर हालत होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जहां बसंत की हालत नाजुक बताई जाती है। छोटेलाल की मौत से जन्मदिन की खुशियां मातम में बदल गई। परिजनों और रिश्तेदारों का रो रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर कार्यवाही शुरू कर दी।

## जिला गंगा समिति और जिला पर्यावरण समिति की संयुक्त बैठक

फतेहपुर। विकास भवन सभागार में जिला गंगा समिति और जिला पर्यावरण समिति की संयुक्त बैठक मुख्य विकास अधिकारी पवन कुमार मीना की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में गंगा संरक्षण, कचरा प्रबंधन और पर्यावरणीय मुद्दों पर विस्तृत समीक्षा हुई। अधिकारियों को सख्त निर्देश जारी किए गए, जिसमें वेतन रोकने जैसी कार्रवाई भी शामिल है। ग्राम पंचायतों में कचरा संग्रहण पर नाराजगीविकास खंड भिटौरा, हसवा, विजयीपुर, बहुआ, ऐरायां, देवमई, मलवा, असोथर, धाता के सचिवों और एडीओ पंचायतों के वेतन पर पाबंदी लगाने के निर्देश दिए गए। पांच प्रतिशत परिवारों की कूड़ा कलेक्शन में वृद्धि न होने पर वेतन आहरण रोका जाएगा। खंड विकास अधिकारियों को संचालन की जिम्मेदारी सौंपी गई, अन्यथा विभागीय कार्रवाई की चेतावनी दी गई। निर्मल गंगा, अविरल गंगा, जन गंगा, ज्ञान गंगा, अर्थ गंगा अभियानों के तहत जन जागरूकता बढ़ाने और गंगा घाटों की नियमित सफाई सुनिश्चित करने के आदेश जारी हुए। कूड़ा उठान को भी नियमित बनाने पर जोर दिया गया। गंगा घाटों की समस्या पर त्वरित जांचसमिति सदस्यों ने ओम घाट, खुसरूपुर, हाजीपुर, पक्का घाट, देव घाट पर गंगा जल बहाव रुकने से दुर्गंध की शिकायत की। मुख्य विकास अधिकारी ने सिंचाई, सेतु निर्माण और वन विभाग की संयुक्त टीम गठित कर जांच कराने और रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। पर्यावरण समिति के प्रमुख निर्देशअधिशासी अधिकारियों को नगर पालिका नगर पंचायतों में निरीक्षण तेज करने और जागरूकता अभियान चलाने को कहा गया। पिछली बैठक की कार्यवाही की पुष्टि कर आगे की योजना पर चर्चा हुई। प्रमुख उपस्थित अधिकारीअपर जिलाधिकारी वित्त राजस्व अविनाश त्रिपाठी, जिला विकास अधिकारी, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, डीएफओ, डीसी मनरेगा, जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी, नमामि गंगे संयोजक शैलेन्द्र शरन सिंपल, जिला परियोजना अधिकारी ज्ञान तिवारी, खंड विकास अधिकारी और ईओ शामिल रहे।

## बदलते मौसम के चलते नाक, कान और गले के इंफेक्शन के मरीज बढ़े



उन्नाव। मौसम परिवर्तन से लोगों को नाक, कान और गले के इंफेक्शन का दर्द दे रहा है। इसकी वजह से जिला अस्पताल में ईएनटी विभाग में मरीजों की भीड़ बढ़ गई है। इस समय ओपीडी में 150-200 के करीब मरीज आ रहें हैं। इसके चलते ईएनटी सर्जन के कक्ष बाहर मरीजों की भीड़ रहती है। जिला अस्पताल की ओपीडी में रोजाना लगभग 1500 के करीब मरीज पहुंच रहें हैं। सोमवार को इलाज कराने आए मोहित ने बताया गले में खराश अधिक हो गई थी। जिसके कारण बोलने में दिक्कत हो रही थी। वहीं मीना न बताया कान में पानी आ रहा था जिससे कान में खुजलाहट बहुत हो रही थी। इसी तरह तमाम मरीज विभिन्न बीमारियों से परेशान दिखे। कोई कान में दर्द से परेशान था तो कोई गले की खरास के चलते बोल नहीं पा रहा था। सोमवार को सुबह नौ बजे से ही मरीजों की भीड़ ईएनटी सर्जन कक्ष के बाहर लग गई। ईएनटी सर्जन डॉ निरुपम अवस्थी ने बताया कि मौसम परिवर्तन होने की वजह से एलर्जी के मामले बढ़ जाते हैं। अगर एलर्जी है तो वह नाक, कान व गले को प्रभावित करती है।

## व्यवस्था को आदर्श बनाने के लिए बार और बेंच को मिलकर काम करना होगाः नीरज मिश्रा

महोली (सीतापुर)। तहसील महोली के बार एसोसिएशन के शपथ ग्रहण में मुख्य अतिथि विधायक शशांक त्रिवेदी के द्वारा अध्यक्ष चुने गए नीरज मिश्रा एवं हरिकरन दीक्षित को संयुक्त रूप से शपथ दिलाई गयी। इस दौरान कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे रामकुमार शुक्ला ने मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया और बार के सभी निर्वाचित पदाधिकारियों में



महासचिव विजय त्रिपाठी, कोषाध्यक्ष भूपेंद्र वर्मा आदि का शपथ ग्रहण कराया। डा0 मनोज दीक्षित ने कार्यक्रम का संचालन किया। इस मौके पर इल्डर्स कमेटी के अध्यक्ष रामाश्रय अवस्थी, पूर्व एमएलसी भरत त्रिपाठी, रामबाबू मिश्रा, प्रमोद बाजपेई सहित तमाम अधिवक्ता समारोह में मौजूद रहे। नवनिर्वाचित अध्यक्ष नीरज मिश्रा ने कहा हम अधिवक्ताओं को डबल बधाई देते है। क्योंकि वकीलों ने इतिहास लिख दिया है। हरिकरन दीक्षित ने सभी अधिवक्ताओं का आभार व्यक्त कर अधिवक्ता हाल की मांग की। पूर्व महासचिव अभय मिश्र ने राजस्व परिषद को मामलों में स्पष्ट दिशा निर्देश पारित कराने की बात कही, तो मनोज मिश्रा ने अपने विचार व्यक्त किए। राकेश त्रिपाठी ने कहा व्यवस्था को आदर्श बनाने के लिए बार और बेंच को मिलकर काम करना होगा। प्रमोद बाजपेई ने कहा अधिवक्ताओं पर यह बहुत बड़ा दायित्व है। बाहर और बेंच के समन्वय के लिए सार्थक प्रयास किए जाने चाहिए। एसडीएम देवेंद्र मिश्रा ने सभी को हर संभव मदद का आश्वासन दिया। तहसीलदार अंकुर यादव ने कहा नई कार्यकारिणी से बार तथा बेंच के बीच समन्वय बना रहेगा सभी वादकारियों को उचित न्याय मिलेगा। रामाश्रय अवस्थी ने अधिवक्ताओं को संत की तरह रहने तथा विधि व्यवस्थायें मंगाने की सलाह दी। भरत त्रिपाठी ने एक कवि की लाइनें पेश कर बताया, कोई चलता पग चिन्हों पर कोई पगचिह्न बनाता है। दो अध्यक्षों की व्यवस्था पर उन्होंने कहा कि देश-विदेश की यह नई व्यवस्था है। पढ़ना वकालत का सबसे जरूरी बिंदु है। इसी के साथ विधायक से एक बार लाइब्रेरी लाइब्रेरी की स्थापना की अपील की। विधायक शशांक त्रिवेदी ने कहा बार का यह शपथ अनोखा अनूठा है। यह एक नई चीज है जो भविष्य के लिए नजीर बन गई है। उन्होंने तहसील परिसर में बार लाइब्रेरी के लिए एसडीएम तथा तहसीलदार से जमीन उपलब्ध कराने की बात कही। रामकुमार शुक्ला ने सभी का आभार व्यक्त कर कार्यक्रम का समापन किया।

# आउटसोर्स कर्मियों के ईपीएफ ईएसआईसी अंशदान पर खड़े हुए सवाल

उन्नाव (वीओएल)। जनपद के बेसिक शिक्षा विभाग में कार्यरत आउटसोर्स कर्मियों के मानदेय से कर्मचारी भविष्य निधि (ईपीएफ) एवं कर्मचारी राज्य बीमा (ईएसआईसी) मद में की जा रही कटौती को लेकर प्रश्नचिह्न खड़े हो गए हैं।

कर्मियों का कहना है कि उनके वेतन से नियमित अंशदान काटा जा रहा है, किंतु उससे संबंधित विवरण, खाता संचालन अथवा लाभ की स्थिति स्पष्ट नहीं की जा रही है। कर्मचारियों के अनुसार, अधिकांश कर्मियों को अब तक न तो यूनिवर्सल अकाउंट नंबर (यूएएन) उपलब्ध कराया गया है और न ही ईपीएफ खाते की अधिकृत स्टेटमेंट या पासबुक दी गई है। इसी प्रकार, ईएसआईसी के अंतर्गत पंजीकरण और बीमा कार्ड उपलब्ध न होने से कर्मियों एवं उनके आश्रितों को चिकित्सा सुविधाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। मामला शिक्षक विधायक अरुण पाठक द्वारा विधान परिषद में भी उठाया जा चुका है। उन्होंने सदन में प्रश्न करते हुए जानना चाहा कि आउटसोर्स कर्मियों के वेतन से की जा रही कटौती किस आधार पर, किन प्रावधानों के अंतर्गत और किस प्रकार संबंधित खातों में जमा की जा रही है। प्राप्त उत्तर को अपूर्ण बताते हुए उन्होंने कहा कि वे शासन स्तर पर पुनः पत्राचार कर विस्तृत एवं बिंदुवार जानकारी मांगेंगे, ताकि कर्मियों के वैधानिक अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित की जा सके। कर्मचारियों का आरोप है कि वर्ष 2019 से विभिन्न मदों में अंशदान की कटौती की जा रही है, किंतु संबंधित एजेंसी अथवा विभाग द्वारा समुचित अभिलेखीय प्रमाण या ऑनलाइन सत्यापन योग्य विवरण उपलब्ध नहीं कराया गया है। श्रम एवं सामाजिक सुरक्षा से जुड़े प्रावधानों के अनुसार ईपीएफ एवं ईएसआईसी अंशदान की नियमित जमा, पंजीकरण और अभिलेखीय पारदर्शिता अनिवार्य है। कर्मचारियों ने मांग की है कि प्रत्येक कर्मी को उसका यूएएन, ईपीएफ खाता विवरण, जमा धनराशि का अद्यतन ब्यौरा तथा ईएसआईसी पंजीकरण एवं कार्ड तत्काल उपलब्ध कराया जाए। साथ ही, संबंधित फर्म एवं विभागीय अधिकारियों की जिम्मेदारी सुनिश्चित करते हुए स्थिति स्पष्ट की जाए। अब निगाहें विभागीय कार्रवाई पर टिकी हैं कि आरोपों की जांच कर पारदर्शिता स्थापित करने तथा कर्मियों को उनके विधिक अधिकारों का लाभ दिलाने हेतु क्या ठोस कदम उठाए जाते हैं।

### एमएलसी अरुण भी विभाग के जवाब से असंतुष्ट



ईपीएफ व ईएसआईसी के मामले पर जब एमएलसी अरुण पाठक से बात की गई तो उन्होंने बताया की मेरे द्वारा उठाए गए सवाल पर मंत्री जी के द्वारा रिपोर्ट आयी है लेकिन वह बात अपूर्ण लग रही है कि उसका खाता संख्या क्या है पैसा कहां जा रहा है। कुछ शिक्षकों का 10 वर्ष पूर्ण होने के बावजूद अब तक उनका चयन वेतनमान नहीं लगाया गया है और उन्हें ब्लॉक में मुख्यालय का हवाला दिया जाता है और मुख्यालय में ब्लॉक का हवाला दिया जा रहा है इस पर एमएलसी अरुण पाठक ने बताया की जो भी शिक्षकों के 10 वर्ष पूर्ण हो गए हैं और उनका चयन वेतनमान नहीं लगा है उनका नियमानुसार लगेगा उनका वेतनमान लगवाया जाएगा। बीएसए से इसको लेकर बात भी की जाएगी।

### क्या बोले निदेशक बेसिक शिक्षा

चयन वेतन मान लगने के बावजूद कुछ शिक्षकों को इसके लाभ से वंचित कर दिया गया है, इस पर प्रताप बघेल निदेशक बेसिक शिक्षा ने बताया कि इस मामले में हम स्वयं भी लगे हुए है। हो जाये व इसको जल्दी ही कराते है। इस बीएसए की कार्यशैली ठीक नही है। विभागीय लिखित जांच करा लेंगे।

### 6 ब्लॉक एमआईएस व 1 क्वालिटी कोऑर्डिनेटर का मानदेय 7 माह से लंबित

उन्नाव। जनपद में कार्यरत छह ब्लॉक एमआईएस कोऑर्डिनेटर और एक क्वालिटी कोऑर्डिनेटर को अगस्त 2025 से अब तक मानदेय का भुगतान नहीं किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मार्च 2025 तक नई फर्म का चयन किया जाना था, किंतु विभागीय हिलाहवाली के चलते चयन प्रक्रिया पूरी नहीं हो सकी। बाद में जिलाधिकारी उन्नाव के निर्देश पर मार्च 2025 तक कार्यरत पुरानी फर्म की समयावधि बढ़ाकर जुलाई 2025 तक कर दी गई। बताया जा रहा है कि शासन स्तर से इन कर्मचारियों का फरवरी 2026 तक का मानदेय अक्टूबर 2025 में ही जारी कर दिया गया था। इसके बावजूद दीपावली पर भी भुगतान नहीं किया गया और अब होली का त्योहार नजदीक आने तक भी मानदेय लंबित है। शासन स्तर पर होली से पूर्व वेतन एवं मानदेय भुगतान को लेकर चर्चा तेज है, ऐसे में इन कर्मचारियों की उम्मीदें और बढ़ गई हैं। महज 16,000 रुपये मासिक मानदेय पाने वाले ये कर्मचारी पिछले लगभग सात महीनों से भुगतान की प्रतीक्षा कर रहे हैं। मानदेय न मिलने से उनके परिवारों के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। कर्मचारियों का आरोप है कि उन्होंने कई बार उच्च अधिकारियों को अवगत कराया, लेकिन समस्या के समाधान के बजाय उन्हें स्थानांतरण या संविदा समाप्त करने जैसी चेतावनियां दी गईं। इस संबंध में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी उन्नाव से पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि फाइल ट्रेजरी भेज दी गई है। हालांकि कर्मचारियों का कहना है कि उनका भुगतान ट्रेजरी से नहीं, बल्कि पीपीए बनाकर सीधे फर्म के माध्यम से किया जाता है, ऐसे में ट्रेजरी से इसका कोई संबंध नहीं है। मामले को लेकर पूर्व विधानसभा अध्यक्ष हृदय नारायण दीक्षित द्वारा भी जिलाधिकारी को पत्र भेजा जा चुका है। वहीं शिक्षक विधायक राज बहादुर चंदेल एवं सदर विधायक पंकज गुप्ता से भी कर्मचारियों ने अपनी समस्या साझा की है। जनप्रतिनिधियों ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से वार्ता कर समाधान कराने का आश्वासन दिया है। अब देखना यह है कि प्रशासन होली से पहले इन कर्मचारियों को उनका लंबित मानदेय दिलाने के लिए क्या ठोस कदम उठाता है। इधर शिक्षकों के चयन वेतनमान का मामला उच्च अधिकारियों के संज्ञान में पहले से ही है। इसको लेकर वह गंभीर भी नजर आ रहे है। इतना ही नही उनका भी मानना है कि नवागत उन्नाव बीएसए शैलेश पाण्डेय जिम्मेदारियों के निर्वाहन में ढिलाई बरत रहे है या यूं कहे कि जिम्मेदारी संभाल नही पा रहे है। ऐसे में चर्चा यह भी सुनने को मिल रही है कि इसी तरह की लचर कार्यशैली रही तो भविष्य में उन पर कोई बडी कार्यवाही हो जाए।

संक्षेप

## मंदिर में शिव मूर्ति खंडित, श्रद्धालुओं में रोष

**ललितपुर।** कस्बा जाखलौन के एक प्राचीन मंदिर में बीती रात असामाजिक तत्वों द्वारा भगवान शिव की मूर्ति तोड़कर गायब कर दिए जाने की घटना से श्रद्धालुओं में भारी रोष व्याप्त हो गया। सुबह जब श्रद्धालु पूजा-अर्चना के लिए मंदिर पहुंचे तो खंडित मूर्ति देखकर आक्रोश फैल गया। सूचना मिलते ही रामधुन समिति के सदस्य और स्थानीय श्रद्धालु मंदिर पहुंचे तथा घटना का अवलोकन किया। इसके बाद समिति पदाधिकारी थाने पहुंचे और थाना प्रभारी को प्रार्थना पत्र देकर मामले की जांच कर दोषियों की शीघ्र गिरफ्तारी तथा उनके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की। समिति पदाधिकारियों ने कहा कि कस्बे में समय-समय पर सनातन मंदिरों और मूर्तियों के साथ इस प्रकार की घटनाएं हो रही हैं। यह लगातार तीसरी घटना बताई जा रही है, जिससे लोगों में नाराजगी बढ़ रही है। उन्होंने पुलिस प्रशासन से जल्द खुलासा कर आरोपियों पर सख्त कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और दोषियों की तलाश की जा रही है।

## स्टेशन के बाहर से मोटर साइकिल चोरी

**ललितपुर।** शहर के स्टेशन क्षेत्र में एक मोटर साइकिल चोरी का मामला सामने आया है। जीआरपी थाना में दर्ज रिपोर्ट के अनुसार नेहरू नगर निवासी राजेंद्र सिंह ने बताया कि बीती 10 फरवरी 2026 को रात करीब 10 बजे वह अपनी हौंडा ड्रीम मोटर साइकिल नंबर यूपी94 पी2237 से स्टेशन पर स्लिंगी का ऑर्डर देने गया था। उसने अपनी मोटर साइकिल प्रधानमंत्री जन औषधि केन्द्र के सामने खड़ी की थी, लेकिन जब वह वापस आया तो उसकी मोटर साइकिल वहां नहीं थी। राजेंद्र सिंह ने अपनी मोटर साइकिल की काफी खोजबीन की, लेकिन वह नहीं मिली। इसके बाद उसने जीआरपी थाना ललितपुर में रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जीआरपी पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ बीएनएस की धारा 303(2) के तहत मामला दर्ज किया है।

## फिल्म पर रोक लगाने की मांग

**ललितपुर।** अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा ने प्रदेश सरकार को पत्र लिखकर फिल्म यादव जी की लव स्टोरी पर प्रतिबंध लगाने की मांग की है। महासभा का आरोप है कि इस फिल्म में लड़की को यादव समाज (हिंदू धर्म) से और लड़के को मुस्लिम धर्म से दशार्या गया है, जिससे यादव समाज के लोगों में नाराजगी है। महासभा के जिलाध्यक्ष आधार सिंह यादव ने मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में कहा है कि उत्तर प्रदेश में उच्च न्यायालय के आदेश के अनुसार जाति आधारित सम्मेलनों, रैलियों पर रोक है।

इसके बावजूद कुछ लोग जाति और धर्म आधारित फिल्में बनाकर प्रदेश के शांत वातावरण को बिगाड ? का प्रयास कर रहे हैं। महासभा ने आह्वान किया है कि ऐसी किसी भी फिल्म को बनाया या चित्रित करने की अनुमति न दी जाए, जिससे किसी भी जाति या धर्म विशेष की भावनाएं आहत होती हों। महासभा ने फिल्म पर कड़ी कार्रवाई किए जाने की मांग की है। इस पत्र पर महासभा के कई पदाधिकारियों के हस्ताक्षर हैं, जिनमें जिलाध्यक्ष आधार सिंह यादव, महेंद्र भान सिंह, विजय सिंह यादव आदि शामिल हैं।

# ठगी का अंतर्राज्यीय आरोपी गिरफ्तार, रुपये बरामद



जिला संवाददाता

**बांदा।** कोतवाली नगर पुलिस ने ठगी, चोरी करने के शातिर अंतर्राज्यीय आरोपी को गिरफ्तार किया है। शहर कोतवाली क्षेत्र निवासी सुनील कुमार ने पुलिस को बीती 16 फरवरी को सूचना दी थी कि उसके साथ दो अज्ञात लोगो ने एटीएम में सहायता करने के बहाने टप्पेबाजी कर ली।

सूचना के बाद पुलिस ने तत्काल अभियोग पंजीकृत कर आरोपियों की पहचान व गिरफ्तारी के प्रयास शुरू कर दिए। तकनीकी साक्ष्यों, सीसीटीवी फुटेज, घटनास्थल से मिले भौतिक साक्ष्य और अन्य तकनीकी साक्ष्यों का बारीकी से परीक्षण किया गया। इसके पश्चात मुखबिर की सूचना के जरिए आरोपी की पहचान की गयी और उमेश पुत्र हरिकेश निवासी काछा बोधराम का पुरवा थाना जठवारा जनपद प्रतापगढ़ को पल्हरी नहर रोड बड़ा बाईपास से सोमवार को गिरफ्तार कर लिया। पूंछताछ में आरोपी ने स्वीकार किया कि वह एक अन्य साथी रवि उर्फ भीमा के साथ 16 फरवरी को छलपूर्वक एटीएम बदलकर चोरी की घटना की थी। आरोपी एटीएम मशीनों के आस-पास पहले से मौजूद रहकर पैसे निकालने में असमर्थ अथवा सहायता मांगने वाले लोगों को झांसे में लेता था और इसी दौरान बेहद चतुराई से एटीएम कार्ड बदल लेता था। बातचीत के दौरान मानसिक दबाव बनाकर पिन नंबर पूंछ लेता था और इसके बाद आरोपी अलग-अलग एटीएम मशीनों से लोगों के खातों से धनराशि निकाल लेता था। गिरफ्तार आरोपी के पास से चोरी के 19500 रुपये बरामद हुए हैं। दूसरे आरोपी रवि उर्फ भीमा की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं। गिरफ्तार करने वाली टीम में चैकी प्रभारी मंडी समिति आशुतोष त्रिपाठी, कांस्टेबल अनुराग यादव व मनीष शुक्ला रहे।

# विधिक सेवा प्राधिकरण, जिला प्रशासन का शिविर



**बांदा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने रानी दुर्गावती मेडिकल कॉलेज प्रेक्षागृह में जिला प्रशासन के सहयोग से विधिक सेवा एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया। शिविर का उद्घाटन मुख्य अतिथि जनपद न्यायाधीश अल्पना ने किया। शिविर का मुख्य उद्देश्य लोगों को उनके कानूनी अधिकारों की जानकारी और निःशुल्क कानूनी सेवाओं के साथ ही केन्द्र एवं राज्य सरकार की संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी देना था।

शिविर में जनपद न्यायाधीश एवं जिलाधिकारी जे0 रीभा ने लोगों और अनेक विभागों से आए पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लेने के लिए प्रोत्साहित किया। शिविर में अनेक विभागों के 45 स्टॉल लगाए गये थे। मुख्य अतिथि जिला जज ने फीता काटकर उद्घाटन किया। शिविर में करीब 800 लोग मौजूद रहे। इस दौरान 123 चिन्हित लाभार्थियों को प्रमाण पत्र, डेमो चेक और विकलांग ट्राई साइकिल वितरित की गयी। इस दौरान प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय प्रदीप सिंह, डीएम जे0 रीभा, एसपी पलाश बंसल, विशेष न्यायाधीश भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम चंद्रपाल द्वितीय, प्रथम अपर जिला जज, डॉ विकास श्रीवास्तव, मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार पाण्डेय व सुनील कुमार कौशल, प्रधानाचार्य मेडिकल कॉलेज मौजूद रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में नोडल अधिकारी, अपर जिला जज श्रीपाल सिंह, प्रभारी सचिव अर्पिता सिंह प्रथम, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण व न्याय विभाग के अनेक कर्मचारियों का योगदान रहा। प्रभारी सचिव ने शिविर के सफल आयोजन के लिए जिला प्रशासन व मीडिया का आभार जताया।

# अस्पताल में लगने थे सीसीटीवी कैमरे, निजी हाथों में बेच दिये

जिला संवाददाता

**ललितपुर।** थाना कोतवाली क्षेत्र में एक व्यवसायी के साथ धोखाधड़ी और धमकी का मामला सामने आया है। पीड़ित आजादपुरा निवासी नीरभ जैन पुत्र सुमतचंद जैन ने थाना कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि मृदुल जैन उर्फ चीकू पुत्र मनोज कुमार जैन निवासी सरायपुरा ने उसके साथ धोखाधड़ी की है। पीड़ित ने बताया कि वह बेस्ट डील दुकान के नाम से कंप्यूटर और सीसीटीवी का व्यापार करता है। उसे जिला अस्पताल ललितपुर में सीसीटीवी कैमरा लगाने का काम मिला था, जिसके लिए उसने मृदुल जैन को सीसीटीवी का सामान अस्पताल में लगाने के लिए दिया था, लेकिन मृदुल जैन ने तय समय के अंदर कार्य पूरा नहीं किया और जब पीड़ित ने कार्य की प्रगति देखने गया तो पता चला कि

**पुलिस ने व्यापारी की तहरीर पर नामजदों पर दर्ज की एफआईआर**

जितना सामान पीड़ित ने मृदुल जैन को दिया था, उतना सामान न तो मौके पर लगा था और न ही मौके पर मौजूद था। जब पीड़ित ने मृदुल जैन से पूछा तो पता चला कि बहुत सा सामान पीड़ित की जानकारी के बगैर अन्य व्यक्तियों से पैसा लेकर उनके यहां लगा दिया गया है और पीड़ित के साथ छल किया गया है। पीड़ित ने उन व्यक्तियों के बारे में पूछा तो मृदुल जैन ने कई लोगों के नाम बताए। उक्त कृत्य से पीड़ित का व्यवसाय प्रभावित हुआ है और उसे एक लाख रुपये से अधिक की क्षति हुई है।

जब पीड़ित ने मृदुल जैन से अपना सामान या उसके एवज में सामान का पैसा मांग तो मृदुल जैन और उसके पिता मनोज जैन एवं उनके साथ अन्य व्यक्तियों ने पीड़ित के साथ गाली-गलौज की और जान से मारने की धमकी दी।

पुलिस ने नीरभ जैन की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 316 (2), 352, 351 (3) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

# विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में खेलों की महत्वपूर्ण भूमिकाः खैर

जिला संवाददाता



**ललितपुर।** नेहरू महाविद्यालय में दो दिवसीय वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिताओं का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन एवं श्री हनुमानजी के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। कार्यक्रम में एथलीटों को खेल भावना की शपथ दिलाई गई। उद्घाटन प्रबंध समिति अध्यक्ष शरद खैरा, उप मंत्री हरदयाल

**नेहरू महाविद्यालय में दो दिवसीय वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिताओं का शुभारंभ**

सिंह लोधी, प्राचार्य प्रो.ओमप्रकाश शास्त्री एवं प्रो. अनिल सूर्यवंशी ने संयुक्त रूप से किया। इस दौरान प्रबंध समिति अध्यक्ष शरद खैरा ने कहा कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में खेलों की महत्वपूर्ण भूमिका है। खेल न केवल शारीरिक विकास करते हैं बल्कि जीवन की चुनौतियों का सामना करने की क्षमता भी बढ़ाते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से अध्ययन के साथ नियमित खेल अभ्यास करने का आह्वान किया। प्राचार्य प्रो. ओमप्रकाश शास्त्री ने कहा कि भारत में प्राचीन काल से शतरंज, कबड्डी, धनुर्विद्या जैसे खेलों को विशेष स्थान मिला है। हमें पारंपरिक खेलों के प्रति रुचि विकसित कर देश का नाम विश्व स्तर पर ऊंचा करना चाहिए। उप मंत्री हरदयाल सिंह लोधी एड. ने कहा कि विद्यार्थियों के जीवन में पढ़ाई जितनी आवश्यक है, उतने ही खेल भी महत्वपूर्ण हैं। खेलों से अनुशासन और संघर्षशीलता विकसित होती है। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के विभाग संगठन मंत्री हरिओम जी ने विद्यार्थियों से अध्ययन के साथ खेलों में सक्रिय भागीदारी की अपील की। क्रीड़ाधिकारी प्रो.अनिल सूर्यवंशी ने बताया कि पहले दिन विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित हुईं। 100 मीटर दौड़ (छात्र वर्ग) में अमन प्रथम, वीरपाल सिंह द्वितीय व सुरेन्द्र तृतीय रहे, जबकि छात्रा वर्ग में साक्षी बुन्देला प्रथम, सपना कुशवाहा द्वितीय व अंगिता तृतीय रहीं। 200 मीटर दौड़ में छात्र वर्ग में अमन प्रथम, आर्यन लोधी द्वितीय व नितिन यादव तृतीय रहे तथा छात्रा वर्ग में बबीता प्रथम, खुशबू द्वितीय व नेहा राजपूत तृतीय रहीं। 400 मीटर दौड़ में छात्र वर्ग में आर्यन लोधी प्रथम, अरविन्द राय द्वितीय व विशाल परिहार तृतीय रहे, जबकि छात्रा वर्ग में बबीता प्रथम, राजा बेटी द्वितीय व अंकिता तृतीय रहीं। इसके अलावा गोला फेंक, ऊंची कूद, लंबी कूद, भाला फेंक, डिस्कस थ्रो व 800 मीटर दौड़ सहित अन्य प्रतियोगिताएं भी संपन्न हुईं, जिनमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में महाविद्यालय के अनेक प्राध्यापकों व कर्मचारियों ने सहयोग दिया। समारोह का संचालन डा. दीपक पाठक ने किया तथा अंत में क्रीड़ाधिकारी प्रो. अनिल सूर्यवंशी ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

# चकबंदी में ग्राम क्योलारी को सूची में शामिल करने की मांग



**ललितपुर।** तहसील पाली क्षेत्र के ग्राम क्योलारी के ग्रामीणों ने गांव में चकबंदी लागू कराने की मांग को लेकर जिलाधिकारी को सामूहिक प्रार्थना पत्र सौंपा है। ग्रामीणों का कहना है कि खेत छोटे-छोटे टुकड़ों में बंटे होने के कारण खेती-किसानी में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों द्वारा दिए गए प्रार्थना पत्र में उल्लेख किया गया है कि ग्राम क्योलारी की अधिकांश कृषि भूमि बिखरी हुई और अलग-अलग स्थानों पर स्थित है। इसके चलते किसानों को जुताई, बुवाई, सिंचाई और फसल की देखरेख के दौरान अतिरिक्त समय और खर्च वहन करना पड़ता है। कई बार खेतों तक ट्रैक्टर और अन्य कृषि यंत्र ले जाना भी मुश्किल हो जाता है, जिससे खेती की लागत बढ़ रही है और उत्पादन प्रभावित हो रहा है। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि गांव के कुछ किसानों की जमीन दूसरों के कब्जे में बंटी हुई है, जिससे भूमि पर स्वामित्व और उपयोग को लेकर विवाद की स्थिति बनती रहती है। ऐसे में चकबंदी होने से सभी किसानों की भूमि एक जगह समेकित हो जाएगी और वे अपनी पूरी जमीन पर व्यवस्थित ढंग से खेती कर सकेंगे। प्रार्थना पत्र में कहा गया है कि यदि ग्राम क्योलारी को चकबंदी गांवों की सूची में शामिल कर दिया जाए तो न केवल खेती आसान होगी, बल्कि किसानों की आय बढ़ाने में भी मदद मिलेगी। ग्रामीणों ने प्रशासन से जल्द सर्वे कराकर गांव को चकबंदी योजना में शामिल करने की मांग की है। इस संबंध में अधिकारियों का कहना है कि ग्रामीणों का प्रार्थना पत्र प्राप्त हुआ है। नियमानुसार परीक्षण कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। ग्रामीणों को उम्मीद है कि प्रशासन उनकी समस्या को गंभीरता से लेते हुए शीघ्र निर्णय करेगा, जिससे वर्षों से चली आ रही खेती संबंधी परेशानियों से राहत मिल सके।

# जयपुर से कन्याकुमारी तक 7800 किमी साइकिल यात्रा पर निकलीं आशा

जिला संवाददाता



**ललितपुर।** मध्य प्रदेश के राजगढ़ जिले की निवासी आशा मालवीय नारी शक्ति, देशभक्ति और अदम्य साहस का संदेश लेकर 7800 किलोमीटर की साइकिल यात्रा पर निकली हैं। जयपुर से शुरू हुई उनकी यात्रा गुजरात होते हुए कन्याकुमारी तक जाएगी। ललितपुर पहुंचने तक वह लगभग 3100 किलोमीटर की दूरी तय कर चुकी हैं। कलेक्ट्रेट परिसर में जिलाधिकारी सत्य प्रकाश ने आशा मालवीय का उत्साहवर्धन करते हुए उनके साहसिक प्रयास की सराहना की।

उन्होंने कहा कि नारी शक्ति यदि संकल्प ले तो कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं है और सरकार महिलाओं के

**ललितपुर में डीएम सत्य प्रकाश ने कलेक्ट्रेट में किया उत्साहवर्धन**

सशक्तिकरण के लिए विभिन्न क्षेत्रों में निरंतर कार्य कर रही है।

इस अवसर पर डीएम ने उन्हें जनपद के पर्यटन चित्र भेंट कर उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। आशा मालवीय ने बताया कि उन्होंने फिजिकल एजुकेशन में पीजी किया है और वह लंबे समय से युवाओं, विशेषकर महिलाओं को फिटनेस और आत्मनिर्भरता के लिए प्रेरित करती रही हैं।

उन्होंने कहा कि उनकी यात्रा का उद्देश्य महिलाओं में आत्मविश्वास, साहस और राष्ट्रप्रेम की भावना को मजबूत करना है। कठिन मौसम और लंबी दूरी जैसी चुनौतियों के बावजूद आशा का उत्साह बरकरार है। ललितपुर पहुंचने पर स्थानीय लोगों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। आशा का कहना है, यदि हौसले बुलंद हों तो कोई भी मंजिल दूर नहीं।

# राष्ट्रीय सेवा योजना विशेष शिविर का समापन नशा मुक्ति अभियान के साथ युवाओं ने लिया संकल्प




**ललितपुर।** राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई (प्रथम व द्वितीय) के सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन नशा मुक्ति अभियान के सशक्त संदेश के साथ उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ। समापन समारोह में मुख्य अतिथि, प्राचार्य, कार्यक्रम अधिकारी, समस्त स्टाफ तथा स्वयंसेवकों की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराते हुए स्वस्थ, जागरूक और जिम्मेदार समाज के निर्माण हेतु प्रेरित करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि ओमप्रकाश चैधरी (राष्ट्रीय सेवा योजना नोडल केंद्र ललितपुर), डॉ0 सौरभ यादव (प्रबंध निदेशक पहलवान गुरुदीन ग्रुप ऑफ कॉलेज ललितपुर), डॉ0 ऑचल यादव (प्राचार्या नर्सिंग विभाग) डॉ0 महेश कुमार झा (प्राचार्य पहलवान गुरुदीन प्रशिक्षण महाविद्यालय), असि0प्रो0 रामलाल रायकवार (कार्यक्रम अधिकारी द्वितीय इकाई) एवं असि0प्रो0 गंगाराम विश्वकर्मा (कार्यक्रम अधिकारी प्रथम इकाई) ने किया।

तत्पश्चात स्वयंसेवकों ने स्वागत गीत एवं प्रेरणादायक समूहगान प्रस्तुत किया। कार्यक्रम अधिकारी असि0 प्रो0 रामलाल रायकवार ने शिविर की संक्षिप्त आख्या प्रस्तुत करते हुए बताया कि सात दिवसीय विशेष शिविर के दौरान स्वच्छता अभियान, पर्यावरण संरक्षण, मतदाता जागरूकता, महिला सशक्तिकरण, ग्राम भ्रमण तथा स्वास्थ्य परीक्षण जैसे विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। समापन दिवस को विशेष रूप से ह्लनशा मुक्ति जागरूकता दिवसह्व के रूप में मनाया गया। मुख्य अतिथि ओमप्रकाश चैधरी (नोडल राष्ट्रीय सेवा योजना ललितपुर) ने अपने संबोधन में कहा कि युवा यदि संकल्प लें तो नशा मुक्त समाज का निर्माण संभव है। उन्होंने स्वयंसेवकों से आह्वान किया कि वे अपने गांव एवं मोहल्लों में जागरूकता फैलाकर इस अभियान को जन-जन तक पहुंचाएं। प्राचार्य डॉ0 महेश कुमार झा ने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल डिग्री प्राप्त करना नहीं, बल्कि चरित्र निर्माण और सामाजिक उत्तरदायित्व का निर्वहन करना है। समापन अवसर पर स्वयंसेवकों द्वारा नशा मुक्ति पर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया, जिसमें एक परिवार की कहानी के माध्यम से दिखाया गया कि किस प्रकार नशा व्यक्ति को पतन की ओर ले जाता है और परिवार को संकट में डाल देता है। कार्यक्रम के अंतर्गत एक जागरूकता रैली भी निकाली गई। स्वयंसेवकों ने हाथों में तख्तियां लेकर पूरे गांव में भ्रमण किया और नशा मुक्ति के नारों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया। ग्रामीणों ने भी इस पहल की सराहना की और युवाओं के इस प्रयास को प्रेरणादायक बताया। कई ग्रामीणों ने सार्वजनिक रूप से नशा छोड़ने की घोषणा भी की। स्वास्थ्य विशेषज्ञ डॉ0 ऑचल यादव (प्राचार्या नर्सिंग) विभाग द्वारा आयोजित विशेष व्याख्यान में बताया गया कि नशा शरीर के विभिन्न अंगोंकृविशेषकर फेफड़ों, हृदय और यकृतकृपर गंभीर प्रभाव डालता है।

## डंप पड़े धान की खरीद का समय बढ़ाने की मांग



**बांदा।** अध्यक्ष बी-पैक्स अतर्रा ने जिलाधिकारी, एसडीएम, जिला खाद विपणन अधिकारी, क्षेत्रीय प्रबंधक पीसीएफ व जिला खरीद अधिकारी, अपर जिलाधिकारी को पत्र भेजकर किसानों का धान खरीदने के लिए समय बढ़ाने की मांग की है। अध्यक्ष का कहना है कि अतर्रा में बी-पैक्स मंडी समिति में धान खरीद केन्द्र चल रहा है। समिति में क्षेत्र की लगभग 14 ग्राम पंचायतें संबद्ध हैं और लगभग 2 हजार किसान समिति के सदस्य हैं। यह समिति के स्थाई ग्राहक तथा ऋण धारक हैं। उन्होने अपना धान समिति के विक्रय केन्द्र में बेंचने के लिए रखा हुआ है। समिति में लगभग 10 हजार कुंटल धान की खरीद हुई है जबकि 1200 कुंटल धान रखा है। महज 5 दिन खरीद का समय बचा है जिससे समिति क्रय केन्द्र द्वारा अधिकृत मात्र 100 कुंटल ही खरीद हो रही है जिससे किसानों में अनिश्चितता की स्थिति उत्पन्न हो रही है और इससे कानून व्यवस्था बिगड़ सकती है। अध्यक्ष बी-पैक्स का यह भी कहना है कि क्रय केन्द्र में धान होने के बावजूद केन्द्र की क्रय मशीन 20 जनवरी से अचानक बंद कर दी गयी है फिर 19 फरवरी को मात्र 100 कुंटल के लिए खोली गयी है। उन्होने जिलाधिकारी से अनुरोध किया है कि क्षेत्र के किसानों की समस्या को देखते हुए क्रय मात्रा 300 कुंटल रोजाना की जाए अथवा रखा धान विपणन केन्द्र में रखवाया जाए।

## अवैध तरीके से किये गये निर्माण कार्य को तोड़ने का आरोप, केस दर्ज

**ललितपुर।** थाना कोतवाली क्षेत्र के आजादपुरा में एक व्यक्ति के निर्माण कार्य को दबंगों द्वारा तोड़ने का मामला सामने आया है। पीड़ित मोहल्ला आजादपुरा निवासी ओमेन्द्र सिंह तनय स्व.अजित सिंह एवं मनीष नायक तनय स्व. कैलाशचन्द्र निवासी छत्रसालपुरा थाना कोतवाली जिला ललितपुर ने थाना कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 22 फरवरी 2026 की रात 02.32 बजे मोहल्ला रावतयाना निवासी रूपचंद्र उर्फ रुपेश साहू पुत्र हल्काई द्वारा अपने साथियों के साथ गुंडागर्दी करते हुए अवैध रूप से तोडफोड़ की गई। पीड़ित ने बताया कि वह अपने मकान नंबर पुराना 245 नया 294 आराजी संख्या- 4804 मेंकाबिजहै। इस कब्जे के संबंध में विपक्षी पवनसिंह आदि से आराजी संख्या- 4794/1 विवाद हुआ था, जिसमें राजस्व विभाग द्वारा पक्ष निर्णय किया गया था। राजस्व द्वारा किए गए निर्णय के बाद निर्माण कार्य चल रहा था, लेकिन रूपचंद्र साहू और उसके साथियों ने अवैध रूप से तोडफोड़ कर दी, जिससे निर्माण कार्य में लगभग 1 लाख 20 हजार रुपये का नुकसान हुआ। पीड़ित ने आरोप लगाया है कि रूपचंद्र साहू दबंग किस्म का भू-माफिया है, जो लैंड माफिया बनाकर जमीनों को फर्जी तरीके से खरीद-फरोख्त करता है। जब पीड़ित ने काम रोकने को कहा तो रूपचंद्र साहू ने गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने उक्त लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 324(5), 352 और 351(3) के तहत मामला दर्ज किया है।

## पौधरोपण समिति की बैठक, शत-प्रतिशत करायें जियो टैगिंग




**बांदा।** कलेक्ट्रेट सभागार में जिला वृक्षारोपण समिति की बैठक मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार पाण्डेय की उपस्थिति में हुई। सीडीओ ने कराए गये वृक्षारोपण की शत-प्रतिशत जियो टैगिंग कराए जाने के निर्देश दिए। उन्होने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह कार्यालय कैंपस और स्थान चिन्हित कर वृक्षारोपण जरूर कराएं साथ ही वृक्षों को सुरक्षित रखने के लिए जरूरी व्यवस्था की जाए। उन्होने वृक्षारोपण के लिए सत्यापन की रिपोर्ट तत्काल प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। ग्रीन चैपाल के गठन के बारे में भी उन्होने जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देश दिए साथ ही वेटलैण्ड सीमांकन कराए जाने के संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिए। जिला पर्यावरण समिति की बैठक में सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट के तहत अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका और नगर पंचायत को निर्देश दिए कि सड़क किनारे कचरा न फेंका जाए तथा उसका उचित निस्तारण कराया जाए। सीडीओ ने आरआरसी सेंटरों के निर्माण की समीक्षा की। निर्देश दिए कि अवशेष आरआरसी सेंटरों का शीघ्र निर्माण एवं संचालन कराया जाए। उन्होने प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट के लिए पतली पॉलीथीन की रोक के लिए अभियान चलाकर कार्रवाई करने, ग्राम गंगा समितियों का गठन करने, प्राकृतिक एवं जैविक खेती को बढ़ावा देने व सीवेज की व्यवस्था के तहत नहरों में गंदा पानी न जाए इसके लिए प्रदूषण नियंत्रण विभाग के अधिकारियों को शहर के निम्नी नाला व करिया नाला के प्रदूषण की जांच कर शीघ्र रिपोर्ट देने के निर्देश दिए। बैठक में प्रभागीय वनाधिकारी, वानिकी अरविंद कुमार, जिला पंचायत राज अधिकारी व अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## डिग्री कॉलेज छात्र स्वयं पोर्टल पर 28 तक करायें रजिस्ट्रेशन

**बांदा।** जवाहर लाल नेहरू महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर यश कुशवाहा ने एम. ए., एम एस सी, बीए व बीएससी प्रथम वर्ष व सेकेंड सेमेस्टर के छात्रों से कहा है कि अप्रैल में होने वाली परीक्षाओं के लिए माइनर पेपर भारत सरकार के स्वयं पोर्टल पर कराया जाना है। इसके लिए सभी छात्रों को स्वयं पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन कराकर विश्व विद्यालय के निर्धारित माइनर पेपर में से कोई एक कोर्स ज्वाइन कर उसे निर्धारित समय में ऑनलाइन पूरा कराने के लिए 30 नंबर का निर्धारण स्वयं पोर्टल के जरिए होगा। 70 नंबर के इस पेपर की परीक्षा विश्व विद्यालय के सेकेंड सेमेस्टर के साथ कराई जाएगी। उन्होने बताया कि स्वयं पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि 28 फरवरी है और यह किसी भी दशा में बढ़ाई नही जाएगी। उन्होने कहा कि छात्र शीघ्र ही स्वयं पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन करें और विस्तृत जानकारी के लिए कॉलेज के टेलीग्राम ग्रुप को ज्वाइन करें जिसमें पूरी जानकारी के लिए पीडीएफ मौजूद है। बताया कि पीडीएफ में उपलब्ध फार्म को रजिस्ट्रेशन के उपरांत भरकर महाविद्यालय के कम्प्यूटर कक्ष में जमा करें ताकि इसकी सूचना विश्व विद्यालय को यह परीक्षा कराए जाने के लिए भेजी जा सके।

## एसपी ने की जनसुनवाईए शिकायतों के निस्तारण के दिए निर्देश



**महोबा।** पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह द्वारा 23 फरवरी 2026 को जनपदवासियों की समस्याओं के निस्तारण एवं त्वरित न्याय दिलाये जाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कार्यालय में जनसुनवाई की गयी। जनसुनवाई के दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा प्राप्त शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए प्रत्येक फरियादी को निष्पक्ष व गुणवत्तापूर्ण समाधान का आश्वासन दिया गया। उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी शिकायतों का निस्तारण समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से किया जाए ताकि आमजन का पुलिस पर विश्वास और अधिक मजबूत हो। जनसुनवाई के दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं को सशक्त बनाने एवं उन्हें सुरक्षित वातावरण प्रदान किये जाने के उद्देश्य से उपस्थित महिला फरियादियों से संवाद कर उनको जागरूक करते हुए महिलाओं को उनकी सुरक्षाए अधिकारों एवं शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया के संबंध में जानकारी दी गई तथा उन्हें निडर होकर अपनी बात रखने हेतु प्रेरित किया गया। उन्होंने कहा कि जनपद पुलिस आमजन की सुरक्षाए न्याय एवं सेवा के लिए समर्पित है।

# ट्रंप, टैरिफ, अनिश्चितता

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप की टैरिफ से पूरी दुनिया परेशान है। ट्रंप कानून-कायदे पर चलते नहीं और अमरीक का संविधान किसी को मनमानी की छूट नहीं देता। सर्वोच्च न्यायालय ने ट्रंप प्रशासन द्वारा लगाये गये शुल्कों को लेकर जो निर्णय दिया है उसे राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप के दूसरे कार्यकाल में अब तक का सबसे बड़ा झटका करार दिया जा सकता है। इससे यह भी पता चलता है कि जरूरी नहीं कि प्रशासन द्वारा लिए गए सभी निर्णयों को न्यायिक मंजूरी मिल जाये। आवश्यकता होने पर न्यायालय अपनी स्वतंत्रता का प्रदर्शन कर सकता है। न्यायालय ने गत सप्ताह कहा था कि राष्ट्रपति के पास अंतरराष्ट्रीय आपात आर्थिक अधिकार अधिनियम (आईईईपीए) के अंतर्गत शुल्क लगाने का अधिकार नहीं है। अदालत ने उल्लेख किया कि जब अमेरिकी कांग्रेस शुल्क लगाने की शक्ति प्रदान करती है, तो वह इसे स्पष्ट रूप से प्रदान करती है। आईईईपीए के मामले में ऐसा नहीं था। किसी भी राष्ट्रपति ने कभी इसका उपयोग शुल्क लगाने के लिए नहीं किया था। जाहिर है कि ट्रंप को यह निर्णय पसंद नहीं आया और उन्होंने इसे अपमानजनक करार दिया। उन्होंने लगभग तुरंत ही 1974 के व्यापार अधिनियम की धारा 122 के तहत 10 फीसदी शुल्क लगा दिया और फिर इसे बढ़ाकर 15 फीसदी कर दिया गया। यह प्रावधान राष्ट्रपति को 150 दिनों तक अधिकतम 15 फीसदी शुल्क लगाने की अनुमति देता है ताकि बड़े भुगतान संतुलन घाटे का समाधान किया जा सके। टैरिफ ट्रंप के एजेंडे का केंद्रीय हिस्सा है और उनकी नजर में इनका इस्तेमाल कई आर्थिक और रणनीतिक समस्याओं को हल करने के लिए किया जा सकता है। बुनियादी स्तर पर, उनका मानना है कि वर्षों से व्यापारिक साझेदारों ने अमेरिका के साथ न्यायपूर्ण व्यवहार नहीं किया है, और बड़ा व्यापार घाटा इसी अन्याय का परिणाम है। तथाकथित जवाबी शुल्क अमेरिका के व्यापार घाटे को दूर करने और विनिर्माण नौकरियों को वापस लाने के लिए लगाए गए थे। शुल्क का उपयोग केवल व्यापार घाटे के समाधान तक सीमित नहीं था। इन्हें उन देशों को दंडित करने के लिए भी इस्तेमाल किया गया जिन्हें कथित तौर पर अमेरिका को अवैध नशीली दवाएं निर्यात करने वाला माना गया, और भारत को रूसी तेल खरीदने से हतोत्साहित करने के लिए भी। कहा गया कि इससे यूक्रेन युद्ध समाप्त करने में मदद मिलेगी। ट्रंप ने यूरोप पर भी उच्च शुल्क लगाने की धमकी दी अगर यूरोप ने ग्रीनलैंड के अधिग्रहण का विरोध किया। अपने पहले कार्यकाल में उन्होंने शुल्क का अधिक चयनात्मक उपयोग किया था और इन्हें विशिष्ट वस्तुओं और देशों पर लगाया था, जिसे अदालत में बचाव किया जा सकता था। लेकिन इस बार उन्होंने सीमा से बहुत आगे बढ़कर काम किया। यह स्पष्ट नहीं है कि अमेरिकी व्यवसाय शुल्क का भुगतान वापस पा सकेंगे या नहीं। किसी भी स्थिति में, शुल्क संग्रह में संभावित गिरावट ने राजकोषीय चिंताएं बढ़ा दी हैं। ट्रंप लगातार शुल्क लगाने के नये तरीकों की तलाश करते रहेंगे। हालांकि, यह कहना उचित होगा कि समझौतों पर बातचीत में अमेरिकी प्रशासन के पास जो दबदबा था, वह कमजोर हुआ है। कम से कम फिलहाल तो ऐसा ही नजर आ रहा है। साथ ही उन समझौतों में से कुछ पुनः वार्ता के लिए खुले रहेंगे। भारत ने भी हाल ही में अमेरिका के साथ एक व्यापार समझौता के तहत 18 फीसदी अमेरिकी शुल्क स्वीकार किए हैं। यह देखना बाकी है कि अदालत का निर्णय और प्रशासन की बाद की कार्रवाइयां व्यापार समझौते के अंतिम क्रियान्वयन को कैसे प्रभावित करती हैं, क्योंकि सूक्ष्म विवरण अभी तय होने बाकी हैं। यद्यपि सरकार घटनाक्रम पर नजर रख रही है, अधिकांश व्यापारिक साझेदारों की तरह अब भारत अपेक्षाकृत बेहतर स्थिति में होगा। न्याय की दृष्टि से देखें तो, अमेरिका द्वारा शुरू किए गए शुल्क और व्यापार व्यवधानों ने कई देशों को वैकल्पिक बाजार खोजने और नए गठबंधन बनाने के लिए मजबूर किया। भारत ने भी पिछले वर्ष रचनात्मक कदम उठाए और कई व्यापार समझौते शुरू किए और पूरे किए, जिनमें लंबे समय से प्रतीक्षित यूरोपीय संघ के साथ समझौता भी शामिल है। इसके अलावा, उत्पादकता और व्यापारिक परिस्थितियों में सुधार के उद्देश्य से आंतरिक सुधारों को आगे बढ़ाने के लिए कई उपाय किए गए। यह महत्त्वपूर्ण होगा कि ऐसे प्रयास बिना रुके जारी रहें। यह भारत के लिए वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं में एकीकृत होने और उभरते अवसरों का लाभ उठाने के लिए अत्यंत आवश्यक होगा।



**ट्रंप की मनमानी टैरिफ नीति अमरीका के साथ ही पूरी दुनिया के लिए परेशानी व अस्थिरता का कारण बनी है।**

विचार

पत्नी पुरुष की अर्धांगिनी और परम मित्र है। संसार में जिसका कोई सहायक न हो, उसकी पत्नी ही जीवन यात्रा में सहायता करती है।

–महाभारत.

जगत सर्वथा मिथ्या है। यह केवल स्वप्न है। केवल मारीचिका है। सृष्टि की रचना करके ईष्वर स्वयं अपने को प्रकट करता है।

–रवीन्द्रनाथ ठाकुर.

मनुष्य में जिज्ञासा दरअसल तेज बुद्धि का एक स्थायी और सुनिश्चित गुण होता है।

–सैम्युअल जानसन.

विपत्ति आने पर अपनी रक्षा के लिए व्यक्ति को अपने पड़ोसी शत्रु से भी मेल कर लेना चाहिए।

–वेदव्यास.

जो व्यक्ति संसार की पिपासा–तृष्णा से रहित है, उसके लिए कुछ भी कठिन नहीं है।

– महावीर.

# सामरिक रिश्तों को धार देते भारत-फ्रांस



अरविन्द जयतिलक

**राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रो की भारत यात्रा ने एक बार फिर रेखांकित किया है कि बदलते वैश्विक परिदृश्य में दोनों देश विभिन्न अंतर्राष्ट्रीय मंचों के जरिए एकदूसरे का स्वर बनने को तैयार हैं। विगत कुछ वर्षों के दरम्यान दोनों देशों की सामरिक-आर्थिक क्षेत्र को ऐतिहासिक मजबूती मिली है। इस समय दोनों देश रणनीतिक साझेदारी की 25 वीं वर्षगांठ मना रहे हैं।**

फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रो की भारत यात्रा ने दोनों देशों के रिश्ते को मिठास से भर दिया है। मुंबई में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और फ्रांसीसी राष्ट्रपति की उपस्थिति में दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग समेत कई अहम मुद्दों पर सहमति रेखांकित करता है कि दोनों देश संबंधों की ऊंची उड़ान भरने को तैयार हैं। दोनों देशों ने आतंकवाद के हर रुप-स्वरुप को जड़ से मिटाने की वकालत के साथ यूक्रेन, मध्य-पूर्व, और इंडो-पैसेफिक क्षेत्रों में व्याप्त समस्याओं के निराकरण के परिप्रेक्ष्य में कंधा जोड़ने की प्रतिबद्धता जाहिर की है। दोनों देशों ने 21 अहम समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं जिनमें रिमोटली एच-125 हेलीकॉप्टर की फाइनल असेंबली लाइन की शुरूआत बेहद महत्वपूर्ण है। उल्लेखनीय है कि कर्नाटक में एच-125 हेलीकॉप्टर की फाइनल असेंबली लाइन शुरू की गई है। एच-125 इतिहास का एकमात्र हेलीकॉप्टर है जो माउंट एवरेस्ट की चोटी पर उतर चुका है। ध्यान देना होगा कि 'मेड इन इंडिया' एच-125 हेलीकॉप्टर मात्र सिविलिय हेलीकॉप्टर नहीं है बल्कि यह भारतीय सेनाओं की जरुरतें भी पूरी करेगा। इससे भारत की सामरिक रक्षा पंक्ति मजबूत होगी। इसके अलावा फ्रांस की साफरान और भारत की 'भारत इलेक्ट्रानिक लिमिटेड' मिलकर भारत में ही हैमर मिसाइल बनाएंगे। दोनों देशों के बीच रफाल लड़ाकू विमानों से लेकर पनडुब्बियों तक रक्षा सहयोग का लगातार विस्तार हो रहा है। अभी गत वर्ष ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की फ्रांस यात्रा हुई थी, तब दोनों देशों के बीच डिफेंस, सिविल न्यूक्लियर एनर्जी और स्पेस सेक्टर में मिलकर काम करने पर सहमति बनी।

दोनों देशों ने रणनीतिक साझेदारी और टेक्नालॉजी को नई धार देने के निमित्त एआई (आटिफिशियल इंटेलिजेंस) पर अलग से बयान जारी करते हुए वर्ष 2026 को 'इंडो-फ्रांस ईयर ऑफ इनोवेशन' घोषित किया। तब दोनों देशों ने स्कॉर्पीन सबमरीन निर्माण, मिसाइल हेलिकॉप्टर, जेट इंजन, एडवांस मॉड्यूल रिएक्टर, परमाणु उर्जा एवं शिक्षा के क्षेत्र में मिलकर काम करने के अलावा एकदूसरे को सहयोग करने का भरोसा दिया। राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रो की भारत यात्रा ने एक बार फिर रेखांकित किया है कि बदलते वैश्विक परिदृश्य में दोनों देश विभिन्न अंतर्राष्ट्रीय मंचों के जरिए एकदूसरे का स्वर बनने को तैयार हैं।

दरअसल विगत कुछ वर्षों के दरम्यान दोनों देशों की सामरिक-आर्थिक क्षेत्र को ऐतिहासिक मजबूती मिली है। इस समय दोनों देश रणनीतिक साझेदारी की 25 वीं वर्षगांठ मना रहे हैं। अभी गत वर्ष पहले ही दोनों देशों के बीच डिफेंस स्पेस पार्टनरशिप, सैटेलाइट लांच के लिए नए स्पेस इंडियन लिमिटेड और एरियन स्पेस के बीच एमओयू हुए। टाटा और एयरबस स्थानीय कंपनी के साथ मिलकर 125 हेलीकॉप्टर बनाने पर सहमति बनी। गौर करें तो रक्षा सहयोग दोनों देशों के संबंधों का आधार है। याद होगा कि गत वर्ष पहले प्रधानमंत्री मोदी ने फ्रांस को 'मेक इन इंडिया' और आत्मनिर्भर भारत का महत्वपूर्ण साझीदार बताते हुए सुनिश्चित किया था कि दोनों देश पनडुब्बी हो या नौसैनिक विमान सभी क्षेत्र में मिलकर काम करने को तैयार हैं। तब दोनों देश 'भारत-फ्रांस हिंद-प्रशांत रोडमैप' जारी करते हुए रणनीतिक रुप से महत्वपूर्ण हिंद-प्रशांत क्षेत्र में एक संतुलित और स्थिर व्यवस्था बनाने पर सहमति जाहिर की थी।

## भारत-फ्रांस संबंध

हिंद-प्रशांत क्षेत्र में रीयूनियन द्वीप, न्यूकैलेडोनिया और फ्रेंच पोलिनेशिया जैसे क्षेत्रों में व्यापक उपस्थिति है। इस पहल से हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीन की बढ़ती दादागिरी पर रोक लगेगी। दोनों देशों के बीच कितना मधुर संबंध है इसी से समझा जा सकता है कि फ्रांस ने पधानमंत्री मोदी को अपने देश का सर्वोच्च सम्मान 'ग्रैंड क्रॉस ऑफ द लीजन ऑफ ऑनर' से सम्मानित कर चुका है। उस समय उन्होंने कहा था कि विश्व इतिहास में एक दिग्गज, भविष्य में एक निर्णायक भूमिका निभाने वाला, रणनीतिक साझेदार एक मित्र का स्वागत करने पर उन्हें गर्व है। याद होगा जब 1998 में भारत ने पोखरण में परमाणु परीक्षण किया था तब उससे नाराज होकर दुनिया के ताकतवर मुल्कों ने भारत पर प्रतिबंध थोपा था। तब फ्रांस ने भारत के साथ कंधा जोड़ते हुए रणनीतिक समझौते को व्यापक आयाम दिया। फ्रांस लगातार भारतीय सेना को लडाकू जेट व पनडुब्बियों समेत साजो-सामान की आपूर्ति कर रहा है। 2018 के बाद से फ्रांस भारत का दूसरा सबसे बड़ा रक्षा आपूर्तिकर्ता देश बन चुका है। मौजूदा समय में भारत अपनी कुल रक्षा आयात का तकरीबन 29 फीसदी फ्रांस से करता है। दोनों देशों के बीच बढ़ती निकटता ने कारोबारी, रणनीतिक और सामरिक कुटनीति को नए क्षितिज पर पहुंचा दिया है। दोनों देश एकदूसरे के सैनिक अड्डे का इस्तेमाल और वहां अपने युद्धपोत रखने के अलावा उर्जा, तस्करी, आव्रजन, शिक्षा, रेलवे, पर्यावरण, परमाणु, आतंकवाद और अंतरिक्ष मामलों में मिलकर काम कर रहे हैं। फ्रांस आत्मनिर्भर भारत मुहिम का साझीदार बनने के साथ-साथ 2025 तक बीस हजार भारतीय छात्रों को अपने यहां पढ़ाई का सुअवसर उपलब्ध कराने का एलान कर चुका है। दोनों देशों के बीच यूपीआई को लेकर भी सहमति बन चुकी है।

विगत 25 वर्षों के दरम्यान दोनों देशों के बीच साझेदारी और समझदारी का ही परिणाम है कि आज भारत में विदेशी निवेश के लिहाज से फ्रांस तीसरा सबसे बड़ा निवेशक देश बन चुका है। भारत में 1000 से अधिक फ्रांस की कंपनियां काम कर रही हैं और सभी कंपनियों का संयुक्त टर्नओवर तकरीबन 30 अरब डॉलर से अधिक है। विगत ढ़ाई दशकों में भारत-फ्रांस संबंध को एक नया आयाम मिला है और दोनों देश राजनीतिक, आर्थिक व सामरिक संबंधों में बेहतरी के लिए गंभीर प्रयास किए हैं। फ्रांस के नेतृत्व के दृष्टिकोण में बदलाव के साथ-साथ कुछ द्विपक्षीय बाध्यताओं ने भी दोनों देशों को एकदूसरे के निकट लाया है। यह तथ्य है कि चीन युद्ध के बाद भारत न केवल महाशक्तियों अपितु अफ्रीका व एशियाई देशों से भी अलग-थलग पड़ गया था। भारत को एक ऐसे देश के प्रति आकृष्ट होना स्वाभाविक था जिससे उसका काई क्षेत्रीय विवाद न रहा हो। इसके अलावा 1962 में भारत व फ्रांस के बीच क्षेत्रों के हस्तांतरण संबंधी संधि के अनुमोदन ने दोनों देशों के संबंधों में मिठास घोला। तथ्य यह भी कि फ्रांस सुरक्षा परिषद में स्थायी सदस्यता के लिए भारतीय प्रयास का समर्थन करने वाले प्रथम देशों में से एक है। वह आज भी अपने पुराने रुख पर कायम है। दरअसल दोनों देशों के राजनीतिक नेतृत्व में कई द्विपक्षीय तथा अंतर्राष्ट्रीय विषयों के संबंध में समान सोच है।

हालांकि विदेश नीति के विरोधी अभिमुखन के कारण दोनों देशों ने अंतर्राष्ट्रीय राजनीति के मुद्दों पर कई बार विरोधी रुख भी अपनाये हैं। मसलन हिंद-चीन क्षेत्र की स्वतंत्रता मुद्दे पर जहां भारत ने दक्षिण-पूर्व एशियाई क्षेत्र की आजादी की बात पर बल देता है, वहीं फ्रांस लगातार औपनिवेशिक स्थिति बनाए रखने का पक्षधर रहा है। दोनों देशों ने मोरक्को, तुनीसिया और अल्जीरिया की उपनिवेशिक स्थिति पर विरोधात्मक विचार प्रकट किए। 1956 में मिस्त्र द्वारा स्वेज नहर के राष्ट्रीयकरण के मुद्दे पर भी भारत ने बहुत सशक्त रुप से फ्रांस व ब्रिटेन के संयुक्त प्रयास का विरोध किया। इस संयुक्त हस्तक्षेप के विरोध में भारत ने मिस्त्र का साथ दिया। 1958 में डी गॉल के फ्रांस के सत्ता संभालने के बाद दोनों देशों के संबंधों में बदलाव आना शुरू हो गया। 1959 में दोनों देशों के बीच आर्थिक एवं सांस्कृतिक सहयोग विकसित करने की संधि पर हस्ताक्षर किए गये। सबसे महत्वपूर्ण बात जो दोनों देशों के व्यापार में अहम है वह यह कि 1994 के बाद व्यापार संतुलन हमेशा भारत के पक्ष में बना हुआ है।



## सोशल मीडिया

भारतीय जनता पार्टी एसआईआर के जरिए पश्चिम बंगाल के लोगों का नाम मतदाता सूची से काटवाना चाहती है ताकि वह राज्य विधान सभा चुनाव में बुरी हार से बच जाये। ममता बनर्जी.



कैसे एक सरकार नेक इरादे, नेक मंशा, मजबूत नीति व स्पष्ट नीयत से असंभव से लगने वाले कार्य को भी संभव कर सकती है, हंसता खेलता बस्तर विकास यात्रा का साक्षी है। अमित शाह.



पद्मम भूषण से सम्मानित सुप्रसिद्ध साहित्यकार अमृतलाल नागर जी की पुण्यतिथि पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि। हिन्दी कथा साहित्य, उपन्यास में योगदान अविस्मरणीय रहेगा। केशवप्रसाद



# वैज्ञानिक दृष्टिकोण

अंतर्दृष्टि

हमारे ऋषि-मुनियों का चिंतन वैज्ञानिक सरोकारों वाली थी। प्राचीन काल में ऋषि, मुनि एवं योगी तपस्वी कष्ट साध्य साधनाओं के लिए एकांत पर्वत गुफाओं गिरि-कंदरओं को चुनते थे। इनका एक प्रमुख कारण यह है कि प्राकृतितः शांत वातावरण में निवास करने से उत्तेजना नष्ट होने वाली शक्ति की बर्बादी रुकती है और उस बचत को उपयोगी प्रयोजनों में लगाकर प्रगति का पथ प्रशस्त किया जा सकता है। इसी प्रकार रात्रि के प्रकृति पदत्त अनुदान अंधकार का लाभ उठाकर थकान मिटाने का ऐसा लाभ प्राप्त किया जा सकता है जिसके सहारे अधिक काम करने की क्षमता अर्जित की जा सके। योगाभ्यासी अपने व्यक्तित्व को अधिक विकसित करने की साधना करते हैं। भीतर की प्रमुख शक्तियों को जगाने के लिए उनका प्रयोग प्रयास चलता है। इस प्रयोजन के लिए उन्हें ऐसे स्थान में अपना निवास निर्धारित करना पड़ता है जहां अनावश्यक कोलाहल की पहुंच न हो और जहां रात्रि के समय कृत्रिम प्रकाश उत्पन्न न करना पड़े। दिन में सूर्य का और रात्रि में चांद तारों का प्रकाश ही सामान्य और स्वाभाविक निर्वाह के लिए पर्याप्त होना चाहिए। स्तब्धता और अन्धियारी को विनोद, मनोरंजन में भारी बाधक लगती है और ऐसी ऊब उत्पन्न करती है जिससे बचने के लिए हर किसी का जी करता है। फिर वैज्ञानिक दृष्टि से इनकी उपयोगिता दिन-दिन अधिक स्पष्ट होती जा रही है। विज्ञान के अनुसंधान में हमे इस निष्कर्ष पर पहुंचाते हैं कि यदि शान्त, एकान्त स्थान की अपेक्षा हर दृष्टि से लाभदायक उपलब्धियां ही करतलगत होंगी। इसी प्रकार रात्रि को जितने समय जितने कृत्रिम प्रकाश से बचाया जा सके उतना ही उत्तम है। निस्तब्धता एक बात है और तमिस्ना दूसरी। दोनों के सम्मिश्रण से तीसरी स्थिति बनती है। जो सदुपयोग और दुरुपयोग दोनों ही दृष्टि से अपने अद्भुत परिणाम प्रस्तुत करती है। भूमि खोदकर समाधि में बैठने की साधना योगाभ्यासियों के लिए पुरानी है। मोटे तौर से वह कोई कौतुक कौतुहल जैसी जादुई क्रिया प्रक्रिया मालूम पड़ती है पर तथ्यतः उसमें शरीर को उस स्थिति में रखने का अभ्यास है जिसे आंतरिक सव्याप्त भारतीयता के समतुल्स माना जा सकता है। आयुर्वेदशास्त्र में कायाकल्प चिकित्सा का विधान है। उसमें शरीर के पुनर्गठन की, नवीनीकरण की विधा सम्पन्न की जाती है। कहा जाता है कि इससे वृद्धता दूर होती है और यौवन लौट आता है। इस विधान में भी लंबे समय तक एकान्त और अंधेरे में रहना पड़ता है। औषधि उपचार के अतिरिक्त इस विशेष स्थिति का जो प्रभाव शरीर पर पड़ता है उसका महत्व अधिक माना गया है। तपस्वियों के एकान्त सेवन गुफा निवास की बात तो सर्वविदित ही है।

# पेंच लड़ाने की कला...


व्यंग्यलोक

मेरे एक लेखक मित्र हैं, उनका शाश्वत रूप से यह कहना है कि पतंग व्यंग्य का विषय नहीं है, इसलिए मुझे पतंग पर व्यंग्य नहीं लिखना चाहिए। जबकि मैं पतंगबाजों से पूरी सिम्पैथी रखकर भी जब व्यंग्य खोज लेता हूँ। इधर राजनीति को ही ले लीजिये, यह पतंगबाजी का खेल हो गयी है। जिसके जैसा पेंच हाथ लग रहा है, वह वैसा ही पेंच लड़ा रहा है। इस पेंचबाजी में जिसकी पतंग कट जाती है, वही हारे हुए जुआरी सा मुँह बनाकर बैठ जाता है। वैसे यह समय तो ऐसा आ गया है, जब हर किसी की पतंग कट रही है। पतंग कटेगी तो लूट-खसोट मचना स्वाभाविक भी है। शोर-शराबा भी होगा। संसद का आलम तो और भी टेढ़ा है और सत्ता के गलियारों की दुनिया भी न्यारी है। इस समय जो पतंगबाती चल रही है, वह खेल एकदम नया और मौलिक है। सांसदों ने सवाल पूछने का पैसा लिया या सांसद निधि में कमीशन खाया और मामला आचरण समिति की सिफारिश पर संसद की सदस्यता से बर्खास्तगी तक आ पहुँचा। दरअसल इसमें पेंच ही ऐसे लडे कि पतंगबाजी का खेल मजाक न होकर, गंभीर विषय बन गया। पतंग ऐसी कटी कि लूटने वाले नहीं मिले और पतंगें कांटों वाले बबूल के वृक्षों में अटक गई, जो भी हाथ डाले उसी को लहूलुहान होने का डरावना खतरा। इस बार पतंगबाजी में नैतिकता के सवाल अलग से खड़े हो गये, गरिमा की बातें की गई और पार्टियाँ भी अपने दागी लोगों से पल्ला झाड़ने लगीं ताकि छवि को बट्टा न लगे। मीडिया को कोसा जाने लगा कि इस तरह पेंच नहीं काटे जाते। खेल की भी कोई गरिमा होती है। अब हालात विकट हो गये हैं। कोई कहता है कि न्यायालय में जायेंगे और कोई धमकी दे रहा है। थोथे रूप में कि वह चुप नहीं बैठेंगे। जिसकी पतंग कट जाती है, वह चुप बैठता भी नहीं, वह नयी पतंग तान देता है आसमान पर, लेकिन इस बार उसकी पतंग को कोई हाथ नहीं लगता तथा घण्टे-दो घण्टे बाद अपनी डोर समेट कर छत से नीचे उतर आता है और पतंबाजी में शामिल होने की तरकीबें सोचता है। जब वे ये बातें सोच रहे थे, उसी समय मेरे पास वे व्यंग्यकार मित्र आ गये, जो पतंगबाजी पर व्यंग्य लिखने को नकार रहे थे। मैंने ही कहा-कहो कैसी रही, देख लिया न वो काटा का शोर, क्या अब भी कोई संशय है तुम्हें कि पतंगबाजी व्यंग्य का विषय नहीं है? आंखें झुकायें मंद स्वर में बोले-शर्माजी गजब हो गया। गलती मुझसे हुई जो मैंने आज तक पतंग पर व्यंग्य नहीं लिखा? मैंने पतंग को सदैव उपेक्षा से देखा। वरना इसकी रोचकता में तो गहरा दंश है। यह बच्चों को खेल नहीं, समझदार लोगों की बाजी है, जो चलना जानता है, वही सामने वाले को मात दे सकता है।



पूरन सरमा

# देश की मदद करने में सबसे आगे हैं भारतीय



विश्व अनुवाद दिवस

देश की अर्थव्यवस्था में ही नहीं बल्कि उसके हर पहलू में प्रवासियों द्वारा भेजा गया धन बहुत महत्वपूर्ण होता है। इससे देश की विदेशी मुद्रा बढ़ती है। भारत वर्तमान में इतिहास के किसी भी समय के मुकाबले सबसे ज्यादा विदेशी मुद्रा रखता है। 27 सितंबर 2024 को भारत का कुल विदेशी मुद्रा भंडार 704 अरब डॉलर तक पहुंच गया था, जो अब तक का सर्वकालिक था और इस स्थिति में भारत चीन, जापान और स्विटजरलैंड के बाद दुनिया का चौथा सबसे ज्यादा 'विदेशी मुद्रा' रखने वाला देश था।

साल 2024 में देश के बाहर रह रहे प्रवासी भारतीयों ने देश को 129.1 बिलियन डॉलर रेमिटेंस धन प्रेषण, भेजा है, जिसे सरल शब्दों में विदेशों से अपने घरों और परिजनों को भेजा मनीऑर्डर समझिये। यह अब तक के समूचे इतिहास में किसी भी देश के प्रवासियों द्वारा अपने देश में भेजा गया सबसे ज्यादा रेमिटेंस है। यह कितनी बड़ी रकम है, इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि साल 2024 में पूरी दुनिया के प्रवासियों ने अपने अपने देशों के लिए जो धन भेजा है, यह उस समूचे धन का अकेले 14.3 फीसदी है। अगर इस धन को भारत के कुल जीडीपी के आईने में देखें तो यह 10.7 लाख करोड़ रुपये के बराबर यानी हमारे कुल जीडीपी का करीब 3.3 फीसदी है। यह कितनी बड़ी धनराशि है, इसका अंदाजा इस तरीके से भी लगा सकते हैं कि देश में सभी तरह के खनन, ऊर्जा आदि का कुल जीडीपी में 5 फीसदी का योगदान है, जबकि प्रवासी भारतीयों द्वारा जीडीपी में अकेले ही 3.3 फीसदी का योगदान कर दिया है। एक जमाने में बिहार और उत्तराखंड की अर्थव्यवस्था को मनीऑर्डर इकोनॉमी कहा जाता था यानी इन जगहों से देश के विभिन्न कोनों में कमाने गये, यहां के लोगों द्वारा भेजा गया पैसा इन प्रदेशों की अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण हिस्सा होता था। आज यही स्थिति देखा जाए तो प्रवासी भारतीयों की बन गयी है। रेमिटेंस, जिसे हिंदी में धन प्रेषण कहा जाता है, का सीधे और सरल शब्दों में मतलब है, विदेशों में रोजगार करने गये या वहां जाकर बसे प्रवासी भारतीयों द्वारा अपने घर, परिवार, मित्र या संबंधियों को भेजा गया धन। भारत रेमिटेंस हासिल करने वाले देशों में हमेशा से बहुत आगे रहा है। साल 2015 में भी हमने विश्व के कुल रेमिटेंस का अकेले 12 फीसदी हासिल किया था, जो कि अब बढ़कर 14.3 फीसदी हो गया है। किसी देश की अर्थव्यवस्था में ही नहीं बल्कि उसके हर पहलू में प्रवासियों द्वारा भेजा गया धन बहुत महत्वपूर्ण होता है। इससे देश की विदेशी मुद्रा बढ़ती है। भारत वर्तमान में इतिहास के किसी भी समय के मुकाबले सबसे ज्यादा विदेशी मुद्रा रखता है। 27 सितंबर 2024 को भारत का कुल विदेशी मुद्रा भंडार 704 अरब डॉलर तक पहुंच गया था, जो अब तक का सर्वकालिक था और इस स्थिति में भारत चीन, जापान और स्विटजरलैंड के बाद दुनिया का चौथा सबसे ज्यादा 'विदेशी मुद्रा' रखने वाला देश था। हालांकि बाद में अक्टूबर, नवंबर में शेयर बाजार के टूटने से करीब 20 से 25 अरब डॉलर की कमी आयी, लेकिन अब फिर यह पुरानी स्थिति की तरफ पहुंचता लग रहा है।

बहरहाल रेमिटेंस का महत्व सिर्फ विदेशी मुद्रा भंडार को मजबूत करने तक ही सीमित नहीं है ताकि आयात और वैश्विक लेनदेन आसानी से किये जा सकें बल्कि इसका बड़ा योगदान विदेशी निवेश और निर्यात से कहीं ज्यादा देश की आर्थिक और राजनीतिक स्थिरता को मजबूत करने में है। चूंकि किसी भी देश में आने वाला रेमिटेंस लोगों की क्रय शक्ति को भी मजबूती से बढ़ाता है, इसलिए यह जहां लोगों की खुशहाली का जरिया बनता है, वहीं यह देश के गरीबी उन्मूलन जैसे कार्यक्रमों को सफल और संभव बनाता है। इसके सामाजिक प्रभाव भी बहुत सकारात्मक होते हैं। यह मानव संसाधनों का वैश्वीककरण करता है और देश की कूटनीति को महत्वपूर्ण बनाता है। जिस देश में आपके प्रवासी मौजूद होते हैं, वहां से आपके रिश्ते हमेशा मजबूत रहते हैं। यह अकारण नहीं है कि पाकिस्तान द्वारा कई दशकों से कश्मीर के खिलाफ आतंकवाद की मुहिम चलाने के बावजूद और इस्लामिक देशों के बीच इसे इस्लामिक भाईचारे के तौरपर भुनाने की कोशिश करने के बाद भी, खाड़ी के देशोंने कभी भारत के विरुद्ध कश्मीर मामले में उस तरह खुलकर सामने नहीं आये, जैसे कि आशंका बन सकती थी। इसमें बहुत बड़ा योगदान प्रवासी भारतीयों का भी है।

## आप की बात

### शहरों का विकास

शहर अवसरों के हब होते हैं। इसलिए आधुनिक शहर देश की जरूरत हैं। देश में स्मार्ट सिटी परियोजना कई वर्षों से चल रही है लेकिन उसमें कोई खास प्रगति देखने को नहीं मिल रही है। शहरों के बढ़ते आकार के मद्देनजर विकास प्राधिकरणों की स्थापना इस उद्देश्य से की गयी थी कि शहरों का नियोजित विकास हो ताकि बड़ी संख्या में लोगों को शहरों में घर मिल जाये और नागरिक सुविधाओं को भी बेहतर तरीके से प्रबंध किया जा सके। लेकिन स्थानीय निकायों एवं प्राधिकरणों की अकुशलता और भ्रष्ट कार्यप्रणाली के कारण शहरों के विकास का दायित्व प्रापर्टी डीलरों के जिम्मे आ गया और नागरिक सुविधाओं की जिम्मेदारी ठेकेदारों के पास पहुंच गयी है। उत्तर प्रदेश में करीब 78 फीसद से अधिक आबादी अभी ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करती है, इसलिए भविष्य में आर्थिक विकास के साथ शहरीकरण तेज होगा। उत्तर प्रदेश में शहरीकरण का दौर अभी शुरुआती अवस्था में ही है। ऐसे में शहरों का दायरा तेजी के साथ बढ़ेगा लेकिन जन सुविधाओं और विकास की बात करें तो आज तक न तो स्थानीय निकाय तैयार दिखते हैं और न ही विकास प्राधिकरण। हर दिन यह खबर पढ़ने को मिल जायेगी कि एलडीए इस योजना में इतने सौ एकड़ की आवासीय परियोजना विकसित करेगा, इस योजना में इतने एकड़ की, लेकिन हकीकत यह है कि एक-दो दशक तक तो परियोजनाएं विवाद में ही लटकती रहती हैं। इसका फायदा उठाते हैं प्रापर्टी डीलर। प्रापर्टी डीलर किसानों से जमीन एग्रीमेंट कराकर जैसे-तैसे निशान बनाकर प्लाट काटकर बेच देते हैं। इससे शहरों का स्वरूप बिगड़ता है। जीवन में स्वच्छता कितना जरूरी है यह बीते दो सालों के दौरान कोरोना महामारी साबित किया है। अगर साफ-सफाई ठीक से रखी जाये। समय-समय पर अच्छे से हाथ की धुलाई की जाये तो इससे महामारी से भी बचाव होता है। गंदगी के कारण एक नहीं बल्कि तमाम बीमारियां फैलती हैं इसलिए देश को संकल्प लेकर महामारी के साथ ही अब गंदगी और गंदी आदतों को भी विदा करना चाहिए। देश में बीते कई वर्षों से स्वच्छता अभियान चल रहा है, लेकिन आज भी प्रदेश के शहरों की हालत ठीक नहीं है। लोगों में कूड़ा रखने और निस्तारण करने के प्रति इतनी अधिक उदासीनता है कि लोग अपने पड़ोस में उसको फेंक देते हैं। देखते ही देखते कूड़े का ढेर लग जाता है जो मच्छरों एवं बीमारियों को जन्म देता है।

**राजेश कुमार सिंह, लखनऊ.**

### पाकिस्तान की करतूत

पाकिस्तान ने एक बार फिर संयुक्त राष्ट्र संघ में कश्मीर का राग अलापा और भारत पर झूठे आरोप लगाये। जबकि पाकिस्तान खुद आतंकियों का सरगना है, लोकतंत्र का दमन करता है और अल्पसंख्यकों पर अत्याचार, लेकिन आरोप भारत पर लगाता है। पाकिस्तान की इसी करतूत का माकूल जवाब भारत ने संयुक्त राष्ट्र महासभा में शहबाज शरीफ के झूठे आरोपों पर दिया और यूएन में भारत की प्रथम सेक्रेटरी भाविका ने शहबाज की बखिया उधेड़ दी। अस्थिर सियासत, सैन्य तानाशाही और लूट-खसोट के बीच पाकिस्तान की हालत ऐसी हो गयी है कि सरकार को फुल टाइम कटोरा लेकर कर्ज मांगने के लिए देना पड़ता है। फिर भी उसे कोई कर्ज नहीं दे रहा है। वहां घोर विद्वान विशेषज्ञ तो परमाणु बम बेचकर डॉलर कमाने की सलाह देने लगे हैं। ऐसे कब परमाणु बम आतंकियों के हाथ में पहुंच जाये कुछ कहा नहीं जा सकता है। परमाणु बम बनाकर इतराते वाला पाकिस्तान फिलहाल बदहाली और कंगाली के दौर से गुजर रहा है। 1947 में जब आजादी के साथ भारत से अलग होकर पाकिस्तान बना था तब पाकिस्तान भारत वह हिस्सा था जो अपेक्षाकृत अधिक विकसित हुआ करता था। आर्थिक विकास, मानव विकास, रोजगार आदि अनेक दृष्टि से पाकिस्तान भारत से आगे था। लेकिन आज पाकिस्तान गर्त में है।

**अशोक कुमार त्रिवेदी, लखनऊ.**

# आर्थिक पुनर्जागरण से रिवर्स माइग्रेशन का केंद्र बनी अयोध्या: गिरीशपति त्रिपाठी

**अयोध्या।** नगर निगम में निर्माण अथवा अन्य कार्यों की निविदा 15 फीसदी से अधिक नीचे डाली गई तो कार्य की विशेष जांच कराई जाएगी। यह निर्णय नगर निगम अयोध्या बोर्ड की 11वीं आम बैठक में लिया गया। इस मौके पर महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी ने कहा कि राममंदिर निर्माण से अयोध्या आध्यात्मिक राजधानी के साथ आर्थिक पुनर्जागरण एवं रिवर्स माइग्रेशन का केंद्र बन गई है। भारतीय प्रबंधन संस्थान लखनऊ के सर्वेक्षण का हवाला देते हुए उन्होंने बताया कि दो लाख श्रद्धालु प्रतिदिन अयोध्या आ रहे हैं। इस कारण दुकानदारों की कमाई में पांच गुना की वृद्धि हुई है। होटल, परिवहन, दुकान एवं अन्य सेवाओं में वृद्धि के साथ छोटे उद्योगों की संख्या भी बढ़ी है। इससे एक लाख 20 हजार रोजगार की संभावना जगी है। उन्होंने बताया कि अयोध्या के इस बहुमुखी विकास से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के टेंपल इकोनामी मॉडल को मजबूती मिली है। उन्होंने बताया कि जलवानपुरा, जनौरा, मधवा गद्दोपुर समेत अन्य स्थानों पर जल भराव की समस्या पर काफी हद तक नियंत्रण पाया गया है। उन्होंने टाप टेन स्वच्छता रैंकिंग हासिल करने के लिए जन सहयोग बढ़ाने की पार्षदों एवं अधिकारियों से विशेष अपेक्षा की। बैठक की शुरूआत में पिछली कार्यवाही की पुष्टि की गई और इसके बाद नगर निगम की गोपनीयता भंग होने का मसला भी उठाया गया। इस पर कड़ा रुख अपनाने का निर्णय किया गया। इस मौके पर पार्षद गण के सुझाव पर विकास कार्यों को प्राथमिकता देने का फैसला किया गया। डेकोरेटेड

- 15 फीसदी से अधिक डाउन निविदा पर होगी कार्यों की विशेष जांच
- साकेतपुरी कॉलोनी का प्रबंधन अब नगर निगम के हवाले, अनुमोदित
- नगर निगम अयोध्या बोर्ड की 11वीं आम बैठक में लिया गया निर्णय



विद्युत पोल का भी मसाला चर्चा का विषय बना। नगर आयुक्त जयेंद्र कुमार ने बताया कि डेढ़ सौ पोल लगाने की जगह चिन्हित कर ली गई है। यदि कहीं लाइट खराब हो तो उसे संस्था के माध्यम से मरम्मत कराया जाएगा। इसके लिए पार्षदों के साथ वेंडर्स की बैठक कराने का निर्णय किया गया। वहीं नगर निगम क्षेत्र में 19 चैराहों पर आपातकालीन परिस्थितियों में सहायता के रिकॉर्ड को देखते हुए इंटेलिजेंट ट्रैफिक मैनेजमेंट स्कीम (आईटीएमएस) की सराहना की गई। ऊदा देवी के नाम पर चैराहे का नामकरण करने, नगर में अंबेडकर प्रतिमा लगाने का भी प्रस्ताव आया। विद्याकुंड, सीताकुंड, दशरथकुंड की सफाई नगर निगम के कर्मियों से करने का भी निर्णय लिया गया। विस्तारीकरण क्षेत्र में ग्राम समाज की जमीन को चिन्हित कर कब्जे में लेने का भी नगर निगम ने प्रस्ताव पास किया। इस मौके पर नगर निगम में आवास दर्ज कराने में हो रहे विलंब को लेकर भी नाराजगी जताई गई। इस मौके पर पेयजल, सफाई तथा विद्यालयों के सुंदरीकरण में कार्यदायी संस्था की ओर से बरती जा रही लापरवाही पर नाराजगी जताई गई। इस दौरान सुबह 3:00 बजे से 5:30 बजे तक रमजान के मध्य नजर जलापूर्ति सुनिश्चित करने तथा धार्मिक स्थलों के आसपास सफाई का निर्णय लिया गया। अशफाक उल्ला खान की शहादत को देखते हुए आदमकद प्रतिमा लगवाने की मांग की गई। साकेतपुरी कॉलोनी को नगर निगम को हस्तगत करने का सदन ने अनुमोदन कर दिया। नगर निगम को स्वच्छता रैंकिंग में टॉप टेन में लाने के लिए आम नागरिकों का भी सहयोग बढ़ाने के लिए जिम्मेदारों को विशेष प्रशिक्षण देने का निर्णय लिया गया। इस मौके पर स्वच्छता से जुड़ी कंपनियों की लापरवाही को देखते हुए कड़ी कार्रवाई का निर्णय लिया गया। नगर आयुक्त ने बताया कि दो कंपनियों का 15 दिन का पेमेंट काट दिया गया है। बैठक का संचालन अपर आयुक्त सुमित कुमार ने किया। इस मौके पर स्वच्छता के अग्रदूत संत गाडगे की जयंती पर नमन किया गया और रुदौली के अमर बलिदानी देवेश सिंह को दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। सदन की बैठक में पूर्व उपसभापति जयनारायण सिंह रिंकू, पार्षद बृजेंद्र सिंह, रामभवन यादव विशाल पाल आदि उपस्थित रहे।

## आईजीआरएस निस्तारण में अयोध्या प्रथम

**अयोध्या।** आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के प्रभावी एवं समयबद्ध निस्तारण में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जनपद अयोध्या ने जनवरी की मासिक मूल्यांकन रिपोर्ट में प्रदेश में प्रथम स्थान हासिल किया है। इस उपलब्धि पर प्रवीण कुमार, अपर पुलिस महानिदेशक, लखनऊ जोन द्वारा जनपद के नोडल अधिकारी आईजीआरएस एवं अपर पुलिस अधीक्षक बलवंत चैधरी को प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया। जारी प्रशस्ति-पत्र में एडीजी प्रवीण कुमार ने कहा कि बलवंत चैधरी ने अपने अन्य दायित्वों के साथ आईजीआरएस से संबंधित प्रकरणों का निर्धारित समयावधि में गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित कराया, जिसके परिणामस्वरूप जनपद को यह महत्वपूर्ण उपलब्धि मिली।



उन्होंने अधिकारी के कार्यों की सराहना करते हुए विश्वास जताया कि भविष्य में भी वे कर्तव्यों का तत्परता से निर्वहन कर पुलिस विभाग की गरिमा बढ़ाते रहेंगे। इस उपलब्धि से पुलिस विभाग में उत्साह का माहौल है।

## घर का कूड़ा नियमित समय से सीधे सफाई कर्मी की गाड़ी में डालें: ऋतु सुहास




**बाराबंकी।** मोहल्ला सत्यप्रेमी नगर स्थित राम सेवक यादव पार्क में स्वच्छ वार्ड प्रतियोगिता कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि अपर निदेशक स्थानीय निकाय ऋतु सुहास आईएएस ने दीप प्रज्जवलित कर किया। कार्यक्रम मे नगरपालिका अध्यक्षा शीला सिंह व क्षेत्रीय सभासद मुक्ता सिंह ने मुख्य अतिथि को बूके देकर स्वागत किया। कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि आईएएस श्रीमती सुहास ने कहा कि नगर में सिंगल यूज पॉलिथीन मुक्त किया जाना स्वच्छता के लिए जरूरी है। ज्यादातर वार्डो में शत प्रतिशत डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन हो रहा है। उन्होने लोगों से अपील करते हुये कहा कि घर का कूड़ा नियमित समय से सीधे सफाई कर्मी की गाड़ी में डालें। कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि ने सफाई कर्मियो को सम्मानित भी किया। इस मौके पर अधिशासी अधिकारी नगरपालिका संजय कुमार शुक्ला, सभासद प्रतिनिधि देवेंद्र प्रताप सिंह ज्ञानू, सभासद सादिक हुसैन, सफाई निरीक्षक दीपक कुमार गुप्ता, राजेश विश्वकर्मा, स्वच्छता मिशन टीम से रिचा कालरा, अग्नि शेखर, आशीष गोस्वामी, वैभव पांडे, प्रदीप कुमार, सफाई नायक वीरेंद्र यादव, अजय वर्मा, रंजीत आदि मौजूद रहे।

## दुगुना कराने के लालच में फुसा पीड़ित साइबर सेल ने करवायी रकम वापस




**बाराबंकी।** टेलीग्राम ग्रुप में पैसा दुगुना कराने का लालच देकर पीड़ित से धोखाधड़ी करने वाले ठग से साइबर सेल टीम ने रकम वापस करवाई। प्राप्त जानकारी के अनुसार आवेदक मोहित मिश्रा पुत्र शिवगोबिंद मिश्रा, निवासी ओमनगर नई बस्ती, थाना कोतवाली नगर ने व्हाट्सएप पर संपर्क कर टेलीग्राम ग्रुप में जोड़कर पैसा दुगुना कराने के नाम पर धोखाधड़ी किये जाने को लेकर शिकयती प्रार्थना पत्र सौपा। शिकायत मिलने मे साइबर सेल प्रभारी निरीक्षक बृजेश कुमार यादव, निरीक्षक संजीव कुमार यादव, का0 सुधाकर भदौरिया, का0 राजन यादव, का0 अभिषेक चपराणा, का0 पंकज यादव, अंकित कुमार, कपिल कुमार की टीम ने त्वरित कार्यवाही करते हुए पीड़ित को 77,400 रुपये को वापस करवाये।

## जनता दर्शन में जिलाधिकारी ने सुनीं समस्याएं



**अयोध्या।** कलेक्ट्रेट कार्यालय, अयोध्या में सोमवार को आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम में जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे ने जनपद के विभिन्न ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों से आए नागरिकों की समस्याएं गंभीरता से सुनीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को शिकायतों के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। जनता दर्शन में बड़ी संख्या में पहुंचे लोगों ने भूमि विवाद, राजस्व प्रकरण, पेंशन, विद्युत आपूर्ति, जलापूर्ति, सड़कों की मरम्मत, स्वास्थ्य सुविधाओं तथा विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से जुड़ी समस्याएं जिलाधिकारी के समक्ष रखीं। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिया कि किसी भी शिकायत के निस्तारण में लापरवाही न बरती जाए और निर्धारित समयसीमा के भीतर समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि सभी विभागीय अधिकारी प्राप्त प्रकरणों की नियमित रूप से समीक्षा करें तथा प्रत्येक मामले की साप्ताहिक प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करें। साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाए कि शिकायतकताओं को उनके प्रकरण की स्थिति एवं निस्तारण की सूचना समय से उपलब्ध कराई जाए। जिलाधिकारी ने अधिकारियों से कहा कि जनसुनवाई को औपचारिकता न समझते हुए आमजन की समस्याओं का संवेदनशीलता के साथ समाधान किया जाए।

## प्रांतीय चैत्र मेला की तैयारियों को लेकर हुई बैठक

**अयोध्या।** प्रांतीय चैत्र मेला-2026 के सुव्यवस्थित एवं सुरक्षित आयोजन को लेकर एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक श्री राम जन्म भूमि परिसर के सीएफसी में तीर्थ क्षेत्र न्यास के महासचिव चम्पत राय, जिलाधिकारी श्री निखिल टीकाराम फूंडे, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ गौरव ग्रोवर, मन्दिर के पदाधिकारी अनिल मिश्रा व गोपाल आदि की उपस्थिति में आहूत हुई।

बैठक में मेले के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा, यातायात प्रबंधन, सुरक्षा व्यवस्था, भीड़ नियंत्रण, पार्किंग, स्वच्छता, पेयजल, विद्युत आपूर्ति, चिकित्सा व्यवस्था तथा आपातकालीन सेवाओं की तैयारियों पर विस्तृत चर्चा की गई।

उन्होंने संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ समयबद्ध कार्य योजना बनाकर सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## कृषि महाविद्यालय में फिर लापरवाही के चलते परीक्षा टली, मची -अफरा तफरी

**अयोध्या।** आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कुमारगंज में चल रही सेमेस्टर परीक्षा एक बार फिर कृषि महाविद्यालय के जिम्मेदार अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लापरवाही की भेंट चढ़ गई। निर्धारित विषय प्रश्न पत्र की बजाय द्वितीय वर्ष के छात्र-छात्राओं का प्रश्न पत्र देख परीक्षार्थी हैरान हो गए और कच्छ निरीक्षक से शिकायत की तब मामले में तूल पकड़ा। विश्वविद्यालय प्रशासन ने आनन- फानन में प्रथम पाली की परीक्षा निरस्त कर दी। हालांकि अभी उक्त विषय के परीक्षा का दूसरा कार्यक्रम नहीं जारी हो सका है।

उधर दूसरी ओर इस भारी लापरवाही का ठीकरा विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार सहित कृषि अधिष्ठाता तक परस्पर एक दूसरे को बताते हुए किनारा कस रहे हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कुमारगंज के अधीन कृषि महाविद्यालय अंतर्गत एग्रीकल्चर बिजनेस मैनेजमेंट प्रथम

- परीक्षा के दौरान प्रथम वर्ष के विषय प्रश्न पत्र के बजाय बांट दिए द्वितीय वर्ष के विषय प्रश्न पत्र

वर्ष के छात्र-छात्राओं की परीक्षा एबीएम-506 विषय की सुनिश्चित थी। किंतुपरीक्षा कच्छ में मौजूद छात्र-छात्राओं को एबीएम-507 प्रश्न पत्र वितरित कर दिया गया। सेमेस्टर से अतिरिक्त प्रश्न देख छात्र-छात्राओं ने परीक्षा कक्षा में मौजूद शिक्षकों से शिकायत की। फिर क्या था विश्वविद्यालय में अफरा तफरी का माहौल बन गया। थक हारकर विश्वविद्यालय की जिम्मेदार अधिकारियों ने सोमवार की परीक्षा निरस्त कर दी। हालांकि विश्वविद्यालय की ओर से अभी उक्त विषय के परीक्षा की दूसरी तिथि निर्धारित नहीं की गई है। उधर कृषि अधिष्ठाता डॉ धीरेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि प्रश्न पत्र व्यवस्था की जिम्मेदारी रजिस्ट्रार की होती है। उधर दूसरी ओर विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार डॉ पीएस परमानिक का कहना है किप्रश्न पत्र से कोई दिक्कत नहीं थी, केवल एक प्रोफेसर साहब डॉ महेंद्र सिंह के कहने पर परीक्षा टाली गई है। इस प्रकार से विश्वविद्यालय का कोई भी जिम्मेदार अधिकारी लगातार हो रही लापरवाही एवं चूक की जिम्मेदारी नहीं ले रहा है। जिसके चलते छात्र-छात्राओं को परीक्षा जैसे महत्वपूर्ण कार्यक्रम में दुश्वारियों का सामना करना पड़ रहा है।

## खेत में हल चलाकर विधायक सुभाष त्रिपाठी ने दिया किसानों को आधुनिक खेती का संदेश



**बहराइच।** विधानसभा पयागपुर के विधायक सुभाष त्रिपाठी किसानों के बीच पहुंचकर खेत में स्वयं हल चलाते नजर आए। जानकारी के अनुसार वे लखनऊ से लौटकर अपनी विधानसभा के गुलरिया गाजीपुर में कटका मंडलाध्यक्ष राम निवास निषाद द्वारा आयोजित एसआईआर संबंधी बैठक में जा रहे थे। रास्ते में नकौड़ा गांव पड़ने पर वे अचानक रुक गए और खेत में काम कर रहे किसानों के बीच पहुंचते ही हल चलाने लगे। इस दौरान उन्होंने किसानों से संवाद कर बेहतर उपज के लिए आधुनिक कृषि तकनीकों को अपनाने की सलाह दी और ह्लजय जवान, जय किसानह्व का संदेश दिया। उल्लेखनीय है कि सुभाष त्रिपाठी एक बार एमएलसी रह चुके हैं तथा लगातार दो बार विधायक चुने जा चुके हैं। वे लंबे समय से संगठनात्मक कार्यों से जुड़े सक्रिय जनप्रतिनिधि माने जाते हैं। इस पहल पर सामाजिक संस्था सद्भावना के फाउंडर अध्यक्ष योगेन्द्र मणि त्रिपाठी ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि ठाकुर हुकुम सिंह और पंडित भगवान दीन वैद्य के बाद सुभाष त्रिपाठी पहले ऐसे नेता हैं जिन्होंने वीआईपी संस्कृति से दूर रहकर खेत-किसान की ओर समाज का ध्यान आकर्षित किया है। उन्होंने कहा कि अंध आर्थिक दौड़ के दौर में विधायक द्वारा हल की मूठ पकड़ना राजनीतिक गलियारों के लिए एक उत्कृष्ट संदेश है। किसानों ने भी विधायक के इस कदम की सराहना करते हुए उम्मीद जताई कि जनप्रतिनिधियों की ऐसी पहल से खेती और किसानों के मुद्दे प्रमुखता से सामने आएंगे।

## शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती को फर्जी मुकदमे में फंसा जा रहा: रणधीर सिंह सुमन



**बाराबंकी।** ज्योतिषपीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरा नन्द सरस्वती को राजनीतिक साजिश के तहत फर्जी आपराधिक वाद में फंसाया जा रहा है। उक्त उद्गार इंडियन एसोसिएशन आफ लायर्स कार्यकारिणी सदस्य रणधीर सिंह सुमन ने मुख्य न्यायाधीश को पत्र लिख कर कहे। उन्होने कहा कि संघ ने सनातनी हिन्दुओं के शंकराचार्य को बालभोग के आरोप में कुख्यात हिस्ट्रीशीटर द्वारा फर्जी साक्ष्य सृजित कर उनका उत्पीड़न करने की कोशिश की जा रही है। उसका मुख्य कारण यह है कि रामजन्म भूमि मंदिर पर संघ द्वारा ट्रस्ट बनाकर कब्जा किया जा चुका है।

पार्टी विशेष के वोट सृजन का केन्द्र हिन्दुओं की भावनाओं को उग्र कर किया जा रहा है। इस राजनीतिक उपयोग के बाद संघ सनातनी हिन्दुओं के प्रमुख स्थानों को कब्जा कर लेने की नियत से षडयंत्र कर रहा है और जो सनातनी हिन्दू धर्मगुरू इस षड्यंत्र का विरोध करता है उसको सरकारी मशीनरी के सह पर ब्लैकमेलिंग कर अपने पक्ष में करने की कोशिश की जा रही है। श्री सुमन ने आगे कहा कि शंकराचार्य ने माघ मेले में प्रयागराज में अव्यवस्थाओं को लेकर विरोध किया था।

- इंडियन एसोसिएशन आफ लायर्स कार्यकारिणी सदस्य ने मुख्य न्यायाधीश को पत्र लिख की न्यायिक आयोग से जांच की मांग

उसी विरोध के स्वर को दबाने के लिए इस तरह के षडयंत्र किये जा रहे है। इसी तरीके से षडयंत्र धर्म विशेष के लोगों के खिलाफ विपक्षी लोगों के खिलाफ किये जा रहे है। ऐसी दशा में न्यायिक कमीशन बनाकर जांच करने की आवश्यकता है।

## डीएम और एसपी होली और रमजान को लेकर की बैठक



**बहराइच।** जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक द्वारा आगामी पर्व होली एवं रमजान के दृष्टिगत पीस कमेटी बैठक संपन्न बहराइचकलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी महोदय एवं पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा आगामी पर्व होली एवं पवित्र माह रमजान के दृष्टिगत जनपद स्तरीय पीस कमेटी की बैठक आहूत की गई। बैठक में सभी धर्मों के धर्मगुरुओं, गणमान्य नागरिकों एवं सम्भ्रांत व्यक्तियों ने सहभागिता की।

बैठक के दौरान उपस्थित सदस्यों की समस्याओं एवं सुझावों को गंभीरता से सुना गया तथा उनके त्वरित एवं समयबद्ध निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। अधिकारियों द्वारा सभी से अपील की गई कि जनपद की गंगा-जमुनी तहजीब को अक्षुण्ण रखते हुए आपसी सौहार्द, भाईचारे एवं शांति के साथ त्योहारों को मनाया जाए। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक महोदय ने निर्देशित किया कि त्योहारों के दौरान डीजे, लाउडस्पीकर एवं अन्य ध्वनि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग निर्धारित मानकों एवं अनुमन्य ध्वनि सीमा के अनुरूप ही किया जाए। किसी भी प्रकार की भड़काऊ गतिविधि, आपत्तिजनक टिप्पणी या कानून-व्यवस्था प्रभावित करने वाले कृत्य पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी। दोनों पर्वों के एक साथ पड़ने के दृष्टिगत जनपद के समस्त थाना क्षेत्रों में भी थाना स्तरीय पीस कमेटी बैठकों का आयोजन कराया जा रहा है, जिससे स्थानीय स्तर पर समन्वय एवं संवाद स्थापित कर शांति व्यवस्था सुनिश्चित की जा सके। सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत प्रशासन व पुलिस द्वारा पर्याप्त पुलिस प्रबन्ध किये जा रहे हैं। संवेदनशील स्थानों पर विशेष सतर्कता बरती जा रही है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म (ट्विटर/फेसबुक/इंस्टाग्राम आदि) पर 247 सतत निगरानी रखी जा रही है। आमजन से अपील की गयी है कि किसी भी प्रकार की अपुष्ट अथवा भ्रामक सूचना को साझा न करें। अफवाह फैलाने वालों एवं सोशल मीडिया का दुरुपयोग करने वालों के विरुद्ध विधिक कार्रवाई की जा

## डीएम व एसपी ने किया यूपी बोर्ड परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण



**बाराबंकी।** अजीमुद्दीन अशरफ इस्लामिया इंटर कॉलेज तथा जमील-उर-रहमान इस्लामिया गर्ल्स इंटर कॉलेज परीक्षा केन्द्रो पर चल रही उत्तर प्रदेश बोर्ड हाईस्कूल की अंग्रेजी विषय परीक्षा का जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी व पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने केंद्रों पर स्थापित कंट्रोल रूम में लगे सीसीटीवी कैमरों, प्रश्नपत्र वितरण प्रक्रिया, कक्ष निरीक्षण व्यवस्था एवं सुरक्षा प्रबंधों की गहन समीक्षा की। तथा केंद्र व्यवस्थापकों को नकल रोकथाम हेतु सख्त निगरानी रखने, किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर तत्काल प्रभाव से कार्रवाई सुनिश्चित कराये जाने, परीक्षा कक्षों में अनुशासन एवं पारदर्शिता बनाए रखने के निर्देश दिये। साथ ही परीक्षार्थियों की तलाशी व्यवस्था, पेयजल, शौचालय एवं साफ-सफाई की व्यवस्थाओं का भी अवलोकन किया। जिलाधिकारी ने कहा कि परीक्षा की शुचिता से किसी भी स्तर पर समझौता नहीं किया जाएगा। सभी संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी आपसी समन्वय के साथ अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करें, जिससे परीक्षार्थियों को शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित वातावरण उपलब्ध हो सके

## गबन कर विक्रय करने वाले 04 अभियुक्त गिरफ्तार, 13,082 सरकारी पुस्तकें बरामद



जिला संवाददाता

**बहराइच।** पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाने हेतु की जा रही कार्यवाही के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) श्री दुर्गा प्रसाद तिवारी एवं क्षेत्राधिकारी महसी श्री पवन कुमार के पर्यवेक्षण में थाना रामगांव पुलिस टीम को मिली सफलता, थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 052/2026 धारा 3 सार्वजनिक सम्पति निवारण अधिनियम से सम्बन्धित 04 अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार, कुल 13082 सरकारी पुस्तकें बरामद।

घटना व अनावरण का विवरण झ्र दिनांक 17.02.2026 को श्री अशुतोष सिंह पुत्र ठेकेदार सिंह डी0सी0 शिक्षा विभाग द्वारा परिषदीय विद्यालय की सरकारी किताबों को समद ट्रेडर्स व अज्ञात व्यक्तियों द्वारा बिक्री हेतु ले जाये जाने की सूचना पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 052/2026 धारा 3 सार्वजनिक सम्पति निवारण अधिनियम पंजीकृत किया गया। जिसके अनावरण हेतु पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा सख्त निर्देश देते हुए टीम का गठन किया गया था। जिसके क्रम में घटना के अनावरण व संबंधित अभियुक्तों की गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे थे कि थानाध्यक्ष रामगांव मय पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर विवेचना के दौरान घटना का अनावरण करते हुए कुल 13,082 अदद सरकारी पुस्तकों की बरामदगी की गई तथा प्रकाश में आये अभियुक्तगण 1.आलोक मिश्रा, 2.दिलशाद अली, 3.शुभांकर गुप्ता एवं 4.अर्जुन पुत्र शहजादे को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ के दौरान यह तथ्य प्रकाश में आया कि अभियुक्त आलोक मिश्रा, जो बी.एस.ए. कार्यालय में अनुचर के पद पर कार्यरत है जो सरकारी पुस्तकों के रख-रखाव का कार्य करता है, धनलाभ के उद्देश्य से अपने साथियों शुभांकर गुप्ता, अर्जुन, समीर अहमद एवं दिलशाद अली के साथ मिलकर स्टॉक से सरकारी पुस्तकों का गबन कर अवैध रूप से विक्रय किया गया, जिसके आधार पर अभियोग में धारा 61(2)ए, 316(5) इठर वृद्धि करते हुए गिरफ्तारशुदा उपरोक्त चारों अभियुक्तों को विधिक कार्यवाही पूर्ण कर माननीय न्यायालय रवाना किया गया तथा वांछित अभियुक्त समीर अहमद की गिरफ्तारी हेतु प्रयास जारी है। विवेचना के दौरान पूछताछ में यह तथ्य भी सामने आया कि अभियुक्त दिलशाद की कबाड़ की दुकान पर सरकारी पुस्तकों के पाए जाने व विक्रय का वीडियो वायरल कर देने के नाम पर 03 लोगों द्वारा अभियुक्त दिलशाद उपरोक्त से धमकी देकर पैसा लिया गया, जिसके सम्बन्ध में विवेचना की जा रही है। साक्ष्य प्राप्त होने पर विधिक कार्यवाही अमल में लायी जायेगी।

## चोरी का आभूषण बरामद, दो गिरफ्तार

**बहराइच।** पुलिस अधीक्षक जनपद बहराइच के द्वारा अपराध एवं अपराधियों के रोकथाम एवं वांछित /वारण्टी एवं जिला बदर अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु दिये गये दिशा निर्देश के क्रम में व श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक महोदय नगर के कुशल निर्देशन व श्रीमान क्षेत्राधिकारी महोदय कैसरगंज श्री डी0पी0 श्रीवास्तव के पर्यवेक्षण में थाना कैसरगंज टीम द्वारा दिनांक 11/12.02.2026 को सरार्फा की दुकान से हुयी चोरी की घटना का सफल अनावरण करते हुए 02 अभियुक्तगण की गिरफ्तारी एवं बरामदगी 40 अदद बिछिया सफेद धातु, 15 अदद अंगूठी सफेद धातु नग लगा हुआ, 02 अदद ओम लाकेट सफेद धातु की बरामदगी। घटना का विवरण--- सोनी उर्फ लकी पुत्र स्व0 हरिश्याम सोनी नि0 झ्र पुरैनी चौराहा थाना झ्र हुजूरपुर जनपद झ्र बहराइच द्वारा वादी के सेन्टर चौराहा स्थित ज्वैलर्स की दुकान से ताला तोड़कर अज्ञात चोरो द्वारा आभूषण चुरा ले जाने के सम्बन्ध में प्रार्थना पत्र प्राप्त हुआ था जिस पर थाना स्थानीय पर



मु0अ0सं0 झ्र 38/26 धारा झ्र305ए बीएनएस बनाम अज्ञात पंजीकृत कर विवेचना उ0नि0 श्री संजीत कुमार सिंह को सुपुर्द की गयी थी। अनावरण का विवरण - दिनांक 11/12.02.2026 को अज्ञात चोरों द्वारा वादी पंकज सोनी के सेन्टर चौराहा स्थित ज्वैलर्स की दुकान से आभूषण चुरा ले जाने के सम्बन्ध में प्राप्त सूचना पर थाना स्थानीय पर मुकदमा पंजीकृत कर क्षेत्राधिकारी कैसरगंज महोदय के पयेर्वेक्षण में टीम गठित कर कार्ययोजना बनाते हुए घटना के अनावरण का प्रयास प्रारम्भ किया गया। उपरोक्त मुकदमे के सफल अनावरण हेतु गठित टीम द्वारा दिनांक 22.02.2026 को बदरौली से चौहानपुरवा मोड़ गो0न0 1 की तरफ जाने वाले रास्ते पर अभियुक्तगण 1. नन्द कुमार उर्फ नन्दकिशोर पुत्र अयोध्या प्रसाद उम्र 55 वर्ष निवासी पिपरहापुरवा बदरौली थाना कैसरगंज जनपद बहराइच 2. हसरत दीन उर्फ कन्हैया पुत्र हजरत दीन उम्र 25 वर्ष निवासी बम्भनपुरवा मौजा गोड़हिया नं0 1 थाना कैसगंज जनपद बहराइच को गिरफ्तार किया गया।

तथा अभियुक्तगण के कब्जे से घटना में चोरी 40 अदद बिछिया सफेद धातु, 15 अदद अंगूठी सफेद धातु नग लगा हुआ, 02 अदद ओम लाकेट सफेद धातु बरामद किया गया।

संक्षेप

## भव्य वार्षिकोत्सव 26 को

सुलतानपुर (वीओएल)। क्षत्रिय शिक्षा समिति द्वारा संचालित श्री धनंजय सिंह मेमोरियल जूनियर हाई स्कूल (एसडीएसएम) का भव्य वार्षिकोत्सव 26 फरवरी को क्षत्रिय भवन में होगा। क्षत्रिय शिक्षा समिति के अध्यक्ष संजय सिंह ने बताया कि प्रबंध समिति की बैठक में तय हुआ कि इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एमएलसी शैलेन्द्र प्रताप सिंह, विशिष्ट अतिथि भाजपा नगर अध्यक्ष रीना जायसवाल होंगी। साथ ही यह भी निर्णय लिया गया कि पी जी क्लास से कक्षा 8 तक के अधिकतम उपस्थित वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया जाएगा। कक्षावार बेस्ट स्टूडेंट को भी पुरस्कृत किया जाएगा। बेस्ट स्टूडेंट ऑफ द ईयर का भी चयन कई मानक पर किया जाएगा। प्रधानाचार्या नीलम सिंह ने बताया कि पी जी कक्षा से कक्षा 8 तक के विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी जाएगी, जिसका रिहर्सल स्टूडेंट्स कर रहे है। विद्यालय के प्रबंधक रमेश सिंह टिन्नू ने क्षत्रिय शिक्षा समिति द्वारा संचालित महात्मा गांधी स्मारक इंटरमीडिएट कॉलेज, राणा प्रताप पीजी कॉलेज, राणा प्रताप विधि महाविद्यालय कूरेभार स्टाफ से इस कार्यक्रम में सहभागिता कर कार्यक्रम को सफल बनाने का आग्रह किया है।

## प्रायोगिक परीक्षा 24 और 25 को


सुलतानपुर (वीओएल)। राणा प्रताप पीजी कॉलेज के राजनीति विज्ञान विषय के बी.ए. प्रथम सेमेस्टर की प्रायोगिक परीक्षा 24 फरवरी को, बी.ए. तृतीय सेमेस्टर की प्रायोगिक परीक्षा 25 फरवरी एवं एम.ए. प्रथम वर्ष की मौखिक परीक्षा 25 फरवरी को ही सुबह 10:00 बजे से महाविद्यालय में संपन्न होगी। विभाग अध्यक्ष डॉ. अभय सिंह ने बताया कि सभी छात्र-छात्राओं को अपने प्रवेश पत्र के साथ परीक्षा के दिन अनिवार्य रूप से उपस्थित रहना है। अनुपस्थित रहने की स्थिति में संपूर्ण उत्तरदायित्व छात्र एवं छात्र का होगा।

## मुख्यमंत्री से सरकारी जमीन का कब्जा मुक्त कराने की मांग

नसीराबाद, रायबरेली। तहसील सलोन के ग्राम पंचायत कुंवरमऊ में कुछ लोगों द्वारा तालाब, खलिहान आदि आरक्षित भूमि तथा भीटे पर अवैध रूप से कब्जा करके मकान बनाया जा रहा है जिसकी शिकायत प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से की गई है। सरकारी भूमि को अवैध कब्जे से मुक्त कराने के लिए प्रार्थना पत्र की प्रतिलिपि जिलाधिकारी, सचिव राजस्व परिषद और उपजिलाधिकारी को भी प्रेषित की गई है। प्रमोद कुमार पांडेय निवासी ग्राम भिटारी मजरे कुंवरमऊ ने मुख्यमंत्री को भेजे अपने पत्र में लिखा है। कि उसके गांव के राम मूरत पांडेय उर्फ रावण ने अपने परिवार के लोगों के साथ मिलकर सरकारी अभिलेखों में तालाब, खलिहान और भीटा के रूप में दर्ज गाटा संख्या 450, 388 व 389 पर अवैध कब्जा करके मकान बना लिया है। दिसंबर 2007 में तहसीलदार सलोन ने कब्जा से बेदखल करके जुमार्ना भी लगाया किंतु तब से अभी तक दबंग लोगों ने अपना कब्जा हटाया नहीं। जिससे सार्वजनिक उपयोग की भूमिका उपयोग आम लोग नहीं कर पा रहे हैं। सक्षम अधिकारियों को कब्जा हटाने का प्रार्थना पत्र देने के बावजूद अभी तक सरकारी भूमि अवैध कब्जा से मुक्त नहीं हो सकी है। प्रमोद कुमार पांडेय ने माननीय मुख्यमंत्री सहित सक्षम अधिकारियों से सरकारी भूमि को कब्जा मुक्त कराने की मांग की है।

# डलमऊ किला की बिगड़ती सूरत, संरक्षण की दरकार

### संरक्षण के अभाव में धीरे-धीरे खंडहर में तब्दील होता जा रहा है किला



डलमऊ रायबरेली। एक ओर जहां नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार देशभर के मंदिरों और ऐतिहासिक धरोहरों के संरक्षण व पुनरोद्धार पर विशेष बल दे रही है, वहीं गंगा तट पर बसी छोटी काशी के नाम से विख्यात डलमऊ की ऐतिहासिक पहचान डलमऊ किला आज भी व्यापक सौंदर्यीकरण और ठोस संरक्षण की प्रतीक्षा में है। गंगा किनारे स्थित यह किला केवल ईंट-पत्थरों का ढांचा नहीं, बल्कि क्षेत्र की ऐतिहासिक स्मृतियों और सांस्कृतिक गौरव का जीवंत प्रतीक है। स्थानीय मान्यताओं के अनुसार इसका निर्माण राजा डलदेव द्वारा कराया गया था। कभी भव्यता और स्थापत्य कला का अद्भुत उदाहरण रहा यह किला आज संरक्षण के अभाव में धीरे-धीरे खंडहर में तब्दील होता जा रहा है। ग्राउंड रिपोर्ट के दौरान देखा गया कि किले की सीढ़ियां पिछले लगभग तीन वर्षों से अत्यंत जर्जर अवस्था में हैं। कई स्थानों पर पत्थर उखड़ चुके हैं, दीवारों पर दरारें स्पष्ट दिखाई देती हैं और चारों ओर उगी जंगली झाड़ियां इसकी भव्यता को ढंकती नजर आती हैं। बरसात के मौसम में स्थिति और भी चुनौतीपूर्ण हो जाती है, जिससे पर्यटकों के लिए आवागमन जोखिमपूर्ण बन जाता है। जिले के विभिन्न क्षेत्रों से घूमने आए पुष्पेंद्र सिंह (मुंशीगंज), हिमांशु (डलमऊ), अंकित यादव (घुरवारा) व विकास कुमार सहित कई लोगों ने बताया कि डलमऊ आने वाला कोई भी व्यक्ति किले को देखने की इच्छा अवश्य रखता है। उनके अनुसार, डलमऊ की पहचान ही किले और राजा डलदेव के नाम से है, ऐसे में इसका सौंदर्यीकरण अत्यंत आवश्यक है। सरकार द्वारा डलमऊ को पर्यटन नगरी का दर्जा दिए जाने के बाद स्थानीय लोगों में उम्मीद जगी थी कि ऐतिहासिक धरोहरों का कायाकल्प तेजी से होगा। हालांकि प्रक्रिया अपेक्षित गति से आगे नहीं बढ़ पाई है। इस संबंध में नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि शुभम गौड़ ने स्पष्ट किया कि किले के संरक्षण और सौंदर्यीकरण को लेकर शासन स्तर पर कई बार प्रस्ताव व वार्ता की जा चुकी है। उन्होंने बताया कि नगर पंचायत इस ऐतिहासिक धरोहर के संरक्षण के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है और जैसे ही शासन से किसी भी मद में धनराशि स्वीकृत होगी कार्य में प्रगति लाई जाएगी। वहीं स्थानीय नागरिकों व पर्यटकों का मानना है कि यदि शीघ्र ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो आने वाली पीढ़ियां इस किले को केवल कथाओं में सुनेंगी, प्रत्यक्ष रूप से देख नहीं पाएंगी। यह केवल एक ढांचा नहीं, बल्कि सांस्कृतिक अस्मिता का प्रतीक है जिसका संरक्षण प्रशासन, जनप्रतिनिधियों और समाज सभी की साझा जिम्मेदारी है।

# टीईटी अनिवार्यता पर शिक्षक काली पट्टी बांधकर कर रहे विरोध-प्रदर्शन

रायबरेली। टीचर्स फेडरेशन आफ इण्डिया के बैनर तले टीईटी परीक्षा की अनिवार्यता के विरोध में आज जनपद के शिक्षकों ने काली पट्टी बांधकर शिक्षण कार्य, बोर्ड परीक्षा ड्यूटी एवं बीआरसी प्रशिक्षण में सहभागिता की। शिक्षकों ने इसे प्रतीकात्मक विरोध बताते हुए तीन दिवसीय अभियान की शुरुआत की। इसी क्रम में आगामी धरना-प्रदर्शन की तैयारियों को लेकर विकास क्षेत्र छतोह में समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसमें आंदोलन की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की गई। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ, शाखा-रायबरेली के जिलाध्यक्ष राजेश कुमार शुक्ला ने कहा कि शिक्षक अपने भविष्य को लेकर गहरी चिंता में हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि तीन दिन तक काली पट्टी बांधकर शिक्षक शांतिपूर्ण ढंग से अपना विरोध दर्ज कराएंगे। वहीं उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ, शाखा-रायबरेली के जिलाध्यक्ष राघवेन्द्र यादव ने जानकारी दी कि आगामी 26 फरवरी को जनपद के शिक्षक विकास भवन में धरना-प्रदर्शन करेंगे, जिसके उपरांत प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा जाएगा।

बैठक में अध्यक्ष जिला संघर्ष समिति पंकज द्विवेदी, जिला मंत्री मुकेश चंद्र द्विवेदी, सिया राम सोनकर, जनपदीय कोषाध्यक्ष सुधीर सिंह, शिवशरण सिंह, जनपदीय उपाध्यक्ष अनुराग शुक्ल, जनपदीय संयुक्त मंत्री डा. चंद्र मणि बाजपेई, छतोह अध्यक्ष आदित्य पाण्डेय, मंत्री अरविन्द मिश्र, उमेश श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष किशोरी लाल शर्मा, मुकेश सिंह, अनिल शुक्ला, रमेश शुक्ला, अभिषेक सिंह, राकेश कुमार, रोहित मिश्र सहित अनेक पदाधिकारी एवं शिक्षक उपस्थित रहे।

### किसान कल्याण एसोसिएशन का धरना

नसीराबाद, रायबरेली। सोमवार को नसीराबाद मखदूमपुर मार्ग की मरम्मत में किये जा रहे भ्रष्टाचार के विरोध में किसान कल्याण एसोसिएशन ने ग्राम ? सभा लहँगा के पास कार्य स्थल पर धरना प्रदर्शन किया। धरने की अध्यक्षता राष्ट्रीय अध्यक्ष लालता प्रसाद शुक्ला तथा संचालन किसान नेता शिव बहादुर सिंह ने किया। किसानों की मुख्य मांग थी कि नसीराबाद से मकदूमपुर सड़क की मरम्मत में भ्रष्टाचार किया गया है। निर्माण सही नहीं है इसमें डामर और गिट्टी आदि सामग्री कम डाली जा रही है। पटरी पर मिट्टी कम है, ठीक से भराई नहीं की गई है, पटरी पर अतिक्रमण है।

## खेसरहा में होली-ईद शांतिपूर्ण मनाने की अपील

सिद्धार्थनगर- खेसरहा थाने में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। इसका उद्देश्य आगामी होलिका दहन, होली और ईद-उल-फित्र त्योहारों को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराना था। बैठक की अध्यक्षता क्षेत्राधिकारी बांसी रोहिनी यादव ने की। यह बैठक एसएसपी सिद्धार्थनगर डॉ. अभिषेक महाजन के निर्देश तथा अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद के मार्गदर्शन में हुई। थानाध्यक्ष अनूप कुमार मिश्र के नेतृत्व में आयोजित इस बैठक में क्षेत्र के होलिका दहन आयोजक, दोनों समुदायों के धर्मगुरु, ग्राम प्रधान और अन्य गणमान्य व्यक्ति शामिल हुए। अधिकारियों ने उपस्थित सभी लोगों को शासन और पुलिस प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों से अवगत कराया। उन्होंने सभी से आपसी भाईचारा बनाए रखते हुए त्योहार मनाने की अपील की। क्षेत्राधिकारी रोहिनी यादव ने जोर देकर कहा कि पुलिस प्रशासन किसी भी अफवाह, विवाद या अप्रिय घटना को रोकने के लिए पूरी तरह सतर्क है और शांति व्यवस्था बनाए रखने में जनसहयोग अत्यंत महत्वपूर्ण है। बैठक के दौरान दोनों समुदायों के प्रतिनिधियों ने भी प्रशासन को पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में आपसी सौहार्द ही सबसे बड़ी ताकत है और वे इसे बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं। अंत में, थानाध्यक्ष अनूप कुमार मिश्र ने सभी से त्योहारों के दौरान शांति, सामाजिक समरसता और कानून-व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करने की अपील की।

## ककरहवा में रिक्रूट आरक्षियों की जंगल ट्रेनिंग

सिद्धार्थनगर- सोमवार को जिले के ककरहवा क्षेत्र में चल रही रिक्रूट आरक्षियों की जंगल ट्रेनिंग का एसएसपी डॉ. अभिषेक महाजन ने निरीक्षण किया। उन्होंने प्रशिक्षण की गुणवत्ता, अनुशासन और आरक्षियों की शारीरिक व सामरिक तैयारियों का जायजा लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस जंगल ट्रेनिंग के दौरान रिक्रूट आरक्षियों को दुर्गम वन क्षेत्रों में संचलन, संदिग्धों की घेराबंदी और तलाशी अभियान चलाने की तकनीक का अभ्यास कराया गया। उन्हें आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित प्रतिक्रिया, टीम वर्क और वायरलेस संचार प्रणाली के प्रभावी उपयोग की बारीकियां भी सिखाई गईं। प्रशिक्षण में आत्मरक्षा के उपायों और कानून-व्यवस्था से जुड़ी चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में कार्य करने के तरीकों पर विशेष ध्यान केंद्रित किया गया। एसएसपी डॉ. अभिषेक महाजन ने कहा कि इस प्रकार की ट्रेनिंग पुलिसकर्मियों को वास्तविक परिस्थितियों के लिए तैयार करती है। उन्होंने रिक्रूट आरक्षियों को अनुशासन, सतर्कता और धैर्य बनाए रखने के साथ शारीरिक व मानसिक रूप से मजबूत रहने की सलाह दी। उन्होंने यह भी कहा कि बेहतर प्रशिक्षण से पुलिस बल की कार्यक्षमता बढ़ती है और भविष्य में कानून-व्यवस्था बनाए रखने में मदद मिलती है। निरीक्षण के दौरान क्षेत्राधिकारी सदर सहित अन्य पुलिस अधिकारी भी मौजूद रहे।

## सड़क हादसे में दो युवकों की मौत

सहारनपुर। जिले में सोमवार को अज्ञात वाहन की टक्कर से मोटरसाइकिल सवार दो युवकों की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि हादसा सरसावा थाना क्षेत्र में हरिद्वार-पंचकूला राष्ट्रीय राजमार्ग पर हुआ जब उत्तराखंड के हरिद्वार निवासी विश्वजीत (25) और सहारनपुर जिले के बड़गांव थाना क्षेत्र निवासी रूपप्रताप सिंह (22) मोटरसाइकिल से कहीं जा रहे थे। थाना प्रभारी प्रवेश कुमार शर्मा ने बताया कि किसी अज्ञात वाहन ने उनकी मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी, जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही वह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और दोनों युवकों को सहारनपुर के पिलखनी स्थित मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। उन्होंने बताया कि हादसे के बाद अज्ञात वाहन चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस राजमार्ग पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है।

# विधायक सलोन ने मृतक के आश्रितों को उपलब्ध करायी आर्थिक सहायता



रायबरेली। विधायक सलोन अशोक कुमार ने आज मृतक मोहित पटेल के आश्रितों को सरकार की विभिन्न योजनाओं के तहत मिलने वाली धनराशि और अन्य लाभों के प्रमाण पत्र प्रदान किये। उल्लेखनीय है कि मोहित पटेल पुत्र गेंदालाल निवासी ग्राम गोसाई का पुरवा मजरे ममुनी परगना व तहसील सलोन जनपद रायबरेली की मृत्यु हो गई थी। मृतक अपने परिवार में एक मात्र कमाऊ सदस्य था। इनके परिवार की आर्थिक स्थिति ठीक न होने के कारण मृतक के परिवार को शासन द्वारा मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष के तहत 5 लाख रुपये की सहायता धनराशि, आवासीय पट्टा (भूमि 125 वर्ग मीटर), निराश्रित महिला पेंशन योजना के तहत प्रतिमाह धनराशि रु0-1000, राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना के तहत एकमुश्त आर्थिक सहायता धनराशि 30000 रुपए, मुख्यमंत्री आवास योजना के लाभ का चेक व प्रमाण पत्र उपलब्ध कराया गया इसके साथ ही मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के तहत (रु0-2500/प्रतिमाह) का लाभ दिलाए जाने हेतु कार्यवाही की जा रही है। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (वि0रा0) अमृता सिंह, उप जिलाधिकारी सलोन चन्द्र प्रकाश गौतम, क्षेत्राधिकारी सलोन यदुवेन्द्र बहादुर पाल आदि उपस्थित रहे।

# महिला समूह की महिलाओं को किया गया सम्मानित



**रायबरेली।** जनपद में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन की ओर से तीन दिवसीय सरस मेले का आयोजन किया जा रहा है। द्वितीय दिवस के अवसर पर मुख्य अतिथि सदर विधायक अदिति सिंह द्वारा सरस मेला में प्रतिभाग करने वाले समस्त स्टॉलों का अवलोकन किया गया। समूह द्वारा उत्पादित किये जा रहें उत्पादों को उच्च स्तर की मार्केटिंग व्यवस्था सुदृढ़ करने हेतु उत्पादों की खरीदारी कर समूह की महिलाओं को प्रोत्साहित किया गया।

इस अवसर पर जनपद में संचालित समस्त प्रेरणा कैण्टीन एवं अन्य स्वंय सहायता समूह की महिलाओं द्वारा व्यंजन प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया गया, जिसमें प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरूस्कार पाने वाली महिलाओं को प्रमाण-पत्र एवं विधायक द्वारा 5000 की धनराशि देकर पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मेशन के समूहों द्वारा मल्टीग्रेन आटा, आलू चिप्स पापड, पापकार्न, झाडू, टॉयलेट क्लीनर, फ्लोर क्लीनर, कम्पोस्ट खाद्य आदि उत्पादों के स्टॉल, वन विभाग, बेसिक शिक्षा विभाग, आरसेटी, बाल विकास पुष्टाहार, महिला कल्याण विभाग, कृषि विभाग सहित अन्य विभागों के स्टॉल लगाये गयें। मेले में उत्पादों की बिक्री से महिलाओं में विशेष उत्साह रहा।

इस मौके पर जिला विकास अधिकारी अरूण कुमार, उपायुक्त (स्वतः रोजगार) सविता सिंह, खण्ड विकास अधिकारी अमावां संदीप कुमार, खण्ड विकास अधिकारी महराजगंज वर्षा सिंह, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी मोहन त्रिपाठी सहित जिला पंचायत सदस्य राघवेन्द्र प्रताप सिंह, रामश्री एवं समस्त जिला मिशन प्रबधंक, ब्लॉक मिशन प्रबंधक सहित 500 से अधिक समूह की महिलायें उपस्थित रहीं।

## दलित व्यक्ति की हत्या के आरोप में उसकी दो बेटियां गिरफ्तार

मुजफ्फरनगर। जिले के भोपा इलाके में सोमवार को एक दलित व्यक्ति का शव उसके घर से बरामद किया गया। इस मामले में उसकी दो बेटियां गिरफ्तार की गई हैं। मोरना गांव में रामप्रसाद (55) का शव उसके घर से बरामद किया गया। उसके गले पर चोट के निशान पाए गए हैं और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण क्षेत्र) आदित्य बंसल ने कहा कि पुलिस ने रामप्रसाद की बेटी कोमल (32) और एक अन्य 16 वर्षीय बेटी के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया है। पुलिस ने अपराध में इस्तेमाल धारदार हथियार और कोमल के खून के धब्बे वाले कपड़े भी बरामद किए हैं। दोनों आरोपियों ने अपराध को स्वीकार किया कि उन्होंने कई तरह की पाबंदियां लगाने और बात-बात पर टोकने के कारण तंग आकर अपने पिता को मार डाला। पुलिस अधिकारी के अनुसार आरोपियों ने पुलिस को बताया कि रविवार रात भी पिता के साथ दोनों का विवाद हुआ और जब वह सोने चले गए तभी उन्होंने रामप्रसाद की हत्या कर दी।

## गोरखपुर एम्स में महिला चिकित्सक से दुर्व्यवहार पर केस दर्ज

गोरखपुर। जिले में एक महिला डॉक्टर पर कथित रूप से हमला करने और अपशब्द कहने के मामले में प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में प्रसूति एवं स्त्रीरोग विज्ञान में तृतीय वर्ष की पढ़ाई कर रही नगालैंड निवासी महिला डॉक्टर रविवार रात करीब आठ बजे जब एक मॉल से लौट रही थी तो तीन पुरुषों ने लगभग 1.5 किलोमीटर तक उनका पीछा किया और अश्लील टिप्पणियां कीं व अपशब्द कहे। सेना शिविर के पास एम्स के गेट नंबर दो के निकट एक व्यक्ति ने चिकित्सक को कथित रूप से गलत तरीके से छुआ। डॉक्टर ने शोर मचाया तो तीनों आरोपी वहां से भाग गए। घटना से आहत डॉक्टर ने नॉर्थ ईस्ट फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया रेजिडेंट डॉक्टर्स (एनएएफओआरडी) को सूचना दी।

फेडरेशन ने एक्स पर मुख्यमंत्री कार्यालय को टैग करते हुए लिखा कि एम्स गोरखपुर में तृतीय वर्ष की रेजिडेंट डॉक्टर को गंभीर नस्लीय उत्पीड़न और यौन हमले का सामना करना पड़ा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ ने पुष्टि की कि एम्स थाना पुलिस ने संबंधित धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली है। उन्होंने बताया कि सीसीटीवी फुटेज की मदद से आरोपियों से जुड़ी एक मोटरसाइकिल की पहचान की गई है और पुलिस की चार टीम आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए तैनात की गई हैं। एसएसपी ने आश्वासन दिया कि दोषियों को पकड़कर उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# नगर पंचायत क्षेत्र में कोई भी पात्र आवास पाने से वंचित नहीं रहेगा : नगर पंचायत अध्यक्ष

### शीघ्र जाम की समस्या से लंभुआ वासियों को मिलेगी निजात

जिला संवाददाता

लंभुआ, सुलतानपुर (वीओएल)। लंभुआ नगर पंचायत कार्यालय पर पत्रकार वार्ता करते हुए नगर पंचायत अध्यक्ष अवनीश कुमार उर्फ अंगद सिंह ने कहा कि नगर पंचायत क्षेत्र में कोई भी पात्र आवास पाने से वंचित न हो, ऐसा मेरा पूरा प्रयास है। कुछ लोग चाहते हैं कि जिनको आवास मिले हुए हैं और वह घर भी बनवाना शुरू कर दिए हैं। उनका आवास निरस्त हो जाए और उन्हें पैसे वापस करने पड़ जाएं। हम पूरे नगर पंचायत क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में भ्रमण कर जानकारी हासिल कर रहे हैं, तहसील प्रशासन ने लेखपालों को लगाया हुआ है, लेखपाल रिपोर्ट तैयार कर रहे हैं। हमारा पूरा प्रयास रहेगा की नगर पंचायत क्षेत्र में कोई भी पात्र आवास पाने से वंचित न रह जाए। कहा कि अगर कोई सभासद या कोई कर्मचारी या कोई व्यक्ति आवास के नाम पर पैसा वसूलता हुआ पाया गया, तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि जाम की समस्या से शीघ्र नगर पंचायत वासियों को मुक्ति मिलेगी, उसके लिए जमीन चिन्हित की जा रही है, वहां पर सब्जी मंडी हो जाएगी। टैक्सी स्टैंड के लिए भी प्रयास किया जा रहा है। उसके बाद जाम की स्थिति समाप्त हो जाएगी। नगर पंचायत अध्यक्ष श्री सिंह ने कहा कि नगर पंचायत क्षेत्र में जो भी सूखे पेड़ हैं और सड़क के किनारे हैं, जिनके गिरने से कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है, उसकी सूचना हमें उपलब्ध करवाएं। हम विभाग को पत्र लिखकर उसे शीघ्रता के साथ कटवाएंगे। उन्होंने कहा कि नाले का निर्माण तीव्र गति से हो रहा है, आने वाली बरसात में पानी निकासी की समस्या समाप्त हो जाएगी। क्योंकि लंभुआ में जल निकासी की समस्या सबसे बड़ी समस्या थी। नगर पंचायत अध्यक्ष ने पत्रकारों के लिए प्रेस क्लब के निर्माण के लिए शीघ्र जमीन उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया।

# उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल दोसड़का बाजार का हुआ शपथ ग्रहण समारोह

लालगंज रायबरेली। सोमवार को उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल संगठन जिला लालगंज के अंतर्गत दोसड़का में संगठन के द्वारा पदाधिकारियों के हुये शपथ ग्रहण समारोह में पहुंचे मुख्य अतिथि के रूप में संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष बसंत सिंह बग्गा व जिला प्रभारी नगर अध्यक्ष लालगंज विवेक शर्मा, जिला अध्यक्ष रोहित सोनी, जिला महामंत्री अप्पू शर्मा, जिला उपाध्यक्ष सानू बाजपेई ने दो सड़का बाजार में पहुंचकर व्यापारियों को उद्योगव्यापार प्रतिनिधि मंडल के साथ जोड़कर संगठन का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न कराया। प्रदेश उपाध्यक्ष बसंत सिंह बग्गा ने कहा कि व्यापार मंडल का मजबूत संगठन बन जाने से बाजार में व्यापारियों का उत्पीड़न रोका जाएगा जिससे व्यापारियों को मान सम्मान के साथ न्याय दिलाने का काम व्यापार मंडल करेगा। जिला प्रभारी विवेक शर्मा ने सम्मानित पदाधिकारियों को शपथ ग्रहण कराया जिसमें बाजार के अध्यक्ष केडी सिंह, महामंत्री राघवेंद्र सिंह चैहान, कोषाध्यक्ष अमन सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष मयंक दीक्षित, मंत्री रानी कौशल, तौफीक अहमद, संगठन मंत्री धीरज गौतम, संगठन मंत्री अंजनी शर्मा, उपाध्यक्ष शैलेश चैरसिया, मंत्री अभिषेक शर्मा, संगठन मंत्री विजयलक्ष्मी महिला विंग की प्रभारी बनाई गई। विवेक शर्मा ने सभी व्यापारियों को संगठन के प्रति निष्ठा के बाबत शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि संगठन मजबूती से व्यापारियों के मान सम्मान में काम करेगा।

## शाहजहांपुर में लाट साहब जुलूस मार्ग की 48 मस्जिद-मजार तिरपाल से ढकीं, सुरक्षाबल तैनात

शाहजहांपुर। शाहजहांपुर जिले में होली पर निकलने वाले लाट साहब के जुलूस में जूतामार होली के मद्देनजर जुलूस मार्ग की मस्जिदों और मजारों को तिरपाल से ढक दिया गया है तथा प्रशासन इस बार पिछले वर्ष की तुलना में डेढ़ गुना अधिक पुलिसबल और 200 से ज्यादा मजिस्ट्रेट स्तर के अधिकारियों की तैनाती करेगा। पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने बताया कि जुलूस में चार अपर पुलिस अधीक्षक, 13 पुलिस क्षेत्राधिकारी, 310 दरोगा, 1200 सिपाही और 500 होमगार्ड जवानों के अलावा चार-चार कंपनियां प्रादेशिक आर्म्ड कांस्टेबुलरी (पीएसी) तथा त्वरित कार्रवाई बल (आरएएफ) की और राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) की टीम तैनात की जाएंगी। उन्होंने बताया कि शहर के आठ किलोमीटर के दायरे में निकलने वाले बड़े और छोटे लाट साहब के जुलूस पर नजर रखने के लिए 100 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि पिछले वर्ष हुए कुछ विवाद के मद्देनजर इस बार जुलूस में एक अतिरिक्त जोन बनाया गया है और पिछले एक महीने से सभी थानों-चौकियों पर विभिन्न समुदायों के लोगों के साथ शांति समिति की बैठकें की जा रही हैं। अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) रजनीश कुमार मिश्रा ने बताया कि जुलूस मार्ग में पड़ने वाली 48 मस्जिदों और मजारों को प्लास्टिक तिरपाल से ढक दिया गया है। उन्होंने बताया कि साथ ही मार्ग से जुड़ी 148 गलियों को अवरुद्ध कर वहां अवरोधक लगाए जाएंगे ताकि अचानक भीड़ न उमड़े। उन्होंने बताया कि होलिका दहन स्थलों पर भी 103 मजिस्ट्रेट तैनात रहेंगे। स्वामी शुकदेवानंद कॉलेज के इतिहास विभागाध्यक्ष डॉक्टर विकास खुराना के अनुसार, यह परंपरा बेहद रोचक है। उन्होंने बताया कि शाहजहांपुर में रहने वाले नवाब अब्दुल्ला खान अपने परिवार से नाराज होकर फर्रुखाबाद चले गए थे और 1728 में जब लौटे तो संयोग से उस दिन होली थी। तब हिंदू-मुस्लिम समुदाय ने उनके साथ होली खेली और शहर का चक्कर लगाया, तभी से यह परंपरा शुरू हुई। उन्होंने बताया कि साल 1859 में अंग्रेजों ने शाहजहांपुर पर फिर से कब्जा कर लिया और उसके बाद जिला प्रशासन स्वयं नवाब साहब के जुलूस का आयोजन करने लगा।

# अंडरपास की मांग को लेकर तहसील में प्रदर्शन

अमेठी। अमेठी बाईपास फेज-2 पर अंडरपास निर्माण की मांग को लेकर सोमवार को कांग्रेस नेता नरेंद्र मिश्र के नेतृत्व में क्षेत्र के ग्रामीणों ने तहसील परिसर पहुंचकर प्रदर्शन किया। बाद में उपजिलाधिकारी आशीष सिंह को ज्ञापन सौंपकर समस्या के समाधान की मांग की गई। ग्राम रेमा, ज्ञानचन्द्पुर और महसों के बड़ी संख्या में ग्रामीण तहसील पहुंचे और बाईपास निर्माण से उत्पन्न हो रही समस्या को लेकर प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। ग्रामीणों का कहना है कि बाईपास निर्माण के दौरान रेमा संपर्क मार्ग को बंद किया जा रहा है, जिससे करीब दस हजार से अधिक आबादी के सामने आवागमन का संकट खड़ा हो गया है।

ग्रामीणों ने बताया कि अमेठी-प्रतापगढ़ मार्ग से गांवों को जोड़ने के लिए जिला पंचायत द्वारा पूर्व में पक्की सड़क का निर्माण कराया गया था। इसी मार्ग से लोग बाजार, स्कूल, अस्पताल और अन्य आवश्यक कार्यों के लिए अमेठी कस्बे आते-जाते हैं। बाईपास की ऊंचाई अधिक होने के कारण उस पर सीधे चढ़ना संभव नहीं है और अंडरपास का निर्माण भी नहीं किया जा रहा है।

कांग्रेस नेता नरेंद्र मिश्र ने कहा कि यह जनसुविधा से जुड़ा महत्वपूर्ण मुद्दा है। यदि जल्द अंडरपास का निर्माण नहीं कराया गया तो ग्रामीणों को लंबा चक्कर लगाकर आवागमन करना पड़ेगा। उन्होंने प्रशासन से शीघ्र अंडरपास निर्माण कराने की मांग की। उपजिलाधिकारी आशीष सिंह ने ज्ञापन प्राप्त कर मामले को संबंधित विभाग को भेजकर आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि समस्या का समाधान न होने पर आंदोलन तेज किया जाएगा।

# घर सूना देख चोरों का धावा, नकदी समेत लाखों के जेवर गायब



गोसाईगंज, सुलतानपुर (वीओएल)। गोसाईगंज थानाक्षेत्र अंतर्गत लखनऊ-बलिया राजमार्ग किनारे स्थित एक बंद पड़े मकान को अज्ञात चोरों ने निशाना बनाया। मुख्य दरवाजे का ताला तोड़कर घर में घुसे चोर कमरे में रखी आलमारी और बक्से से करीब 45 हजार रुपये नकद और लगभग 20 लाख रुपये मूल्य के जेवरात उठा ले गए। चोरों ने घर में रखी दो बच्चों की गुल्लक भी नहीं छोड़ा। दो गुल्लक उठाकर ले गए, जबकि तीसरी को तोड़कर उसमें रखी रकम निकाल ली। हयातनगर निवासी राशिदा बेगम पत्नी तौकीर अहमद उर्फ लल्लन का मकान महादेवपुर चैराहे के पास हाईवे किनारे स्थित है। तौकीर अहमद दुबई में नौकरी करते हैं। राशिदा बेगम अपने बच्चों के साथ यहीं रहती हैं। शनिवार को वह अपनी दो बेटियों के साथ इलाज के सिलसिले में शाहगंज जौनपुर गई थीं और दो दिन रिश्तेदारी में रुक गईं। सोमवार सुबह करीब 10 बजे जब वह घर लौटीं तो मुख्य दरवाजे का ताला टूटा मिला और अंदर का सामान बिखरा पड़ा था। आलमारी और बक्से का तोड़कर अज्ञात चोर 45 हजार नगदी और एक सोने का हार, 4 कान का झाला, 4 अंगूठी, सोने की चेन सहित लाखों का आभूषण लेकर फरार हो गए थे। जिसकी कीमत 20 लाख के ऊपर बताई जा रही है। मौके पर पहुंची पुलिस और फोरेंसिक टीम ने जांच-पड़ताल की है। पीड़िता की ओर से आशंका व्यक्त करते हुए गांव के ही दो किरायेदारों को खिलाफ नामजद तहरीर दी है। हाईवे किनारे हुई इस बड़ी चोरी से क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठ रहे हैं। आसपास के लोगों का कहना है कि रात में गश्त की कमी के कारण चोर बेखौफ होकर वारदात कर रहे हैं। दो दिन पहले भी चोरों ने त्रिलोकीपुर गांव और मोतीगंज बाजार में बेखौफ होकर चोरी की घटना को अंजाम दिया था। इस संबंध में क्राइम इंस्पेक्टर अखिलेश कुमार सिंह ने बताया कि घटनास्थल की जांच कर साक्ष्य जुटाए गए हैं। तहरीर के आधार पर जांचकर कार्रवाई की जाएगी।

संक्षेप

## परिक्रमा मार्ग को भी घोषित किया नो व्हीकल जॉन

मथुरा। वृंदावन होली के महापर्व पर ठाकुर बांके बिहारी की नगरी में उमड़ने वाली श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा और यातायात व्यवस्था के कड़े इंतजाम किए हैं।

सीओ सदर पीतम पाल सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि 25 मार्च से होली तक वृंदावन में बाहरी वाहनों और ई-रिक्शा के प्रवेश पर पूरी तरह प्रतिबंध रहेगा। विशेषकर परिक्रमा मार्ग को नो व्हीकल जोन घोषित किया गया है ताकि 27 मार्च को रंगभरनी एकादशी पर परिक्रमा करने वाले परिक्रमार्थियों के लिए जाम मुक्त रखा जा सके। श्रद्धालुओं की सुगमता के लिए विकास प्राधिकरण द्वारा गोल्फ कार्ट का संचालन किया जाएगा। प्रशासन ने श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे चोरी की घटनाओं से बचने के लिए अपने मोबाइल फोन, कीमती आभूषण और महंगा सामान होटल या गेस्ट हाउस में ही छोड़कर आएं।

# विवि में विशेषज्ञों ने बताया सॉफ्ट स्किल्स सफलता का मंत्र

जिला संवाददाता

**मथुरा।** आज के गलाकाट प्रतिस्पर्धा वाले युग में केवल किताबी ज्ञान या तकनीकी डिग्रियां सफलता की गारंटी नहीं हैं। कॉरपोरेट जगत में वही छात्र लंबी रेस का घोड़ा साबित होता है जिसके पास प्रभावी संवाद कौशल, आत्मविश्वास और बेहतर व्यवहारिक ज्ञान है। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए संस्कृति विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ टूरिज्म एंड हॉस्पिटैलिटी द्वारा ह्लहाउ टू मास्टर सॉफ्ट स्किल्सह्व विषय पर एक उपयोगी कार्यशाला का आयोजन किया

गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता कैप्स के निदेशक डा.रजनीश त्यागी ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करते हुए कहा कि केवल डिग्री हासिल करना पर्याप्त नहीं है, बल्कि एक सुलझा हुआ व्यक्तित्व और बेहतर संवाद कौशल ही आपको भीड़ से अलग बनाता है। उन्होंने छात्रों को निरंतर आत्म-सुधार के लिए प्रेरित किया। इसके पश्चात डीन एसओएमसी डॉ. गंगाधर हुगर ने प्रबंधन के क्षेत्र में व्यवहारिक ज्ञान और टीम वर्क की महत्ता पर प्रकाश डाला। कार्यशाला का समन्वय और संचालन सुश्री शुभांगी सक्सेना (असिस्टेंट प्रोफेसर एवं हॉस्पिटैलिटी ट्रेनर) द्वारा किया गया, जो स्वयं एक प्रमाणित लाइफ कोच भी हैं। उन्होंने अपने संबोधन में इस बात पर जोर दिया कि आज के प्रतिस्पर्धी जॉब मार्केट में आत्मविश्वास निर्माण, प्रभावी संचार और पारस्परिक व्यवहार का महत्व लगातार बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि कंपनियां अब केवल यह नहीं देखतीं कि आपको क्या आता है, बल्कि यह देखती हैं कि आप अपनी बात को दूसरों तक कैसे पहुंचाते हैं और टीम में कैसे काम करते हैं। विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित इस कार्यशाला में विभिन्न पाठ्यक्रमों के लगभग 100 से ज्यादा छात्रों ने

उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में सुश्री अर्पणा गुप्ता (सीनियर सॉफ्ट स्किल ट्रेनर) और सुश्री दिव्या गहलोत (सॉफ्ट स्किल ट्रेनर) ने भी अपने अनुभव साझा किए। कार्यशाला के अंत में होटल मैनेजमेंट विभाग के




अध्यक्ष रतिश शर्मा ने अपने धन्यवाद ज्ञापन में अतिथियों और प्रशिक्षकों का आभार व्यक्त किया और विद्यार्थियों को भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। इस दौरान डीन एकेडमिक्स डॉ. रैणु गुप्ता सहित विश्वविद्यालय के अन्य शिक्षकगण भी उपस्थित रहे।

कार्यशाला का समापन प्रश्नोत्तर सत्र के साथ हुआ, जहाँ छात्रों ने विशेषज्ञों से अपनी शंकाओं का समाधान किया। छात्रों ने माना कि इस सत्र के बाद वे अपने व्यक्तिगत और पेशेवर जीवन में सीखे गए कौशल को लागू करने के लिए अधिक प्रेरित और आत्मविश्वासी महसूस कर रहे हैं।

## राष्ट्रीय संत गाड़गे महाराज की धूमधाम से निकाली गयी भव्य शोभा यात्रा



**टूंडला।** राष्ट्रीय संत गाडगे महाराज के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में नगर में शोभायात्रा निकाली गई। आधा दर्जन से अधिक झाकियों जिन पर बहुजन समाज में जन्में महापुरूप की मूर्तियों बैंड ?बाजे संग आकर्षण का केन्द्र रही ।शोभायात्रा का कार्यक्रम का शुभारम्भ अध्यक्ष ओमप्रकाश दिवाकर द्वारा फीता काटकर किया गया तथा अनार दिवाकर द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया ।शोभायात्रा एसबीआई बैंक स्टेशन रोड से चलकर दीपा चौराहा मैन बाजार, कोतवाली रामलीला मैदान, सिटी सेंटर, भारत माता चौक, सब्जी मंडी अम्बेडकर पार्क होते हुए। सुभाष चौराहा से होकर सूर्यनगर कालौनी पहुंची जहां समापन किया गया। इस दौरान सम्मान समारोह एवं मेधावी छात्र छात्राओं को सम्मानित कर पुरुस्कृत किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष ओमप्रकाश दिवाकर ने कहा कि समाज को महापुरुषों के चरित्र से प्रेरणा लेते हुए आगे बढ़ने की जरूरत है। दिवाकर समाज का इतिहास बहुत गौरव शाली है। संत गाड ?गे महाराज अनपढ़ होते समाज में स्वच्छता, शिक्षा, न्याय, समानता एवं बंधुता की अलख जगाते रहे। संत गाड ?गे एक कर्मयोगी राष्ट्र संत के रूप में पहचाने जाते है। कार्यक्रम का संचालन मनोज कुमार माथुर ने किया। इस मौके पर पूर्व सभासद नीलम दिवाकर, जयप्रकाश दिवाकर, केएस दिवाकर, अनार सिंह, तारा चन्द दिवाकर, विजय सिंह, सतीश दिवाकर, मनोज, माथुर, सुनील दिवाकर, नौरंगी लाल, जीवाराम सिह, संजय दिवाकर, अशोक दिवाकर, राजेश दिवाकर धर्मेन्द्र किशोर, मनोज दिवाकर, रश्मी, पंचम सिंह, देवेश, लाल दिवाकर, महेश चन्द्र दिवाकर, कमल सिह, राकेश दिवाकर, मान सिह, प्रभात, रघुवीर दिवाकर आदि के अलावा बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## डिलीवरी के बाद प्रसूता की मौतए परिजनों ने किया हंगामा, पुलिस ने सीएमओ से मांगी रिपोर्ट

**आगरा।** अस्पताल में डिलीवरी के बाद प्रसूता की मौत हो गई। परिजनों ने लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा कर दिया। पुलिस ने मामले में सीएमओ से रिपोर्ट मांगी है। सदर थाना के शहजादी मंडी स्थित वैजयंती अस्पताल में डिलीवरी के लिए भर्ती प्रसूता की मौत पर परिजन ने हंगामा किया। पुलिस ने जीडी में मामला दर्ज कर सीएमओ से जांच रिपोर्ट मांगी है। वहीं वाल्मीकि समाज ने मामले में कार्रवाई नहीं होने पर सफाई कार्य बंद करने की चेतावनी दी है। मलपुरा के भांडई निवासी परिजन ने बताया कि ललिता को प्रसव पीड़ा होने पर भर्ती कराया गया था। डॉक्टरों ने डिलीवरी के बाद खून चढ़ाने की बोलकर उपाध्याय अस्पताल रेफर किया। वहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। लापरवाही का आरोप लगाते हुए आक्रोशित परिजन ने अस्पताल के बाहर शव रखकर प्रदर्शन किया। पुलिस ने सीएमओ से जांच रिपोर्ट मांगी है। शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। उधरए वाल्मीकि समाज ने अस्पताल सीज करने की मांग करते हुए चेतावनी दी है कि कार्रवाई न होने पर सफाई कार्य बंद किया जाएगा।

## जेल से रिहा हुए दो और बांग्लादेशी कल को किए जायेंगे डिपोर्ट

**आगरा।** भारत में अवैध रूप से रह रहे दो बांग्लादेशियों की तीन.तीन साल की सजा रविवार को पूरी हो गई। दोनों को 25 फरवरी को डिपोर्ट किया जाएगा। आईबी और बीएसएफ के अधिकारियों की मदद से बांग्लादेश भेजा जाएगा। रिहा होने पर उन्हें जेल से एलआईयू के एक दरोगा और चार सिपाहियों ने अपनी सुपुर्दगी में ले लिया। ताजगंज के तोरा चौकी क्षेत्र में अवैध रूप से रहने वाले बांग्लादेशी इब्राहिम शेख और अजीज उर गाजी को पुलिस ने मार्च 2023 में गिरफ्तार कर जेल भेजा था। उन्हें कोर्ट ने तीन.तीन साल की सजा सुनाई थी। दोनों की सजा 22 फरवरी को पूरी हो गई। उन्हें डिपोर्ट करने के लिए जिला प्रशासन को एलआईयू ने रिपोर्ट दी थी। बीएसएफ को पत्र लिखकर डिपोर्ट करने की तारीख मांगी गई थी। एसीपी एलआईयू दिनेश कुमार सिंह ने बताया कि दोनों बांग्लादेशियों की सजा पूरी होने के बाद रविवार शाम को जिला कारागार से सब इंस्पेक्टर सतेंद्र कुमार ने दोनों को अपनी सुपुर्दगी में लिया। उनके साथ चार सिपाही लगाए गए हैं। दोनों को ट्रेन से पश्चिम बंगाल ले जाया जाएगा। वहां बीएसएफ और आईबी अधिकारियों की मदद से दोनों को 25 फरवरी को बांग्लादेश डिपोर्ट कर दिया जाएगा। कुछ समय पहले आगरा से 38 बांग्लादेशियों को डिपोर्ट किया गया था।

## ताजमहल में सीढ़ियों से गिरी पश्चिम बंगाल की पर्यटक, पैर में आई गंभीर चोट

**आगरा।** ताजमहल देखने आई महिला पर्यटक हादसे का शिकार हो गई। स्मारक में सीढ़ियों से गिरकर महिला के पैर में गंभीर चोट आई। पुलिस ने पर्यटक को इलाज के लिए एंबुलेंस से अस्पताल भेजा। मोहब्बत की निशानी ताजमहल का दीदार करने पश्चिम बंगाल से आई एक महिला पर्यटक रविवार को हादसे का शिकार हो गई। जानकारी के अनुसार छपरा जिला नादिया पश्चिम बंगाल निवासी 50 वर्षीय महिला पर्यटक पश्चिमी गेट की सीढ़ियों से उतरते समय अचानक असंतुलित होकर गिर पड़ी। हादसे में उनके पैर में गंभीर चोट आईए जिससे वे चलने.फिरने में असमर्थ हो गईं। घटना की सूचना मिलते ही थाना ताज सुरक्षा पुलिस की क्विक रिस्पांस टीम तत्काल मौके पर पहुंची। टीम ने तत्परता दिखाते हुए घायल महिला पर्यटक को प्राथमिक सहायता प्रदान की तथा एम्बुलेंस की व्यवस्था कर उन्हें प्राथमिक उपचार के लिए अस्पताल भेज दिया। पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई से घायल महिला को समय पर चिकित्सीय सुविधा उपलब्ध हो सकी। मौके पर मौजूद पर्यटकों ने भी ताज सुरक्षा पुलिस की सजगता और मानवीय व्यवहार की सराहना की। महिला पर्यटक की मदद में उपनिरीक्षक पंकज सिंह पटेलए आरक्षी आशु तथा महिला आरक्षी प्रीति शामिल रहीं।

# बरसाना में आज लड्डू मार और कल होगी लठामार होली

जिला संवाददाता

**मथुरा।** ब्रज में प्रमुख मंदिरों में होली शुरू होने के बाद मंगलवार को बरसाना स्थित श्रीजी महल से होली का न्योता नंदगांव भेजा जाएगा। राधारानी की सखियां प्रेम और भक्ति का संदेश लेकर निमंत्रण रूपी गुलाल के साथ नंदभवन पहुंचेंगी। यह अवसर केवल उत्सव का नहीं, बल्कि राधा-कृष्ण के अलौकिक प्रेम और ब्रज संस्कृक्ति की जीवंत अभिव्यक्ति का प्रतीक माना जाता है।

नंदगांव के नंदभवन में इस अवसर पर परंपरागत पाग आमंत्रण महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। बरसाना से आई सखियां कमोरी में अमनियां भोग, दो वीरी, इत्र मेहा और पुष्प मालाएं अर्पित कर होली का न्योता प्रदान करेंगी।

इसके बाद समाज में निमंत्रण रूपी गुलाल का वितरण होगा। फाग गायन, कीर्तन और लोकधुनों के बीच संपूर्ण नंदगांव भक्तिरस में डूब जाएगा। मान्यता है कि इसी न्योते के साथ ब्रज



की होली लीलाओं को विधिवत गति मिलती है। नंदगांव द्वारा न्योता स्वीकार किए जाने की सूचना जैसे ही बरसाना भेजी जाती है, वैसे ही श्रीजी महल में आनंद और उल्लास का वातावरण बन जाता है। शाम को लाड़लीजी मंदिर में पांडे लीला का आयोजन होता है। इसमें घोषणा की जाती है कि श्रीकृष्ण अगले दिन सखाओं समेत बरसाना पधारेंगे। घोषणा के साथ ही बरसाना में परंपरागत लड्डू होली खेली जाती है। फल्गुन पूरे रंग में है और बरसाना की रंगीली गली एक बार फिर होली के रंग में सराबोर होने को तैयार है। देश विदेश से आने वाले लाखों भक्त उस दृश्य के साक्षी बनेंगे, जहां घूंघट में हुरियारिनें लाठियां उठाएंगी और ढाल थामे हुरियारे सामने होंगे। यह दृश्य केवल होली का नहीं, बल्कि ब्रज की उस परंपरा का होगा, जो सदियों से राधा कृष्ण प्रेम की पहचान बनी हुई है। प्रसाद रूपी लड्डू जैसे ही भक्तों पर बरसेंगे, वैसे ही पूरे धाम में होली का रंग चढ़ जाएगा। कार्यक्रम के अनुसार 25 फरवरी को बरसाना में लठामार होली का आयोजन होगा, जहां राधा की सखियां नंदगांव के ग्वालों पर प्रेमभाव से प्रतीकात्मक लाठियां बरसाएंगी। 26 फरवरी को यही लीला नंदगांव में संपन्न होगी, जब बरसाने की गोपियां यहां आकर श्रीकृष्ण और सखाओं के साथ होली खेलेंगी।

ढोल नगाड़ों की थाप और फाग की तान के बीच श्रद्धालु लठामार होली के उस रूप को देखेंगे, जो ब्रज की पहचान है। प्रशासन भी तैयारियों को अंतिम रूप दे रहा है। सुरक्षा के लिए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया जा रहा है। भीड़ नियंत्रण को लेकर बैरिकेडिंग और ट्रैफिक डायवर्जन की व्यवस्था की गई है।

# मथुरा रिफाइनरी में हुआ आपातकालीन पूर्वाभ्यास



**मथुरा।** मथुरा रिफाइनरी अपने अधिकारियों, कर्मचारियों और संविदा कर्मियों, प्लांट और रिफाइनरी परिधि मे आने वाले सभी गांवों की सुरक्षा के प्रति हमेशा सजग रहती है। रिफाइनरी में संभावित खतरों से निपटने के लिए समय- समय पर आपातकालीन पूर्वाभ्यास किए जाते हैं। इसी परिप्रेक्ष्य में आज ऑन साइट कम ऑफ साइट डिजास्टर पूर्वाभ्यास किया गया, जो प्रोपिलीन गैस के रिसाव से उत्पन्न आग से संबन्धित था। गैस रिसाव और आग लगाने के परिदृश्य में रिफाइनरी व आस पास के ग्रामों पर इसके प्रभाव को ध्यान में रखते हुए ड्रिल को आयोजित किया गया। गैस रिसाव से उत्पन्न आग की सूचना मिलते ही रिफाइनरी का अग्निशमन दस्ता तुरंत घटना स्थल पर पहुंचा और फायर टेंडर से आग बुझाने का काम शुरू किया, घटना की गंभीरता को देखते हुए इसे डिजास्टर घोषित किया गया। जिला प्रशासन, सिविल डिफेंस, जिला अस्पताल, जिला अग्निशमन दस्ता एवं पुलिस की टीमें भी मौके पर पहुंची और आग बुझाने और इवैकुएशन का कार्य किया। इस ड्रिल के दौरान सभी पर्यवेक्षकों ने अपनी भूमिका निभाई और इसे सफलतापूर्वक पूरा किया। आपातकाल पूर्वाभ्यास के पश्चात हुई बैठक के दौरान पूर्वाभ्यास की गतिविधियों पर प्रकाश डाला गया। इस पूर्वाभ्यास के दौरान की गई विभिन्न गतिविधियों की समीक्षा उच्च स्तरीय प्रबंधमंडल द्वारा की गई। बैठक की अध्यक्षता श्री मुकुल अग्रवाल, कार्यकारी निदेशक व रिफाइनरी प्रमुख ने की। इस अवसर पर जिला प्रशासन, सीआईएसएफ और रिफाइनरी प्रबंधन के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।

# सील तोड़कर अवैध निर्माण करने पर दो के खिलाफ केस

जिला संवाददाता

**मथुरा।** प्राधिकरण की सील तोड़कर जबरन निर्माण कार्य करने को लेकर विकास प्राधिकारण के अवर अभियंता ने दो नामजद के खिलाफ थाना जैत पर प्राथमिकी दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जाँच में जुटी हुई है। प्राधिकरण द्वारा दी गई तहरीर के

- **नक्शा पास कराए बिना निर्माण को लेकर हुई थी सीलिंग की कार्रवाई**

अनुसार, दिल्ली-आगरा हाईवे पर जैत थाना क्षेत्र के अंतर्गत एचपी पेट्रोल पंप के पास केहरी सिंह और इंद्रजीत सिंह द्वारा भूखंड पर अवैध निर्माण किया जा रहा था। उत्तर प्रदेश नगर नियोजन एवं विकास अधिनियम 1973 की धाराओं के उल्लंघन पर प्राधिकरण ने पूर्व में वाद के तहत कार्रवाई की थी। इसके बाद 02 जुलाई 2025 को सचिव के आदेश पर सहायक अभियंता अशोक चैधरी की उपस्थिति में परिसर को सील कर दिया गया था। आरोप है कि निर्माणकताओं ने केवल शमन मानचित्र प्रस्तुत किया, लेकिन बिना स्वीकृति के ही चोरी-छिपे निर्माण कार्य जारी रखा। प्राधिकरण के अधिकारियों ने बताया कि परिसर की सुरक्षा की जिम्मेदारी निर्माणकताओं की ही थी, लेकिन उन्होंने सरकारी सील को क्षतिग्रस्त कर दिया और आदेशों का उल्लंघन करते हुए भवन निर्माण कार्य जारी रखा। अवर अभियंता सुनील राजौरिया की शिकायत पर पुलिस ने संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर ली है। प्राधिकरण के अधिकारियों का कहना है कि विकास क्षेत्र में बिना स्वीकृत मानचित्र के निर्माण और सरकारी आदेशों की अवहेलना करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। सीओ सदर पीतमपाल सिंह ने बताया प्राथमिकी दर्ज कर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।

## जमीन पर जबरन कब्जा करने का आरोप

ललितपुर।थाना कोतवाली क्षेत्र में एक व्यक्ति के साथ अवैध कब्जा और धमकी का मामला सामने आया है। पीड़ित ककरूआ निवासी सुखनन्दन पुत्र स्व.दयाराम ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसकी भूमि संख्या पर जबरन कब्जा कर लिया गया है।

# भारतीय परिधानम शो में दिखेगी कई प्रांतों की सांस्कृतिक झलक

जिला संवाददाता

**आगरा।** ताज महोत्सव के मुक्ताकाशीय मंच पर इस बार एक के बाद एक करीब आधा दर्जन प्रस्तुतियां मन मोह लेंगी। इनमें देश के विभिन्न प्रदेशों की जहां वस्त्र संस्कृति की झलक देखने को मिलेगीए वहीं इन प्रदेशों के लोक नृत्य एवं संगीत की भी बेहद आकर्षक प्रस्तुतियां देखने को मिलेंगी। यह सब देखने को मिलेगा एक शानदार परिधान शो मेंए जिसमें आगरा के अनुभवी एवं युवा डिजाइनर्स द्वारा क्रिएटिविटी का प्रदर्शन किया जाएगा। संस्कार भारती संस्था की आगरा महानगर शाखा द्वारा ताज महोत्सव.2026 के अंतर्गत भारतीय परिधानम्नामक एक भव्य परिधान शो का आयोजन 24 फरवरीए मंगलवार को सांय 3००० बजे से टाटा ग्राउंड स्थित मुक्ताकाशीय मंच पर किया जायेगा। इसके पोस्टर का विमोचन संस्कृति भवन में रविवार को किया गया। मुख्य अतिथि प्रोण लवकुश मिश्रा थे। यह जानकारी संस्कार भारती के ब्रज प्रांत महामंत्री नन्द नन्दन गर्ग ने देते हुए बताया कि इस शो में संस्कार भारती से जुड़े कलाकारों की लोक संगीत पर लोक नृत्यों की मनोहारी प्रस्तुतियां होंगी। इसके साथ ही कार्यक्रम का विशेष आकर्षण परिधान शो होगा। इस डिजाइनर परिधान शो में आगरा के युवा और अनुभवी दोनों ही डिजाइनर्स की रचनाशीलता और कल्पनाशीलता प्रदर्शित होगी। संस्कार भारती के महानगर महामंत्री ओम स्वरूप गर्ग ने बताया कि आईआईएफटी की फैशन डिजाइनिंग की छात्राओं और संस्थान के पुरातन छात्रों द्वारा तैयार ब्रज एवं राजस्थानी परिधान सबके आकर्षण के केंद्र बनेंगे। वी लिपिका फैशन स्टूडियो की फैशन डिजाइनर लिपिका चड्ढा के मॉडल्स द्वारा पंजाबियत से सराबोर परिधान कैटवॉक करके प्रदर्शित किए जाएंगे। संस्कृति क्रिएशंस की फैशन डिजाइनर नीतू सिंह मराठा संस्कृति को परिधानों में प्रस्तुत करेंगी। भूमिका तिवारी द्वारा तैयार वस्त्रों में बंगाली फैशन और लाइफ स्टाइल को ही प्रमुखता से प्रदर्शित करेंगी। प्रस्तुति समन्वयक डॉण महेश धाकड़ ने बताया कि इस शो में खूबसूरत मॉडल्स द्वारा रैंप पर कैटवॉक द्वारा विभिन्न प्रदेशों की वस्त्र संस्कृति प्रदर्शित करने वाले परिधान प्रदर्शित किए जाएंगे। रैंप मॉडल्स में भूमिका तिवारीए तरानाए जिंसी लालए गौरीए प्रियाए कोमलए नव्याए दामिनी शामिल हैं। एंकरिंग माही वीण कुमार करेगी। कार्यक्रम की संयोजिका नीता गर्ग और बबीता पाठक ने संयुक्त रूप से जानकारी देते हुए बताया कि समूह नृत्य में उन प्रदेशों के उत्सवों की आकर्षक झलक दिखाई देगी। इसके लिए उन्हीं प्रदेशों के परिधान और सौंदर्य प्रसाधनों का प्रयोग किया जाएगा। इनमें प्रस्तुति देने वाली संस्था की युवा सदस्याओं एवं किशोरियों को आगरा के कोरियोग्राफर टोनी फास्टर ने प्रशिक्षित किया है। प्रेस कॉन्फ्रेंस में कार्यक्रम की सह संयोजिका अनीता भार्गव और मीना अग्रवालए सहयोगी अनीता जैन और अंजू श्रीवास्तवए आईआईएफटीए आगरा के सेंटर डायरेक्टर विनीत बवानियाए इफ्ट की फैशन फैकल्टी कृति सिंहए वी.लिप फैशन एंड फैब्रिक्स की डिजाइनर लिपिका चड्ढाए संस्कृति क्रिएशंस की डिजाइनर नीतू सिंहए अंशिका सक्सैनाए मेकअप आर्टिस्ट मानवी मेहताए अमित अग्रवालए इंजीनियर सुरेश चंद्र अग्रवालए दीपक कपूरए इंजीनियर नीरजों एसएन गर्गए राजीव सिंघलए प्रदीप सिंघलए छीतर मल गर्गए प्रेम चंद अग्रवाल सुपारी वाले आदि सहयोगी हैं।

## आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारम्भ




**फिरोजाबाद।** जिलाधिकारी रमेश रंजन के निर्देशन में बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग द्वारा पोषण भी-पढाई भी अभियान के अंतर्गत आंगनबाडी कार्यकत्रियों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारम्भ पंचायत रिसोर्स सेंटर डबरई में किया गया। मुख्य अतिथि परियोजना निदेशक सुभाष चन्द्र त्रिपाठी ने कार्यकत्रियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि आंगनबाडी केन्द्र बच्चों की नींव मजबूत करने में अहम भूमिका निभाते है, उन्होने कहा कि इस कार्यक्रम का मुख्य उददेश्य आगनबाडी केन्द्रों पर बच्चों के बेहतर पोषण के साथ-साथ उनके मानसिक विकास और प्रारम्भिक शिक्षा को सुदृढ़ करना है, उन्होने कहा कि प्रशिक्षण के आगामी दो दिनों में आगनबाडी कार्यकत्रियों को विभिन्न व्यावहारिक गतिविधियों और आधुनिक शिक्षण विधियों से अवगत कराया जाएगा, ताकि वह अपने-अपने क्षेत्रों में सरकारी योजनाओ का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित कर सके। प्रशिक्षण के दौरान विशेषज्ञों द्वारा बच्चों के सर्वांगीण विकास, खेल-खेल में शिक्षा देने के तरीके और पोषण सम्बन्धी महत्वपूर्ण जानकारियां विस्तृत रूप से दी गयी। प्रशिक्षण के दौरान बाल विकास परियोजना अधिकारी वीरेन्द्र कुमार एवं अंजू शर्मा उपस्थित रही।

## 13 अभियुक्त शांति भंग में गिरफ्तार



**टूंडला।** थाना पचोखरा पुलिस द्वारा 13 अभियुक्तगण को होली के आगामी त्यौहार को देखते हए अलग-अलग जगहो से शांति भंग में अन्तर्गत धारा 170/126/135 बीएनएसएस मे गिरफ्तार किया गया वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के आदेशानुसार सोमवार को चलाये गए विशेष अभियान के क्रम में थाना पचोखरा पुलिस ने आगामी त्यौहार होली को देखते हुए अलग-अलग जगहो से छिटपुट घटनाओ मे प्रभावी कार्यवाही करते हुए 13 अभियुक्तगण बनी सिंह पुत्र कालीचरन, निर्भय, सोनू पुत्र बनी सिंह राहुल पुत्र बनी सिंह निवासी गढ़ी निर्भय सूरज पुत्र जय सिंह सन्दीप पुत्र सर्वेश उर्फ पप्पू बृजेश उर्फ अंतराम पुत्र बादाम सिंह मोहित पुत्र जयसिंह वर्ष, शिव कुमार उर्फ खलीफा पुत्र राकेश, अनूप पुत्र सूरजपाल निवासी छितरई थाना पचोखरा फिरोजाबाद मोहन सिंह पुत्र सुरेन्द्र निवासी गढी घिरौली, योगेन्द्र सिंह पुत्र सुरेन्द्र सिंह निवासी गढी घिरौली, अमीन पुत्र मिही लाल निवासी नगला महादेव. हरिपाल सिंह पुत्र मोहन सिंह निवासी नगला महादेव को शान्ति भंग का अंदेशा होने पर अन्तर्गत धारा 170/126/135 बीएनएसएस मे गिरफ्तार किया गया।

## आवारा पशुओं को रिफ्लेक्टिव बेल्ट लगाने का विशेष अभियान चलाया

फिरोजाबाद। शिकोहाबाद क्षेत्र में मुख्यमंत्री के सानिध्य में जीरो फर्टिलिटी ड्राइव के अंतर्गत शिकोहाबाद मैनपुरी मार्ग पर सड़क सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए आवारा पशुओं को रिफ्लेक्टिव बेल्ट लगाने का विशेष अभियान चलाया गया। जिसमें सड़क पर घूम रहे लगभग दो दर्जन से अधिक गोवंशो को रिफ्लेक्टिव बेल्ट लगाई गई।इस अभियान का नेतृत्व स्वतंत्र अभियंता संदीप यादव द्वारा किया गया। अभियान में अरांव ब्लॉक के पशु चिकित्साधिकारी एवं उनकी टीम, एडीओ अरांव तथा शिकोहाबाद की टीम के साथ रविकांत राजपूत ने सक्रिय सहभागिता करते हुए पूर्ण सहयोग प्रदान किया। संयुक्त प्रयासों से मार्ग पर घूम रहे पशुओं को रिफ्लेक्टिव बेल्ट पहनाई गई, जिससे रात्रि के समय कम दृश्यता के कारण होने वाली संभावित दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके और वाहन चालकों को दूर से ही पशु स्पष्ट रूप से दिखाई दें। स्वतंत्र अभियंता संदीप यादव की पहल प्रभावी नेतृत्व एवं सड़क सुरक्षा के प्रति उनकी संवेदनशीलता अत्यंत सराहनीय है। उनके मार्गदर्शन में यह अभियान जनहित में एक महत्वपूर्ण एवं प्रेरणादायी कदम सिद्ध हुआ है। उन्होंने कई जिलों में ये अभियान चलाकर लोगों को जागरूक करते हुए यातयात का भी पाठ पड़ा रहे है। वही बरेली में संदीप यादव को कई संस्थानों और अधिकारियों ने सम्मानित भी किया है।

## प्रधान के बेटे की खुली दबंगई पंचायत सहायक से की मारपीट

**फिरोजाबाद।** ग्राम पंचायत बनीपुर के प्रधान ने वोटर लिस्ट का काम कर रही पंचायत सहायक से गाली गलौज कर मारपीट कर दी। आरोपी ने कंप्यूटर सिस्टम को जमीन पर गिरा दिया। पीड़िता ने प्रधान के बेटे सहित दो लोगों के खिलाफ थाने मुकदमा दर्ज कराया है। जाहनवी पुत्री अनिल कुमार ग्राम बनीपुर में पंचायत सहायक के पद पर कार्यरत है। वह 21 फरवरी की शाम पंचायत घर परवोटर लिस्ट का कार्य कर रही थी। इसी दौरान ग्राम प्रधान संतोष यादव का बेटा भानुप्रताप, अभिषेक पुत्र मनोज यादव के साथ आया और आते ही पीडिता के साथ अभद्रता करने लगा। हालांकि इस दौरान पंचायत सहायक ने आरोपियों से वह वोटर लिस्ट का कार्य कर रही है वह बिजी है। इसी बात से नाराज होकर प्रधान के बेटे ने उसके साथ गाली गलौज कर मारपीट करने लगा। प्रधान के दबंग बेटे की करतूत को मोबाइल में कैद करने का प्रयास किया तो आरोपी ने पंचायत सहायक का हाथ पकड़ कर मोबाइल छीनने का प्रयास किया। आरोपियों ने कर्मचारी का झपट्टा मारकर फोन जमीन पर गिरा दिया। आरोपियों ने कम्प्यूटर सिस्टम जमीन पर गिरा कर वाई फाई निकाल दिया। इस दौरान कर्मचारी ने बाई फाई ले जाने का विरोध किया तो धमकी देते हुए कहा कि अपना काम जैसे करना है वैसे करो नही तो यहां से भाग जाओ जानती नहीं कि में प्रधान का बेटा हू। में जो कहूं तुम्हे वैसे ही काम करना होगा। प्रधान के बेटे की दबंगई से वह काफी भयभीत है। पीड़ित ने कहा कि आगे भी वह किसी घटना को अंजाम दे सकते हैं। पुलिस ने पीड़ित कर्मचारी की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## बीएसए ने किया कंपोजिट विद्यालयों का निरीक्षण

**फिरोजाबाद ।** सोमवार को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के द्वारा विकास खण्ड फिरोजाबाद के अभ्युदय कम्पोजिट विद्यालय लालऊ, कम्पोजिट विद्यालय अलीनगर केंजरा प्राथमिक विद्यालय नगला गोला का निरीक्षण किया गया।



निरीक्षण के दौरान बेसिक शिक्षा अधिकारी ने विद्यालयों में छात्र संख्या कम पाये जाने पर समस्त स्टाफ को विद्यालय में छात्रों की उपस्थिति बढ़ाने, विद्यालय में नियमित साफ-सफाई करवाने साफ-सुथरा एवं स्वच्छ मध्यान्ह भोजन तैयार कर छात्रों को उपलब्ध कराने एवं कम्पोजिट स्कूल ग्रान्ट से विद्यालय की रंगाई-पुताई करवाने के एवं शैक्षिक गुणवत्ता में सुधार लाने के निर्देश दिये गये।

## 4 लोगों को शराब की तस्करी करते दबोचा

**फिरोजाबाद।** थाना शिकोहाबाद पुलिस ने अलग अलग स्थानों से 4 लोगों को शराब की तस्करी करते हुए दबोच लिया। पुलिस ने आरोपियों का चालान कर दिया। पुलिस ने काशीराम कालोनी के पास से विक्रम पुत्र दिनेश निवासी रुकनपुर को 16 टेट्रा पैक के साथ दबोच लिया। दूसरे अभियुक्त को पुलिस ने असुआ तिराहे के पास से मुलायम सिंह पुत्र राजेन्द्र सिंह निवासी नगला राजाराम को 14 टेट्रा पैक के साथ दबोच लिया। तीसरे अभियुक्त संतोष पुत्र जाहर सिह निवासी ग्राम माढई को छैकुर के पास से 23 पौआ के साथ दबोच लिया। पुलिस ने चौथे अभियुक्त को नारायण कालेज के पास से विमल कुमार उर्फ टीटू पुत्र कप्तान सिंह निवासी नगला राजाराम को 20 लीटर देशी शराब के साथ पकड़ लिया। पुलिस ने चारों अभियुक्त का चालान कर दिया।

संक्षेप

## अमेजन ने एशिया का दूसरा सबसे बड़ा कार्यालय खोला

बेंगलुरु। अमेजन ने आज बेंगलुरु में एशिया का अपना दूसरा सबसे बड़ा कार्यालय खोलने की घोषणा की। यह कॉर्पोरेट बिल्डिंग केम्पेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से लगभग 15 किलोमीटर दूर पांच एकड़ की साइट पर बनाया गया है और इसका औपचारिक उद्घाटन कर्नाटक सरकार के मंत्री डॉ. एम.बी. पाटिल ने किया। यह नई कॉर्पोरेट बिल्डिंग बड़े पैमाने पर टीमों को एकजुट करने और सहयोग, दक्षता, सीखने तथा सर्वांगीण विकास को बढ़ावा देने के लिए सोच-समझकर डिजाइन की गई है। इस नए कैंपस का शुभारंभ भारत में अमेजन के निरंतर निवेश की दिशा में एक और कदम है। कंपनी भारत में पहले ही 40 बिलियन डॉलर से अधिक का निवेश कर चुकी है और 2030 तक अतिरिक्त 35 बिलियन डॉलर के निवेश की प्रतिबद्धता दोहराई है। बेंगलुरु में अमेजन का निरंतर निवेश, वैश्विक स्तर पर टेक्नोलॉजी और इनोवेशन केंद्र के रूप में भारत की बढ़ती भूमिका को दर्शाता है। अमेजन के नए कैंपस जैसे बड़े परिसर न केवल उच्च गुणवत्ता वाले रोजगार पैदा करते हैं, बल्कि स्थानीय इकोसिस्टम को भी मजबूत करते हैं और भारत की डिजिटल अर्थव्यवस्था को गति देते हैं। हम ऐसे निवेशों का स्वागत करते हैं जो दीर्घकालिक क्षमता का निर्माण करते हैं और हमारे वर्कफोर्स के लिए नए अवसर पैदा करते हैं।

## नया हार्पिक बाथरूम अल्ट्रा क्लीनर लॉन्च

बंगलुरु। हार्पिक ने अपने अब तक के सबसे उन्नत बाथरूम क्लीनिंग इनोवेशन न्यू हार्पिक बाथरूम अल्ट्रा क्लीनर के लॉन्च की घोषणा की। यह बाथरूम क्लीनिंग श्रेणी में एक दशक से अधिक समय में हार्पिक का सबसे बड़ा नवाचार है। यह उत्पाद सबसे जिद्दी और आम बाथरूम दागों को हटाने के लिए बनाया गया है, जिससे बाथरूम को अल्ट्रा क्लीन बनाया जा सके। बॉलीवुड फिल्म निमार्ता रोहित शेट्टी ब्रांड एंबेसडर के रूप में जुड़े हैं, जो उत्पाद के शक्तिशाली और भरोसेमंद दाग हटाने के वादे को और मजबूत करते हैं। हार्पिक बाथरूम अल्ट्रा क्लीनर एक मजबूत नया नवाचार है जिसे भारत के सबसे जिद्दी हार्ड वॉटर दागों से निपटने के लिए तैयार किया गया है, जहां सामान्य क्लीनर अक्सर कम पड़ जाते हैं। यह लॉन्च हार्पिक की दाग हटाने में नेतृत्वकारी स्थिति को और मजबूत करता है और बाथरूम हाइजीन के मानक को ऊंचा उठाता है। रोहित शेट्टी के साथ, हम भारतीय घरों के लिए एक अधिक शक्तिशाली और उच्च प्रदर्शन वाला समाधान लेकर आए हैं।

## निसान ने की मैग्नाइट पर नये फाइनेंस ऑफर की घोषणा

नयी दिल्ली। निसान मोटर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ने आज निसान रेनॉ फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड के माध्यम से बेहतर प्रतिस्पर्धी रिटेल फाइनेंस स्कीम का एलान किया। इसके माध्यम से सभी सिबिल ग्राहकों को 5.55 प्रतिशत से शुरू होने वाली न्यूनतम ब्याज दर पर 100 प्रतिशत तक ऑन-रोड फंडिंग मिलेगी। इस स्कीम से निसान मैग्नाइट को खरीदना पहले की तुलना में ज्यादा किफायती हो जाएगा। इस स्कीम के तहत ग्राहक 5.55 प्रतिशत की शुरूआती आरओआई के साथ 5 लाख रुपये तक का लोन ले सकेंगे। अग्रणी बैंकों के साथ तुलनात्मक अध्ययन में एनआरएफएसआई के माध्यम से लोन लेने पर ईएमआई में उल्लेखनीय लाभ मिलेंगे। ग्राहकों को अधिकतम मूल्य और फ्लेक्सिबिलिटी देने के लिए डिजाइन की गई इस नई स्कीम से प्रतिस्पर्धी ब्याज दर, डिजिटल कन्वीनियंस और आकर्षक रीपेमेंट विकल्पों को साथ लाते हुए ग्राहकों को केंद्र में रखने वाले मोबिलिटी सॉल्यूशंस प्रदान करने की निसान की प्रतिबद्धता को मजूबती मिली है।

## कृत्रिम मेधा से बिजली क्षेत्र हो रहा है मजबूत

नयी दिल्ली। नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) के. संजय मूर्ति ने सोमवार को कहा कि बिजली क्षेत्र में कृत्रिम मेधा (एआई) और डेटा विश्लेषण के बढ़ते उपयोग के साथ क्षेत्र में जटिलताओं से निपटने की क्षमता मजबूत हो रही है। बिजली क्षेत्र पर आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए कैग मूर्ति ने यह भी कहा कि पूरे बिजली क्षेत्र के लिए यह आवश्यक है कि बिजली वितरण कंपनियों (डिस्कॉम) की परिचालन क्षमता और वित्तीय स्थिरता को केंद्रित और सतत प्रयासों के माध्यम से बढ़ाया और मजबूत किया जाए।

# सेंसेक्स में 480 अंकों की उछाल



मुंबई। अमेरिका में व्यापक शुल्क आदेश रद्द होने से उपजी सकारात्मक धारणा के बीच सोमवार को सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों, वाहन और वित्तीय शेयरों में लिवाली से घरेलू शेयर बाजार बढ़त के साथ बंद हुए। सेंसेक्स 480 अंक चढ़ गया, जबकि निफ्टी में 142 अंक की तेजी दर्ज की गई।

विश्लेषकों ने कहा कि अमेरिकी उच्चतम न्यायालय की तरफ से राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के पिछले साल जारी व्यापक शुल्क आदेशों को अवैध घोषित कर दिए जाने के बाद निवेशक धारणा में सुधार देखा गया। बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 479.95 अंक यानी 0.58 प्रतिशत चढ़कर 83,294.66 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 671.44 अंक चढ़कर 83,486.15 अंक तक पहुंच गया था। इसी तरह एनएसई का 50 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक निफ्टी भी 141.75 अंक यानी 0.55 प्रतिशत बढ़कर 25,713 अंक पर बंद हुआ। दिन में एक समय यह 200.2 अंक चढ़कर 25,771.45 अंक तक चला गया था। सेंसेक्स की कंपनियों में अदाणी पोर्ट्स में सर्वाधिक 2.98 प्रतिशत की तेजी दर्ज की गई। इसके अलावा कोटक महिंद्रा बैंक, अल्ट्राटेक सीमेंट, पावरग्रिड, हिंदुस्तान यूनिलीवर, एचडीएफसी बैंक, एक्सिस बैंक, भारती एयरटेल, भारतीय स्टेट बैंक, टाइटन, महिंद्रा एंड महिंद्रा और लार्सन एंड टुब्रो भी बढ़त में रहीं। दूसरी तरफ, इन्फोसिस, टेक महिंद्रा, ट्रेंट, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, बजाज फिनसर्व, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, आईटीसी, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, इटर्नल, टाटा स्टील और इंडिगो के शेयरों में गिरावट का रुख रहा। अमेरिकी शीर्ष अदालत के फैसले का घरेलू बाजार ने स्वागत किया है। निवेशक अब डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन की संशोधित शुल्क रणनीति और अन्य देशों की तरफ से व्यापार समझौतों पर नए सिरे से बातचीत की संभावना को लेकर स्पष्टता का इंतजार कर रहे हैं। अमेरिकी डॉलर में कमजोरी और 10-वर्षीय बॉन्ड के प्रतिफल में गिरावट से वैश्विक बाजारों में निकट अवधि में सतर्कता रह सकती है। हालांकि, तेजी के इस माहौल में भी सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) कंपनियों के शेयरों में बिकवाली से आईटी सूचकांक दबाव में बना रहा। आईटी कंपनियों पर कृत्रिम मेधा (एआई) से संभावित व्यवधान को लेकर चिंता हावी है। यूरोपीय बाजारों में जर्मनी का डैक्स सूचकांक गिरावट के साथ कारोबार कर रहा था जबकि पेरिस और लंदन के सूचकांक सपाट रहे। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.38 प्रतिशत की गिरावट के साथ 71.49 डॉलर प्रति बैरल रहा।

# रुपया सात पैसे बढ़कर 90.87 प्रति डॉलर पर



मुंबई। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में सोमवार को डॉलर के मुकाबले रुपया सात पैसे बढ़कर 90.87 (अस्थायी) पर बंद हुआ। वैश्विक कच्चे तेल की कीमतों में भारी गिरावट और वैश्विक रुख से जुड़ी नई अनिश्चितताओं के बीच कमजोर डॉलर की वजह से रुपये में तेजी आई।

विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि हालांकि, विदेशी कोषों की निकासी और भू-राजनीतिक चिंताओं ने रुपये की तेजी को सीमित कर दिया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में, रुपया 90.76 पर खुला और सत्र के दौरान डॉलर के मुकाबले 90.67-90.89 के दायरे में कारोबार करता रहा। आखिर में यह पिछले बंद भाव से सात पैसे बढ़कर 90.87 (अस्थायी) पर बंद हुआ। शुक्रवार को डॉलर के मुकाबले रुपया 26 पैसे टूटकर 90.94 पर बंद हुआ था। रुपया 90.67 तक बढ़ा, लेकिन बढ़त बनाए नहीं रख सका क्योंकि शेयर सुबह के उच्च स्तर पर नहीं टिक पाई। अमेरिकी उच्चतम न्यायालय के अनुकूल फैसले के बावजूद, रुपये में कोई बड़ी बढ़त नहीं हुई, और हर गिरावट पर आयातकों और विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक जैसे दूसरे खरीदारों ने डॉलर खरीदा। रुपया 90.60 से 91.00 के दायरे में रहने की उम्मीद है। इस बीच, दुनिया की छह प्रमुख मुद्राओं की तुलना में डॉलर की मजबूती को मापने वाला डॉलर इंडेक्स 0.32 प्रतिशत टूटकर 97.47 पर कारोबार कर रहा था। वैश्विक कच्चा तेल मानक, ब्रेंट क्रूड 0.39 प्रतिशत टूटकर 71.49 डॉलर प्रति बैरल पर था। घरेलू शेयर बाजार में, सेंसेक्स 479.95 अंक बढ़कर 83,294.66 अंक पर बंद हुआ, जबकि निफ्टी 141.75 अंक बढ़कर 25,713 पर बंद हुआ। एक्सचेंज के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशक बाजार में शुद्ध बिकवाल रहे। उन्होंने शुक्रवार को 934.61 करोड़ रुपये के शेयर बेचे।

# सुरक्षित निवेश से चांदी 8000 रुपये चढ़ी, सोना 3,300 रुपये मजबूत

नयी दिल्ली। डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन के शुल्क के खिलाफ अमेरिकी उच्चतम न्यायालय के फैसले के बाद बढ़ती वैश्विक व्यापार अनिश्चितताओं के बीच मजबूत सुरक्षित-निवेश की मांग के कारण सोमवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में बहुमूल्य धातुओं की कीमतों में तीन प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई।

इस दौरान चांदी 2.7 लाख रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई जबकि सोना 1.6 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम रहा। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, चांदी शुक्रवार के 2,64,000 रुपये प्रति किलोग्राम के बंद स्तर से 8,000 रुपये या 3.03 प्रतिशत चढ़कर 2,72,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) हो गई। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना भी 3,300 रुपये या 2.06 प्रतिशत बढ़कर 1,62,800 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) हो गया। पिछले बाजार सत्र में यह 1,59,500 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी और सोने में सोमवार को तेजी की गति बनी रही। दोनों धातुएं तीन सप्ताह के उच्चतम स्तर पर कारोबार कर रही थीं, जिसे नए सिरे से सुरक्षित निवेश की मांग बढ़ने का समर्थन मिला। यह तेजी, ट्रंप के शुल्क के खिलाफ अमेरिकी अदालत के ऐतिहासिक फैसले के बाद आई।

# सोने के आयात पर कड़ी नजर : सीतारमण



नयी दिल्ली। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को कहा कि वैश्विक स्तर पर केंद्रीय बैंकों की भारी खरीदारी के कारण सोने की कीमतों में तेजी आई है।

उन्होंने कहा कि सरकार एवं भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) सोने के आयात पर कड़ी नजर रखे हुए हैं, हालांकि स्थिति अभी चिंताजनक स्तर पर नहीं पहुंची है। भारत का सोना आयात अप्रैल-दिसंबर, 2025 के दौरान मूल्य के लिहाज से लगभग एक अरब डॉलर बढ़कर 50 अरब डॉलर हो गया। वहीं जनवरी में सोने के आयात के मूल्य और मात्रा, दोनों में अचानक वृद्धि देखी गई है जिसकी समीक्षा केंद्रीय बैंक कर रहा है। आरबीआई के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने कहा कि अप्रैल-दिसंबर, 2025 के दौरान कीमतों में वृद्धि को आयातित सोने की मात्रा में कमी ने काफी हद तक संतुलित कर दिया था। केवल जनवरी में मूल्य व मात्रा दोनों में अचानक उछाल आया है। हम इन आंकड़ों का विश्लेषण कर रहे हैं। मांग में मौसमी उतार-चढ़ाव भी रहता है। सीतारमण ने कहा कि भारत में सोना हमेशा से घरेलू निवेशकों के लिए पसंदीदा निवेश रहा है, चाहे संपत्ति के रूप में हो या आभूषण के तौर पर। घरेलू जरूरतों को पूरा करने के लिए भारत, सोने का शुद्ध आयातक है। हम इस पर नजर रखे हुए हैं। भारत में सोने में निवेश और खरीदारी की प्रवृत्ति को देखते हुए यह अभी चिंताजनक स्तर तक नहीं पहुंचा है। आरबीआई भी इस पर नजर रखेगा। आरबीआई निदेशक मंडल को संबोधित करने के बाद पत्रकारों से बातचीत में सीतारमण ने कहा कि भारत में घरेलू खपत के लिए सोने की मांग परंपरागत रूप से त्योहारों के मौसम, अक्षय तृतीया आदि के दौरान बढ़ जाती है। इसके अलावा, आज अधिकतर देशों के केंद्रीय बैंक सोना और चांदी खरीद रहे हैं और उनका भंडारण कर रहे हैं। मल्होत्रा ने कहा कि अप्रैल-दिसंबर, 2025 के दौरान कीमतों में वृद्धि को आयातित सोने की मात्रा में कमी ने कमोबेश संतुलित कर दिया था।

# भारत और फ्रांस ने दोहरा कराधान बचाव करार में किया संशोधन

नयी दिल्ली। भारत और फ्रांस ने दोहरा कराधान बचाव करार (डीटीएसी) में संशोधन किया है। इसके तहत अब पूंजीगत लाभ पर कर कंपनी जहां स्थित है उसके आधार पर लगाया जाएगा। इसके साथ ही सबसे तरजीही देश (एमएफएन) प्रावधान को भी हटा दिया गया है जिससे कराधान व्यवस्था में अधिक स्पष्टता और निश्चितता आएगी।

इस संशोधन से पहले जहां लाभांश से आय पर कर की दर 10 प्रतिशत यानी एक समान थी, उसमें अब बदलाव किया गया है। कम से कम 10 प्रतिशत पूंजी रखने वालों के लिए पांच प्रतिशत और अन्य सभी मामलों में अब 15 प्रतिशत कर लगेगा। इसमें तकनीकी सेवाओं के शुल्क की परिभाषा को भारत-अमेरिका डीटीएए के अनुरूप किया गया है और स्थायी प्रतिष्ठान (परमानेंट एस्टैब्लिशमेंट) के दायरे का विस्तार करते हुए सर्विस पीई जोड़ा गया है। इन संशोधन पर फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों की हालिया भारत यात्रा के दौरान दोनों देशों की ओर से केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) के चेयरपर्सन रवि अग्रवाल और भारत में फ्रांस के राजदूत थिएरी मथौ ने हस्ताक्षर किये। संशोधित नियमों में सूचना के आदान-प्रदान के प्रावधानों को अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप अद्यतन किया गया है।

# अमेरिकी टैरिफ को लेकर भारतीय निर्यातक असमंजस में



नयी दिल्ली। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की तरफ से नए वैश्विक शुल्क लगाने की घोषणा के बाद भारतीय निर्यातकों के बीच 24 फरवरी से प्रभावी शुल्क की दर को लेकर अनिश्चितता की स्थिति बनी हुई है।

पिछले सप्ताह अमेरिकी उच्चतम न्यायालय ने भारत समेत करीब 60 देशों के खिलाफ व्यापक शुल्क लगाने वाले ट्रंप के आदेश को अवैध ठहरा दिया था। उसके तत्काल बाद ट्रंप प्रशासन ने भारत सहित सभी देशों पर 24 फरवरी से 150 दिन के लिए 10 प्रतिशत अतिरिक्त शुल्क लगाने का आदेश जारी कर दिया। हालांकि, आदेश जारी होने के कुछ घंटों के भीतर ट्रंप ने इस शुल्क को बढ़ाकर 15 प्रतिशत तक करने की घोषणा कर दी लेकिन इस संबंध में अभी तक कोई औपचारिक अधिसूचना जारी नहीं हुई है। इससे निर्यातक समुदाय में असमंजस की स्थिति बनी हुई है। भारतीय निर्यातक संगठनों के महासंघ (फियो) के महानिदेशक अजय सहाय ने कहा, "वर्तमान आदेश के अनुरूप 24 फरवरी से भारतीय वस्तुओं पर 10 प्रतिशत अतिरिक्त शुल्क लगेगा। लेकिन 15 प्रतिशत शुल्क को लेकर कोई आधिकारिक आदेश नहीं आया है, इसलिए अनिश्चितता बनी हुई है। उन्होंने यह भी कहा कि 150 दिन के बाद की शुल्क व्यवस्था को लेकर भी स्थिति अभी स्पष्ट नहीं है। भारतीय निर्यातकों के लिए अमेरिका प्रमुख बाजार है और आयात शुल्क को लेकर अस्थिरता होने से कारोबारी धारणा पर असर पड़ता है। शुल्क से जुड़े इस नाटक पर अब पर्दा गिर जाना चाहिए। यह 10 प्रतिशत शुल्क अमेरिका के मौजूदा एमएफएन (सर्वाधिक तरजीही देश) शुल्क के ऊपर लगेगा। मसलन, अगर किसी उत्पाद पर पांच प्रतिशत एमएफएन शुल्क लगता है, तो अमेरिका में उसके आयात पर प्रभावी शुल्क 15 प्रतिशत हो जाएगा। इससे पहले यह पांच प्रतिशत के साथ 25 प्रतिशत अतिरिक्त यानी कुल 30 प्रतिशत तक पहुंच गया था। अमेरिकी शीर्ष अदालत के फैसले से 10-15 प्रतिशत की प्रभावी शुल्क सीमा को लेकर कुछ स्पष्टता आई है, जिससे वैश्विक खरीद में पहले से अनुमान लगा पाने की क्षमता बढ़ी है। 10 प्रतिशत की दर से अमेरिकी बाजार को होने वाला निर्यात बढ़ाने में मदद मिल सकती है। वर्ष 2021-25 के दौरान अमेरिका, भारत का सबसे बड़ा वस्तु व्यापार साझेदार रहा और भारत के कुल निर्यात का लगभग 18 प्रतिशत हिस्सा अमेरिका को गया। वित्त वर्ष 2024-25 में दोनों देशों का द्विपक्षीय व्यापार 186 अरब डॉलर रहा।

# अनिल अंबानी के बैंक खातों को धोखाधड़ी वाला वर्गीकृत करने की कार्यवाही पर रोक का आदेश रद



मुंबई। बंबई उच्च न्यायालय ने उद्योगपति अनिल अंबानी को झटका देते हुए एकल पीठ के उस अंतरिम आदेश को सोमवार को रद्द कर दिया, जिसमें उनके एवं रिलायंस कम्युनिकेशंस लिमिटेड के बैंक खातों को धोखाधड़ी वाला वर्गीकृत करने की कार्यवाही पर रोक लगाई गई थी।

मुख्य न्यायाधीश चंद्रशेखर और न्यायमूर्ति गौतम अनखड़ की खंडपीठ ने सार्वजनिक क्षेत्र के तीन बैंक और लेखा परामर्श कंपनी बीडीओ इंडिया एलएलपी की, दिसंबर 2025 में पारित एकल पीठ के अंतरिम आदेश के खिलाफ दायर अपील को स्वीकार करते हुए यह फैसला सुनाया। खंडपीठ ने एकल पीठ के आदेश को रद्द करते हुए इसे अवैध एवं विकृत करार दिया। अंबानी के वकीलों ने उच्च न्यायालय से अनुरोध किया कि आदेश पर रोक लगाई जाए ताकि वे उच्चतम न्यायालय का रुख कर सकें, लेकिन अदालत ने यह मांग ठुकरा दी। अंबानी एवं उनकी कंपनी को अंतरिम राहत देने वाले दिसंबर 2025 के आदेश को तीनों बैंक ने पिछले महीने चुनौती दी थी। उस आदेश में अनिवार्य भारतीय रिजर्व बैंक नियमों के उल्लंघन का हवाला देते हुए कहा गया था कि बैंक वर्षों बाद गहरी नींद से जागे हैं। इन बैंक ने अपनी अपील में कहा कि जिस फोरेंसिक ऑडिट के आधार पर खातों को धोखाधड़ी वाला वर्गीकृत किया गया, वह कानूनी रूप से वैध था और उसमें धन की हेराफेरी एवं दुरुपयोग के गंभीर परिणाम सामने आए हैं जो बीडीओ इंडिया एलएलपी द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट में दर्ज है। बैंकों ने साथ ही कहा कि अंबानी ने एकल पीठ के समक्ष फोरेंसिक ऑडिट को तकनीकी आधार पर चुनौती दी थी और खंडपीठ से एकल पीठ के अंतरिम आदेश को रद्द करने का अनुरोध किया था।

## पेज एक का शेष

### बंगाल की

एक ओर जहां रोजगार के अवसरों की कमी के कारण युवाओं को दूसरे राज्यों में पलायन करने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है, वहीं दूसरी ओर पश्चिम बंगाल की महिलाएं सुरक्षा की कमी के कारण भयभीत और चिंतित हैं। अपने पत्र में स्वामी विवेकानंद, श्री अरविंद, सुभाष चंद्र बोस, रवींद्रनाथ टैगोर और श्यामा प्रसाद मुखर्जी जैसे बंगाल की राजनीतिक और सांस्कृतिक विभुतियों का कई बार नाम लेते हुए, मोदी ने वर्तमान समय में पश्चिम बंगाल को जकड़े हुए अराजकता के अंधकार पर अफसोस व्यक्त किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि स्वामी विवेकानंद और श्री अरविंद जैसे महान पूर्वजों द्वारा परिकल्पित पश्चिम बंगाल आज वोट बैंक की राजनीति, हिंसा और अराजकता से ग्रस्त है। उन्होंने पत्र में कहा कि इस राज्य की धरती के सपूत नेताजी सुभाष चंद्र बोस, जिनकी स्वतंत्रता की पुकार ने कभी पूरे देश को झकझोर दिया था, उनकी पवित्र भूमि आज घुसपैठ और महिलाओं पर अत्याचार से कलंकित है। फर्जी मतदाता वर्तमान में रवींद्रनाथ टैगोर के सोनार बांग्ला पर हावी हैं।

### सिंगापुर में

पहले जारी बयान के अनुसार, मुख्यमंत्री योगी के साथ बैठक में सिंगापुर की वैश्विक निवेश कंपनी गोल्डन स्टेट कैपिटल (जीएससी) ग्रीन्स के निदेशक सुमित नंदा ने उत्तर प्रदेश में 100 मेगावाट के डेटा सेंटर की स्थापना के लिए 8,000 करोड़ का निवेश करने की घोषणा की। बैठक में प्रदेश में हरित एवं सतत निवेश की संभावनाओं पर विस्तृत चर्चा की गई और स्वच्छ ऊर्जा आधारित परियोजनाओं में सहयोग के विभिन्न आयामों पर विचार-विमर्श हुआ। बयान के अनुसार, भविष्य की आवश्यकताओं को केंद्र में रखते हुए इस बैठक में छत पर लगने वाली सौर परियोजनाओं, बैटरी स्टोरेज एवं ग्रिड को समर्थन देने वाले समाधान, ईवी चार्जिंग ढांचा और स्वच्छ ऊर्जा संचालित हरित औद्योगिक पार्क के विकास पर विस्तार से चर्चा की गई। इसके साथ ही पर्यावरण संबंधित जरूरतों के लिए जलवायु वित्तपोषण, कार्बन उत्सर्जन में कमी और नवीकरणीय ऊर्जा संचालन से जुड़े कौशल विकास कार्यक्रमों पर भी बातचीत हुई। इन पहल के माध्यम से रोजगार सृजन की संभावनाओं पर विशेष बल दिया गया। मुख्यमंत्री आदित्यनाथ ने बैठक में कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार पर्यावरणीय रूप से टिकाऊ एवं व्यावसायिक रूप से व्यावहारिक विकास मॉडल को लेकर प्रतिबद्ध है। प्रदेश में निवेश के अनुकूल नीतियां, सुदृढ़ औद्योगिक परिवेश और तेज निर्णय प्रक्रिया, हरित ऊर्जा क्षेत्र में निवेशकों के लिए आदर्श माहौल प्रदान कर रही हैं।

### विदेशी धरती

समर्पण के लिए अभिनंदन करते हुए कहा कि भारत की सांस्कृतिक जड़ें इतनी गहरी हैं कि हजारों किलोमीटर दूर रहकर भी भारतीय अपनी पहचान और मूल्यों से जुड़े रहते हैं। वर्षों पूर्व एक ऋषि ने कहा था, दुर्लभं भारते जन्म, मानुषं तत्र दुर्लभम अर्थात भारत की पवित्र भूमि पर जन्म लेना ही दुर्लभ है और उसमें भी मनुष्य के रूप में जन्म लेना अत्यंत सौभाग्य की बात है। यह प्रत्येक भारतीय के लिए गर्व का विषय होना चाहिए कि उसके पूर्वजों की जड़ें भारत से जुड़ी हैं और वही जड़ें आज भी उसे मातृभूमि के प्रति आकर्षित करती हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि माता और मातृभूमि का ऋण जीवनभर बना रहता है। भारतीय संस्कृति हमें यह सिखाती है कि जिस धरती पर हम रहें, उसके प्रति पूर्ण कृतज्ञता और दायित्वबोध के साथ कार्य करें। यही भारतीय संस्कार हैं। उन्होंने सनातन परंपरा के सार्वभौमिक दृष्टिकोण का उल्लेख करते हुए कहा कि भारत ने सदियों पहले वसुधैव कुटुम्बकम का संदेश दिया। यह धरती एक परिवार है। आज ग्लोबल विलेज की जो अवधारणा दुनिया में प्रचलित है, उसका मूल भाव भारत ने हजारों वर्ष पहले स्थापित कर दिया था। एक परिवार की तरह विविधता में एकता, भिन्नताओं के बावजूद समान सम्मान और सामूहिक प्रगति, यही भारत की पहचान है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का मंत्र सबका साथ, सबका विकास इसी भारतीय चिंतन की आधुनिक अभिव्यक्ति है। विकास तभी संभव है जब सामूहिकता और कृतज्ञता का भाव साथ हो। प्रत्येक नागरिक का योगदान महत्वपूर्ण है और उसी सहभागिता से नया भारत आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि आज का भारत आत्मविश्वास के साथ विश्व मंच पर अपनी शक्ति और क्षमता का परिचय दे रहा है। शीघ्र ही भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में स्थापित होगा। यह केवल लक्ष्य नहीं, बल्कि दृढ़ संकल्प है। डिजिटल क्रांति, स्टार्टअप संस्कृति और नवाचार के क्षेत्र में भारत ने जो उपलब्धियां हासिल की हैं, वे अभूतपूर्व हैं। कार्यक्रम के दौरान सिंगापुर में रह रही भारतीय मूल की स्वाति ने अपनी भावनाएं व्यक्त करते हुए खुद को उत्तर प्रदेश और सीएम योगी आदित्यनाथ की बहन बताया। उन्होंने कहा कि संस्कृत में मुख्यमंत्री का संबोधन सुनकर वह प्रेरित हुईं। स्वाति ने कहा, जब संत सियासत में आता है तो सियासत इबादत बन जाती है, बन चुकी है। मैं उत्तर प्रदेश की साढ़े 11 करोड़ महिलाओं की ओर से मुख्यमंत्री को 'भैया' कहती हूं, क्योंकि उत्तर प्रदेश में महिलाओं को सुरक्षा का माहौल मिला है। अब महिलाएं रात में भी निडर होकर बाहर निकल सकती हैं। अपराधियों में कानून का भय है। स्वाति ने मुख्यमंत्री के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश की कानून-व्यवस्था की सराहना करते हुए नारा दिया कि योगी हैं तो यूपी है और संस्कृत में कहा, योगी नेतृत्वे प्रदेशः भवति सुरक्षितम शुभम। सिंगापुर में आयोजित यह संवाद प्रवासी भारतीयों और उत्तर प्रदेश सरकार के बीच बढ़ते संबंधों और सांस्कृतिक जुड़ाव का सशक्त संदेश देता नजर आया। जब मुख्यमंत्री मंच पर थे उस समय एक बच्ची उनका स्केच लेकर वहां पहुंची, सीएम योगी ने उस स्केच पर अपना ऑटोग्राफ दिया, जिसके बाद बच्ची बेहद प्रसन्न नजर आई।

### डिफेंस

समय में, जब सिंगापुर में योगी आदित्यनाथ ने कहा कि ब्रह्मोस जैसी मिसाइल अब लखनऊ में बन रही है, तो यह केवल एक वक्तव्य नहीं था, बल्कि ब्रांड यूपी की दबंग दस्तक की स्पष्ट उद्घोषणा थी। ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल को यूं ही भारत का देसी ब्रह्मास्त्र नहीं कहा जाता। लगभग 3 मैक की रफ्तार से उड़ने वाली यह मिसाइल करीब 800 किलोमीटर की दूरी तक सटीक वार करने में सक्षम है। इसकी सबसे बड़ी ताकत इसकी अचूक निशाना, हवा में मार्ग बदलने की क्षमता और दुश्मन के रडार को चकमा देने की तकनीक है। यही वजह है कि इसे दुनिया की सबसे खतरनाक और प्रभावी सुपरसोनिक क्रूज मिसाइलों में गिना जाता है। ऑपरेशन सिंदूर के संदर्भ में इसका जिक्र इस बात को रेखांकित करता है कि भारत अब केवल रक्षा उपकरणों का आयातक देश नहीं रहा, बल्कि वह उन्नत हथियार प्रणालियों का निमार्ता और निर्यातक बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। योगी आदित्यनाथ के बयान में जब यह कहा गया कि इस मिसाइल ने पाकिस्तान में आतंकियों और एयरबेस को नेस्तनाबूद कर दिया, तो यह संदेश भी स्पष्ट था कि भारत की सैन्य क्षमता अब निर्णायक और सटीक कार्रवाई करने में सक्षम है। इस पूरी चर्चा का दूसरा महत्वपूर्ण पहलू उत्तर प्रदेश का डिफेंस कॉरिडोर है। योगी आदित्यनाथ ने सिंगापुर में जिस तरह से यूपी के डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग कॉरिडोर को प्रमोट किया, वह राज्य को रक्षा उत्पादन के बड़े केंद्र के रूप में स्थापित करने की रणनीति का हिस्सा है।

### यूपी में

गई। उपमुख्यमंत्री ने सिल्के सिक्टर (ग्लोबल अफेयर्स एवं इकोनॉमिक्स, इंडो-पैसिफिक एवं चाइना अफेयर्स) तथा मार्कस शाइबॉल सीईओ, ईए इलेक्ट्रो ऑटोमेटिक जीएमबीएच से निवेश पर चर्चा की। दोनों निवेशकों ने उत्तर प्रदेश में निवेश का भरोसा दिया। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने उत्तर प्रदेश की मजबूत हो रही अर्थव्यवस्था से जर्मनी के प्रतिनिधिमंडल को अवगत कराया। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश 25 करोड़ उपभोक्ताओं का बड़ा बाजार है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दूरदर्शी नेतृत्व में उत्तर प्रदेश राज्य भारत की तेजी से बढ़ रही अर्थव्यवस्था का मुख्य केंद्र है। उत्तर प्रदेश वैश्विक गंतव्य के रूप में तेजी से स्थापित हो रहा है। दोनों प्रतिनिधिमंडल ने सेमीकंडक्टर और इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्यूफेक्चरिंग के क्षेत्र में भारत-जर्मनी साझेदारी को और सुदृढ़ करने पर जोर दिया। जर्मनी के प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि सीमेंस व एनएक्सपी जैसी अग्रणी कंपनियों द्वारा भारत में पहले से ही निवेश किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि भारत में 25 करोड़ के विशाल बाजार को लेकर वे काफी मजबूती से कार्य कर रहे हैं। जर्मनी प्रतिनिधिमंडल ने भारत से मिल रहे सहयोग और यहां के बड़े बाजार का भी जिक्र किया। जर्मनी प्रतिनिधिमंडल ने उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य को उत्तर प्रदेश में दीर्घकालिक सहयोग व निवेश का विश्वास दिलाया।

### सोनभद्र में

पहुंचाया जहां डॉक्टरों ने उनमें से तीन को मृत घोषित कर दिया। मृतकों की पहचान सदीकुन्निशा (30), अनीसा ख़ातून (20) और सीता कुंवर (28) के रूप में हुई है। पुलिस ने इस सिलसिले में आवश्यक कार्यवाही की है।

### पिता की

गोली मार दी, जिससे उनकी मृत्यु हो गई। अक्षत ने घटना के साक्ष्य छिपाने के लिए मृतक के शव को तृतीय तल से नीचे लाकर भूतल पर स्थित एक खाली कमरे में रखा गया तथा शव के अंगों को काटकर उन्हें कथित तौर पर सदरौना के पास फेंक दिया गया है। बाकी शव को एक ड्रम में छिपाकर रखा गया था। घटना की जानकारी प्राप्त होते ही उच्चाधिकारीगणों द्वारा घटना स्थल का निरीक्षण किया गया, फॉरेंसिक टीम को मौके पर बुलाया गया। फॉरेंसिक टीम द्वारा घटनास्थल का सूक्ष्म निरीक्षण कर साक्ष्य संकलित किए जा रहे हैं। अक्षत को पुलिस अभिरक्षा में लेकर पूछताछ एवं विधिक कार्यवाही की जा रही है। मौके पर मृतक के परिजन उपस्थित हैं।

### भारत ने

कहा गया, भारत लंबे समय से सीमा पार से प्रायोजित आतंकवाद से प्रभावित रहा है।

### अविमुक्तेश्वरानंद

है। वह सब जानता है कि कौन गलत है और कौन सही। तीनों ही अदालतों से मुझे क्लीन चिट मिल चुकी है, इसलिए मुझे अब किसी का भय नहीं है। शंकराचार्य ने कहा कि जो झूठ है वह अंत में सामने आ ही जाता है। उन्होंने कहा मेरे विरुद्ध जो कहानी गढ़ी गई है उसका सच आज नहीं तो कल, सबके सामने आ ही जाएगा। उन्होंने कहा कि माघ मेले के दौरान वह मेले में सीसीटीवी कैमरा और मीडिया के कैमरे के सामने रहे क्योंकि चप्पे-चप्पे पर प्रशासन द्वारा सीसीटीवी लगाया गया था। शंकराचार्य ने कहा आप लोग वह सीसीटीवी फुटेज निकलवाइये और उसमें देखिए कि मैं कहां था। दूसरा यह कहा जा रहा है कि हमारे गुरुकुल में यह सब हो रहा था। जबकि हमारे गुरुकुल में वे लड़के कभी पढ़े ही नहीं।

उन्होंने कभी हमारे गुरुकुल में प्रवेश तक नहीं किया। उनके परीक्षा अंक पत्र से पता चलता है कि वे हरदोई के एक विद्यालय के छात्र हैं। उन्होंने सवाल किया जब वे लड़के हमारे यहां पढ़ने नहीं है, कभी हमारे यहां आए नहीं है, यहां से कुछ लेना-देना नहीं है तब कैसे उनके साथ कोई कुछ कर सकता है? शंकराचार्य ने कहा कि एक भ्रम यह भी फैलाया जा रहा है कि आरोप लगाने वालों के पास मेरी किसी रिकॉर्डिंग की एक सीडी है, यदि सीडी है तो उसे सार्वजनिक क्यों नहीं किया जा रहा? कथावाचक स्वामी रामभद्राचार्य के शिष्य आशुतोष महाराज की याचिका पर अदालत ने शनिवार को स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद और अन्य आरोपियों पर दो किशोरवय लड़कों के यौन शोषण के आरोप में मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया था।




# वरुण पर दबाव बनाने उतरा थे : मिलर

अहमदाबाद। भारत के खिलाफ टी20 विश्व कप सुपर आठ मुकाबले में स्पिनर वरूण चक्रवर्ती को बेअसर साबित करने वाली दक्षिण अफ्रीका टीम की रणनीति के बारे में आक्रामक बल्लेबाज डेविड मिलर ने कहा कि इसके लिये बस शांत दिमाग, सीमित मूवमेंट और मजबूत इरादे की जरूरत थी। दक्षिण अफ्रीका ने भारत को रविवार को इस अहम मुकाबले में 76 रन से हराया।

फॉर्म में चल रहे चक्रवर्ती भारत के ट्रंपकार्ड माने जा रहे थे लेकिन उन्होंने चार ओवरों में 47 रन दिये। मिलर (35 गेंद में 63 रन) और डेवाल्ड ब्रेविस (29 गेंद में 45 रन ) ने उनकी गेंदों की जमकर धुनाई की। मिलर ने मैच के बाद पत्रकारों से कहा, मुझे लगता है कि यह



पक्का करने के बारे में है कि अगर वह खराब गेंद डालता है तो हम उसे दूर खेल सकें। गेंद ज्यादा स्पिन भी नहीं हो रही थी तो यह सही रणनीति थी।

उन्होंने कहा, एक बार फिर हमें लगा कि उस पर दबाव बनाना जरूरी है क्योंकि वह हर विरोधी टीम के लिये खतरा साबित होता है। हमने इस पर बात की थी। अपनी पारी के बारे में मिलर ने कहा कि उन्होंने बेसिक्स पर अमल किया जिससे अब तक उन्हें सफलता मिलती आई है। उन्होंने कहा यह सुनिश्चित करना था कि आप सरल चीजों पर और अपनी तैयारियों के बेसिक्स पर अडिग रहें। मेरा यही इरादा था।

मेरी श्वास, विकेटों के बीच दौड़, सीमित मूवमेंट, ये सब छोटी छोटी बातें हैं लेकिन मैं इन पर फोकस करता हूं। इस जीत के बारे में उन्होंने कहा भारत को हराया जा सकता है। भारतीय टीम बेहतरीन है लेकिन हम इस तरह के टूर्नामेंट में सुनिश्चित करना चाहते हैं कि सरल चीजों पर ध्यान दें और लक्ष्य से भटके नहीं। हमारी टीम काफी परिपक्व है और हमने साथ में काफी क्रिकेट खेला है।

# अति आत्मविश्वासी भारत को अहं त्याग कर परिस्थिति के अनुसार खेलना चाहिए : गावस्कर

अहमदाबाद। अपने जमाने के दिग्गज बल्लेबाज सुनील गावस्कर का मानना है कि भारत को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खेले गए टी20 विश्व कप के मैच से सबक लेकर अपने अहं का त्याग करना चाहिए और अति आत्मविश्वास के साथ मैदान पर उतरकर हर गेंद को बाउंड्री लाइन के बाहर भेजने के बजाय परिस्थितियों के अनुसार खेलना चाहिए।भारत को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ बल्लेबाजों की नाकामी के कारण सुपर आठ के महत्वपूर्ण मुकाबले में 76 रन से करारी शिकस्त का सामना करना पड़ा। गावस्कर ने जिओ स्टार से कहा भारतीय बल्लेबाजों को ब्रेविस और मिलर की साझेदारी से सीख लेकर इस तरह का दृष्टिकोण अपनाने की जरूरत थी। भारतीय बल्लेबाजों ने ऐसा नहीं किया। वे अति आत्मविश्वास के साथ उतरे, हर गेंद पर बल्ला चलाया और विकेट गंवा दिए। दक्षिण अफ्रीका खेल के हर विभाग में भारत से अव्वल साबित हुआ। दक्षिण अफ्रीका की शुरुआत अच्छी नहीं रही थी और एक समय उसका स्कोर तीन विकेट पर 20 रन था लेकिन इसके बाद मिलर और ब्रेविस ने 97 रन की साझेदारी की जिससे दक्षिण अफ्रीका सात विकेट पर 187 रन बनाने में सफल रहा।



इसके जवाब में भारतीय टीम 18.5 ओवर में 111 रन पर आउट हो गई। गावस्कर ने कहा, भारत ने दक्षिण अफ्रीका से कोई सबक नहीं लिया। भारतीय बल्लेबाज क्रीज पर उतर कर हर गेंद को बाउंड्री लाइन के बाहर पहुंचाने का प्रयास कर रहे थे। टी20 क्रिकेट ऐसे नहीं खेला जाता। उन्होंने कहा, आपको विपक्षी टीम से सीख लेनी चाहिए थी। अगर उन्होंने इस तरह की मुश्किल पिच पर अच्छा स्कोर किया है तो आपको अपना अहं त्यागकर उनकी पारी का विश्लेषण करना चाहिए था और परिस्थितियों के अनुसार बल्लेबाजी करनी चाहिए थी। भारत ने पावर प्ले के अंदर अपने शीर्ष तीन बल्लेबाजों ईशान किशन (00), अभिषेक शर्मा (15) और तिलक वर्मा (01) के विकेट गंवा दिये थे। गावस्कर ने कहा, तिलक वर्मा बेहद चतुर बल्लेबाज है लेकिन इस मैच में उनके खेलने के तरीके से मैं निराश था। तिलक को क्रीज पर कुछ समय बिताना चाहिए था। उन्हें साझेदारी निभाने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए था। भारत का अगला मुकाबला जिंबॉब्वे से होगा और गावस्कर ने कहा कि वह अक्षर पटेल को अंतिम एकादश में देखना चाहते हैं।

भारत ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अक्षर पटेल की जगह वाशिंगटन सुंदर को मौका दिया। गावस्कर ने कहा, जिंबॉब्वे की टीम में बाएं हाथ के बल्लेबाजों की कमी है और इसलिए मैं चाहूंगा कि अक्षर पटेल की अंतिम एकादश में वापसी हो। आप उन्हें अर्शदीप सिंह की जगह टीम में शामिल कर सकते हैं। लेकिन अर्शदीप ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अच्छी गेंदबाजी की और ऐसे में वाशिंगटन को बाहर बैठना पड़ेगा।

गावस्कर ने जिओ स्टार से कहा भारतीय बल्लेबाजों को ब्रेविस और मिलर की साझेदारी से सीख लेकर इस तरह का दृष्टिकोण अपनाने की जरूरत थी। भारतीय बल्लेबाजों ने ऐसा नहीं किया। वे अति आत्मविश्वास के साथ उतरे, हर गेंद पर बल्ला चलाया और विकेट गंवा दिए।

# वेस्टइंडीज ने जिम्बाब्वे को 107 रन से हराया

## वेस्टइंडीज ने टी-20 वर्ल्डकप का दूसरा सबसे बड़ा स्कोर बनाया, हेटमायर और पॉवेल की फिफ्टी

एजेंसी

मुंबई। वेस्टइंडीज ने टी-20 वर्ल्ड कप के चौथे सुपर-8 मैच में जिम्बाब्वे को 107 रन के बड़े अंतर से हराया। वानखेड़े स्टेडियम में जिम्बाब्वे ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। वेस्टइंडीज ने 20 ओवर में 6 विकेट पर 254 रन बनाए। 255 रन का टारगेट चेज कर रही जिम्बाब्वे 17.4 ओवर में 147 रन पर ऑलआउट हो गई। क्या आप खुद को क्रिकेट के सुपर फैन मानते हैं? पूरे टी20 वर्ल्ड कप टूर्नामेंट के दौरान खास गेम 'सुपर ओवर' में रोज क्रिकेट से जुड़े 6 सवाल आपका क्रिकेट ज्ञान परखेंगे। जितनी जल्दी सही जवाब देंगे उतने ज्यादा रन बनेंगे। जितने ज्यादा रन बनेंगे, लीडरबोर्ड में उतना ही ऊपर आएंगे। तो रोज खेलिए और टूर्नामेंट का टॉप स्कोरर बनिए।

वेस्टइंडीज ने टी-20 वर्ल्ड कप के चौथे सुपर-8 मैच में जिम्बाब्वे को 255 रन का टारगेट दिया है। जवाबी पारी में जिम्बाब्वे ने पहले ओवर में बिना नुकसान के 10 रन बना लिए हैं। तदिवानाशे मारुमनी और ब्रायन बेनेट क्रीज पर हैं। वानखेड़े स्टेडियम में जिम्बाब्वे ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। विंडीज ने 20 ओवर में 5 विकेट 254 रन बनाए। जोकि टी-20 वर्ल्ड कप के इतिहास का दूसरा सबसे बड़ा स्कोर है। सबसे बड़ा स्कोर 260 रन है, जोकि श्रीलंका ने 2007 में केन्या के खिलाफ जोहन्सबर्ग में बनाया था। वेस्टइंडीज के लिए शिमरोन हेटमायर और रोवमैन पॉवेल ने फिफ्टी लगाई। हेटमायर ने 34 बॉल पर 85 रन बनाए। इस पारी में 7 चौके और 7 छक्के शामिल रहे। वहीं, पॉवेल ने 35 बॉल पर 59 रन बनाए। उन्होंने 4 चौके और 4 छक्के लगाए। रिचर्ड नगारवा को 2 विकेट मिले। क्या आप खुद को क्रिकेट के सुपर फैन मानते हैं?



पूरे ळ20 वर्ल्ड कप टूर्नामेंट के दौरान दैनिक भास्कर के खास गेम ह्यरवढएफ ओवरह्ल में रोज क्रिकेट से जुड़े 6 सवाल आपका क्रिकेट ज्ञान परखेंगे। जितनी जल्दी सही जवाब देंगे उतने ज्यादा रन बनेंगे। जितने ज्यादा रन बनेंगे, लीडरबोर्ड में उतना ही ऊपर आएंगे। तो रोज खेलिए और टूर्नामेंट का टॉप स्कोरर बनिए।254 रन का स्कोर डिफेंड कर रही वेस्टइंडीज की टीम ने पहले ओवर की दूसरी बॉल पर रिव्यू गंवा दिया। अकिल हुसैन की बॉल तदिवानाशे मारुमनी के पैड पर लगी। लेकिन, फील्डर्स की अपील को अंपायर ने नकार दिया। ऐसे में कप्तान शाई होप ने रिव्यू की मांग की, लेकिन रिप्ले से पता चला कि बॉल का इम्पैक्ट ऑफ स्टंप के बाहर था। ऐसे में विंडीज को रिव्यू गंवाना पड़ा। अगली 4 बॉल पर मारुमनी ने एक चौका और एक छक्का लगाकर 10 रन बनाए। वेस्टइंडीज ने 20 ओवर में 254 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया है। वेस्टइंडीज ने 19वें ओवर में 20 और आखिरी ओवर में 18 रन बनाए। 17वें ओवर की पहली बॉल पर वेस्टइंडीज ने चौथा विकेट गंवाया। यहां पर रोवमन पॉवेल 59 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें ब्लेसिंग मुजरबानी ने ताशिंगा मुसेकिवा के हाथों कैच कराया। इसी ओवर में शेरफेन रदरफोर्ड के चौके के सहारे कैरेबियाई टीम ने 200 रन का आंकड़ा भी हासिल कर लिया है। 15वें ओवर की पहली बॉल पर रोवमन पॉवेल ने सिंगल लेकर फिफ्टी पूरी की। उन्होंने 29 बॉल पर अर्धशतक लगाया। ओवर की तीसरी बॉल पर शिमरोन हेटमायर 34 बॉल पर 85 रन बनाकर आउट हुए।

उन्हें ग्रीम क्रेमर ने ब्रायन बेनेट के हाथों कैच कराया। 14वें ओवर की दूसरी बॉल पर रोवमन पॉवेल ने ब्रैड इवांस की बॉल को स्टैंड पर पहुंचा दिया। इसी के साथ उन्होंने हेटमायर के साथ शतकीय साझेदारी भी कर ली। टीम ने 54 रन पर पहला विकेट गंवाया था। 12वें ओवर में हेटमायर को पारी का दूसरा जीवनदान मिला है। इवांस के ओवर की दूसरी गेंद पर 70 रन पर खेल रहे हेटमायर ने सिक्स लगाने की कोशिश की, लेकिन डीप मिडविकेट पर खड़े ताशिंगा मुसेकिवा ने कैच छोड़ दिया। इससे पहले 9 रन के स्कोर पर ताशिंगा ने ही हेटमायर का कैच छोड़ा था।

## खराब फॉर्म बल्लेबाज को बाहर कर सकती है भारतीय टीम

अहमदाबाद। भारतीय टीम प्रबंधन खराब फॉर्म में चल रहे तीन में से कम से कम एक बल्लेबाज को बाहर कर सकता है जबकि शीर्षक्रम में कई खब्बू बल्लेबाजों को उतारने की अपनी रणनीति की भी समीक्षा करेगा। मुख्य कोच गौतम गंभीर के सहयोगी रियान टेन डोइशे और सितांशु कोटक ने यह संकेत दिये। दक्षिण अफ्रीका ने टी20 विश्व कप सुपर आठ मुकाबले में भारत को 76 रन से हराया। अब भारत को अगले दोनों मैच जीतने होंगे लिहाजा टीम प्रबंधन को अभिषेक शर्मा (चार मैचों में 15 रन) और तिलक वर्मा ( पांच मैचों में 107 रन ) के प्रदर्शन पर विचार करना होगा। रिंकू सिंह भी फिनिशर की भूमिका नहीं निभा सके हैं और 29 गेंदों में 82 . 75 की स्ट्राइक रेट से 24 रन बनाये हैं। बल्लेबाजी कोच कोटक ने कहा, अगर मुख्य कोच और टीम प्रबंधन को लगता है कि हमें कुछ अलग करना होगा तो हम करेंगे। अब इस पर विचार हो रहा है कि अगर हमें बदलाव करना है तो वह क्या होगा और कैसे होगा। उन्होंने कहा अब हम ऐसे मुकाम पर पहुंच गए हैं कि हमें यह सोचना होगा कि कुछ अलग करना है या उसी संयोजन से काम करना है। वहीं टेन डोइशे ने स्वीकार किया कि टीम में बैकअप में विशेषज्ञ बल्लेबाजों का अभाव चिंता का विषय है। उन्होंने कहा या तो आप उन्हीं खिलाड़ियों को चुनते हैं जो आपको लगता है कि पिछले डेढ साल में अच्छा खेल रहे हैं, भले ही अभी रन नहीं बना पा रहे हैं। या फिर बदलाव करके संजू सैमसन को लाते हैं जो शानदार खिलाड़ी है और शीर्षक्रम में दाहिने हाथ का बल्लेबाज होने से भी मदद मिलेगी।

# केआईडब्ल्यूजी : सेना की शानदार शुरुआत हिमाचल और सीआरपीएफ को भी स्वर्ण

एजेंसी




गुलमर्ग। सेना ने खेलो इंडिया शीतकालीन खेलों के गुलमर्ग चरण में शानदार शुरुआत करते हुए सोमवार को यहां दांव पर लगे पांच स्वर्ण पदक में से तीन जीते। पहले दिन सीआरपीएफ और हिमाचल प्रदेश ने भी स्वर्ण पदक जीते। हिमाचल प्रदेश की संध्या ठाकुर ने महिलाओं की अल्पाइन स्कीइंग में आंचल को पछाड़कर स्वर्ण पदक जीता। कर्नाटक की जिया आर्यन ने कांस्य पदक हासिल किया।

सीआरपीएफ की काजल कुमारी राय ने महिलाओं की 15 किमी नॉर्डिक स्कीइंग (क्रॉस कंट्री) में स्वर्ण पदक जीता। मेघालय में जन्मीं काजल ने यह पदक अपने पिता को समर्पित किया जिनका पिछले साल फरवरी में निधन हो गया था। सेना के सन्नी सिंह ने नॉर्डिक स्कीइंग (पुरुष स्प्रिंट) में दिन का पहला स्वर्ण जीता। वहीं दूसरी ओर जम्मू-कश्मीर के उप राज्यपाल मनोज सिन्हा ने सोमवार को यहां मशहूर स्की रिसॉर्ट में खेलो इंडिया शीतकालीन खेलों के छठे सत्र का उद्घाटन किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला भी मौजूद थे। सिन्हा ने कहा कि गुलमर्ग में खेलो इंडिया शीतकालीन खेल एक सामान्य खेल प्रतियोगिता से एक राष्ट्रीय महोत्सव में बदल गए हैं। उन्होंने कहा, खेलो इंडिया शीतकालीन खेल शांति, बराबरी और भाईचारे की खेल भावना के आदर्शों को फिर से जिंदा करते हैं। हमारे जीवंत, अलग-अलग तरह की भाषाओं, संस्कृतियों और परंपराओं वाले देश में गुलमर्ग में शीतकालीन खेल एक वैश्विक भाषा और साझी विरासत के तौर पर काम कर रहे हैं।

भारत के सबसे बड़े शीतकालीन खेल स्थल पर पर होने वाली इस चार दिवसीय प्रतियोगिता में अलग-अलग राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के करीब एक हजार खिलाड़ी और अधिकारी अलग-अलग खेलों में हिस्सा लेंगे।

## संक्षेप

### शुभंकर कीनिया ओपन में 48वें व अहलावत 53वें स्थान पर रहे

नैरोबी। भारतीय गोल्फर शुभंकर शर्मा ने अंतिम दौर में तीन अंडर 67 का शानदार स्कोर बनाकर यहां मैजिकल कीनिया ओपन में संयुक्त 48वां स्थान हासिल किया। भारत के एक अन्य खिलाड़ी वीर अहलावत (69) संयुक्त 53वें स्थान पर रहे। टूर्नामेंट में भाग लेने वाले तीसरे भारतीय खिलाड़ी युवराज संधू कट में जगह बनाने से चूक गए थे। दक्षिण अफ्रीका के केसी जार्विस ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपना पहला डीपी वर्ल्ड टूर खिताब जीता। उन्होंने अपने साथी खिलाड़ी डेविस ब्रायंट को पीछे छोड़ा। शर्मा ने 10वें होल से शुरुआत करते हुए अपने पहले नौ होल में एक बोगी के मुकाबले चार बर्डी लगाईं। अपने दूसरे नौ होल में उन्होंने एक ईगल बनाया लेकिन साथ ही तीन बोगी और एक और बर्डी भी लगाई। अहलावत ने छह बर्डी लगाईं लेकिन पांच बोगी भी की।

### बीसीसीआई ने नीरज ओडेदरा को मुख्य कोच नियुक्त किया

नयी दिल्ली। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने सोमवार को नीरज ओडेदरा को विज्जी ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट के लिए पश्चिम क्षेत्र का मुख्य कोच नियुक्त किया। पूर्व प्रथम श्रेणी क्रिकेटर ओडेदरा ने सौराष्ट्र के कोचिंग स्टाफ का हिस्सा रहते हुए सफलता हासिल की थी। सौराष्ट्र ने जब 2019-20 और 2022-23 सत्र में रणजी ट्रॉफी जीती थी तो तब वह उसके सहायक स्टाफ का हिस्सा थे। ओडेदरा 2022-23 में विजय हजारे ट्रॉफी का खिताब जीतने वाली सौराष्ट्र की टीम के मुख्य कोच थे। उनकी देखरेख में सौराष्ट्र ने हाल में इस टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाई थी। विज्जी ट्रॉफी 50 ओवर का टूर्नामेंट है जो एक से सात मार्च तक गोवा में खेला जाएगा।

# सुपर आठ : इंग्लैंड और पाक होंगे आमने-सामने

एजेंसी

पाल्लेकल। धीमे गेंदबाजों की मददगार पिच पर इंग्लैंड और पाकिस्तान की टीमें टी20 विश्व कप के सुपर आठ मुकाबले में मंगलवार को जब आमने सामने होंगी तो फोकस स्पिन गेंदबाजों पर रहेगा।

इंग्लैंड की टीम अभी तक अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं कर सकी है लेकिन दो बार की चैम्पियन टीम जीत की राह पर लौटी है। सुपर आठ चरण के पहले मैच में श्रीलंका को 51 रन से हराया जिससे उसका नेट रनरेट भी बेहतर हुआ है और वह तालिका में शीर्ष पर पहुंच गई है। श्रीलंका के खिलाफ कम स्कोर का बचाव करते हुए इंग्लैंड के खिलाड़ियों ने हालात के अनुरूप खेला। उसके स्पिनरों ने अपने काम को बखूबी अंजाम दिया जबकि तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर भी उपयोगी रहे।

लेग स्पिनर आदिल रशीद और बायें हाथ के स्पिनर लियाम डॉसन को भी विकेट मिले। विल जैक्स ने अच्छी आफ स्पिन गेंदबाजी के अलावा जरूरत पड़ने पर उपयोगी पारियां भी खेली है और कई बार इंग्लैंड को संकट से निकाला।

## रोहित मजगुल ने एशियाई खेलों किया क्वालीफाई

अहमदाबाद। गुजरात के रोहित मजगुल (66 किग्रा से कम) ने नयी दिल्ली में हुए जूडो चयन ट्रायल में शानदार प्रदर्शन करते हुए इस साल होने वाले राष्ट्रमंडल खेलों और एशियाई खेलों के लिए क्वालीफाई कर लिया। बेस्ट ऑफ थ्री फाइनल में मजगुल ने हरियाणा के गर्वित को हराया। गिर सोमनाथ जिले के तलाला नाम के एक आदिवासी गांव के रहने वाले मजगुल ने पिछली दो सीनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप में कोई मुकाबला नहीं गंवाया है। मजगुल ने विज्ञप्ति में कहा, राष्ट्रमंडल खेलों और एशियाई खेलों के लिए क्वालीफिकेशन हासिल करना मेरे लिए एक सपने के सच होने जैसा है।

# महिला क्रिकेट : भारतीय- आस्ट्रेलिया में मुकाबला

एजेंसी




ब्रिसबेन। टी20 श्रृंखला जीत चुकी मौजूदा विश्व चैम्पियन भारतीय टीम तीन मैचों की वनडे श्रृंखला के पहले मैच में मंगलवार को आस्ट्रेलिया से खेलेगी तो उसे मनोवैज्ञानिक बढत हासिल होगी। भारत ने पिछले साल नवी मुंबई में विश्व कप सेमीफाइनल में आस्ट्रेलिया को हराया था। यह श्रृंखला इसलिये भी महत्वपूर्ण है क्योंकि आस्ट्रेलिया की महानतम खिलाड़ियों में से एक एलिसा हीली इसके बाद वनडे प्रारूप से विदा लेने जा रही हैं।

भारत के खिलाफ छह मार्च से पर्थ में शुरू हो रहा टेस्ट उनके कैरियर का आखिरी मैच होगा। तीन मैचों की टी20 श्रृंखला से बाहर रहने के बाद हीली की वापसी हुई है। भारत ने श्रृंखला 2 . । से जीती जो पिछले एक दशक में इस प्रारूप में आस्ट्रेलिया में श्रृंखला में उसकी पहली जीत थी। स्टार लेग स्पिनर अलाना किंग भी वनडे और टेस्ट टीम में लौटी हैं। भारत के लिये काशवी गौतम, हरलीन देयोल और प्रतिका रावल टीम में अरूंधति रेड्डी, भारती फुलमाली और श्रेयांका पाटिल की जगह आई हैं।टखने की चोट से उबरी प्रतिका को बाद में वनडे टीम में शामिल किया गया। स्टार सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना ने तीसरे टी20 में 82 रन बनाये और वह इस फॉर्म को जारी रखना चाहेंगी। मंधाना ने कहा आस्ट्रेलिया को आस्ट्रेलिया में हराना खास है। हम विश्व क्रिकेट में दबदबा बनाना चाहते हैं लिहाजा किसे कराते हैं और कहां हराते हैं, यह मायने नहीं रखता। हमें बस लगातार जीतना है और शीर्ष पर रहना है। वनडे विश्व कप में आस्ट्रेलिया पर पांच विकेट से मिली जीत में 127 रन बनाने वाली जेमिमा रौड्रिग्स भी अच्छी लय में हैं जिन्होंने तीसरे टी20 में 59 रन बनाये थे।

कप्तान हरमनप्रीत कौर को पहले टी20 में बल्लेबाजी का मौका नहीं मिला लेकिन दूसरे में उन्होंने 36 और तीसरे में नाबाद दो रन बनाये थे। गेंदबाजी में रेणुका ठाकुर और श्री चरणी ने अच्छा प्रदर्शन किया है। दीप्ति शर्मा से फॉर्म में लौटने की उम्मीद होगी। आस्ट्रेलियाई टीम में मैच जिताने वाले खिलाड़ियों की कमी नहीं है। एलिसे पैरी, एशले गार्डनर, बेथ मूनी, ताहलिया मैकग्रा, हीली और किंग से प्रेरणा लेकर वे वापसी की कोशिश करेंगे। दूसरा मैच 27 फरवरी को और तीसरा एक मार्च को होबार्ट में खेला जायेगा। ट्रॉफी का निर्धारण अंकों के आधार पर होगा।

# प्रो लीग : भारत की निगाह वापसी पर

एजेंसी

होबार्ट। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पिछले मैच में जुझारु प्रदर्शन करने वाली भारतीय पुरुष हॉकी टीम मंगलवार को यहां स्पेन के खिलाफ होने वाले मैच में वापसी करके एफआईएच प्रो लीग में अपने अभियान को पटरी पर लाने की कोशिश करेगी। नौ टीमों के इस टूर्नामेंट में अब तक भारत का प्रदर्शन निराशाजनक रहा है। राउरकेला और होबार्ट में खेले गए दोनों चरणों में भारत को पांच हार का सामना करना पड़ा जबकि एक मैच उसने ड्रॉ खेला। टीम के इस लचर प्रदर्शन के कारण कोच क्रेग फुल्टन पर दबाव बढ़ गया है जो लगातार आलोचनाओं का सामना कर रहे हैं।

नियमित कप्तान हरमनप्रीत सिंह के व्यक्तिगत कारणों से होबार्ट चरण से हटने के बाद युवा मिडफील्डर हार्दिक सिंह को कप्तानी सौंपी गई। होबार्ट चरण में स्पेन से पहला मैच 0-2 से हारने के बाद भारतीय टीम ने ऑस्ट्रेलिया को 2-2 से ड्रॉ पर रोक दिया था लेकिन उसे पेनल्टी शूटआउट में 4-5 से हार का सामना करना पड़ा। भारतीय टीम हालांकि इस मैच से वर्तमान टूर्नामेंट का पहला अंक हासिल करने में सफल रही थी। भारतीय टीम अब स्पेन के खिलाफ बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रतिबद्ध होगी। इन दोनों टीमों के बीच वर्षों से कड़ी प्रतिस्पर्धा रही है, जिसमें दोनों ने एक दूसरे को




समान रूप से टक्कर दी है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भारत एक समय जीत की स्थिति में था। अमित रोहिदास और जुगराज सिंह के गोल की बदौलत भारत ने 2-0 की बढ़त हासिल कर ली थी, लेकिन मैच के अंत में गोल खाने की वही पुरानी समस्या फिर से सामने आ गई।

ऑस्ट्रेलिया की टीम ने जोरदार वापसी करते हुए पेनल्टी शूटआउट में मैच जीत लिया। इससे पहले राउरकेला में खेले गए चारों मैचों में भारत की हार को देखते हुए इस टीम का अच्छा प्रदर्शन माना जा सकता है।

## महा ओपन : इवाश्का ने शीर्ष वरीय को हराया

पुणे। बेलारूस के इल्या इवाश्का ने सोमवार को यहां महा ओपन एटीपी चैलेंजर 75 टेनिस टूर्नामेंट के पहले दौर में शीर्ष वरीयता प्राप्त फेडरिको अगस्टिन गोमेज को तीन सेट तक चले रोमांचक मुकाबले में हराकर बड़ा उलटफेर किया। मंगलवार को 32 साल के होने वाले इवाश्का ने बालेवाड़ी टेनिस स्टेडियम में दो घंटे 25 मिनट में 6-1,1-6, 7-6 (7) से जीत हासिल की। अन्य मैचों में जापान के युता शिमिजु ने इटली के लोरेंजो कार्बनी को 6-4, 6-4 से, ब्रिटेन के एलास्टेयर ग्रे ने पोलैंड के डैनियल मिखाल्स्की को 6-3, 3-6, 6-3 से और क्रोएशिया के डुजे अजदुकोविच ने कोरिया के शिन सान हुई को 6-2, 6-4 से हराकर अगले दौर में प्रवेश किया। भारत के दो खिलाड़ी भी कोर्ट पर उतरे लेकिन उन्हें हार का सामना करना पड़ा।

## सीनियर राष्ट्रीय कबड्डी चैंपियनशिप 24 से

वडोदरा। देश भर की 31 टीम 24 से 27 फरवरी तक यहां समा इंडोर परिसर में होने वाली 72वीं सीनियर राष्ट्रीय पुरुष कबड्डी चैंपियनशिप में हिस्सा लेंगी। प्रतियोगिता में लगभग 400 खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। भारतीय एमेच्योर कबड्डी महासंघ के तत्वावधान होने वाले इस टूर्नामेंट में अनुभवी खिलाड़ियों के साथ-साथ उभरते हुए सितारे भी हिस्सा लेंगे। प्रो कबड्डी लीग के 12वें सत्र में शानदार प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी भी इस प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे। जिन स्टार खिलाड़ियों पर नजरें रहेंगी उनमें पीकेएल के 12वें सत्र के शीर्ष तीन रेडर अयान लोचब (हरियाणा), देवांक दलाल और भरत हुड्डा (सेना) शामिल हैं। पिछले सत्र में दबंग दिल्ली को खिताब दिलाने में मदद करने वाले आशु मलिक रेलवे का प्रतिनिधित्व करेंगे जबकि अर्जुन देशवाल एक बार फिर उत्तर प्रदेश की अगुआई करेंगे।

# कर्नाटक-जम्मू कश्मीर में मुकाबला आज

एजेंसी

हुब्बली। पहली बार रणजी ट्रॉफी फाइनल में पहुंची जम्मू कश्मीर की कहानी लगन और जुझारूपन की मिसाल है लेकिन खिताब जीतने के लिये इस छिपी रूस्तम टीम को अगले पांच दिन में आठ बार की चैम्पियन कर्नाटक के खिलाफ चमत्कारिक प्रदर्शन करना होगा। कर्नाटक को उसके अतीत के प्रदर्शन के कारण ही प्रबल दावेदार नहीं माना जा रहा बल्कि इस सत्र में उसने समय समय पर प्रमुख खिलाड़ियों की चोटों से जूझने के बावजूद अलग अलग हालात में बेहतरीन प्रदर्शन किया है। राजकोट में सौराष्ट्र के खिलाफ पहले मुकाबले में खराब शुरूआत के बाद से कर्नाटक ने अपने मैदान पर और बाहर दमदार प्रदर्शन किया है। उसके स्टार बल्लेबाजों केएल राहुल, करूण नायर, देवदत्त पडिक्कल और रविचंद्रन स्मरण ने इस कामयाबी की कहानी लिखी है। राहुल ने तीन मैचों में 457 रन, करूण ने आठ मैचों में 699 रन , पडिक्कल ने पांच मैचों में 532 रन और स्मरण ने आठ मैचों में 950 रन बनाये हैं। इससे कर्नाटक को कप्तानी में बदलाव से सामंजस्य बिठाने में भी मदद मिली।

### रणजी ट्रॉफी फाइनल

मयंक अग्रवाल की जगह पडिक्कल ने टीम की कमान संभाली और बल्लेबाजी तथा कप्तानी दोनों में खरे उतरे। इस मजबूत बल्लेबाजी क्रम का सामना हालांकि तेज गेंदबाज आकिब नबी की अगुवाई में जम्मू कश्मीर के बेहतरीन गेंदबाजों से होगा। जम्मू कश्मीर ने 67 साल पहले रणजी ट्रॉफी में पदार्पण के बाद पहली बार फाइनल में प्रवेश किया है। नबी ने इस सत्र में 55 विकेट लिये हैं और यहां पर भी पिच से शुरूआत में तेज गेंदबाजों को मदद मिलने की उम्मीद है। वैसे कर्नाटक के पास भी शानदार गेंदबाजी आक्रमण है जिसकी अगुवाई भारतीय तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा करेंगे। उनका साथ देने के लिये विद्वत कावेरप्पा, विद्याधर पाटिल, विशाख विजयकुमार, शिखर शेट्टी और मोहसिन खान हैं। लेग स्पिनर श्रेयस गोपाल 46 विकेट लेने के अलावा 442 रन बना चुके हैं। कर्नाटक के पूर्व कप्तान आर विनय कुमार ने कहा, श्रेयस ने इस सत्र में शानदार प्रदर्शन किया है और काफी उपयोगी साबित हुआ है। इससे कर्नाटक दमदार टीम बनकर उभरी है। अपने खिलाड़ियों के हुनर के अलावा कर्नाटक बड़े मैचों के उनके अनुभव के आधार पर भी प्रबल दावेदार लग रहा है। राहुल, करूण, श्रेयस और मयंक उस टीम का हिस्सा थे जिसने 2013 . 14 और 2014 . 15 में लगातार दो बार खिताब जीते।


# कारोबार पर ध्यान दें बैंक: सीतारमण



नयी दिल्ली। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बैंकों को बीमा सहित वित्तीय उत्पादों की गलत तरीके से बिक्री पर कड़ा रुख अपनाते हुए सोमवार को कहा कि यह भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) के तहत एक अपराध है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के केंद्रीय निदेशक मंडल को बजट के बाद संबोधित करने के उपरांत पत्रकारों से बातचीत में सीतारमण ने कहा, बैंकों को अपने मुख्य कारोबार पर ध्यान देना चाहिए। मैंने हमेशा से इस बात पर आपत्ति जतायी है कि आप उस बीमा को बेचने में अधिक समय लगा रहे हैं जिसकी आवश्यकता ही नहीं है और यह मामला आरबीआई और इरेडा के बीच फंसा रहा।

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने ग्राहक को भ्रामक जानकारी देकर उत्पाद की बिक्री पर दिशानिर्देशों का मसौदा 11 फरवरी को जारी किया था। इसमें कहा गया है कि यदि किसी ग्राहक को गलत तरीके से उत्पाद या सेवा दी जाती है, तो बैंक को ग्राहक द्वारा चुकाई गई पूरी राशि लौटानी होगी और स्वीकृत नीति के अनुसार हुए नुकसान की भरपाई भी करनी होगी। इस पर चार मार्च तक सार्वजनिक टिप्पणियां मांगी गई हैं। आरबीआई ने कहा कि गलत तरीके से बिक्री पर कड़े नियम एक जुलाई से लागू होंगे। सीतारमण ने कहा, मुझे खुशी है कि आरबीआई यह स्पष्ट मार्गदर्शन दे रहा है कि गलत तरीके से बिक्री क्यों बर्दाश्त नहीं की जाएगी। संदेश, बैंकों तक जाना चाहिए कि आप गलत बिक्री नहीं कर सकते। यह भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध है। उन्होंने कहा कि कई मामलों में बैंक ग्राहकों को बीमा उत्पाद खरीदने के लिए कहते हैं जबकि उनके पास पहले से आवश्यक बीमा होता है। आरबीआई यह सोचकर ऐसे मामलों की निगरानी नहीं कर रहा था कि यह बीमा नियामक के दायरे में आता है। भारतीय बीमा विनियामक एवं विकास प्राधिकरण (इरेडा) का मानना था कि बैंक उसके प्रत्यक्ष नियमन में नहीं आते। इस नियामकीय अंतर के कारण ग्राहकों को नुकसान उठाना पड़ा। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि जब कोई व्यक्ति अपनी संपत्ति गिरवी रखकर गृह ऋण लेता है, तो उससे अतिरिक्त बीमा लेने को क्यों कहा जाता है जबकि जोखिम पहले से कवर होता है। सीतारमण ने दोहराया कि बैंकों को अपने ग्राहकों की जरूरतों, उनकी वित्तीय स्थिति एवं कारोबारी चक्र को समझने पर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि बैंकों का मुख्य कार्य जमा जुटाना एवं ऋण देना है। गैर-बैंकिंग उत्पाद बेचने के बजाय उन्हें कम लागत वाली जमा या कासा (चालू खाता बचत खाता) आधार को मजबूत करने पर ध्यान देना चाहिए। इस बीच, आरबीआई के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने कहा कि बैंकिंग प्रणाली में जमा वृद्धि लगभग 12.5 प्रतिशत है जबकि ऋण वृद्धि दर 14.5 प्रतिशत के आसपास है। मल्होत्रा ने कहा कि मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) आगे की नीतिगत दरों में कटौती पर निर्णय वृद्धि और मुद्रास्फीति की स्थिति को देखते हुए करेगी। आरबीआई ने फरवरी, 2025 से नीतिगत रेपो दर में 1.25 प्रतिशत की कटौती कर इसे 5.25 प्रतिशत कर दिया है, ताकि नियंत्रित मुद्रास्फीति के बीच वृद्धि को प्रोत्साहन दिया जा सके। हालांकि, इस महीने की पिछली मौद्रिक समीक्षा बैठक में वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच एमपीसी ने तटस्थ रुख के साथ यथास्थिति बनाए रखने का निर्णय लिया। वित्त वर्ष 2026-27 की पहली द्विमासिक मौद्रिक नीति की घोषणा छह अप्रैल को की जाएगी। बाजार को आश्वस्त करते हुए मल्होत्रा ने कहा कि आरबीआई सभी बाजार खंडों को पर्याप्त एवं सतत नकदी उपलब्ध कराने के लिए आवश्यक कदम उठाएगा।

## भारत टैक्सी मंच से जुड़े चालकों के लिए आधार किराया तय किया जायेगा: शाह



नयी दिल्ली। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने सोमवार को कहा कि हाल में शुरू की गई सहकारी टैक्सी सेवा भारत टैक्सी अपने मंच से जुड़े सभी चालकों (ड्राइवर) के लिए प्रति किलोमीटर न्यूनतम आधार किराया सुनिश्चित करेगी।

उन्होंने आरोप लगाया कि मौजूदा टैक्सी एग्रीगेटर कंपनियों ने अपना मुनाफा बढ़ाने के लिए जानबूझकर चालक के लिए कोई आधार दर तय नहीं की है। शाह ने दिल्ली-एनसीआर और गुजरात के कैब एवं ऑटो चालकों के साथ एक टाउन हॉल चर्चा में कहा कि इस सहकारी सवारी मंच के मुनाफे का 80 प्रतिशत हिस्सा ड्राइवर को उनके द्वारा तय की गई दूरी (किलोमीटर) के आधार पर लौटाया जाएगा, जबकि 20 प्रतिशत सहकारी पूंजी के रूप में रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि तीनों एग्रीगेटर कंपनियों से चालकों के लिए न्यूनतम आधार दर तय करने के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने नकारात्मक जवाब दिया। उन्होंने कहा कि लेकिन हम ऐसा नहीं करेंगे। आपका जो भी व्यवसाय होगा, उसकी न्यूनतम आय तय होगी और उससे अधिक जो भी होगा, वह आपको वापस मिलेगा। सहकारिता मंत्री ने भारत टैक्सी की तुलना दुग्ध सहकारी संस्था अमूल से करते हुए इसे बड़े पैमाने पर श्रमिक-स्वामित्व वाले उद्यम का उदाहरण बताया। उन्होंने कहा, 36 लाख माताओं-बहनों ने 50-50 रुपये का निवेश कर अमूल ब्रांड को खड़ा किया था जिसका आज 1,25,000 करोड़ रुपये का कारोबार है। निजी डेयरी में मुनाफा मालिक के पास जाता है, जबकि अमूल में 85 प्रतिशत उत्पादकों को लौटता है। भारत टैक्सी भी आवागमन के क्षेत्र में यही अवधारणा है। उन्होंने बताया कि चालक 500 रुपये का शेयर लेकर इसमें सह-मालिक बन सकते हैं और सदस्य संख्या बढ़ने के साथ निदेशक मंडल में चालकों के लिए भी सीटें आरक्षित होंगी। भारत टैक्सी का लक्ष्य दो साल में 15 करोड़ चालकों को जोड़ने और तीन वर्षों में नगर निगम वाले सभी शहरों तक विस्तार का है।

### संक्षेप

## लाल किला और दो स्कूलों को बम संबंधित धमकियां फर्जी निकलीं

नयी दिल्ली। दिल्ली सचिवालय, दिल्ली विधानसभा, लाल किला और राष्ट्रीय राजधानी के दो स्कूलों सहित कई संस्थानों को सोमवार को ईमेल के माध्यम से बम की धमकी मिली, जिसे बाद में फर्जी घोषित कर दिया गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। दिल्ली अग्निशमन सेवा के एक अधिकारी ने पुष्टि की कि दिल्ली सचिवालय, धौला कुआं स्थित दिल्ली आर्मी पब्लिक स्कूल और लोधी रोड स्थित एयरफोर्स बाल भारती स्कूल को बम की धमकी मिली है। सूत्रों ने बताया कि दिल्ली विधानसभा और उसके अध्यक्ष की आधिकारिक ईमेल आईडी पर सुबह आठ बजे धमकी भरे ईमेल प्राप्त हुए। धमकी भरे ईमेल में दिल्ली बनेगा खालिस्तान लिखा था और कहा गया था कि अगले तीन दिनों में दिल्ली आर्मी स्कूल, लाल किला और मेट्रो स्टेशनों में विस्फोट होंगे। उनके मुताबिक, इस ईमेल में दावा किया गया था कि दोपहर 1:11 बजे दिल्ली आर्मी पब्लिक स्कूल, दोपहर 3:11 बजे विधानसभा और सुबह 9:11 बजे लाल किले में विस्फोट होगा। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि धमकी भरे ईमेल मिलने के बाद दोनों स्कूलों के प्रशासन ने सुबह ही अधिकारियों को इसकी सूचना दे दी। दिल्ली सचिवालय और दो स्कूलों - धौला कुआं स्थित आर्मी पब्लिक स्कूल और लोधी रोड स्थित एयर फोर्स बाल भारती स्कूल - को ईमेल के माध्यम से बम की धमकी मिली थी।

## राष्ट्रपति ने राजगोपालाचारी की आवक्ष प्रतिमा का अनावरण किया

नयी दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार को राष्ट्रपति भवन में स्वतंत्र भारत के पहले और इकलौते भारतीय गवर्नर जनरल चक्रवर्ती राजगोपालाचारी की आवक्ष प्रतिमा का अनावरण किया।

राष्ट्रपति सचिवालय ने कहा कि यह पहल औपनिवेशिक मानसिकता के अवशेषों को मिटाने की दिशा में उठाए जा रहे कदमों की श्रृंखला का हिस्सा है। राष्ट्रपति भवन में अशोक मंडप के पास राजगोपालाचारी की प्रतिमा को स्थापित किया गया है। यह मूर्ति नयी दिल्ली में कई इमारतों के मुख्य वास्तुकार एडविन लुटियंस की प्रतिमा के स्थान पर लगाई गई है। राष्ट्रपति सचिवालय ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि यह पहल औपनिवेशिक मानसिकता के अवशेषों को मिटाने और भारत की समृद्ध संस्कृति, विरासत, शाश्वत परंपराओं को गर्व से अपनाने तथा भारत माता की सेवा में असाधारण योगदान देने वालों को सम्मानित करने की दिशा में उठाए जा रहे कदमों की श्रृंखला का हिस्सा है। प्रसारण राज्य मंत्री एल मुरुगन और राजगोपालाचारी के परिवार के सदस्य शामिल थे।

## जेएनयू में कुलपति के खिलाफ हिंसक प्रदर्शन दो छात्र संगठनों के बीच झड़प, कई घायल

नयी दिल्ली। जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) परिसर में रविवार देर रात एक विरोध मार्च के दौरान वामपंथी और दक्षिणपंथी रुझान वाले दो छात्र संगठनों के बीच हिंसक झड़प में कई छात्र घायल हो गए।

दोनों समूहों ने हिंसा के लिए एक-दूसरे को जिम्मेदार ठहराया। वहीं, विश्वविद्यालय प्रशासन ने परिसर में किसी भी तरह के अराजक व्यवहार के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की चेतावनी दी। जेएनयू परिसर में सोमवार देर रात करीब 1:30 बजे कुलपति के खिलाफ प्रदर्शन के हिंसक रूप अख्तियार करने के बाद स्थिति तनावपूर्ण हो गई। वामपंथी रुझान वाले जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय छात्र संघ ने कुलपति शांतिश्री धुलिपुडी पंडित के इस्तीफे और एक निष्कासन आदेश को रद्द करने की मांग को लेकर रविवार रात को पूर्वी गेट की ओर समता जुलूस निकालने का आह्वान किया था। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि प्रशासन ने मार्च में शामिल छात्रों से संवाद के बजाय अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के सदस्यों को उनसे भिड़ने दिया। हालांकि, एबीवीपी ने आरोपों को खारिज किया और वाम समर्थित संगठनों पर झड़पों को भड़काने तथा घटना के बारे में गलत सूचना फैलाने का आरोप लगाया। पंडित ने हाल ही में एक साक्षात्कार में कहा था कि समुदाय लगातार पीड़ित बने रहकर या पीड़ित होने का नाटक करके प्रगति नहीं कर सकते, जिसे लेकर विवाद खड़ा हो गया। जेएनयूएसयू ने पंडित की टिप्पणियों को जातिवादी और हाशिये पर पड़े समुदायों के प्रति असंवेदनशील बताया है।

## इंडिया गठबंधन के नेतृत्व पर चर्चा के लिए नहीं हुई कोई बैठक

गुलमर्ग। जम्मू कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने सोमवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी का समर्थन करते हुए कहा कि वह बतौर नेता प्रतिपक्ष अपना काम कर रहे हैं और केंद्र सरकार के साथ-साथ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को भी घेर रहे हैं।

अब्दुल्ला ने यह भी स्पष्ट किया कि इंडिया गठबंधन के नेतृत्व पर चर्चा के लिए कोई बैठक नहीं हुई है। उन्होंने एक सवाल के जवाब में यह बात कही, जिसमें उनसे इन खबरों पर प्रतिक्रिया देने को कहा गया था कि इंडिया गठबंधन का एक वर्ग विपक्षी गठजोड़ के नेतृत्व के लिए पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का नाम आगे बढ़ा रहा है। मुख्यमंत्री ने यहां खेलो इंडिया शीतकालीन खेल के दौरान संवाददाताओं से कहा, मुझे नहीं पता कि कहां इस बारे में बात हो रही है। अब्दुल्ला की नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) विपक्षी इंडिया गठबंधन का हिस्सा है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मणिशंकर अय्यर ने रविवार को कोलकाता में कहा था कि पार्टी को इंडिया गठबंधन की कमान क्षेत्रीय पार्टियों को सौंप देनी चाहिए।

## नवाचार से वैश्विक आपूर्ति शृंखला को मजबूत करे: नड्डा



मुंबई। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा रसायन एवं उर्वरक मंत्री जे. पी. नड्डा ने सोमवार को घरेलू औषधि उद्योग से कहा कि वह पुनर्गठित हो रही वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला को केवल उत्पादन क्षमता के आधार पर नहीं बल्कि गुणवत्ता, विश्वसनीयता एवं नवाचार के साथ नेतृत्व दे।

यहां आयोजित 11वें ग्लोबल फार्मास्युटिकल क्वालिटी समिट को ऑनलाइन संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि बदलते भू-राजनीतिक परिदृश्य और कोविड-19 वैश्विक महामारी के बाद वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाएं नए मॉडल की ओर बढ़ रही हैं जो एकल स्रोत पर निर्भरता कम कर विविध भौगोलिक क्षेत्रों में नए अवसर उत्पन्न कर रही हैं। उन्होंने कहा कि जब वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं का पुनर्निर्माण हो रहा है, तो भारत को केवल व्यापकता के आधार पर नहीं बल्कि गुणवत्ता, विश्वसनीयता एवं नवाचार के साथ उन्हें आधार प्रदान करना चाहिए। नड्डा ने कहा कि भारत उभरती प्रौद्योगिकियों को जिम्मेदारी से अपना रहा है और कृत्रिम मेधा (एआई) का उपयोग रोगों की शीघ्र पहचान, पूर्वानुमान आधारित निदान और बेहतर पहुंच के लिए किया जा रहा है। नड्डा ने कहा कि दशकों से भारत को दुनिया की फार्मेसी के रूप में पहचाना जाता रहा है और वर्तमान सरकार के तहत देश अब दुनिया का नवप्रवर्तक बनने की ओर अग्रसर है जहां स्वास्थ्य सुरक्षा, विनिर्माण मजबूती और वैज्ञानिक उत्कृष्टता राष्ट्रीय विकास के केंद्र में हैं। नड्डा ने बताया कि 10,000 करोड़ रुपये के परिव्यय वाली बायोफार्मा शक्ति पहल भारत को वैश्विक जैव-औषधि विनिर्माण केंद्र के रूप में स्थापित करेगी। इससे घरेलू उत्पादन सुदृढ़ होगा, अनुसंधान क्षमता बढ़ेगी, 1,000 से अधिक मान्यता प्राप्त क्लीनिकल ट्रायल क्षेत्रों का सृजन होगा और केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन को वैश्विक मानकों के अनुरूप वैज्ञानिक समीक्षा तंत्र के साथ मजबूत किया जाएगा। 5,000 करोड़ रुपये की पीआरआईपी (दवा-चिकित्सकीय प्रौद्योगिकी क्षेत्र में अनुसंधान एवं नवाचार प्रोत्साहन) योजना नई दवाओं, जटिल जेनेरिक, टीकों एवं उन्नत चिकित्सकीय प्रौद्योगिकियों में नवाचार को बढ़ावा दे रही है।

## उच्चतम न्यायालय के फैसले के बाद ट्रंप ने वैश्विक शुल्क 15 फीसदी किया, कारोबारी अनिश्चितता गहराई

ब्रिस्बेन। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सभी देशों से आयात पर आधारभूत शुल्क 15 प्रतिशत करने की घोषणा की है। यह फैसला शुक्रवार को आए उच्चतम न्यायालय के ऐतिहासिक निर्णय के बाद लिया गया, जिसमें सर्वोच्च अदालत ने आपातकालीन शक्तियों के तहत लगाए गए व्यापक पारस्परिक शुल्क को अवैध करार दिया।

ट्रंप ने पिछले वर्ष आपातकालीन शक्तियों संबंधी एक कानून के तहत व्यापक शुल्क लगाए थे, लेकिन अदालत ने कहा कि यह कानून उन्हें ऐसा करने की अनुमति नहीं देता। फैसले के बाद ट्रंप ने उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीशों की आलोचना करते हुए डेमोक्रेटिक जजों को राष्ट्र के लिए शर्मे बताया। उन्होंने कुछ रूढ़िवादी जजों के फैसले पर भी नाराजगी जताई। राष्ट्रपति ने कहा कि उन्होंने प्रक्रिया को सरल बनाने के लिए आपातकालीन शक्तियों का सहारा लिया था, लेकिन अब उनके पास अन्य कानूनी विकल्प भी हैं, हालांकि उनमें अधिक समय लगेगा। अदालत के फैसले के तुरंत बाद 10 प्रतिशत का वैश्विक आधार शुल्क एक अन्य कानूनी प्रावधान के तहत लागू किया गया था। अब इसे बढ़ाकर 15 प्रतिशत कर दिया गया है। यह प्रावधान अधिकतम 150 दिनों के लिए 15 प्रतिशत तक शुल्क लगाने की अनुमति देता है। इस अवधि के दौरान प्रशासन अन्य कानूनी विकल्पों की समीक्षा करेगा। प्रशासन व्यापार अधिनियम 1974 की धारा 301 के उपयोग पर विचार कर रहा है। इसके तहत उन देशों पर शुल्क लगाया जा सकता है जो अंतरराष्ट्रीय व्यापार नियमों का उल्लंघन करते हैं या अमेरिकी व्यापार के साथ अनुचित व्यवहार करते हैं। हालांकि, इस प्रक्रिया में औपचारिक जांच और संबंधित देशों से परामर्श आवश्यक है।

### इंटरटेनमेंट...

## फैमिली ड्रामा सीरीज संगमरमर का ट्रेलर रिलीज




मुंबई। डिजिटल प्लेटफॉर्म पर फैमिली ड्रामा का एक और बड़ा धमाका होने जा रहा है। जियोहॉटस्टार ने अपनी बहुप्रतीक्षित सीरीज संगमरमर का ट्रेलर रिलीज कर दिया है, जिसने रिलीज होते ही दर्शकों की उत्सुकता बढ़ा दी है। इस सीरीज का निर्देशन विक्रम घई ने किया है। ट्रेलर से साफ है कि कहानी रिश्तों की नाजुक परतों, पारिवारिक टकराव और भावनाओं के संगम को बड़े सलीके से पेश करेगी। संगमरमर 26 फरवरी 2026 से स्ट्रीम होगी और खास बात यह है कि हर गुरुवार इसके नए एपिसोड रिलीज किए जाएंगे। यानी दर्शकों को हर हफ्ते एक नई भावनात्मक परत से रूबरू होने का मौका मिलेगा। सीरीज में सूरज बड़जात्या की सिग्नेचर इमोशनल स्टोरीटेलिंग की झलक देखने को मिलेगा। 'संगमरमर' एक मल्टी-जनरेशनल फैमिली ड्रामा है, जो प्यार, रिश्तों और समय के साथ बदलती जिंदगी के फैसलों की कहानी कहता है। कहानी अमृता के इर्द-गिर्द घूमती है, जिसकी जिंदगी एक अहम फैसले के बाद पूरी तरह बदल जाती है। दो अलग-अलग टाइमलाइन में 25 साल की यात्रा दिखाती यह कहानी बताती है कि कैसे अमृता अपने सपनों और आदित्य के साथ उभरते प्यार को पीछे छोड़कर परिवार की जिम्मेदारियों को चुनती है। सालों की दूरी के बावजूद उनका प्यार कायम रहता है, जो त्याग और धैर्य की गहरी दास्तान बन जाता है।

> रिश्तों की नाजुक परतों, पारिवारिक टकराव और भावनाओं के संगम को सलीके से पेश करेगी

सीरीज में शीन सविता दास और सौरभ राज जैन लीड रोल में हैं। इनके साथ स्मिता बंसल, खालिद सिद्दीकी, फारूक सईद, स्वाति तरार, जया ओझा और अविनाश वाधवानी समेत कई कलाकार अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। सूरज बड़जात्या ने कहा कि यह कहानी उन परिवारों की है जिन्हें हम अपने आसपास देखते हैं। रिश्तों में प्यार, गलतफहमियां, इंतजार और साथ बने रहने की कोशिश, यही इसका मूल है। उन्होंने बताया कि समय कैसे रिश्तों को परखता भी है और उन्हें ठीक भी करता है। वहीं, शीन सविता दास ने अपने किरदार अमृता को कहानी का केंद्र बताया, जबकि सौरभ राज जैन ने इसे सच्चे और ठहराव वाले प्रेम की कहानी कहा।

## रणवीर की 'धुरंधर 2' में इमरान हाशमी की एंट्री



मुंबई। बॉलीवुड की सबसे प्रतीक्षित फिल्मों में से एक 'धुरंधर 2: द रिवेंज' के बारे में बड़ी खबर सामने आई है। रणवीर सिंह की इस ब्लॉकबस्टर सीक्वल फिल्म में अब एक सस्पेंस कर देने वाला अपडेट आया है, जो बड़े साहब के किरदार से जुड़ा है। पिछले कुछ दिनों से सोशल मीडिया और फिल्म जगत में इस किरदार को लेकर खूब चर्चाएं चल रही थीं, लेकिन अब लेटरबॉक्सिड की रिपोर्ट के मुताबिक इस बार बड़े साहब की भूमिका में इमरान हाशमी के शामिल होने की बात सामने आई है। पहले यह अनुमान लगाया जा रहा था कि बड़े साहब दाऊद इब्राहिम जैसे असली गैंगस्टर या कुछ बड़े सपोर्टिंग किरदार से इंस्पायर हो सकता है।

लेकिन अब सामने आए लीक कास्ट लिस्ट में इमरान हाशमी का नाम शामिल होने से फैंस के बीच उत्साह और बढ़ गया है। हालांकि, यह जानकारी अभी फिल्म के मेकर्स द्वारा आधिकारिक तौर पर पुष्टि नहीं की गई है।

## रजनीकांत-कमल की 'केएचएक्सआरके' का इंट्रोडक्शन वीडियो जारी

मुंबई। रेड जायंट मूवीज की फिल्म 'केएचएक्सआरके' के जरिए कमल हासन और रजनीकांत 47 साल बाद एक साथ नजर आने वाले हैं। अब फिल्म का एक खास इंट्रोडक्शन वीडियो सामने आया है, जिसने इस जोड़ी के साथ आने को लेकर उत्सुकता और बढ़ा दी है। इस वीडियो में फिल्म की थीम और अंदाज की झलक देखने को मिलती है। वीडियो की शुरूआत एक दिलचस्प कन्फ्यूजन से होती है-पहले किस कमरे में प्रवेश किया जाए। इसके बाद बातचीत में 'शनमुगा प्रिया' और 'कोकिला प्रिया' जैसे नामों के साथ 'म्यूजिकल नोट' का जिक्र आता है। वीडियो में म्यूजिक को लेकर हल्के-फुल्के अंदाज में संवाद होते हैं। एक किरदार कहता है कि उसे संगीत की समझ है, जबकि दूसरा मजाकिया लहजे में 'दो उंगलियों की तकनीक' की बात करता है। इस दौरान कमरे के चयन को लेकर समानता दिखाई जाती है। वीडियो के एक हिस्से में कहा जाता है। 'जब बीथोवन की सिम्फनी बप्पी लाहिड़ी के ग्रूव से मिलती है, तब एक लेजेंडरी मिक्स जन्म लेता है।

> 47 साल बाद एक साथ नजर आयेंगे दोनों

## फरहान अख्तर की 'बूंग' ने बीएएफटीए में रचा इतिहास



मुंबई। ब्रिटिश एकेडमी ऑफ फिल्म एंड टेलीविजन आर्ट्स (बीएएफटीए) 2026 में भारतीय फिल्म 'बूंग' ने इतिहास रच दिया है। फरहान अख्तर की मणिपुरी फिल्म 'बूंग' ने 79वें बाफ्टा अवॉर्ड्स में चिल्ड्रन्स एंड फैमिली फिल्म कैटेगरी में बेस्ट फिल्म का अवॉर्ड जीता है। इस मौके पर फिल्म के मेकर्स रितेश सिधवानी, फरहान अख्तर, लक्ष्मीप्रिया देवी और एलन मैकएलेक्स मौजूद रहे। इस फिल्म ने 'जूटोपिया 2, 'लिलो एंड स्टिच' और 'आर्को' जैसी बड़ी अंतरराष्ट्रीय फिल्मों को पछाड़ते हुए यह प्रतिष्ठित अवॉर्ड अपने नाम किया। 'बूंग' साल 2024 में रिलीज हुई थी। फिल्म का निर्देशन लक्ष्मीप्रिया देवी ने किया है, जबकि इसे प्रोड्यूसर फरहान अख्तर ने किया है। फिल्म की कहानी एक छोटे लड़के के इर्द-गिर्द घूमती है, जो अपनी मां को एक खास तोहफा देकर सरप्राइज करना चाहता है। उसे लगता है कि उसके पिता, जो उनके साथ नहीं रहते, उन्हें घर वापस लाना ही सबसे कीमती तोहफा होगा।

> चिल्ड्रन्स एंड फैमिली कैटेगरी में जीता अवॉर्ड, 2024 में रिलीज हुई थी फिल्म






Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाउस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com